अधिकतम 20 डिग्री से.
डिग्री से. 08 न्यूनतम
सूर्योदय 7.20
सूर्यास्त 5.31
सोना 24 कैरेट: 1,40,550.00
चांदी (प्रति किलो): 2,58,000
सैंसेक्स : 84,695.54
अमेरिका : 89.91
कैनेडियन : 65.76
आस्ट्रेलिया : 60.30

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




**बातों बातों में मन की बात**

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

समय और जिंदगी दुनियां के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं, जिंदगी समय का सदुपयोग सिखाती है और समय हमें जिंदगी की कीमत सिखाता है।


वर्ष 40 | चंडीगढ़, मंगलवार, 30 दिसंबर, 2025 | पौष शुक्ल पक्षः दशमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 360 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







## न्यूज ब्रीफ

### अयोध्या-काशी में किमी लंबी लाइन, वृंदावन में महाकुंभ जैसी भीड़



**नई दिल्ली।** नए साल से पहले काशी, मथुरा और अयोध्या में भक्तों का सैलाब सा उमड़ पड़ा है। अयोध्या में रामलला और काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए 2-2 किलोमीटर लंबी लाइनें लगी हैं। वृंदावन में तो महाकुंभ जैसी भीड़ जमा है। यहां पैर रखने लायक भी जगह नहीं है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन ने 29 दिसंबर से 5 जनवरी तक श्रद्धालुओं से वृंदावन न आने की अपील की है। काशी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गोदौलिया चौक पर बढ़ती भीड़ और आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की है। दिनभर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के कारण यहां खास निगरानी रखी जा रही है। भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग लगाई गई है और वाहनों की आवाजाही पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। पुलिस व सुरक्षाकर्मी मौके पर सक्रिय हैं ताकि दर्शन-पूजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।




**पंजाब कैबिनेट बैठक का अहम फैसला**

# होशियारपुर में नई सब तहसील बनाने को मंजूरी

### बनूड़ सब तहसील होगी अपग्रेड

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सीएम भगवंत मान की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। मीटिंग में फैसला लिया गया कि बनूड़ सब तहसील को अपग्रेड किया जाएगा। जबकि होशियारपुर में नई तहसील होशियारपुर बनाई गई। इसके अलावा मेरा घर मेरे नाम स्कीम को तेजी से लागू किया जाएगा। यह जानकारी मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि बनूड़ सब-तहसील मोहाली में आती है। बहुत लंबे समय से लोगों की मांग थी कि तहसील छोटी है और इसे अपग्रेड किया जाए। क्योंकि लोगों को अपने काम करवाने में दिक्कत आती थी। अब इसे अपग्रेड किया जाएगा। इसमें दो कानूनगो, 14 पटवार सर्किल और 40 गांव शामिल होंगे। इसके साथ ही होशियारपुर जिले में तहसील हरियाणा बनाने का फैसला लिया गया। इसमें 12 पटवार सर्किल, दो कानूनगो सर्किल और 50 गांव शामिल किए गए हैं। वहीं, भू-राजस्व एक्ट 1888 में संशोधन किया गया है। रिकॉर्ड कंप्यूटर में रखा जाएगा। मेरा घर, मेरा नाम को तेजी से लागू करने की मंजूरी दी गई है। इसमें संशोधन भी किया गया।



### पंजाब भूमि राजस्व अधिनियम, 1887 में संशोधन

नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए मंत्रिमंडल ने पंजाब भूमि राजस्व अधिनियम, 1887 में अपील प्रक्रिया से संबंधित संशोधनों को भी मंजूरी दे दी है। इन संशोधनों का उद्देश्य अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करना, वादकारियों के समय की बचत करना तथा गैर-वादकारियों को बेवजह की परेशानियों से बचाना है। ये संशोधन डिजिटल रिकॉर्ड और डिजिटल हस्ताक्षरों को कानूनी मान्यता प्रदान करेंगे तथा नागरिक-हितैषी, काग़ज़-रहित रिकॉर्ड प्रबंधन को सुदृढ़ करेंगे, जिससे भूमि प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी। मंत्रिमंडल ने बताया कि पंजाब सरकार ने भूमि से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए पहले ही ई-सेवा पोर्टल https://eservices.punjab.gov.in शुरू कर दिया है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक सरल और सिंगल-क्लिक प्रक्रिया के जरिए बुनियादी विवरण जमा कर पारिवारिक विभाजन (खानगी तकसीम) के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह पहल भूमि की सीमांकन प्रक्रिया को सुचारू बनाने, विवादों के आपसी समाधान, भूमि की खरीद-फरोख्त को आसान बनाने, फसलों के नुकसान के लिए समय पर मुआवज़ा सुनिश्चित करने तथा जमाबंदी की प्रतियां प्राप्त करना आसान बनाने में सहायक होगी।

### विशेष शिक्षकों के लिए एकमुश्त राहत

मंत्रिमंडल ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कार्यरत अनुबंध पर रखे गए विशेष शिक्षक शिक्षकों के लिए अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त राहत देने को भी मंजूरी दी है, ताकि उनकी सेवाओं को स्कूल शिक्षा विभाग, पंजाब में नियमित किया जा सके। यह निर्णय प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों की सेवाओं को बनाए रखते हुए विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करेगा। मंत्रिमंडल ने स्पष्ट किया कि इस कदम से सरकारी खजाने पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा।

# अरावली पर 'सुप्रीम' आदेश

## सुप्रीम कोर्ट का ही अपने ऑर्डर पर स्टे

**पहले 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन को मंजूरी दी थी, अब रोक लगाई**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** अरावली पर्वतमाला को लेकर उठे विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी है। 20 नवंबर को जारी आदेश में 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन के आदेश दिए थे, अब 21 जनवरी 2026 तक खनन पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की जांच के लिए एक्सपर्ट कमेटी गठित की जाए। यह कमेटी मौजूदा विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट का विश्लेषण करेगी। इसके बाद संबंधित मुद्दों पर कोर्ट को सुझाव देगी। कोर्ट ने केंद्र और अरावली के चार राज्यों (राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा) को भी नोटिस जारी कर इस मुद्दे पर जवाब मांगा है।

सोमवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एजी मसीह की वेकेशन बेंच ने अरावली केस की सुनवाई की। सीजेआई सूर्यकांत ने निर्देश दिया है कि विशेषज्ञ समिति की सिफारिशें और उन पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से की गई आगे की टिप्पणियां फिलहाल स्थगित रहेंगी। अदालत ने साफ किया कि अगली सुनवाई तक इन सिफारिशों को लागू नहीं किया जाएगा। इन सिफारिशों में से एक में कहा गया है कि 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियों को ही अरावली पर्वतमाला माना जाए।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि इस मामले में अदालत के आदेशों, सरकार की भूमिका और पूरी प्रक्रिया को लेकर कई तरह की गलतफहमियां फैलाई जा रही हैं। इन्हीं भ्रमों को दूर करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसे अदालत ने स्वीकार भी किया था।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि अदालत की भी यही भावना है कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट और उसके आधार पर अदालत द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर गलत अर्थ निकाले जा रहे हैं। सीजेआई ने संकेत दिया कि इन गलत धारणाओं को दूर करने के लिए स्पष्टीकरण की जरूरत पड़ सकती है, ताकि अदालत की मंशा और निष्कर्षों को लेकर कोई भ्रम न रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट या अदालत के फैसले को लागू करने से पहले एक निष्पक्ष और स्वतंत्र मूल्यांकन जरूरी है, ताकि कई अहम सवालों पर स्पष्ट दिशा मिल सके।

सीजेआई ने कहा कि अदालत पहले ही यह संकेत दे चुकी है कि इन सवालों पर गहराई से विचार आवश्यक है। इसी को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने प्रस्ताव रखा है कि एक्सपर्ट्स की एक हाई पावर्ड कमेटी गठित की जाए। यह कमेटी मौजूदा विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट का विश्लेषण करे और इन मुद्दों पर स्पष्ट सुझाव दे।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की वैकेशन बेंच में मामले की सुनवाई चल रही है। जमीन से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली मानने की नई परिभाषा का विरोध हो रहा है। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। सीजेआई के वैकेशन कोर्ट में यह मामला पांचवें नंबर पर लिस्टेड था।

## हरियाणा सरकार ने अफसरों से मांगी प्रॉपर्टी डिटेल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने आईएएस-आईपीएस अधिकारियों से प्रॉपर्टी डिटेल मांगी है। इसको लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से ऑर्डर जारी किए गए हैं। दरअसल, केंद्र सरकार ने सभी आईएएस अधिकारियों, जिनमें हरियाणा के अधिकारी भी शामिल हैं, को 31 जनवरी 2026 तक अपनी अचल संपत्ति का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर जमा करने का निर्देश दिया है।समय पर विवरण न देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई और पदोन्नति रोकने की चेतावनी दी गई है। जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह आदेश एक वार्षिक परंपरा है और यह डीओपीटी के 4 अप्रैल, 2011 के निर्देश के अनुसार है। जिसके मुताबिक, आईपीआर को समय पर प्रस्तुत करने में विफल रहने का नतीजा सतर्कता मंजूरी को खारिज कर देगा। अधिकारी ने बताया, %जो लोग समय पर संपत्ति का विवरण नहीं जमा करते हैं, उन्हें विदेशी पोस्टिंग सहित केंद्र सरकार के किसी भी पद के लिए अयोग्य माना जाएगा। डीओपीटी के अनुसार, देश भर में 5,004 भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी काम कर रहे हैं।

**पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का अहम फैसला**

## सेवानिवृत्ति के बाद चार साल पुराने मामले में चार्जशीट अवैध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त अधिकारी के खिलाफ चार साल से अधिक पुराने मामले में जारी की गई चार्जशीट को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया है। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि रोकी गई लीव इनकैशमेंट की राशि याचिकाकर्ता को 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित चार सप्ताह के भीतर अदा करने के आदेश दिए हैं।

यह आदेश जज त्रिभुवन दहिया ने दिया है। याचिकाकर्ता धर्मवीर सिंह सांगवान हरियाणा सरकार के तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत सरकारी पॉलिटेक्निक शिक्षा सोसायटी, सांघी (रोहतक) में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे।

वरिष्ठ अधिवक्ता दिव्यांशु जैन एवं अर्जुन सांगवान ने वकालत की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि 31 मार्च, 2023 को धर्मबीर सिंह सांगवान सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के लगभग दो महीने बाद 29 मई, 2023 को उनके खिलाफ एक चार्जशीट जारी की गई थी, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी। चार्जशीट का संबंध वर्ष 2011 की एक घटना से था। उस समय अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए संचालित एक कोचिंग सेंटर के निरीक्षण को लेकर विभागीय निर्देश जारी हुए थे।

याचिकाकर्ता द्वारा 25 मार्च, 2011 को भेजी गई निरीक्षण रिपोर्ट में कथित तौर पर छात्रों के नाम और पते उपस्थिति रजिस्टर से मेल नहीं खाते थे और छात्रों की पहचान स्थापित नहीं हो पा रही थी। इसी आधार पर यह आरोप लगाया गया कि निरीक्षण सही ढंग से नहीं किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि जिस घटना को आधार बनाकर चार्जशीट जारी की गई है, वह उनकी सेवानिवृत्ति से 12 साल से भी अधिक पुरानी है।

हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साफ शब्दों में कहा कि विभागीय कार्यवाही की शुरुआत चार्जशीट जारी होने से मानी जाती है, न कि सतर्कता जांच शुरू होने से। यदि चार्जशीट सेवानिवृत्ति के बाद जारी की जाती है, तो वह केवल उन्हीं घटनाओं के संबंध में हो सकती है जो सेवानिवृत्ति से चार साल के भीतर की हों।

यहां मामला 2011 का है, जबकि सेवानिवृत्ति 2023 में हुई और चार्जशीट 2023 में दी गई, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। अदालत ने यह भी कहा कि एफआईआर का पंजीकरण भी इस आधार पर सेवानिवृत्ति लाभ रोकने का कारण नहीं बन सकता, खासकर तब जब याचिकाकर्ता के खिलाफ न तो आपराधिक मामले में चार्जशीट दाखिल हुई है और न ही किसी अदालत ने संज्ञान लिया है।






**विरोध** | **मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ शिमला रिज में दिया धरना**

# केंद्र सरकार का मनरेगा समाप्त करने का फैसला जनविरोधी, हिमाचल को होगा नुकसानः सुक्खू

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज रिज मैदान शिमला में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा को समाप्त करने के विरोध में अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ धरना दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने मनरेगा को समाप्त कर ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के साथ कुठाराघात किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा को ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा आरम्भ किया गया था, जोकि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह तथा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की सोच थी। उन्होंने कहा कि मनरेगा में पहले ग्राम पंचायत के प्रधान और ग्राम सभा की मांग पर लोगों के लिए विकास योजनाएं बनती थीं तथा लागू की जाती थीं। जबकि अब प्रधान योजनाएं नहीं बनाएंगे। अब इस योजना के लिए केन्द्र सरकार द्वारा धनराशि का आवंटन होगा तथा उनके द्वारा ही क्षेत्र विशेष में विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी केन्द्र सरकार के इस निर्णय के विरोध में जिला तथा ब्लॉक स्तर पर धरना देगी ताकि लोगों को केन्द्र सरकार के इस जन विरोधी निर्णय के बारे में जागरूक किया जा सके।

श्री सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए और भी दुःख का विषय है कि मनरेगा में पहले प्रदेश के लिए 100 प्रतिशत दिहाड़ी केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता था तथा अतिरिक्त 80 रूपये प्रदेश सरकार द्वारा अपनी तरफ से मजदूरों को दिहाड़ी के दिये जाते थे। उन्होंने कहा कि अब नये प्रावधानों के अनुसार प्रदेश के लिए 90 प्रतिशत दिहाड़ी केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाएगा तथा 10 प्रतिशत दिहाड़ी प्रदेश सरकार द्वारा वहन किये जाएंगे। उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग की कि इस योजना को पंचायतों की मांग के आधार पर किया जाए तथा उनकी विकासात्मक जरूरतों को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनय कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, आयुष मंत्री यादवेन्द्र गोमा, सह प्रभारी हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी चेतन चौहान, विधायक चन्द्रशेखर, अनुराधा राणा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, शिमला नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान, उप महापौर उमा कौशल, पार्षद, विभिन्न बोर्डों एवं निगमों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे।

### जिला परिषदों में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये जा रहे पैसों को भी किया समाप्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई योजना में जिला परिषदों में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये जा रहे पैसों को भी समाप्त कर दिया है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा सेब पर आयात शुल्क घटाने का भी विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के बागवानों को काफी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि वे इस मसले को केन्द्र सरकार से उठायेंगे ताकि प्रदेश के बागवानों के हितों की रक्षा की जा सके।

# अकाली दल और शिरोमणि कमेटी अपने गलत कामों के लिए अकाल तख्त साहिब-पंथ को ढाल बना रही: मान

कहा-श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 लापता हुए स्वरूपों के मामले में कोई कार्रवाई न होने से पूरी संगत नाराज़

शिरोमणि कमेटी इस पाप में शामिल अपने आकाओं के करीबी धनाढ्यों को बचाने के लिए एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा रही है

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शिरोमणि कमेटी और अकाली दल को श्री अकाल तखूत साहिब और पंथ को अपने गलत कामों की ढाल के रूप में इस्तेमाल करने पर आड़े हाथों लिया है। सोमवार को उन्होंने कहा कि ये लोग श्री अकाल तखूत साहिब और पंथ को अपने कुकर्मों के खिलाफ कार्रवाई से बचने के लिए ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 लापता हुए स्वरूपों के मामले में कोई कार्रवाई न होने से पूरी संगत नाराज़ है। शिरोमणि कमेटी इस पाप में शामिल अपने आकाओं के करीबी धनाढ्यों को बचाने के लिए एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा रही है। चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से पंजाबी और सिख समुदाय गहरे सदमे में है क्योंकि श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 328 स्वरूपों के लापता होने के मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि पंथक संगठनों और संत समाज ने लंबे समय से इस संबंध में कार्रवाई की मांग की है और इस उद्देश्य से राज्य सरकार तक भी पहुंच की है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि अपनी नैतिक जिम्मेदारी के तहत राज्य सरकार ने इस संबंध में एफ.आई.आर. दर्ज की है और मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एफ.आई.आर. दर्ज होते ही अपने आकाओं के निर्देशों पर शिरोमणि कमेटी ने प्रेस के माध्यम से जानकारी देना शुरू कर दी और धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार के खिलाफ ज़हर उगलना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी के मुखिया ने स्वीकार किया है कि कमेटी में रोज़ाना 10-12 घोटाले होते हैं, जो यह दर्शाता है कि श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए गोलक के धन का दुरुपयोग हो रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि शिरोमणि कमेटी की अंतरिम कमेटी ने वर्ष 2020 में अपनी बैठक में इस मामले में दोषी कर्मचारियों और प्रकाशकों के खिलाफ सखूत कार्रवाई करने का प्रस्ताव पारित किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि इतनी अनियमितताओं के बावजूद इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि शिरोमणि कमेटी ने स्वयं पूर्व मुख्य सचिव डॉ. रूप सिंह जैसे धनाढ्यों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने का प्रस्ताव पारित किया था। उन्होंने कहा कि एस.एस. कोहली एंड एसोसिएट्स (चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म) की सभी सेवाएं समाप्त करने का निर्णय भी लिया गया था और जिम्मेदारियों में विफल रहने के कारण किए गए 75 प्रतिशत भुगतान की वसूली को भी मंजूरी दी गई थी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि चूंकि कोहली अकाली नेता सुखबीर सिंह बादल के सी.ए. के रूप में भी सेवाएं दे रहा था, इसलिए कार्रवाई आज तक लंबित है।

उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी अपने आकाओं के इशारे पर यह दावा करती है कि राज्य सरकार पंथ के मामलों में हस्तक्षेप कर रही है, जो पूरी तरह गलत है, क्योंकि शिरोमणि कमेटी ने स्वयं दोषियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव पारित किया है, जिस पर कार्रवाई करना राज्य सरकार का अधिकार है। उन्होंने कहा कि इस पाप में शामिल प्रभावशाली व्यक्तियों को बचाने के लिए शिरोमणि कमेटी ने बाद में अपने सभी प्रस्ताव वापस ले लिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अकाली शासन के दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाशन के सभी अधिकार 'जागत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार एक्ट, 2008 (पंजाब एक्ट)' के माध्यम से शिरोमणि कमेटी को दिए गए थे, लेकिन अब जब राज्य सरकार इन स्वरूपों की बरामदगी सुनिश्चित करना चाहती है ताकि किसी भी प्रकार की बेअदबी या अन्य घिनौना अपराध न हो, तो ये लोग इसे धार्मिक रंग दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिरोमणि कमेटी हर तरह की ताकत चाहती है, लेकिन जनता के प्रति जवाबदेह नहीं बनना चाहती। उन्होंने कहा कि अब वे श्री अकाल तखूत साहिब का इस्तेमाल अपने आकाओं के नज़दीकियों को बचाने के लिए करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी और उसके अध्यक्ष अकाली लीडरशिप के हाथों की कठपुतलियाँ हैं, जो इसे अपने निजी हितों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे एसआईटी से डरते हैं, क्योंकि शिरोमणि कमेटी और उनके आका जानते हैं कि निष्पक्ष और गहन जांच उनके घिनौने चेहरे बेनकाब कर देगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि भले ही शिरोमणि कमेटी लापता स्वरूपों को ढूंढने में अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रही है, लेकिन राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इस घिनौने अपराध के दोषियों को कानून के अनुसार सज़ा दी जाए। उन्होंने कहा कि पिछले 14 वर्षों से इस प्रतिष्ठित संस्था के चुनाव नहीं हुए हैं और इन नेताओं ने केंद्र सरकार से इसकी मांग तक नहीं की है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 स्वरूपों के लापता होने से हर सिख की भावना को गहरी ठेस पहुंची है।

### अकाली नेता केवल सत्ता हथियाना चाहते हैं और उन्हें न तो राज्य की चिंता है और न ही जनता की

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स पर महान सिख गुरुओं के कार्टून पोस्ट किए थे, लेकिन शिरोमणि कमेटी ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, क्योंकि राज्य में चुनाव आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अकाली नेता केवल सत्ता हथियाना चाहते हैं और उन्हें न तो राज्य की चिंता है और न ही जनता की। उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि अकालियों ने पंजाब यूनिवर्सिटी को केंद्रीय यूनिवर्सिटी का दर्जा देने, एस.वाई.एल., काले कानूनों और अन्य राज्य-विरोधी फैसलों पर केवल अपने परिवार के लाभ के लिए सहमति दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1920 में जब अकाली दल की स्थापना हुई थी, तब उसे शेरों की पार्टी के रूप में जाना जाता था, लेकिन मौजूदा नेताओं ने उसे डायनासोरों की पार्टी में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अकाली लीडरशिप केंद्र सरकार के सामने राज्य के मुद्दे उठाने से कतराती है, जबकि राज्य सरकार ने इसमें कोई कमी नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि इसके पीछे एकमात्र कारण सत्ता की लालसा है, जिसके चलते अकाली लीडरशिप हर राज्य-विरोधी रुख अपनाने से भी नहीं झिझकते।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध': 303वें दिन 848 ग्राम हेरोइन सहित 73 नशा तस्करों को किया काबू

'डी-एडिक्शन' के तहत पंजाब पुलिस ने 36 व्यक्तियों को नशा छुड़ाओ उपचार करवाने के लिए किया राज़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा प्रदेश से नशों के खात्मे के लिए शुरू की गई नशा विरोधी मुहिम ' युद्ध नशों विरुद्ध' को लगातार 303वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज 311 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान प्रदेश भर में 58 एफआईआर दर्ज कर 73 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 303 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 42,297 हो गई है।

इस छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 848 ग्राम हेरोइन, 80 क्विंटल भुक्की, 543 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 5,570 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के निर्देश दिए हैं।


पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध इस अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का भी गठन किया है। इस ऑपरेशन के दौरान 72 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1,000 से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 311 स्थानों पर छापेमारी की।

दिन भर चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 317 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की। प्रदेश सरकार द्वारा नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति-इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी)-लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने 'डी-एडिक्शन' के तहत आज 36 व्यक्तियों को नशा छुड़ाओ और पुनर्वास उपचार करवाने के लिए राज़ी किया है।

# मान सरकार किसान-हितैषी योजनाओं का पूरा लाभ किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है: मोहिंदर भगत

पंजाब सरकार किसानों के कल्याण और उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** पंजाब के बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने आज कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसान-हितैषी योजनाओं का पूरा लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से जमीनी स्तर पर किसानों तक पहुंचे ताकि बागवानी को प्रोत्साहन मिल सके।

श्री भगत ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा राज्यभर में कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक सक्रिय और किसान-प्राथमिकता वाली कार्यप्रणाली अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि जागरूकता बढ़ाने, प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा समयबद्ध रूप से किसानों तक लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि किसानों को सरकारी सहायता प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि बागवानी विभाग को जमीनी स्तर पर समन्वय मजबूत करने तथा किसानों को पात्रता शर्तों, आवेदन प्रक्रियाओं और आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

श्री भगत ने कहा कि मान सरकार बागवानी को बढ़ावा देकर, किसानों की आय में वृद्धि करके और पारंपरिक फसलों पर निर्भरता कम करके कृषि अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने किसानों से आगे आने और अपनी भलाई के लिए उपलब्ध बागवानी योजनाओं का पूरा लाभ उठाने की अपील की।

### पंजाब की बागवानी को प्रोत्साहन; नए बाग लगाने पर किसानों को मिलेगी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** पंजाब के बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने आज कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार आकर्षक सब्सिडी योजनाओं के माध्यम से किसानों को बागवानी का पेशा अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर फसल विविधीकरण को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है।

मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम) के तहत किसान नए बाग लगाने के साथ-साथ अन्य बागवानी गतिविधियों के लिए 40 प्रतिशत तक सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक गेहूं-धान चक्र पर निर्भरता कम करना, भू-जल संरक्षण करना और उच्च-मूल्य वाली फसलों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना है। इस संबंध में आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बागवानी मंत्री ने कहा कि इच्छुक किसान अपने संबंधित जिला बागवानी कार्यालयों के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं। किसान विभाग के फील्ड स्टाफ से भी मार्गदर्शन ले सकते हैं, जो उन्हें आवेदन तैयार करने, पात्रता संबंधी शर्तें पूरी करने तथा अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता करेंगे। श्री भगत ने कहा कि मान सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि सभी किसान-हितैषी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से और समय पर जमीनी स्तर तक किसानों तक पहुंचे। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बागवानी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और बेहतर आय के लिए फल एवं सब्जियों की खेती की ओर अग्रसर हों।

# पंजाब ने वर्ष 2025 के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया: डॉ. रवजोत सिंह

केंद्र सरकार द्वारा कराए गए स्वच्छ सर्वेक्षण में एम.सी. बठिंडा को स्वच्छ शहर का पुरस्कार; विभिन्न यू.एल.बीज़ ने अलग-अलग श्रेणियों में स्वच्छता रैंकिंग हासिल की*

स्मार्ट सिटीज़ मिशन के तहत लुधियाना, अमृतसर, जालंधर और सुल्तानपुर लोधी के विभिन्न प्रोजेक्ट प्रगति पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** पंजाब ने वर्ष 2025 के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन किया है। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा कराए गए स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निगम बठिंडा ने स्वच्छ शहर का पुरस्कार प्राप्त किया है। इसी प्रकार 25 यू.एल.बीज़ को कूड़ा मुक्त स्टार-1, 01 यू.एल.बी को कूड़ा मुक्त स्टार-3, 46 यू.एल.बीज़ को वाटर+ के रूप में, 53 यू.एल.बीज़ को ओडीएफ++ के रूप में, 43 यू.एल.बीज़ को ओडीएफ+ के रूप में तथा 22 यू.एल.बीज़ को ओडीएफ के रूप में प्रमाणित किया गया है।

पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा चालू वर्ष के दौरान स्थानीय सरकार विभाग की ओर से की गई पहलों का विवरण देते हुए बताया कि पंजाब ने राज्य की विरासत (लीगेसी) ठोस अपशिष्ट के निपटारे के अंतर्गत 131 यू.एल.बीज़ में पुराने कचरे का प्रबंधन किया है। इसके तहत कुल 84.09 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे में से 40.78 लाख मीट्रिक टन का निपटारा पहले ही किया जा चुका है, जबकि शेष 43.31 लाख मीट्रिक टन ठोस अपशिष्ट (35 यू.एल.बीज़) का निपटारा अप्रैल 2027 तक करने की योजना तैयार की गई है।

डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान ताजा ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसके तहत यू.एल.बीज़ द्वारा घर-घर से कचरा संग्रहण, स्रोत पर पृथक्करण तथा प्रोसेसिंग को बेहतर बनाया गया। उन्होंने बताया कि कुल 4008 टीपीडी ठोस अपशिष्ट में से 3243 टीपीडी (81 प्रतिशत) गीले कचरे को खाद और बायो-मीथेनाइजेशन के माध्यम से तथा सूखे कचरे को चैनलाइजेशन द्वारा प्रोसेस किया जा रहा है, जिसे कबाड़ डीलरों और कचरा संग्रहकर्ताओं द्वारा पुनर्चक्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कचरा संग्रहण एवं परिवहन के लिए 9812 ट्राइसाइकिल और 3162 यांत्रिक वाहन तैनात किए गए हैं। कचरे की प्रोसेसिंग हेतु 8436 कंपोस्ट पिट (एरोबिक हनीकॉम्ब) तथा 276 मटीरियल रिकवरी फैसिलिटीज़ स्थापित की गई हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि स्मार्ट सिटीज़ मिशन के तहत लुधियाना, अमृतसर, जालंधर और सुल्तानपुर लोधी के विभिन्न प्रोजेक्ट प्रगति पर हैं। लुधियाना स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत 769.18 करोड़ रुपये के 71 प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं, जबकि 138.05 करोड़ रुपये के 08 प्रोजेक्ट विकासाधीन हैं। अमृतसर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 580 करोड़ रुपये के 19 प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं तथा 245 करोड़ रुपये के 10 प्रोजेक्ट प्रगति पर हैं। इसी प्रकार जालंधर स्मार्ट सिटी के 771.57 करोड़ रुपये के 56 प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं और 162.88 करोड़ रुपये के 04 प्रोजेक्ट विकासाधीन हैं। सुल्तानपुर लोधी स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 29.57 करोड़ रुपये के 06 प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं तथा 136.28 करोड़ रुपये के 14 प्रोजेक्ट प्रगति पर हैं। इसके अतिरिक्त मार्च 2022 से पंजाब सरकार द्वारा पी.आई.डी.बी के माध्यम से उपलब्ध कराए गए फंड से 166 यू.एल.बीज़ में 850 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे के कार्य किए गए हैं। साथ ही एम.सी. फंडों से 166 यू.एल.बीज़ में 1700 करोड़ रुपये के विकास कार्य तथा 05 नगर निगमों एवं 49 नगर परिषदों में 450 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए गए हैं।

डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि पवित्र शहर अमृतसर में वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से ऑटो-रिक्शा पुनर्जीवन योजना के तहत 1200 पुराने डीज़ल ऑटो रिक्शों को नए इलेक्ट्रिक ऑटो से बदला गया है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला लाभार्थियों को 90 प्रतिशत सब्सिडी पर 200 पिंक ई-ऑटो भी प्रदान किए गए हैं।

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 04:00 PM ONWARDS DATE:29/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 BEAST MONDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)
E 82228

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)
51784 60125 67476 91696 94362

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each)
2047 5918

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)
4106 4187 8160 8633 9222

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)
1628 2635 3202 7055 8927

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)
0068 2531 8236 8627 9230

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0016 | 0042 | 0055 | 0060 | 0065 | 0108 | 0125 | 0136 | 0143 | 0153 |
| 0167 | 0173 | 0184 | 0193 | 0206 | 0229 | 0247 | 0274 | 0304 | 0307 |
| 0312 | 0313 | 0327 | 0341 | 0354 | 0385 | 0393 | 0400 | 0405 | 0424 |
| 0453 | 0457 | 0478 | 0486 | 0497 | 0522 | 0523 | 0535 | 0553 | 0579 |
| 0581 | 0585 | 0600 | 0602 | 0627 | 0676 | 0688 | 0704 | 0735 | 0762 |
| 0774 | 0780 | 0795 | 0811 | 0874 | 0898 | 0901 | 0920 | 0930 | 0946 |
| 0949 | 0958 | 0968 | 0969 | 0979 | 0983 | 1046 | 1048 | 1059 | 1086 |
| 1098 | 1110 | 1119 | 1127 | 1137 | 1141 | 1144 | 1192 | 1196 | 1204 |
| 1223 | 1236 | 1241 | 1254 | 1260 | 1261 | 1281 | 1287 | 1298 | 1321 |
| 1335 | 1343 | 1369 | 1390 | 1402 | 1403 | 1412 | 1420 | 1432 | 1441 |
| 1442 | 1454 | 1481 | 1488 | 1493 | 1524 | 1530 | 1537 | 1564 | 1566 |
| 1601 | 1603 | 1607 | 1650 | 1664 | 1675 | 1687 | 1690 | 1703 | 1723 |
| 1736 | 1739 | 1768 | 1792 | 1803 | 1804 | 1819 | 1828 | 1860 | 1891 |
| 1915 | 1949 | 1953 | 1997 | 2003 | 2072 | 2122 | 2132 | 2143 | 2149 |
| 2183 | 2196 | 2204 | 2208 | 2222 | 2262 | 2266 | 2300 | 2310 | 2320 |
| 2321 | 2331 | 2354 | 2361 | 2364 | 2367 | 2372 | 2432 | 2455 | 2462 |
| 2470 | 2475 | 2494 | 2520 | 2543 | 2558 | 2595 | 2611 | 2631 | 2641 |
| 2651 | 2681 | 2711 | 2715 | 2716 | 2742 | 2757 | 2769 | 2782 | 2786 |
| 2787 | 2794 | 2821 | 2868 | 2877 | 2889 | 2899 | 2927 | 2945 | 2960 |
| 2999 | 3005 | 3018 | 3084 | 3095 | 3140 | 3148 | 3158 | 3166 | 3171 |
| 3209 | 3211 | 3221 | 3224 | 3228 | 3237 | 3238 | 3264 | 3291 | 3297 |
| 3304 | 3321 | 3326 | 3370 | 3373 | 3376 | 3386 | 3408 | 3434 | 3470 |
| 3478 | 3483 | 3487 | 3499 | 3506 | 3507 | 3512 | 3513 | 3523 | 3540 |
| 3541 | 3569 | 3570 | 3578 | 3584 | 3593 | 3636 | 3650 | 3683 | 3687 |
| 3733 | 3765 | 3785 | 3809 | 3825 | 3834 | 3847 | 3865 | 3877 | 3899 |
| 3915 | 3918 | 3923 | 3929 | 3966 | 3967 | 3970 | 3974 | 3986 | 3989 |
| 3992 | 4001 | 4011 | 4017 | 4034 | 4040 | 4050 | 4076 | 4077 | 4088 |
| 4105 | 4134 | 4151 | 4164 | 4197 | 4238 | 4246 | 4272 | 4282 | 4323 |
| 4330 | 4342 | 4366 | 4367 | 4381 | 4404 | 4406 | 4423 | 4438 | 4455 |
| 4476 | 4485 | 4512 | 4541 | 4558 | 4560 | 4571 | 4603 | 4626 | 4629 |
| 4642 | 4653 | 4696 | 4699 | 4704 | 4707 | 4724 | 4725 | 4747 | 4784 |
| 4790 | 4807 | 4824 | 4828 | 4833 | 4848 | 4861 | 4862 | 4867 | 4884 |
| 4889 | 4894 | 4897 | 4907 | 4921 | 4924 | 4928 | 4932 | 4933 | 4937 |
| 4941 | 4943 | 4952 | 4965 | 4999 | 5007 | 5039 | 5077 | 5082 | 5083 |
| 5084 | 5124 | 5163 | 5175 | 5176 | 5211 | 5234 | 5267 | 5273 | 5275 |
| 5302 | 5304 | 5312 | 5329 | 5332 | 5346 | 5354 | 5356 | 5360 | 5370 |
| 5374 | 5381 | 5385 | 5407 | 5426 | 5446 | 5457 | 5473 | 5480 | 5481 |
| 5483 | 5500 | 5502 | 5505 | 5506 | 5527 | 5535 | 5541 | 5561 | 5588 |
| 5598 | 5621 | 5637 | 5678 | 5681 | 5703 | 5712 | 5731 | 5746 | 5756 |
| 5768 | 5777 | 5783 | 5794 | 5799 | 5808 | 5815 | 5831 | 5855 | 5858 |
| 5872 | 5884 | 5895 | 5914 | 5920 | 5926 | 5948 | 5954 | 5962 | 5969 |
| 5989 | 5993 | 6010 | 6014 | 6027 | 6028 | 6071 | 6103 | 6114 | 6172 |
| 6195 | 6211 | 6225 | 6244 | 6254 | 6260 | 6294 | 6319 | 6320 | 6328 |
| 6340 | 6347 | 6369 | 6371 | 6393 | 6399 | 6401 | 6404 | 6406 | 6408 |
| 6482 | 6486 | 6496 | 6498 | 6508 | 6526 | 6539 | 6556 | 6557 | 6568 |
| 6579 | 6597 | 6607 | 6639 | 6648 | 6668 | 6674 | 6675 | 6708 | 6735 |
| 6755 | 6771 | 6775 | 6783 | 6801 | 6805 | 6821 | 6824 | 6866 | 6899 |
| 6913 | 6921 | 6925 | 6929 | 6930 | 6931 | 6935 | 6953 | 6958 | 6980 |
| 6982 | 6986 | 7029 | 7031 | 7043 | 7054 | 7070 | 7073 | 7097 | 7107 |
| 7122 | 7166 | 7197 | 7200 | 7208 | 7246 | 7255 | 7268 | 7324 | 7328 |
| 7334 | 7338 | 7346 | 7361 | 7363 | 7370 | 7376 | 7412 | 7462 | 7470 |
| 7499 | 7519 | 7555 | 7568 | 7584 | 7588 | 7591 | 7593 | 7615 | 7634 |
| 7649 | 7655 | 7670 | 7683 | 7692 | 7695 | 7696 | 7699 | 7710 | 7720 |
| 7745 | 7788 | 7802 | 7804 | 7811 | 7814 | 7837 | 7845 | 7852 | 7865 |
| 7870 | 7882 | 7890 | 7896 | 7898 | 7917 | 7924 | 7947 | 7956 | 7986 |
| 7992 | 8044 | 8050 | 8054 | 8066 | 8067 | 8070 | 8076 | 8089 | 8135 |
| 8143 | 8177 | 8185 | 8209 | 8223 | 8234 | 8252 | 8276 | 8290 | 8293 |
| 8294 | 8301 | 8305 | 8308 | 8328 | 8341 | 8364 | 8376 | 8384 | 8427 |
| 8442 | 8463 | 8470 | 8478 | 8510 | 8518 | 8531 | 8535 | 8536 | 8543 |
| 8546 | 8569 | 8588 | 8592 | 8609 | 8611 | 8625 | 8630 | 8636 | 8654 |
| 8662 | 8670 | 8695 | 8720 | 8723 | 8731 | 8740 | 8754 | 8775 | 8783 |
| 8785 | 8807 | 8824 | 8849 | 8867 | 8875 | 8876 | 8882 | 8884 | 8898 |
| 8908 | 8932 | 8935 | 8941 | 8947 | 8953 | 8955 | 8985 | 9011 | 9022 |
| 9027 | 9138 | 9142 | 9145 | 9167 | 9174 | 9179 | 9189 | 9217 | 9226 |
| 9257 | 9259 | 9260 | 9318 | 9327 | 9328 | 9376 | 9377 | 9379 | 9381 |
| 9384 | 9389 | 9393 | 9394 | 9408 | 9421 | 9424 | 9434 | 9440 | 9464 |
| 9480 | 9498 | 9515 | 9522 | 9525 | 9548 | 9590 | 9595 | 9613 | 9616 |
| 9645 | 9653 | 9661 | 9690 | 9702 | 9706 | 9712 | 9716 | 9731 | 9738 |
| 9739 | 9746 | 9779 | 9788 | 9799 | 9806 | 9826 | 9836 | 9841 | 9845 |
| 9853 | 9880 | 9884 | 9908 | 9928 | 9931 | 9936 | 9938 | 9971 | 9990 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Kindly check the final result with Official Gazette Notification

## पंजाब में रोजगार के अपार अवसर: 59 हजार से अधिक सरकारी नौकरियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र में भी हजारों कुशल युवाओं को मिला रोजगार

# अब तरक्की के लिए राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं; पंजाब में प्रतिभा निखारने और रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध: अमन अरोड़ा

युवाओं को वैश्विक और कॉरपोरेट क्षेत्र में अहम पदों तक पहुंचाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और नैसकॉम के साथ साझेदारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** राज्य के युवाओं के विदेश जाने के रुझान पर अंकुश लगाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने वर्ष 2025 के दौरान रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि विभाग की बहु-आयामी रणनीति के तहत हजारों नए रोजगार अवसर सृजित किए गए हैं। अप्रैल 2022 से अब तक 59,000 से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं, वहीं निजी क्षेत्र में भी कुशल युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि प्रतिभाशाली युवाओं के पलायन को रोका जा सके।

राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सुनिश्चित करने के विभागीय प्रयासों को रेखांकित करते हुए श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि अप्रैल 2022 से अब तक 59,702 युवाओं को विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इसी तरह वर्ष 2025 के दौरान 959 प्लेसमेंट कैंपों के माध्यम से 48,912 उम्मीदवारों को रोजगार दिलाने में सहायता की गई। इसके अलावा लोन कैंपों के माध्यम से 10,064 युवाओं को स्वरोजगार शुरू करने के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। रोजगार सृजन मंत्री ने बताया कि पंजाब कौशल विकास मिशन (पीएसडीएम) के तहत 19,619 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया गया है, जिनकी प्लेसमेंट प्रक्रिया प्रगति पर है। पंजाब ने अपनी 'पंजाब कौशल विकास योजना' तैयार की है और तकनीकी दिग्गज कंपनियों माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और नैसकॉम के सहयोग से युवाओं को वैश्विक एवं कॉरपोरेट क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा रहा है। यह कहते हुए कि पंजाब के युवाओं का भविष्य अब राज्य की सीमाओं के भीतर ही है, अमन अरोड़ा ने कहा, 'हमारे आंकड़े इसका प्रमाण हैं। हम केवल नौकरियों का वादा नहीं कर रहे, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से नियुक्ति पत्र, कौशल प्रमाणपत्र और उद्यमिता के अवसर भी प्रदान कर रहे हैं। अब पंजाब के युवाओं को विकास के लिए विदेशों की ओर देखने की आवश्यकता नहीं है। हम एक आत्मनिर्भर पंजाब का निर्माण कर रहे हैं, जहां प्रतिभा को पहचान कर प्रशिक्षण और रोजगार दिया जा रहा है।' राज्य का आधिकारिक पोर्टल पीजीआरकेएएम (https://punjabrozgar.org.in/) रोजगार बाजार में एक क्रांतिकारी पहल के रूप में उभरा है, जिस पर 22,41,165 से अधिक नौकरी तलाशने वालों और 20,669 नियोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से 1316 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिससे रोजगार के नए अवसरों तक पहुंच संभव हुई और कौशल तथा नौकरियों के बीच की खाई को दूर किया गया उन्होंने बताया कि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पंजाब की रक्षा प्रशिक्षण संस्थाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर मानक स्थापित किए हैं। महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज़ प्रेपरेटरी इंस्टीट्यूट (एमआरएसएएफ पीआई) ने एनडीए में 82.45 प्रतिशत सफलता दर दर्ज की है। वर्ष 2025 में 34 कैडेट राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए/समकक्ष अकादमियों) में शामिल हुए तथा 17 कैडेटों को रक्षा बलों में अधिकारी के रूप में कमीशन प्राप्त हुआ। उन्होंने आगे बताया कि पंजाब सरकार ने माई भागो आर्म्ड फोर्सेज़ प्रेपरेटरी इंस्टीट्यूट में लड़कियों के लिए राज्य द्वारा संचालित देश का पहला एनडीए प्रेपरेटरी विंग शुरू किया है, जिसमें 40 लड़कियों को कमीशंड अधिकारी बनने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रशिक्षण अकादमियों में प्रवेश के लिए 10 महिला कैडेटों का चयन किया गया है और 7 महिला कैडेटों को अधिकारी के रूप में कमीशन मिला है। इस वर्ष 74 महिला कैडेटों ने सीडीएस/ एएफकैट/ एनडीए की लिखित परीक्षाएं भी उत्तीर्ण की हैं।

### पंजाब के सी-पाइट केंद्रों ने सशस्त्र एवं अर्धसैनिक बलों के लिए 8017 युवाओं को प्रशिक्षण दिया

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पंजाब के सी-पाइट केंद्रों ने सशस्त्र एवं अर्धसैनिक बलों के लिए 8017 युवाओं को प्रशिक्षण दिया है, जिनमें से चालू वित्तीय वर्ष में 1236 उम्मीदवारों को नौकरियां प्राप्त हुई हैं। ये केंद्र युवाओं को देश की सेवा के लिए सक्षम बना रहे हैं। मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व वाली सरकार की युवाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि प्रदान की गई हर नौकरी, हर कौशल प्रशिक्षण और तैयार किए गए सभी उद्यमी राज्य की सबसे मूल्यवान पूंजी हैं, जो युवाओं के पलायन को रोकने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास रोजगार के नए अवसरों के लिए एक मजबूत वातावरण तैयार कर रहे हैं, जिससे पंजाब के युवाओं को राज्य के भीतर ही एक सुरक्षित, व्यावहारिक और उज्ज्वल भविष्य मिल रहा।

# गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली 69,110 महिलाओं को 26.06 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता: डॉ. बलजीत कौर

सरकार द्वारा दूसरे बच्चे के रूप में बेटी के जन्म पर 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 1.14 लाख लाभार्थी महिलाओं को कवर करने का लक्ष्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार जन-हितैषी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत पंजाब सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को 26.06 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि सरकार द्वारा पहले बच्चे के जन्म पर लाभार्थी महिलाओं को 5,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि दो किस्तों में प्रदान की जाती है, जिसमें पहली किस्त 3,000 रुपये और दूसरी किस्त 2,000 रुपये की होती है।

उन्होंने बताया कि दूसरे बच्चे के जन्म पर, यदि दूसरा बच्चा बेटी हो, तो सरकार द्वारा 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता एकमुश्त प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि यह पूरी राशि लाभार्थी महिलाओं के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से भेजी जाती है, जिससे पारदर्शिता और समय पर सहायता सुनिश्चित होती है।

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक 69,110 गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस योजना के अंतर्गत 1.14 लाख लाभार्थी महिलाओं को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि यह योजना केवल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि माताओं के स्वास्थ्य, पोषण तथा नवजात शिशुओं की देखभाल को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का प्रयास है कि कोई भी मां आर्थिक तंगी के कारण आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे और प्रत्येक बच्चे को जन्म से ही सुरक्षित एवं स्वस्थ शुरुआत मिले। अंत में उन्होंने दोहराया कि मान सरकार महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### विकास कार्यों की प्रगति को लेकर राज्य मंत्री राजेश नागर ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# जनहित से जुड़े विकास कार्यों में कोई ढिलाई नहीं चलेगी : राजेश नागर

**सड़कों, स्वच्छता और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पर सख्त निर्देश, समयसीमा में काम पूरा करने के आदेश**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 29 दिसंबर।** जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर आज खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर ने जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में लोक निर्माण विभाग (क्कङ्खष्ठ), पब्लिक हेल्थ, पंचायत विभाग, एफएमडीए तथा एचएसवीपी के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना, लंबित परियोजनाओं पर जवाबदेही तय करना तथा आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करना रहा।

बैठक में पीडब्ल्यूडी से संबंधित सड़कों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिन सड़कों की मरम्मत आवश्यक है तथा जिन नई सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है, उनके संबंध में अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य समयसीमा के भीतर और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरे किए जाएं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पंचायत विभाग के अंतर्गत गांवों में ओवरफ्लो हो रहे जोहड़ों, जलभराव की समस्या, गांवों की साफ-सफाई तथा नालियों की नियमित सफाई को लेकर भी बैठक में विशेष चर्चा हुई। राज्य मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए और जल निकासी की व्यवस्था को मजबूत किया जाए, जिससे बरसात या अन्य कारणों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से ग्रामीणों को राहत मिल सके।

एफएमडीए के अधिकारियों के साथ उन सड़कों और चौराहों को लेकर बातचीत हुई, जिनका निर्माण संयुक्त रूप से किया जाना है या जो एफएमडीए के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। राज्य मंत्री राजेश नागर ने यह भी स्पष्ट किया गया कि विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य किए जाएं, ताकि परियोजनाओं में अनावश्यक देरी न हो। इसके साथ ही शहर में स्ट्रीट लाइटों की समस्या, विशेष रूप से रात के समय लाइटों के ठीक से न जलने की शिकायतों पर भी चर्चा हुई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए गए।

राज्य मंत्री राजेश नागर ने विकास कार्यों में हो रही लेटलतीफी को गंभीरता से लिया गया। उन्होंने एफएमडीए के कुछ टेंडरों के तहत जिन कार्यों की समयसीमा 30 दिसंबर तक तय थी, उनके समय पर पूरा न होने पर कड़ा रुख अपनाया गया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है, या अधिकारियों की वजह से कार्य में देरी होती है, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि टेंडर की शर्तों के अनुसार कार्य की एएमसी अवधि (3 या 5 वर्ष) के दौरान यदि गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है, तो संबंधित ठेकेदार को अपने खर्च पर उसे ठीक करना होगा।

समीक्षा बैठक डीसी आयुष सिन्हा, एडीसी सतबीर मान, सीईओ जिला परिषद शिखा सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की पदक तालिका में हरियाणा की भागीदारी अहम : कल्याण

**पदक तालिका में हरियाणा की भागीदारी गर्व का विषय**

**हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप और शूटिंग वर्ल्ड कप फाइनल में रजत पदक जीतने पर अनीश भानवाला के आवास पर पहुंचकर दी बधाई**

अर्थ प्रकाश/शैलैंद्र जैन



**करनाल, 29 दिसंबर।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने सोमवार को निशानेबाज अनीश भानवाला के आवास पर पहुँचकर उन्हें वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप और शूटिंग वर्ल्ड कप फाइनल में रजत पदक जीतने पर बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने अनीश को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि हरियाणा आज न केवल कृषि और उद्योग में, बल्कि खेलों की दुनिया में भी अपनी धाक जमा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की पदक तालिका में हरियाणा की भागीदारी हमेशा अहम रहती है, जिससे हर प्रदेशवासी का सिर फक्र से ऊँचा होता है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। खेल हो या अन्य कोई क्षेत्र, भारत की प्रतिभाएं आज वैश्विक पटल पर अपना लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और इनाम राशि दे रही है। सरकार की पारदर्शी नीतियों के कारण ही आज प्रदेश के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ रहा है। उन्होंने अनीश भानवाला की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह करनाल जिले के लिए बड़े गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी जब किसी बड़े मुकाम पर पहुंचता है, तो उसके पीछे उसके परिवार की कड़ी मेहनत और लंबी तपस्या होती है। अनीश की इस उपलब्धि में उनके परिजनों का भी बराबर का योगदान है। इस अवसर पर चेयर पर्सन मेघा भंडारी व अनीश के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शूटिंग के 17 खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में ले रहे हिस्सा




**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** एआर शूटिंग एकेडमी मुलाना के 17 खिलाड़ी दिल्ली में आयोजित हो रही 68वीं राष्ट्रीय राइफल व पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 11 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी । एकेड़मी कोच प्रिंस राणा ने बताया कि एकेडमी के खिलाड़ी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सब यूथ, यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास किया है, जिससे एकेडमी में उत्साह का माहौल है। उन्होंने बताया कि सभी खिलाडियों ने अच्छे अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया है। प्रिंस ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिलाड़ियों के करियर के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एकेडमी के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र व एकेडमी का नाम रोशन करेंगे।

### नगर पालिका कर्मचारी संघ का 72वें दिन भी दिया धरना

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ब्लॉक कमेटी ने नगर परिषद में 72वें दिन भी धरना–प्रदर्शन जारी रखा जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की व संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने राज्य सरकार व नगर परिषद प्रसाशन के फिलाफ जोरदार नारे बाजी की। ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान व विक्की टांक ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर ब्लॉक कमेटी कार्यकारी अधिकारी, डीएमसी, चैयरमैन व विभाग के आला आधिकारियों को कई ज्ञापन दे चुके हैं। गत 23 दिसंबर को मांगों की अनदेखी के विरोध में सभी को नोटिस दे दिया था और नोटिस के माध्यम से 29 दिसंबर तक बातचीत करके मांगों के समाधान की अपील की गई थी लेकिन आज तक मांगों को पूरा ना करके अड़ियल रूख आपनाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि नगर परिषद कैथल में सफाई का कार्य इमानदारी से कर रहे 165 सफाई कर्मचारियों को ठेका खत्म होने के बाद हटा दिया है जिसके कारण ये कर्मचारी परिवार समेत भूखों मरने के कगार पर आ गये हैं। संघ के राज्य मुख्य संगठनकर्ता व एसकेएस जिला सचिव शिवचरण ने कहा कि इन कच्चे सफाई कर्मचारियों का टेन्डर जल्द जारी करके इनके रोजगार बहाली और पक्का करने की मांग व अन्य मांगों को लेकर संघ 11 जनवरी को मास डेपुटेंशन के रूप में धरना–प्रदर्शन करके विभागीय मंत्री विपुल गोयल के आवास पर जा कर मिलेगा। इस अवसर पर जिला प्रधान गौरव टांक, कैशियर जगदीश कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान राज कुमार मंचल, उपप्रधान पंकज गिल, सुखा नौच, मुख्य संगठन सचिव सुमेश राणा, सहसचिव मुकेश कुमार व शीशपाल, सूरज सहोत्रा, प्रैस सचिव अमित कुमार क्योडक़, विक्की बेदी, महिला विंग प्रधान संतरो, विद्या रानी, सुलेखा, रामदेव, सन्नी कांगड़ा, सुरेश कुमार कैलरम, सूरज कल्याण, सोनू कल्याण, अमित गिल, अनिल कुमार, सरोज रानी, बीना, कलसो रानी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस केवल एक पार्टी नहीं, भारत की आत्मा की आवाज : सुरेश रोड़



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 29 दिसंबर।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रोड ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय चंडीगढ़ में हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व पार्षद राम मेहर करोड़ा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक प्रेम धीमान, प्रोफेसर ईश्वर सिंह कौल, अमन सागवाल, जयपाल शर्मा करोड़ा, रमेश पिंडारसी आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। सुरेश रोड ने बताया कि हम उस ऐतिहासिक विरासत और उन महान बलिदानियों को नमन करते हैं जिन्होंने भारत को आज़ादी दिलाई, संविधान की नींव रखी और लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व समानता के मूल्यों को मजबूत किया। कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, भारत की आत्मा की आवाज़ है जो हर कमजोर, हर वंचित और हर मेहनतकश के साथ खड़ी रही है। संकल्प है कि नफ़रत, अन्याय और तानाशाही के खिलाफ़ सत्य, साहस और संविधान की रक्षा की लड़ाई और अधिक मज़बूती से लड़ेंगे।

# एसडी पब्लिक स्कूल नरवाना में जंक फूड के दुष्प्रभावों पर जागरुकता कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 29 दिसंबर।** एस.डी. पब्लिक स्कूल, जींद रोड में विद्यार्थियों को जंक फूड के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पलवल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. हरीश कुमार ने कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों को जंक फूड विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। डॉ. हरीश कुमार ने बताया कि बच्चे और किशोर स्वादिष्ट होने तथा आसानी से उपलब्ध होने के कारण जंक फूड और पैकेट बंद खाद्य पदार्थों की ओर अधिक आकर्षित होते हैं, लेकिन इसके गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिलते हैं। उन्होंने समझाया कि जंक फूड ऐसे खाद्य पदार्थ होते हैं जिनमें कैलोरी, वसा, चीनी और कृत्रिम तत्वों की मात्रा अधिक होती है। इनके नियमित सेवन से मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं बच्चों में तेजी से बढ़ रही हैं। विद्यालय की प्राचार्या अनिता मलिक ने डॉ. हरीश कुमार का विद्यालय में पधारने और विद्यार्थियों को स्वास्थ्य से संबंधित उपयोगी जानकारी देने के लिए तह-दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा समय-समय पर बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है तथा विद्यालय की कैंटीन में भी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पौष्टिक आहार ही उपलब्ध कराया जाता है। इस अवसर पर स्कूल प्रशासक एवं एस.डी.एम. नरवाना जगदीश चंद्र ने कहा कि सभी विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए जंक फूड के सेवन से रोकने और इसके दुष्प्रभावों के प्रति निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए।

### माता वैष्णो देवी कटरा धाम पर तीन दिवसीय 23वे. भंडारे के लिए ट्रक सामग्री रवाना

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** माँ वैष्णो सेवा समिति द्वारा कटरा में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विशाल भंडारे के लिए सामग्री से भरे ट्रक को छोटी छोटी कन्याओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधान पंकज अरो?ा नें जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवा कार्य माँ वैष्णो देवी के चरणों में श्रद्धा, समर्पण और सेवा भाव का प्रतीक है। भंडारे के माध्यम से देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद रूपी सेवा प्रदान की जाएगी।वहीं उन्होंने बताया कि पिछले 22 सालों से कटरा स्थित बाणगंगा रोड प्राचीन शिव मंदिर में 31 दिसंबर से 2 जनवरी 2026 तक तीन दिन अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे के लिए शहर से करीब 40 से 50 मां के चरणों के दास जन सेवा के लिए पहुंचते हैं।भंडारे में शहर के अलावा अन्य शहरों के लोग भी अपने समर्थय अनुसार दान देकर पुण्य कमाते हैं। ट्रक रवाना करने से पूर्व मां वैष्णो सेवा समिति कार्यालय पर कन्याओं का पूजन किया गया। पूजन के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया।

# अवैध शराब तस्करी पर जींद पुलिस की सख्त कार्रवाई, आजाद नगर से आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 29 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक जींद श्री कुलदीप सिंह आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन में जिला जींद में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर नरवाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब सहित एक आरोपी को काबू किया है। यह कार्रवाई नरवाना शहर के आजाद नगर क्षेत्र में की गई।

थाना शहर नरवाना के प्रभारी उप निरीक्षक आत्माराम ने जानकारी देते हुए बताया कि उप निरीक्षक बलवान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम आजाद नगर, इस्माईलपुर रोड नरवाना क्षेत्र में गश्त एवं अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी। इसी दौरान शहर की ओर से एक व्यक्ति अपने कंधे पर सफेद रंग का प्लास्टिक कट्टा उठाए हुए आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह व्यक्ति अचानक घबरा गया, जिससे पुलिस को उस पर शक हुआ। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दिलबाग उर्फ बाग निवासी इस्माईलपुर बताया। जब उसके कंधे पर लदे प्लास्टिक कट्टे की नियमानुसार तलाशी ली गई तो उसमें से 8 बोतल देशी शराब (मस्ती माल्टा ब्रांड), 50 पव्वे देशी शराब (मस्ती माल्टा ब्रांड) तथा 3 अध्धे देशी शराब (क्लब माल्टा ब्रांड) बरामद किए गए। पुलिस द्वारा शराब संबंधी लाइसेंस या परमिट मांगे जाने पर आरोपी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसके बाद बरामद की गई अवैध शराब को नियमानुसार पुलिस कब्जे में ले लिया गया। आरोपी के खिलाफ थाना शहर नरवाना में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि जिला जींद पुलिस अवैध शराब तस्करी के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री या तस्करी की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर समाज में अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# पावरलिफ्टिंग में अगोंध की वर्तिका ने जीता स्वर्ण पदक

अर्थ प्रकाश/कृष्ण कुमार



**निसिंग, 29 दिसंबर।** करनाल के रामलीला ग्राउंड में वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग कांग्रेस से संबंधित डबल्यूपीसी की ओर से जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें अगोंध गांव की बेटी वर्तिका राणा ने 49 किलोग्राम कैटेगरी में पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल विजेता बनी है। जो विधि फिटनेस क्लब कुचपुरा की खिलाड़ी छात्रा है। जिसे ग्रामीण व परिजनों की ओर से कुचपुरा में स्वागत कर धूमधाम से घर ले जाया गया। 17 वर्षीय वर्तिका 12वीं कक्षा की छात्रा है। जो किताबी शिक्षा के साथ-साथ खेलो में भी सक्रिय है। उन्होंने प्रतियोगिता में 80 किलो ग्राम भार उठाकर स्वर्ण हासिल किया है। वर्तिका गांव की दूसरी छात्राओं के लिए प्रेरणा है। इनका सपना खेलों के माध्यम से खुद को कामयाब बनाना है। ताकि गांव प्रदेश और देश का गौरव बढ़ा सके। उन्होंने कहा कि अभी तो शुरुआत है भविष्य में इन्हें बहुत आगे जाना है। उन्होंने बताया कि कोच अजय भार्गव, साहब सिंह राणा और प्रीती राणा गोंदर इनके मार्गदर्शन है। जिनकी बदौलत जीत की पहली सीढ़ी पर पांव रखा है। एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली वर्तिका को आगे बढ़ने में पिता सुशील राणा का पूरा स्पोर्ट मिला। जिनकी बदौलत आज मेडल जीत सकी। इसके लिए मां ने भी प्रेरित किया। घर पर बधाई देने वाले ग्रामीणों का तांता लगा रहा। प्रीति राणा ने कहा कि खेल न केवल भविष्य संवारने का माध्यम है बल्कि बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य की कुंजी भी है। अजय भार्गव ने बताया कि उनका क्लब मेडल फैक्ट्री है। निरंतर अभ्यास करने वाले कई लड़के मेडल हासिल करने की लाइन में हैं । जल्द लड़कियों के अभ्यास हेतु अलग से फिटनेस क्लब खोला जाएगा। ताकि बेटियां खेलो में अधिक रुचि बढ़ा सके।

खुद अजय भार्गव और प्रीती राणा गोंदर दोनो खिलाड़ी सात फरवरी को दुबई में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विदेशी धरती पर अपनी प्रतिभा के बेहतर प्रदर्शन से निश्चित तौर पर गोल्ड हासिल करेंगे और देश का गौरव बढ़ाएंगे। इसके लिए काफी दिनों से पुरजोर तैयारी की जा रही है। डाइट शेड्यूल से वजन निर्यंत्रित किया जा रहा है।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर 100 लड़कियों को मिलेगा हेयर एंड ब्यूटी आर्टिस्ट्री में व्यावसायिक प्रशिक्षण

**कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में वीएलसीसी के सहयोग से दो माह का सर्टिफिकेट कोर्स चलाया जाएगा**

**नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा लड़कियों को 65 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी**

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 29 दिसंबर।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर, कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा वीएलसीसी के माध्यम से 100 लड़कियों को हेयर एंड ब्यूटी आर्टिस्ट्री का सर्टिफिकेट कोर्स करवाया जाएगा, जिसमें स्किन, हेयर और मेकअप का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लड़कियों को व्यावसायिक कौशल से जोड़कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

दो महीने की अवधि के इस कोर्स में रविवार सहित प्रतिदिन दो घंटे की नियमित कक्षाओं के तीन बैच संचालित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण अनुभवी और प्रोफेशनल ट्रेनर्स द्वारा दिया जाएगा। यह संपूर्ण प्रशिक्षण कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में आयोजित किया जाएगा, जहां आधुनिक सुविधाओं के साथ स्किन, हेयर और मेकअप से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस बारे में जानकारी देते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन स्किल डेवलपमेंट से डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि कोर्स की कुल फीस का 65 प्रतिशत भाग नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान किया जाएगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की लड़कियों को भी इस कोर्स का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली प्रतिभागियों के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा यातायात की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि किसी भी लड़की को दूरी या साधनों की कमी के कारण प्रशिक्षण से वंचित न रहना पड़े।

### आपदा प्रबंधन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**करनाल (अप्रस/शैलैंद्र जैन)।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, मेन ब्रांच में स्कूलों में आपदा प्रबंधन विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। संगोष्ठी में कल्पना चावला हॉस्पिटल, करनाल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पियूष गर्ग ने अपने 15 वर्षों के अनुभव के आधार पर प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं, आपदा प्रबंधन चक्र, सुरक्षित विद्यालय मॉडल, जोखिम आकलन, सरकारी नीतियों, मॉक ड्रिल, शमन एवं तैयारी उपायों, ट्रायेज और स्रुञ्ज नीति की जानकारी दी तथा बच्चों पर आपदा के मनोवैज्ञानिक प्रभावों और मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के माध्यम से शिक्षकों में आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षा एवं भावनात्मक सहयोग की भूमिका को लेकर जागरूकता बढ़ी और विद्यालय प्रशासन ने नियमित प्रशिक्षण व मॉक ड्रिल के माध्यम से सुरक्षित एवं आपदा–रोधी शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुषमा देवगन एवं मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया।

### विधायक सतपाल जांबा ने 10.70 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों के उद्घाटन व शिलान्यास कर क्षेत्र को दी बड़ी सौगात

# जनता से किए गए हर वादे को पूरा करना मेरी प्राथमिकता : जांबा

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**पुंडरी, 29 दिसंबर।** हल्का विधायक सतपाल जांबा ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देते हुए 10 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से निर्मित व प्रस्तावित सड़कों के उद्घाटन एवं शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इन सड़क परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क और मजबूत होगा। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा द्वारा डेरा नसोरिया रोड, पुंडरीङ्कहाबड़ी रोड से डेरा बुट्टरावाला तक, हजवाना से हाबड़ी (अकाल अकादमी के पास), हाबड़ीङ्कहजवाना रोड, सिकंदरखेड़ीङ्कबरसाना रोड, टयोंठाङ्कहाबड़ी रोड, डीगङ्कचोचड़ा रोड तथा राहड़ाङ्कबाकल रोड के उद्घाटन व शिलान्यास किए गए। इसके साथ-साथ पिलनीङ्कपाई सड़क और पिलनीङ्कसिसमोर सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य भी क्षेत्रवासियों को समर्पित किए गए।

सड़क परियोजनाओं के शुभारंभ से क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से न केवल यातायात सुविधा बेहतर होगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी।

इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि वे अपने काम के माध्यम से लोगों के दिलों में स्थान बनाना चाहते हैं। पुंडरी उनका परिवार है और दिन-रात क्षेत्रवासियों की सेवा करना ही मेरा संकल्प है। जनता से किए गए हर वादे को पूरा करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी पुंडरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार इसी तरह जारी रहेगी और क्षेत्र को आधुनिक बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन सुरेंद्र सिंह, वरुण कंसल, नरेंद्र (सरपंच प्रतिनिधि (पिलनी), मार्किट कमेटी चेयरमैन कृष्ण पिलनी, स्कूल संचालक गौरव शर्मा, नरेंद्र (सरपंच, बाकल), गुरविंदर (सरपंच प्रतिनिधि, हाबड़ी), राजेश कुमार (सरपंच प्रतिनिधि, सिरसल), बृजपाल (सरपंच, टयोंठा), सुरेंद्र (सरपंच प्रतिनिधि, हजवाना), जगदीश क्वात्रा (पुंडरी), करन (सोसाइटी प्रधान), ठेकेदार महेंद्र सिरटा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# क्रिसमस का पर्व हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है: चीमा

## कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा और अमन अरोड़ा ने गुरदासपुर में आयोजित क्रिसमस के राज्य-स्तरीय समारोह में की शिरकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गुरदासपुर, 29 दिसंबर।** पंजाब सरकार द्वारा आज दाना मंडी, गुरदासपुर में क्रिसमस के पावन अवसर पर राज्य-स्तरीय समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पंजाब के वित्त मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा तथा कैबिनेट मंत्री एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रधान श्री अमन अरोड़ा ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने ईसाई समुदाय के साथ इस पवित्र दिवस की खुशी साझा करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अपोस्टोल डॉ. अंकुर यूसुफ नरूला ने भी विशेष रूप से समारोह में भाग लिया और समस्त संगत को क्रिसमस की बधाई दी।

इस मौके पर संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने समस्त मानवता को जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ आएं, सत्य के मार्ग पर दृढ़ता और निष्ठा के साथ चलने की प्रेरणा दी है।

उन्होंने कहा कि क्रिसमस का पर्व हमें आपसी प्रेम, सद्भावना, करुणा और दूसरों को क्षमा करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह द्वारा समस्त मानवता को दिया गया शांति और मानवता का संदेश सभी को निरंतर मानव कल्याण और सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

इस अवसर पर उन्होंने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया की ओर से समस्त ईसाई समुदाय को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रधान अमन अरोड़ा ने भी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया की ओर से समस्त ईसाई समुदाय को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने आपसी प्रेम, साझेदारी और भाईचारे का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि ईसाई समुदाय की मांग को पूरा करते हुए, ईश्वर की कृपा से आज गुरदासपुर में राज्य-स्तरीय क्रिसमस समारोह आयोजित किया गया है और आने वाले वर्ष में भी पंजाब सरकार द्वारा क्रिसमस का पर्व मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल भाईचारे को मजबूत करते हैं, बल्कि मानव सेवा की भावना के प्रति समाज को प्रेरित भी करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह की शिक्षाएं आज के वर्तमान युग में भी प्रासंगिक हैं और लोगों के लिए मार्गदर्शक हैं।

उन्होंने कहा कि इस पवित्र अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लेकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रभु यीशु मसीह द्वारा दिखाए गए मार्ग को अपनाते हुए समस्त मानवता के कल्याण के लिए और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बटाला के विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी ने भी क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पंजाब सरकार द्वारा गुरदासपुर में राज्य-स्तरीय क्रिसमस समारोह मनाया गया है। उन्होंने समस्त ईसाई समुदाय को बधाई देते हुए कहा कि पंजाब सरकार सभी धर्मों का पूर्ण सम्मान करती है, इसी भावना के तहत आज यह पावन पर्व मनाया गया है।

इस अवसर पर पंजाब हेरिटेज एवं टूरिज्म प्रमोशन बोर्ड के सलाहकार दीपक बाली ने कहा कि पंजाब सरकार प्रत्येक धर्म का पूरा सम्मान करती है, इसी के चलते आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया की ओर से विशेष रूप से क्रिसमस का पर्व मनाया गया है। उन्होंने समस्त संगत को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जतिंदर मसीह गौरव, चेयरमैन अल्पसंख्यक आयोग पंजाब, डैनियल भट्टी, चेयरमैन क्रिश्चियन वेलफेयर बोर्ड पंजाब ने भी इस पवित्र क्रिसमस समारोह की बधाई दी और अपोस्टोल डॉ. अंकुर यूसुफ नरूला तथा पंजाब सरकार का धन्यवाद किया। इस दौरान ईसाई समुदाय से संबंधित विभिन्न मांगें भी रखी गईं, जिन्हें पूरा करने का आश्वासन कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा और अमन अरोड़ा द्वारा दिया गया।

## श्री खाटू श्याम व श्री सालासर धाम के दर्शनों हेतु निशुल्क बस रवाना

**कैथल (अप्रस)।** श्री खाटू श्याम सालासर सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 48वीं निशुल्क बस यात्रा आज सुबह नवग्रह चौक से श्री खाटू श्याम धाम व श्री सालासर धाम के दर्शनों हेतु मुख्य अतिथि ज्योति सैनी जिला अध्यक्ष भाजपा व अमरजीत छाबड़ा प्रधान राइस मिलर्स एसोसिएशन हरियाणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। ट्रस्ट के प्रधान धर्मबीर केमिस्ट एवं महासचिव अशोक मित्तल ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा दो दिन की है। इस यात्रा के अंतर्गत भक्तजन श्री खाटू श्याम धाम व श्री सालासर धाम के दर्शन करके वापस लौटेंगे। उन्होंने बताया कि धार्मिक यात्रा के दौरान ट्रस्ट की ओर से सभी भक्तजनों को आने-जाने खाने-पीने व रहने की व्यवस्था बिल्कुल निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्य प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यों का समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान जीवन सुरक्षा योजना के तहत सहायता राशि के चेक वितरित



**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत आज स्थानीय मार्किट कमेटी में दो किसानों के पारिवारिक सदस्यों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मार्केट कमेटी के चेयरमैन रुपिंदर मल्ली ने लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक वितरित किए। चेयरमैन रुपिंदर मल्ली ने बताया कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना का उद्देश्य किसानों व खेतिहर मजदूरों के परिवारों को संकट की घड़ी में आर्थिक सहारा देना है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की भलाई के लिए लगातार योजनाएं लागू कर रही है, ताकि किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में परिवार को राहत मिल सके। उन्होंने पात्र किसानों व मजदूरों से योजना का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर योजना के अंतर्गत रीतू रानी पत्नी विनोद कुमार निवासी मोहड़ी को पांच लाख व जन्नों देवी पत्नी सुमेर चंद निवासी गांव रादौरी को 37 हजार पांच सौ रूपये के आर्थिक सहायता के चेक सौंपे गए। इस मौके पर वाइस चेयरमैन बंसीलाल सैनी, सचिव राजीव चोपडा, प्रीति लाल बकाना, जयपाल राणा, राजेश सैनी, ओमप्रकाश काम्बोज, मोहन लाल, राजकुमार, अशोक बंसल, भीमसिंह आदि मार्किट कमेटी के सदस्य व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### गली में ठहरा गंदा पानी, लोगों में रोष



**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** अनाजमंडी के पीछे शिव कॉलोनी में सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। कॉलोनी में स्थित सीवरेज का मेनहोल पिछले काफी समय से ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे गंदा पानी गली में फैल गया है। इसके कारण स्थानीय लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी में बदबू का माहौल बना हुआ है और गंदे पानी के कारण मच्छर पनप रहे हैं, जिससे बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासी राजकुमार पुजारा, नारायण दीक्षित, राजकुमार धीमान, सचिन मेहता व राजेश शास्त्री ने बताया कि सीवरेज जाम होने से गंदा पानी घरों के बाहर और दीवारों के पास जमा हो जाता है, जिससे मकानों की दीवारों में दरारें आने लगी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार जलापूर्ति विभाग को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। वहीं इस बारे में जलापूर्ति विभाग के जेई पवन कुमार ने बताया कि हाल ही में जेटिंग मशीन से सीवरेज की सफाई करवाई गई थी, लेकिन पीछे से कचरा आने के कारण दोबारा ब्लॉकेज हो गई। उन्होंने कहा कि मशीन खराब होने के कारण कार्य में देरी हुई है, लेकिन मशीन ठीक होते ही शिव कॉलोनी में सीवरेज को दुरुस्त कर दिया जाएगा।

### सद्भावना सत्संग सम्मेलन 1 जनवरी को



**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** मानव उत्थान सेवा समिति शाखा जगाधरी के जिला प्रधान अजब सिंह पांचाल ने खंड रादौर के गांव दोहली, कलेसरा, पूर्णगढ़, खेड़की, अलाहर, गुमथला व अलीपुरा का दौरा कर लोगों को श्रीयांश जी महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित सद्भावना सत्संग सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण दिया। सम्मेलन का आयोजन 1 जनवरी को प्रातः 10 बजे गांव खजूरी में आयोजित किया जाएगा। अजब सिंह पांचाल ने बताया कि इस अवसर पर अध्यात्म सम्राट परम पूज्य सतपाल जी महाराज के परम शिष्य महात्मा सिंधु बाई, महात्मा मेघना बाई व महात्मा सपना बाई हरिद्वार से पधारकर महाभारत व रामायण पर आधारित सारगर्भित सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रवचन देंगे। उन्होंने कहा कि मानव उत्थान सेवा समिति देशभर में सद्भावना सम्मेलनों, यात्राओं व जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से अध्यात्म ज्ञान की ज्योति को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सत्संग के उपरांत भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर साहब सिंह, राकेश शर्मा, राकेश पांचाल, अनिल कुमार, अमन पांचाल, अभिषेक, शिवम, धनीराम, ऋषिपाल, जय कृष्ण, मदनलाल, सोहनलाल, नरेश, मीना देवी, संतोष, सावित्री, ममता, रेखा, रजनी, दुर्गेश, मानो देवी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री अप्रैंटिस एवं रोजगार मेले में 203 विद्यार्थियों का हुआ चयन



छोटी बड़ी कंपनियों से शुरूआत करते हुए अपनी प्रतिभा निखारें युवा: नरिंद्र मिगलानी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 29 दिसंबर।** राजकीय आईटीआई में प्रधानमंत्री अप्रैंटिस एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ आइएमसी आफ आईटीआई के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध उद्योगपति नरिंद्र मिगलानी ने किया। उनका यहां पहुंचने पर आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने बताया कि मेले में यूनो मिंडा बावल रेवाड़ी, यूरो मिंडा खरखोदा सोनीपत, हीरो मोटो कारप नीमवाला राजस्थान, वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड बद्दी हिमाचल प्रदेश, महालक्ष्मी पॉलीमर्स इंडिया कैथल, एकांश मोटर कैथल, जीएलएस फिल्म्स बिलासपुर, गुरुग्राम सात्विक सोलर प्राइवेट लिमिटेड अंबाला, उम्दा यूटिलिटी प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद, धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड बादली झज्जर, यूनो मिंडा चौथी आईएमटी खरखोदा सोनीपत, जय श्री कृष्णा स्टील इंडस्ट्रीज चीका, रूलदू राम एंड संस, डोरबेल हिसार सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। मेले में करीब 320 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से 203 विद्यार्थियों का अप्रैंटिस एवं रोजगार का तोहफा दिया गया। नरिंद्र मिगलानी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कहीं न कहीं से काम से की शुरूआत करनी होती है। युवाओं को चाहिए कि वे किसी भी छोटी या बड़ी कंपनी से शुरूआत करते हुए अपनी प्रतिभा निखारें तथा अपने लक्ष्य को हासिल करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वर्ग अनुदेशक अनिल ढुल, संजय कुमार, राजबीर सिंह, सतीश सैनी, अनिल कुमार, श्रीराम, रमन कुमार, नरेश कुमार आदि ने सहयोग किया।

# रोहित धनखड़ हत्याकांड की जांच भिवानी से रोहतक ट्रांफसर करने की मांग

## अभी तक सिर्फ 5 गिरफ्तार, पंचायत बोली- जांच से संतुष्ट नहीं

एडीजीपी लॉ एंड आर्डर से मिली सर्वखाप पंचायत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डर व राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता रोहित धनखड़ की हत्या के मामले में सर्वखाप पंचायत हरियाणा एवं पीड़ित परिवार के सदस्यों ने सोमवार को हरियाणा के एडीजीपी लॉ एंड आर्डर कुलदीप सिंह से मुलाकात करके यह केस जांच के लिए भिवानी से रोहतक में ट्रांसफर करने की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल ने एडीजीपी को बताया कि 27 नवंबर को हुई रोहित धनखड़ की हत्या में लगभग 18-20 लोग शामिल थे, किंतु आज घटना को एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद केवल 5 आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकी है और केवल चार अन्य व्यक्तियों के नाम और सामने आए हैं। पंचायत व परिवार ने कहा कि यह प्रगति उस गंभीरता के अनुरूप नहीं है जिसकी अपेक्षा एक संगठित हत्या जैसे जघन्य अपराध में होनी चाहिए।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि 9 दिसंबर 2025 को डीजीपी ने सार्वजनिक रूप से यह आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के भीतर सभी मुख्य एवं अन्य आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे, उन्हें पीओ घोषित किया जाएगा और उनकी संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। किंतु उस आश्वासन को आज लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी न तो सभी आरोपी पकड़े गए हैं, न किसी को पीओ घोषित किया गया है और न ही संपत्ति कुर्क करने की कोई ठोस कार्रवाई सामने आई है। पंचायत ने इसे अत्यंत निराशाजनक बताया।

पंचायत व परिवार के सदस्यों ने एडीजीपी को स्पष्ट रूप से बताया कि वे भिवानी पुलिस द्वारा की जा रही जांच से संतुष्ट नहीं हैं। इस पूरे मामले की जांच भिवानी से हटाकर रोहतक जिले में सीआईए या एसटीएफ को सौंपी जाए, ताकि जांच निष्पक्ष, स्वतंत्र और प्रभावी हो सके।

एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) कुलदीप सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जांच ट्रांसफर के विषय में शीघ्र निर्णय लिया जाएगा तथा प्रतिनिधिमंडल को इसकी सूचना दी जाएगी।

# पुलिस का बड़ा वार, अपराधियों की नींद उड़ी

एसपी सिद्धांत जैन, आईपीएस के नेतृत्व में रतिया के संवेदनशील इलाकों में सघन तलाशी अभियान, मचा हड़कंप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रतिया, 29 दिसंबर।** सुबह की घनी धुंध और ठंडी हवाओं के बीच, जब शहर अभी पूरी तरह जागा भी नहीं था, उसी समय फतेहाबाद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ बड़ा और सख्त अभियान शुरू कर दिया। *पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस* के कुशल नेतृत्व में रतिया क्षेत्र के वार्ड नंबर 4/5 तथा पुराना बाजार में सघन तलाशी एवं सर्च अभियान चलाया गया, जिससे क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया।

इस विशेष अभियान का नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस ने मौके पर उपस्थित रहकर किया। उनके साथ थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा, स्थानीय थाना पुलिस तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। अभियान को पूर्व नियोजित रणनीति के तहत अंजाम दिया गया, ताकि किसी भी अपराधी को भागने या छिपने का अवसर न मिल सके।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने पुराना बाजार की तंग गलियों, वार्ड 4/5 के संवेदनशील क्षेत्रों, संदिग्ध ठिकानों, किरायेदारों के आवासों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थानों की गहन तलाशी ली। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई, उनके पहचान दस्तावेजों की जांच की गई तथा क्षेत्र में रह रहे बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। अचानक और व्यापक पुलिस उपस्थिति से कई संदिग्ध तत्वों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला।

*पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन* ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अपराध, नशा तस्करी, चोरी, अवैध गतिविधियों तथा अपराधियों को संरक्षण देने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सुबह-सुबह चलाए जाने वाले ऐसे अभियान अपराधियों की मानसिकता पर सीधा प्रहार करते हैं और यह स्पष्ट संदेश देते हैं कि पुलिस हर समय सतर्क, सक्रिय और तैयार है।

एसपी ने स्थानीय पुलिस को निर्देशित किया कि संवेदनशील इलाकों में नियमित गश्त, अचानक सर्च अभियान तथा सतत निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## गेहूं की फसल में पीला रतुआ को लेकर टीम ने किया संयुक्त सर्वेक्षण, फिलहाल कोई प्रकोप नहीं

**रादौर (योगेश कुमार)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद तथा जिला कृषि विभाग यमुनानगर के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा खंड के गांव बकाना सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गेहूं की फसल में पीला रतुआ व अन्य कीट-व्याधियों को लेकर संयुक्त सर्वेक्षण किया गया। यह सर्वेक्षण क्षेत्रीय हेड एवं उपनिदेशक डॉ. वंदना पांडेय के निर्देशन में किया गया। सर्वेक्षण में जिला कृषि विभाग से सहायक तकनीकी प्रबंधक राजेंद्र कुमार, कृषि पर्यवेक्षक विशाल कम्बोज के सहयोग से खेतों का निरीक्षण किया गया। सर्वे के दौरान गेहूं की फसलों में फिलहाल किसी भी प्रकार के कीट या रोग का प्रकोप नहीं पाया गया।


उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल द्वारा आई0आर0ई0पी0एस0 पर ई–नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के एस0एल0आर. /एस0एल0आर0डी0 डिब्बों में पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ निम्नलिखित विवरणानुसार आमंत्रित की जाती हैं:–

| | |
|---|---|
| नीलामी कैटलॉग सं0 | UMB-SLR-01-2026 (09 lots) |
| नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | 12.01.2026/12:00 |
| नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय | 12.01.2026/14:00 |

| क्र0 सं0 | ट्रेन सं0 | उद्गम – गंतव्य | कम्पार्टमेंट |
|---|---|---|---|
| 1. | 12450 | चंडीगढ़ जं0 – मडगाँव जं0 | FSLR-I |
| 2. | 12232 | चंडीगढ़ जं0 – लखनऊ NR | FSLR & RSLR |
| 3. | 15012 | चंडीगढ़ जं0 – लखनऊ जं0 | FSLR & RSLR |
| 4. | 19308 | ऊना हिमाचल – इंदौर जं0 | FSLR |
| 5. | 22456 | कालका – साईनगर शिर्डी टर्मनल | FSLR-I |
| 6. | 12326 | नंगलडैम – कोलकाता | FSLR |
| 7. | 22356 | चंडीगढ़ जं0 – पाटलिपुत्र जं0 | FSLR |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को www.ireps.gov.in वेबसाईट पर जाने की सलाह दी जाती है।

4021/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6859

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा इच्छुक फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61257140 | [illegible] | 24 नग | 20.01.2026 |
| 2. | 61257218 | [illegible] | 01 नग | 26.01.2026 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 61257140, 61257218

4015/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6863


## तेज और लगातार सिरदर्द हो सकता है ब्रेन से जुड़ी गंभीर समस्या

**सोनीपत (अप्रस/आदेश त्यागी)।** सिरदर्द एक आम स्वास्थ्य समस्या है, जिससे जीवन में कभी न कभी लगभग हर व्यक्ति प्रभावित होता है। अधिकतर मामलों में यह तनाव, डिहाइड्रेशन, नींद की कमी या थकान के कारण होता है और आराम या साधारण दवाओं से ठीक भी हो जाता है। लेकिन कुछ स्थितियों में सिरदर्द किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। ऐसे में सही समय पर लक्षणों को पहचानना और डॉक्टर से संपर्क करना बेहद जरूरी होता है।डॉ. अरुण सरोहा ने बताया* फ्रकई बार सिरदर्द के साथ धुंधला दिखना, कन्फ्यूज़न, चक्कर आना, शरीर में कमजोरी या बोलने में दिक्कत जैसे लक्षण भी दिखाई देते हैं। अगर शरीर के किसी एक हिस्से में सुन्नता या कमजोरी महसूस हो, तो यह स्ट्रोक या ब्रेन ट्यूमर की ओर इशारा कर सकता है। ऐसे लक्षणों में देरी करना खतरनाक साबित हो सकता है। यदि सिरदर्द कई दिनों तक बना रहे, आराम या दवा से भी ठीक न हो, या धीरे-धीरे बढ़ता जाए, तो यह हाई ब्लड प्रेशर, ब्रेन इन्फेक्शन या दिमाग के अंदर बढ़ते प्रेशर जैसी समस्या का संकेत हो सकता है।

# आर्थिक रूप से आत्मनिर्भश्र बने बिना महिला सशक्तिकरण असंभव: कपिल अत्रेजा

## छह सप्ताह के प्रशिक्षण के बाद महिलाओं ने उद्यामिता के क्षेत्र में बढ़ाया कदम

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 29 दिसंबर।** सेवा श्री आश्रम में आज सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय (एमएसएमई) द्वारा छह सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सिलाई केंद्र व उन्नत सिलाई केन्द्र की लड़कियों को उद्यमिता के प्रोत्साहन के लिए किया गया। सेवा भारती आश्रम में समर्थ किशोरी प्रकल्प के तहत सिलाई सीखने वाली लड़कियों को छह सप्ताह का सिलाई व्यवसाय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा होने के बाद सर्टिफिकेट वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया । हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा ने कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कहा कि अब आपको अपना व्यवसाय प्रारम्भ करना है और खुद ही सोचना है कि हम अपने व्यवसाय के साथ धनोपार्जन कैसे करें। सेवा भारती विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से लड़कियों ,महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने का कार्य कर रही है ताकि महिलाएं सशक्त बनें। सरकार स्वावलंबन के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित कर रही है जैसे मुद्रा योजना, लघु उद्यम योजना, स्टार्टअप आदि। उन्होंने कहा, आपको एमएसएमई के मार्ग दर्शन में इन सभी योजनाओं का पूरा लाभ लेना चाहिए। एमएसएमई के निदेशक और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव चावला ने लड़कियों से प्रशिक्षण के बारे में प्रश्न पूछे और आग्रह किया कि आपको निरंतर अपने ऊपर विश्वास रखते हुए नई सोच के साथ आगे बढना है। अपने उत्पाद निर्माण करके उसकी गुणवत्ता को बढ़ाना है और कार्य करना है। उन्होंने सहयोग के लिए अपने विभाग के फोन नम्बर भी शेयर किये कि भले ही आज कार्यक्रम का अंतिम दिन है पर आज से आपके निजी व्यवसाय की शुरुआत है । उन्होंने लड़कियों को कहा कि आप सबसे पहले अपने और अपने आसपास के लोगों के कपडे सिलाई करें ताकि अच्छी प्रैक्टिस हो इसके बाद ही अपने कार्य को प्रस्तुत करने के लिए प्लेटफॉर्म को चुनें । एमएसएमई की सह निदेशक मीनू धीमान ने बताया कि हमें व्यवसाय शुरू करने के लिए सबसे पहले पैन नम्बर लेना चाहिए और बैंक अकाउंट खोलना चाहिए और इनकम टैक्स भरना चाहिए। एमएसएमई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी कराना चाहिए। हमें उद्यम रजिस्ट्रेशन करवाना चाहिए और अपने उत्पाद को ई -कॉमर्स पोर्टल पर भी ले जाना चाहिए। रेडीमेड कपड़ों के सफल उद्यमी कशिश ने अपने व्यवसाय की सफलता का जिक्र करते हुए बताया कि मैंने भी मुद्रा लोन के जरिए ही अपने व्यवसाय की शुरुआत की थी । उन्होंने लड़कियों को कहा कि यह आपके ऊपर निर्भर है कि आप कितना जल्दी काम करते हैं ,उन्होंने विश्वास दिलाया कि आपके व्यवसाय में कोई भी सहयोग या मार्गदर्शन हो ,हर संभव मदद करूँगा द्य सेवा भारती के जिला अध्यक्ष विपिन अरोड़ा ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की विषयवार जानकारी प्रदान की। सेवा भारती के सुरेंद्र गोयल ने कार्यक्रम में सेवा भारती का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया और बताया कि स्वावलंबन की दिशा में एमएसएमई का यह एक सार्थक प्रयास है। सेवा भारती के देवेंद्र रोहिल्ला ने मंच संचालन किया । कार्यक्रम में सेवा भारती के सभी सदस्य मौजूद रहे ।

थाना साइबर क्राइम पुलिस की एक साल की कारगुज़ारी

# डिजिटल अरेस्ट ठगी के 16 केस, पुलिस ने 2025 में अब तक 147 मामले दर्ज किए, 147 आरोपियों को किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** यूटी पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस 2025 की एक साल की कारगुज़ारी देखी जाए तो कुल 147 मामले दर्ज,13 राज्यों में 93 जगहों पर छापेमारी और 147 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चंडीगढ़ में साइबर अपराध के मामलों में लगातार बढ़ोतरी के बीच चंडीगढ़ पुलिस ने वर्ष 2025 में साइबर ठगों के खिलाफ बड़े स्तर पर सख्त कार्रवाई करते हुए अपनी तत्परता और तकनीकी क्षमता का मजबूत संदेश दिया है। पुलिस ने प्राथमिक जांच और ठोस साक्ष्यों के आधार पर 150 मामलों में एफआईआर दर्ज की।यह कदम दर्शाता है कि पुलिस केवल आंकड़ों पर नहीं, बल्कि ऐसे मामलों पर फोकस कर रही है जो अदालत में मजबूती से टिक सके।

**13 राज्यों में कार्रवाई:** साइबर क्राइम पुलिस ने अंतरराज्यीय नेटवर्क पर प्रहार कर साइबर अपराध की जड़ तक पहुँचने के उद्देश्य से चंडीगढ़ साइबर थाना पुलिस ने 13 राज्यों में कारवाई कर 93 जगहों पर छापेमारी कर अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोहों पर दबाव बनाया। इन कार्रवाइयों के दौरान आईटी एक्ट के तहत मुख्य और म्यूल अकाउंट आरोपी, साथ ही विदेशी नागरिक, जिन्हें ठगी में अहम भूमिका निभाते पाया गया, को भी गिरफ्तार किया गया।

### थाना पुलिस की अब तक की प्रमुख उपलब्धियाँ:

147 साइबर ठग गिरफ्तार

201 मोबाइल फोन, 6 लैपटॉप और 6 सिम बॉक्स जब्त

466 संदिग्ध मोबाइल नंबर ब्लॉक

यह स्पष्ट करता है कि पुलिस अब केवल स्थानीय अपराधियों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे साइबर ठगी नेटवर्क को तोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है।

### अकाउंट उपलब्ध कराने वालों पर भी शिकंजा

पुलिस ने उन लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई शुरू की है। जो साइबर ठगों को अपने बैंक अकाउंट (म्यूल अकाउंट) उपलब्ध कराते हैं ।इन अकाउंट होल्डरों की गिरफ्तारी से मनी ट्रेल सामने आ रही है। जिससे आने वाले समय में मुख्य सरगनाओं तक पहुँचने का रास्ता और मजबूत होगा ।यह साइबर ठगी के पूरे इकोसिस्टम को खत्म करने की दिशा में एक अहम कदम है ।पुलिस के अनुसार 50.07 करोड़ की ठगी, 11.75 करोड़ तुरंत फीज वर्ष 2025 में अब तक चंडीगढ़ के नागरिकों से 50.07 करोड़ की साइबर ठगी की गई। राहत की बात यह है कि चंडीगढ़ पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते 11.75 करोड़ की राशि तुरंत फ्रीज कराई गई। आई4सी (इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर) के आंकड़ों के अनुसार, विवादित राशि पर बैंक लियन लगाने में चंडीगढ़ देश में छठे स्थान पर है। पुलिस लगातार यह संदेश दे रही है कि जितनी जल्दी शिकायत, उतनी अधिक रिकवरी की संभावना।

### 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे नए फ्रॉड पर भी नजर

इस वर्ष दर्ज मामलों में 'डिजिटल अरेस्ट' ठगी के 16 केस शामिल हैं। यह दर्शाता है कि चंडीगढ़ पुलिस नए और उभरते साइबर फ्रॉड ट्रेंड्स को पहचानकर समय रहते उन पर कार्रवाई कर रही है। निष्कर्ष 2025 में चंडीगढ़ पुलिस की साइबर कार्रवाई यह साबित करती है कि साइबर अपराध को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है। अंतरराज्यीय और संगठित गिरोहों पर सीधा प्रहार किया जा रहा है। तकनीकी संसाधन और जांच क्षमता लगातार मजबूत हो रही है ।यह प्रयास न केवल अपराधियों के लिए कड़ी चेतावनी है। बल्कि आम नागरिकों के लिए भरोसे का संकेत भी है कि चंडीगढ़ पुलिस साइबर ठगी के खिलाफ पूरी ताकत से डटी हुई है।

### साइबर स्वच्छता मिशन

जागरूकता से सुरक्षा तक केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि रोकथाम और जागरूकता भी चंडीगढ़ पुलिस की प्राथमिकता है। इसके तहत:

* स्कूल-कॉलेज के छात्र
* वरिष्ठ नागरिक
* डोर-टू-डोर अभियान
* साइबर अवेयरनेस वैन, कियोस्क
* सिनेमा हॉल विज्ञापन और सोशल मीडिया अभियान

इन सभी पहलों के जरिए समाज के हर वर्ग तक यह संदेश पहुँचाया जा रहा है कि सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

### चंडीगढ़ पुलिस की साइबर एडवाइजरी सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन सेवाओं के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर ठगी के मामले भी बढ़ रहे हैं। चंडीगढ़ पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे निम्न सावधानियाँ अपनाएँ

1. **कभी भी ओटीपी पिन या पासवर्ड साझा न करें** : बैंक, पुलिस, सीबीआई या किसी सरकारी एजेंसी के नाम पर कॉल आए, तब भी जानकारी न दें।
2. **'डिजिटल अरेस्ट' कॉल से सावधान रहें**: वीडियो कॉल पर डराकर पैसे मांगना या गिरफ्तारी की धमकी देना पूरी तरह फर्जी है।
3. **अनजान लिंक और क्यूआर कोड से बचें**: लॉटरी, रिफंड, केवाईसी अपडेट या जॉब ऑफर के नाम पर आए लिंक न खोलें।
4. **सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप पर सतर्क रहें**: अनजान प्रोफाइल से आई रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, 'तुरंत पैसे भेजो' जैसे मैसेज की पुष्टि जरूर करें।
5. **अपना बैंक अकाउंट या सिम किसी को न दें**: अकाउंट देना भी कानूनी अपराध है, जिसमें अकाउंट होल्डर भी आरोपी बन सकता है।
6. **वरिष्ठ नागरिकों और छात्रों का विशेष ध्यान रखें**: परिवार में साइबर फ्रॉड के तरीकों की जानकारी साझा करें।
7. **ठगी होते ही तुरंत शिकायत करें**: देरी करने से रकम वापस मिलने की संभावना कम हो जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### घर के दरवाजे का कुंडा तोड़कर ज्वैलरी चोरी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 17 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत शातिर चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाते हुए घर से ज्वैलरी का कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 16 निवासी प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहता है ।और हरियाणा म्यूजियम में अटेंडेंट के पद पर कार्यरत है। वह 18 दिसबर को अपने परिवार के साथ अपने गांव हरियाणा के जिला सोनीपत गए थे ।जब वह 28 दिसबर को अपने घर वापिस आ तो देखा कि घर के मेन दरवाजे का कुंडा टूटा हुआ है। और अंदर से सारा सामान बिखरा हुआ है ।चेक करने पर पता चला कि गोल्ड और सिल्वर आइटम्स जिसमें एक गोल्ड चैन,एक गोल्ड रिंग,एक लेडीज़ गोल्ड चैन,एक पेयर ऑफ गोल्ड इयरिंग्स,एक पेयर ऑफ सिल्वर पायल,सिल्वर फूट रिंग्स,सिल्वर रिंग्स,सिल्वर जुड़ा पिन गायब था। मौके पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खगाल रही हैं। ताकि की आरोपियों की पहचान हो सके।

# सावधान! पंचकूला में तीसरी बार दिखा तेंदुआ लोगों में दहशत, वन विभाग जांच में जुटा

चंडीमंदिर कैंट एरिया के आसपास सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद, पहले बाइक सवार बाल बाल बचा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 29 दिसंबर।** दो दिन पहले आबादी में 3 घंटे उत्पात मचाने के बाद अचानक गायब हुए तेंदुए के चंडीमंदिर केंट एरिया में फिर से दिखाई देने के बाद लोगों में दहशत का माहौल था। रविवार की मध्यरात्रि को एक मकान की दीवार फांदते समय तेंदुआ वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। इससे पहले बीती दोपहर को पंचकूला में गायब होने के बाद एक बाइक सवार सड़क पर चल रहे तेंदुए की चपेट में आने बाल बाल बच गया था। व्यक्ति ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। कंटोनमेंट एरिया के जंगल में अचानक गायब हुआ तेंदुआ बार बार आबादी की तरफ आने का प्रयास कर रहा है। हालांकि वन विभाग की टीम दो दिनों से ही तेंदुए की मूवमेंट पर नजर रख रही है। इस बीच तेंदुए के पंजों के निशान की जांच कर उसे ढूंढने की कोशिशें जारी हैं।



### तेंदुआ काफी खूंखार जंगली जानवर

तेंदुआ काफी खूंखार जंगली जानवर है। यह अगर अपने पे आ जाए तो आदमी को कच्चा खा जाए। इसके अलावा इसकी एक और खासियत है कि यह आपके नजदीक आकर इस तरह छिप जाएगा कि आप पर तो इसका पूरा कण्ट्रोल रहेगा लेकिन आप इसे नहीं देख पाएंगे। इसके अलावा इसकी नजरें और सूंघने की क्षमता बड़ी शार्प होती है। आहट पर यह वार कर देता है और काम तमाम कर देता है। तेंदुआ बेहद फुर्तीला होता है। इसकी लंबी छलांग और ऊंचाई पर चढ़ने की इसकी क्षमता इसे और ताकतवर बनाती है।

### क्या यह सेक्टर 6 से भागा हुआ तेंदुआ?

अभी 2 दिन पहले ही बीते शनिवार दोपहर 27 दिसंबर को पंचकूला के सेक्टर 6 रिहायशी इलाके में तेंदुए की दस्तक देखी गई थी। तेंदुए को यहां मकान नंबर 277 के नजदीक हलचल करते देखा गया था। काफी देर तक तेंदुआ यहां इधर से उधर मूवमेंट करता रहा। हालांकि तेंदुए ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। लेकिन तेंदुए को देख वहां लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। तेंदुए को अपने बीच देख लोग बेहद डरे रहे और अपने घरों में कैद होने को मजबूर हुए। वहीं कुछ लोग छतों पर चढ़कर तेंदुए पर नजर रखते हुए उसका वीडियो भी बना रहे थे। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग और पुलिस की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था और घेराबंदी की थी। लेकिन इससे पहले वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ सकती। वह चंडीमंदिर कैंट एरिया के जंगल की तरफ भाग गया। वन विभाग की टीम ने तेंदुए के जंगल एरिया में जाने की जानकारी दी थी और कहा था कि पकड़ने से पहले वह अपने आप ही जंगल की तरफ चला गया है। ऐसे में अब सवाल यह है कि अब जो तेंदुआ सीसीटीवी में कैद हुआ है क्या वह वही भागा हुआ तेंदुआ है या फिर एक नहीं बल्कि एक से ज्यादा तेंदुए जंगल क्षेत्र से बाहर निकले हुए हैं और आबादी वाले क्षेत्रों में मूवमेंट कर रहे हैं।

देर रात को तेंदुआ एक बार फिर कैंट एरिया में घर के प्रांगण में दीवार को फांदते हुए देखा गया। तेंदुए के फिर देखे जाने के बाद एरिया में लोगों को सतर्क और सचेत रहने को कहा गया है। खासतौर से बच्चों और बुजुर्गों की खास निगरानी की सलाह दी गई है। इस बीच वन विभाग ने देखे गए तेंदुए को लेकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया

# चंडीगढ़ में बिना लाइसेंस बजाया म्यूजिक: पीपीएल ने की कॉपीराइट उल्लंघन की कार्रवाई

### एडवोकेट बोले-शहर के सभी क्लबों की जांच होगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** चंडीगढ़ में कॉपीराइट उल्लंघन के एक मामले में फोनोग्राफिक परफॉर्मेंस लिमिटेड ने सेक्टर-26 स्थित एक क्लब के खिलाफ कार्रवाई की है। जांच में पाया गया कि क्लब में बिना वैध लाइसेंस के सार्वजनिक रूप से कॉपीराइट वाली साउंड रिकॉर्डिंग बजाई जा रही थी। कार्रवाई से पहले कंपनी ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी और पुलिस के साथ क्लब में जांच की। जांच के दौरान कॉपीराइट उल्लंघन की पुष्टि होने पर सेक्टर-26 थाना पुलिस को लिखित शिकायत दी गई। इसके बाद पुलिस ने क्लब के मालिकों, निदेशकों और संचालन से जुड़े जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के दौरान कंपनी की ओर से एडवोकेट उज्जवल भसीन भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि शहर में ऐसे कई क्लब और व्यवसायिक प्रतिष्ठान हैं, जो बिना लाइसेंस कॉपीराइट म्यूजिक का इस्तेमाल कर रहे हैं।

ऐसे सभी स्थानों की जांच की जा रही है और जहां भी उल्लंघन पाया जाएगा, वहां कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी क्लब या प्रतिष्ठान में जांच से पहले संबंधित क्षेत्र की पुलिस को सूचना दी जाती है और पुलिस के साथ ही कार्रवाई की जाती है।

एडवोकेट भसीन ने कहा कि फोनोग्राफिक परफॉर्मेंस लिमिटेड देश और विदेश की 450 से ज्यादा बड़ी म्यूजिक कंपनियों का प्रतिनिधित्व करती है। यह संस्था अपने सदस्यों के संगीत को सार्वजनिक रूप से बजाने के अधिकारों की सुरक्षा करती है। उन्होंने साफ कहा कि जो भी क्लब, बार, सैलून, रेस्टोरेंट या अन्य व्यवसायिक जगहें बिना लाइसेंस संगीत चलाती पाई जाएंगी, उनके खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कानूनी कार्रवाई की जाती रहेगी कॉपीराइट एक कानूनी अधिकार होता है, जो किसी व्यक्ति या संस्था को उसके बनाए गए काम पर मिलता है। जैसे कोई गाना, फिल्म, किताब, लेख, फोटो, वीडियो, सॉफ्टवेयर या म्यूजिक। जिस व्यक्ति या कंपनी ने यह बनाया है, वही उसका असली मालिक होता है।

# चंडीगढ़ में सरेआम दो भाइयों पर चाकू से हमला

सेक्टर-26 क्लब के बाहर फूल बेचते हैं। एक जख्मी एक पीजीआई में किया रेफर

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** चंडीगढ़ सेक्टर-26 क्लब के बाहर फूल बेचने वाले दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। झगड़े के दौरान एक युवक ने चाकू से हमला कर दो सगे भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर पुलिस स्टेशन 26 है। उसके बावजूद देर रात तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। ाायलों की पहचान सेक्टर-26 बापूधाम कॉलोनी निवासी राहुल और उसके भाई हनी के रूप में हुई है। दोनों को पहले सेक्टर-16 अस्पताल ले जाया गया, जहां राहुल की हालत गंभीर होने पर उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया। हनी को इलाज के बाद अगले दिन छुट्टी दे दी गई।

### फूल लगाने को लेकर हुआ विवाद

पुलिस को दिए बयानों में हनी ने बताया कि मलोया कॉलोनी निवासी इमरान उनके पास फूल बेचने आता था। शुक्रवार रात इमरान ने उन्हें वहां फूल न लगाने को कहा। मना करने पर उसने पहले राहुल पर चाकू से हमला किया। बीच-बचाव करने आए हनी पर भी चाकू से वार कर दिया। हमले के बाद दोनों भाई खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़े। घायल भाइयों ने मदद के लिए आवाज भी लगाई, लेकिन रात का समय होने के कारण सड़क पर आवाजाही कम थी। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया।

### सीसीटीवी में कैद पूरी घटना

पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि इमरान के साथ एक और युवक भी मौजूद था और दोनों ने मिलकर चाकू से हमला किया। बचने के लिए राहुल और हनी जोर-जोर से आवाज लगा रहे थे कि उन्हें बचा लो, लेकिन आसपास कोई भी मौजूद नहीं था। इस दौरान सड़क पर केवल कुछ वाहन आते-जाते नजर आ रहे थे। आरोपी राहुल पर चाकू से वार करते हुए उसे पकड़कर बाहर लेकर आए और फिर वहां से फरार हो गए।

# किशोरी को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, जांच में ममेरा भाई गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 29 दिसंबर।** एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पीड़िता के ममेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया। दो दिन के पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि 8 दिसंबर को पीड़िता के पिता ने सेक्टर-2 पुलिस चौकी में अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उनकी बेटी 4 दिसंबर से लापता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। महिला सेल की इंचार्ज पूजा के नेतृत्व में की गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि किशोरी को उसके मामा का लड़का शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोपी ने अलग-अलग स्थानों पर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। डीसीपी ने आगे बताया कि पीड़िता के बयान 26 दिसंबर को पुलिस के समक्ष और 27 दिसंबर को माननीय न्यायालय में दर्ज करवाए गए। कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए पीड़िता की %लीगल एड काउंसलिंग% भी करवाई गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 27 दिसंबर को ही आरोपी युवक को धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137, 87, 65(1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत कड़ा मामला दर्ज किया गया है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि दोनों परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं और वर्तमान में पंचकूला के अलग-अलग क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं।

पुलिस अब रिमांड के दौरान आरोपी से उन ठिकानों और अन्य साक्ष्यों के बारे में पूछताछ कर रही है जहाँ वह किशोरी को लेकर गया था।

### डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता का संदेश

समाज में इस प्रकार के अपराधों को रोकने के लिए अभिभावकों और बच्चों का सतर्क रहना बेहत जरुरी है। मेरी आम जनता से अपील है कि किसी पर भी, चाहे वह कितना ही करीबी क्यों न हो, आंख मूंदकर विश्वास न करें। बच्चों से संवाद बढ़ाएं और किसी भी अनहोनी की स्थिति में तुरंत पुलिस का साथ लें। साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे के ऐसे मामलो में आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो ताकि भविष्य में ऐसे अपराधियो के लिए एक कड़ा सबक बन सके। बच्चों के व्यवहार में आ रहे बदलावों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध परिस्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। हम महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहे हैं।'

# भारतीय संस्कृति ही पूरे विश्व के कल्याण की कामना करती है: सत्य पाल जैन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 29 दिसम्बर।** चंडीगढ़ के पूर्व सांसद और भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल श्री सत्य पाल जैन ने कहा है कि भारतीय संस्कृति, धार्मिक मान्याताओं एवं धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत की सारी दुनिया में कोई दूसरी उदाहरण नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ही पूरे विश्व के कल्याण की कामना करती है न की किसी विशेष धर्म, प्रांत या जाति की। श्री जैन आज सांय पलसौरा में आयोजति ''दिव्य श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा एवं गोपी गीत महायज्ञ'में मुख्य अतिथि के नाते उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने स्वामी रसिक जी महाराज के पांव छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। रसिक महाराज ने शॉल पहनाकर श्री जैन को आशीर्वाद दिया।



श्री जैन ने कहा कि श्री रसिक जी महाराज जैसे संत, पीढ़ी दर पीढ़ी जनता में उस संदेष को आगे से आगे पहुंचाते रहते हैं। श्री जैन ने कहा कि वास्तव में भारत के संत, साधु समाज, ऋषि, महाऋषि जैसी विभूतियों ने धार्मिक संस्कृति को कायम रखने में महत्वपूर्ण रोल अदा किया है। उन्होंने कहा कि जब तक देष की संस्कृति, संत एवं साधु समाज तथा हमारी विरासत जीवित है तक तक इस देष की हस्ती को कोई खतरा नहीं हो सकता।

# नगर निगम की मासिक सदन बैठक आज, कुल 10 प्रस्तावों पर होगी चर्चा

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** नगर निगम चंडीगढ़ की कल यानि 30 दिसंबर को आयोजित होने वाली 356वीं सदन बैठक में कुल 10 प्रस्तावों पर चर्चा होगी। इस बैठक की खास अहमियत यह होगी कि सदन बैठक को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया संबोधित करेंगे। अटकलें हैं कि इस मौके पर वह नगर निगम के लिए कोई वित्तीय मदद की घोषणा कर सकते हैं। इसकेअलावा नगर निगम के रुके हुए विकास कार्यों को गति देने के लिए कोई खास घोषणा कर सकते हैं।



इसके अलावा मनीमाजरा की पॉकेट 6 की बहुमंजिली आवासीय प्लाटों की ऑक्शन की नई रूपरेखा तैयार करने को और निगम को वित्तीय मदद पहुंचाने की घोषणा कर सकते हैं। इसके अलावा पार्षदों और निगम के अधिकारियों के बीच कोआर्डिनेशन स्थापित करने की हिदायतें भी दे सकते हैं।

फिलहाल नगर निगम की तरफ से वर्ष 2026 के फरवरी माह में आयोजित होने वाले रोजफेस्टिवल की तैयारियों की अनुमति लेने, जसबीर बंटी और सतिंदर सिंह सिद्धू के सवालों के जवाब देने का प्रस्ताव भी शामिल है। अभी तक अनुपूरक एवं टेबल्ड प्रस्तावों की कोई सूची उपलब्ध नहीं है। किंतु सदन बैठक के दौरान ऐसे मुद्दे लाये जा सकते हैं। कुल मिलाकर मंगलवार यानि 30 दिसंबर को होने वाली सदन की यह बैठक कई मायनों में विशेष दिलचस्प होने वाली है। इसलिए इस पर शहर एवं आम लोगों की नजरें इस बैठक की ओर लगी रहेंगी।

### 24 गुना 7 पैन सिटी परियोजना

इसके अलावा 24 गुना 7 पैन सिटी परियोजना को आगे जारी रखने या रद्द करने पर चर्चा संबंधी प्रस्ताव शामिल हैं। इंडस्ट्रियल एरिया फेज-१ स्थित दीनदयाल उपाध्याय कालोनी में डैमेज सीआई वाटर सप्लाई लाइन को तब्दील करने, एवं रायपुर कलां की गौशाला में अतिरिक्त शेड लगाने संबंधी प्रस्ताव भी लाया जा रहा है। इस प्रकार इन उपरोक्त प्रस्तावों को चर्चा के लिए पेश किया जायेगा।

# मनीमाजरा पॉकेट-6 में जमीन के आंकड़ों पर बड़ा प्रशासनिक भ्रम

## अर्बन प्लानिंग चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम के आंकड़े एक-दूसरे से मेल नहीं खाते: जसबीर सिंह बंटी

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** मनीमाजरा के पॉकेट नंबर-6 की भूमि को लेकर स्थिति अब और अधिक गंभीर होती जा रही है। नगर निगम चंडीगढ़ और अर्बन प्लानिंग डिपार्टमेंट, चंडीगढ़ प्रशासन—दोनों के आधिकारिक दस्तावेज़ों में भूमि के क्षेत्रफल को लेकर अलग-अलग आंकड़े सामने आए हैं, जिससे पूरे ज़ोनिंग प्लान और प्रस्तावित नीलामी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

नगर निगम की 355वीं जनरल हाउस मीटिंग एवं अर्बन प्लानिंग विभाग के नक्शों में पॉकेट नंबर-6 का कुल क्षेत्रफल 33.55 एकड़ दर्शाया गया है, जबकि नगर निगम द्वारा मेरे प्रश्नों के लिखित उत्तर में इसी पॉकेट की कुल अधिग्रहीत भूमि मात्र 29.75 एकड़ बताई गई है।



डिपार्टमेंट ऑफ अर्बन प्लानिंग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा तैयार ज़ोनिंग/लेआउट ड्रॉइंग नंबर-104 (जॉब नंबर-77, दिनांक 24.03.2025) में भी पॉकेट नंबर-6 का क्षेत्रफल 33.55 एकड़ ही दर्शाया गया है। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि आखिर सही और प्रमाणिक रिकॉर्ड किस विभाग के पास है।

### कब्रिस्तान और संत निरंकारी सत्संग भवन को लेकर गंभीर विरोधाभास

अर्बन प्लानिंग, चंडीगढ़ प्रशासन के दस्तावेज़ों के अनुसार संत निरंकारी सत्संग भवन: 7.82 एकड़, कब्रिस्तान (Graveyard): 3.12 एकड़, वहीं नगर निगम द्वारा दिए गए लिखित उत्तर में, संत निरंकारी सत्संग भवन: 6.3 एकड़, कब्रिस्तान (अन-अधिग्रहीत): 2.47 एकड़। यानी एक ही भूमि के लिए दो सरकारी विभागों द्वारा अलग-अलग क्षेत्रफल दर्शाया जा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक और प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, समिति की बैठक में पब्लिक यूटिलिटी (स्कूल, संत निरंकारी भवन, कब्रिस्तान, स्ष्टस्न आदि) के लिए कुल 12 एकड़ भूमि दिखाई गई है, जबकि उपलब्ध व्यक्तिगत ब्रेक-अप को जोड़ने पर भी आंकड़े आपस में मेल नहीं खाते।

### गंभीर सवाल

1. पॉकेट नंबर-6 की कुल भूमि 29.75 एकड़ है या 33.55 एकड़—आखिर सही आंकड़ा कौन-सा है?
2. डिपार्टमेंट ऑफ अर्बन प्लानिंग, चंडीगढ़ प्रशासन के आंकड़े सही माने जाएँ या नगर निगम के अधिकारियों के?
३. संत निरंकारी सत्संग भवन और कब्रिस्तान का क्षेत्रफल अलग-अलग दस्तावेज़ों में अलग क्यों दर्शाया गया है?
4. बिना स्पष्ट, प्रमाणिक और एकसमान रिकॉर्ड के आवासीय प्लॉटों की नीलामी किस आधार पर की जा रही है?

नगर निगम चंडीगढ़ और चंडीगढ़ प्रशासन से मांग की जाती है कि पॉकेट नंबर-6 की अंतिम, प्रमाणित और स्पष्ट भूमि स्थिति सार्वजनिक की जाए, अर्बन प्लानिंग और नगर निगम के आंकड़ों में मौजूद विरोधाभास को लिखित रूप में स्पष्ट किया जाए, जब तक भूमि का सही क्षेत्रफल, अधिग्रहण स्थिति और ज़ोनिंग का आधार पूरी तरह स्पष्ट नहीं होता, नीलामी और आगे की सभी योजना प्रक्रियाएँ तत्काल रोकी जाएं, यह मामला केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि कानूनी प्रक्रिया, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक हित और प्रशासनिक पारदर्शिता से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है।

सम्पादकीय

# उन्नाव रेप केस में जमानत पर रोक से बढ़ा न्यायपालिका का मान

उन्नाव रेप केस में सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की दिल्ली हाईकोर्ट के द्वारा सजा को निलंबित करने के बाद देशभर में जो आंदोलन खड़ा हुआ था, उसकी यह जीत है, जब सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को रोक दिया है। निश्चित रूप से माननीय सर्वोच्च अदालत ने देश की आवाज को सुना है। यह वह मामला है, जिसने कानून-व्यवस्था, न्याय प्रणाली और राजनीति का ऐसा उपहास बनाया है, जिसका इलाज होना लाजिमी है। पीड़िता ने इस दौरान जो कुछ भी झेला वह इस बात का सबूत है कि एक अपराधी अपने पद और प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए किस प्रकार कानून-व्यवस्था, संविधान और न्याय प्रणाली की आंखों में धूल झोंक सकता है। दिल्ली हाईकोर्ट ने सजायाफ्ता की सजा को निलंबित करते हुए ऐसे तर्क को आधार बनाया था, जोकि विचित्र है। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट का यह कहना कि वह पीड़िता के प्रति जवाबदेह है, बेहद तसल्ली देने वाली टिप्पणी है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट ने देश के उन सभी जन की आत्मा को छुआ है, जोकि पीड़िता के प्रति हमदर्दी रखते हैं और उससे भी ज्यादा यह चाहते हैं कि सर्वोच्च अदालत न्याय की वास्तविक संरक्षक बने।

**गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय में स्वयं सीजेआई सूर्यकांत और दो अन्य न्यायमूर्तियों की वेकेशन बेंच ने यह निर्णय सुनाया। यह बताता है कि किस प्रकार देश में हर उस पीड़ित के हक सुरक्षित हैं जिसे न्याय की दरकार है। सीजेआई सूर्यकांत ने कुछ समय पहले ही अपना पदभार संभाला था और उन्होंने उस समय कहा था कि न्याय मिलते हुए दिखना चाहिए। दरअसल, उन्नाव दुष्कर्म कांड इसका उदाहरण है कि सत्ता का नशा क्या होता है। एक परिवार और उसकी बेटी की जिंदगी बर्बाद करने के बावजूद एक नेता सिर उठा कर चलने का दुस्साहस कर लेता है और सारा सिस्टम बस देखता रहता है। आखिर कैसे कोई इतना निर्बल हो जाता है कि इतने अत्याचार के बावजूद न समाज साथ खड़ा होता है और न ही सरकार। उलटे पुलिस अत्याचारी नेता के प्रभाव में निर्बल और केस ढोक देती है।**

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय में स्वयं सीजेआई सूर्यकांत और दो अन्य न्यायमूर्तियों की वेकेशन बेंच ने यह निर्णय सुनाया। यह बताता है कि किस प्रकार देश में हर उस पीड़ित के हक सुरक्षित हैं जिसे न्याय की दरकार है। सीजेआई सूर्यकांत ने कुछ समय पहले ही अपना पदभार संभाला था और उन्होंने उस समय कहा था कि न्याय मिलते हुए दिखना चाहिए। दरअसल, उन्नाव दुष्कर्म कांड इसका उदाहरण है कि सत्ता का नशा क्या होता है। एक परिवार और उसकी बेटी की जिंदगी बर्बाद करने के बावजूद एक नेता सिर उठा कर चलने का दुस्साहस कर लेता है और सारा सिस्टम बस देखता रहता है। आखिर कैसे कोई इतना निर्बल हो जाता है कि इतने अत्याचार के बावजूद न समाज साथ खड़ा होता है और न ही सरकार। उलटे पुलिस अत्याचारी नेता के प्रभाव में निर्बल और केस ठोक देती है। इसी मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था- आखिर देश में क्या हो रहा है?

उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म का मामला निर्बल, असहाय, गरीब परिवार और एक रसूखदार नेता जोकि सत्ताधारी दल का विधायक था, के बीच ऐसी जंग का उदाहरण है जिसने देश में बदलाव की चर्चा के बीच राजनीतिक गुंडागर्दी और अन्याय का खुलासा कर दिया। पूरा देश सदमे में था और पूछा जा रहा था कि आखिर आरोपी एक के बाद एक जुल्म पीड़ित युवती के परिवार पर ढाता रहा और शासन-प्रशासन देखता रहा। यह कैसी विडम्बना है कि जिस दिन पीड़ित युवती और उसके वकील की गाड़ी को टक्कर मारी गई, उस दिन यूपी पुलिस की वे तीन कर्मचारी उसके साथ नहीं थे, जिन्हें उसकी सुरक्षा में तैनात किया गया था। क्या यह सब एक इत्तेफाक था या सोची-समझी साजिश। अगर सरकार इतनी संजीदा होती तो क्या पहली बार जब यह मामला सामने आया था, क्या तभी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर देती। लेकिन उसका रवैया बेहद नरम रहा। हालांकि इस मामले के बाद सजायाफ्ता ने न केवल युवती के पिता और भाई पर झूठे केस दर्ज करवाए अपितु युवती और उसकी माता के साथ एक सप्ताह बाद फिर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात अंजाम दी गई।

किसी सरकार को जनता इसलिए चुनती है कि वह उसका कल्याण करेगी और उसकी हिफाजत करेगी लेकिन इस मामले में सरकार ने देश को निराश किया है। यह चिंता की बात है कि सरकार को जगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट को इतना सख्त होना पड़ा है। माननीय कोर्ट ने सभी पांच केस दिल्ली मंगवाए। जाहिर है, इस केस में रसूखदार का पलड़ा भारी रहा है और अगर पुलिस ने सबूतों की रखवाली की होती तो संभव है, मामला जल्द से जल्द निपट सकता था। हालांकि लंबी कानूनी लड़ाई के बावजूद सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर कानून की पेचीदगियों का फायदा उठाते हुए अपनी सजा को निलंबित करवाने में कामयाब रहा था, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर इस मामले में हस्तक्षेप करके यह साबित कर दिया है कि कानून की देवी की आंखों पर बेशक पट्टी बंधी है, लेकिन उनकी आंखें बंद नहीं हुई हैं।

# बदलती व्यापक अर्थव्यवस्था में ग्रामीण रोजगार पर पुनर्विचार

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

भारत की ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को ऐसे समय में स्वरुप दिया गया था, जब ग्रामीण अर्थव्यवस्थाएं गंभीर आर्थिक संकट, सीमित गैर-कृषि अवसरों और कमजोर बुनियादी ढांचे से जूझ रहीं थीं। दो दशक बाद, व्यापक आर्थिक परिदृश्य बदल चुका है। गरीबी कम हुई है, ग्रामीण संपर्क में सुधार हुआ है और वित्तीय समावेशन का भी विस्तार हुआ है। इसके बावजूद, सार्वजनिक रोजगार की मांग लगातार बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण पूर्ण अभाव नहीं बल्कि आजीविका का जोखिम, जलवायु अस्थिरता और असमान क्षेत्रीय विकास है। यही बदलाव रोजगार गारंटी ढांचे में सुधार की मांग करता है।

व्यापक आर्थिक नज़रिए से देखें तो, मजदूरी-आधारित रोजगार कार्यक्रमग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने में लंबे समय से अहम भूमिका निभाते रहे हैं। ये मंदी के दौरान उत्पादों के उपभोग को सुचारू बनाते हैं, संकटग्रस्त पलायन को कम करते हैं और उन क्षेत्रों में मांग के लिए मददगार साबित होते हैं, जहां रोजगार के अवसर स्थिर नहीं रहते। भले ही सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि की हिस्सेदारी कम हुई है, फिर भी यह कार्यबल के एक बड़े हिस्से को रोजगार प्रदान करती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-कृषि रोजगार सृजन में स्थिर विकल्प प्रदान करने के लिए पर्याप्त तेजी से वृद्धि नहीं हुई है। यही संरचनात्मक असंतुलन बताता है कि सार्वजनिक रोजगार आज भी क्यों ज़रुरी है। विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 ग्रामीण रोजगार को एक व्यापक राजकोषीय ढांचे में एकीकृत करने का प्रयास करता है। इसे केवल कल्याणकारी व्यय के रूप में मानने के बजाय, विधेयक आजीविका सुरक्षा को उत्पादकता, संपत्ति सृजन और योजनाओं के समन्वय से जोड़ता है, जो विकसित भारत, 2047 के दीर्घकालिक विकास दृष्टिकोण के अनुरूप है।

पिछले करीब दो दशकों के अनुभव से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वेतनभोगी रोजगार की ज़रुरत खत्म नहीं हुई है। हालांकि दीर्घकालिक गरीबी में कमी आई है, फिर भी ग्रामीण परिवारों का एक बड़ा हिस्सा जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य आपात स्थितियों और बाजार में उतार-चढ़ाव से प्रभावित होता रहता है। वर्षा आधारित, जनजातीय और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में सार्वजनिक रोजगार की तेज़ मांग बनी हुई है। यह स्थायी गरीबी के बजाय आय में अस्थिरता को दर्शाता है। साथ ही, कार्यान्वयन के नतीजे वैधानिक पात्रता और वास्तविक उपलब्धता के बीच लगातार अंतर को दर्शाते हैं। हालांकि कानून प्रति परिवार 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है, लेकिन अधिकांश वर्षों में प्रदान किए गए कार्य दिवसों की औसत संख्या इस सीमा से काफी कम रही है। इससे स्वतः स्थिरीकरण के रूप में सार्वजनिक रोजगार की भूमिका कमजोर होती है और मंदी के दौरान ग्रामीण मांग को समर्थन देने की इसकी क्षमता भी कम हो जाती है। इस लिहाज़ सेप्रति परिवार वैधानिक गारंटी को 100 से बढ़ाकर 125 दिन करना एक ज़रुरी व्यापक आर्थिक फैसला है। यह कमजोर परिवारों के लिए आय की पूर्वानुमान्यता में सुधार करता है और सार्वजनिक व्यय की प्रतिचक्रीय भूमिका को मजबूत करता है। जलवायु संबंधी मुश्किलों या कृषि में मंदी के दौर में, इस तरह का विस्तार उपभोग को बनाए रखने और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में समस्याओं को सीमित करने में मदद कर सकता है।

पिछले अनुभवों से मिला एक अहम वित्तीय सबक यह हैकि संपत्ति सृजन से जुड़ा ग्रामीण रोजगार अधिक प्रभावी परिणाम देता है। समय के साथ, जल संरक्षण, भूमि विकास और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यों के ज़रिए रोजगार का एक बड़ा हिस्सा सृजित हुआ है। इन



निवेशों से कई लाभ मिले हैं, जिनमें फसल सघनता में सुधार, भूजल स्तर में स्थिरता और सूखे के प्रति जोखिम में कमी शामिल है। नए ढांचा के तहत जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संबंधी संपत्तियों और जलवायु के लिहाज़ से कार्यों को रोजगार नियोजन के केंद्र में रखा गया है। यह रोजगार व्यय को मुख्य रूप से राजस्व व्यय के रूप में देखने से हटकर, इसे एक विकेंद्रीकृत सार्वजनिक निवेश के रूप में मान्यता देने की दिशा में बदलाव का संकेत है। वित्तीय नज़रिए से, यह सार्वजनिक व्यय के उत्पादन मूल्य में सुधार करता है और मध्यम अवधि के विकास को बढ़ावा देता है। संपत्ति-केंद्रित रोजगार संवेदनशील क्षेत्रों में राहत व्यय पर बार-बार निर्भरता को कम करके भविष्य के वित्तीय दबावों को भी कम करता है। इन मायनों में, विधेयक अल्पकालिक आय सहायता को दीर्घकालिक उत्पादकता लाभों के साथ संरेखित करता है।

पहले के कार्यान्वयन में एक और बाधा टुकड़ों में बंटी योजनाएं थी। अलग-थलग, योजना-आधारित कार्यों ने पैमाने को सीमित कर दिया और संपत्तियों की गुणवत्ता को कमजोर कर दिया। विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं की शुरुआत ने रोजगार कार्यों को एकीकृत, ग्राम-स्तरीय विकास योजनाओं के तहत रखकर इस समस्या का समाधान किया है। स्थानिक उपकरणों का उपयोग करके तैयार की गई और राष्ट्रीय योजना प्लेटफार्मों के अनुरूप बनाई गई ये योजनाएं बुनियादी ढांचे, जल, आवास और आजीविका निवेशों में समन्वय को बेहतर बनाती हैं। कार्यों को एक एकीकृत ग्रामीण बुनियादी ढांचे के ढांचे में समेकित करने से दोहराव कम होता है और सार्वजनिक निवेश की दक्षता में सुधार होता है। इससे ग्रामीण रोजगार को एक समानांतर प्रणाली के रूप में मानने के बजाय व्यापक विकास प्रक्रिया के तहत रखा जाता है। राज्यों को बुवाई और कटाई के लिए सर्वश्रेष्ठ मौसमों के दौरान 60 दिनों तक सार्वजनिक कार्यों को रोकने की अनुमति देने वाले प्रावधान का श्रम बाजार पर साफ असर दिखाई देता है।इन अवधियों के दौरान, कृषि श्रमिकों की मांग बढ़ जाती है और बाजार मजदूरी में वृद्धि होती है। एक साथ चल रहे बड़े सार्वजनिक निर्माण कार्यों से श्रम की उपलब्धता पर दबाव पड़ सकता है, किसानों के लिए इनपुट लागत बढ़ सकती है और उत्पादन प्रभावित हो सकता है। स्थानीय स्तर पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर सार्वजनिक रोजगार को रोकना, कृषि गतिविधियों को प्रभावित करने से रोकने में मददगार होती है। अहम बात यह है कि उच्च वार्षिक रोजगार गारंटी कार्यदिवसों में मौसमी कमी की भरपाई कर देती है। अग्रिम योजना के साथ, रोजगार को कम काम वाले समय में भी वितरित किया जा सकता है, जिससे समग्र उपलब्धता में कमी नहीं आती और कृषि उत्पादकता और मजदूरी आय दोनों को मदद मिलती है।

इस विधेयक में राजकोषीय पूर्वानुमान में सुधार लाने के लिए मानक आवंटन का भी प्रावधान है। नियम-आधारित आवंटन राज्यों को मध्यम अवधि के राजकोषीय ढाँचे के तहत रोजगार व्यय की योजना बनाने की अनुमति देते हैं, जिससे विलंबित प्रतिपूर्ति और प्रतिक्रियाशील बजट जैसी समस्याओं का भी समाधान होता है। साझा राजकोषीय उत्तरदायित्व से बेहतर परिसंपत्ति चयन और रखरखाव को भी मदद मिलती है। इसके साथ ही, समानता संबंधी चिंताओं के लिए पारदर्शी आवंटन मानदंड, समय पर निधि की प्राप्ति और राजकोषीय रूप से कमजोर राज्यों के लिए सुरक्षा उपायों की ज़रुरत है। डिजिटल निगरानी, सार्वजनिक जानकारी प्रदान करना और मज़बूत सामाजिक लेखापरीक्षाओं पर जोर देने का मकसद व्यय अनुशासन में सुधार करना और वितरण प्रणालियों में विश्वास बहाल करना है।

अहम बात यह है कि विधेयक रोजगार गारंटी के अधिकार-आधारित मूल सिद्धांतों को बरकरार रखता है, जिसमें अधिसूचित वेतन दरें और रोजगार न मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता शामिल है। वर्तमान में जो बदला है, वह इन अधिकारों को प्रदान करने का ढांचा है। जलवायु जोखिम, असमान विकास और श्रम बाजार की बाधाओं से प्रभावित ग्रामीण अर्थव्यवस्था में, सार्वजनिक रोजगार एक ज़रुरी व्यापक आर्थिक साधन बना हुआ है। अधिकारों का विस्तार करके, योजनाओं में सुधार करके, परिसंपत्ति गुणवत्ता और राजकोषीय अनुशासन को मज़बूत करके, नया ढांचा ग्रामीण रोजगार के मूल वादे को नवीनीकृत करने का प्रयास करता है। बदलते व्यापक आर्थिक परिदृश्य में, अनुभवों के आधार पर सुधार करना पीछे हटना नहीं, बल्कि नवीनीकरण करना है।

**-प्रोफेसर ज्योतिष सत्यापालन,**
एनआईआरडीपीआर

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### खेल प्रतियोगिता में भाग लेने आए छात्र की मौत

**चंडीगढ़।** इन्दौर से यहां वेश बॉल प्रतियोगिता में भाग लेने आए 16 वर्षीय छात्र विजेन्द्र की स्कूल की छत से गिर जाने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नैशनल राष्ट्रीयय जुनियर वेश बॉल एसोसिएशन की ओर से सेक्टर 23 के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हो रही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को इतनी सर्दी में स्कूलों में ही ठहराया गया था कि बच्चा सर्दी के कारण लगभग सवा 9 बजे पेशाब करने के लिए उठा तो उसका पैर फिसल गया जिससे घायल अवस्था में पीजीआई में दाखिल करवाया गया जहां उसकी मौत हो गई यह छात्र 9वीं कक्षा में पढ़ता था। ज्ञात रहे यह प्रतियोगिता गत 26 दिसंबर से शुरु हुई थी जिसमें 28 टीमों के लगभग 600 छात्र व छात्राएं भाग ले रही है। जबकि छात्राओं को यहां के जज घर में ठहराया है। इस प्रतियोगिता का सम्मापन आज शाम पंजाब के राज्य खेलमंत्री श्री मनीन्द्र सिंह बिटा करेंगे।

### नदी जल बंटवारे से पंजाब खुश नहीं हैः बराड़

चंडीगढ़। पंजाब में बन रही सतलुज-यमुना लिंग नहर का निर्माण कार्य आवंटन नहीं किया गया इस परियोजना में लगे कुछ इंजीनियरों को दूसरी परियोजना में लगाया गया है। यह जानकारी पंजाब के सिंचाई एवं विद्युत मंत्री हरचरण सिंह बराड़ ने प्रैस क्लब में पंजाब एण्ड सिंध बैंक के एक काउंटर का उद्घाटन करने के बाद आयोजित एक समारोह में पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जल नदी बंटवारे होते ही इस कनाल का काम जल्द से जल्द पूरा करवा देगी यह बटवारा। उस वक्त किया गया था जब पंजाब के पास फालतु पानी था लेकिन अब तो पंजाब को भी काफी पानी चाहिए इसलिए इस बटवारे का पूर्व निर्धारण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश भर में 60 प्रतिशत पानी पंजाब से पड़ोसी राज्यों को दिया जाता है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1687 - को एक चार्टर जारी किया जिसमें जन प्रतिनिधि शासन की स्थापना, सुचारू न्यायिक पद्धति का विकास और करारोपण अधिकारों का उल्लेख किया गया। इस चार्टर के अन्तर्गत मद्रास का पहला नगर निगम स्थापित किया गया था।

1703 - जापान की राजधानी टोक्यो में भूकंप से 37 हजार लोगों की मौत।

1803 - ब्रिटेन की ईस्ट इंडिया कंपनी ने दिल्ली, आगरा तथा भरूच पर नियंत्रण किया।

1873 - अमेरिका के न्यूयार्क में माप तौल के लिए मेट्रोलॉजिकल सोसायटी का गठन।

1893 - रूस और फ्रांस ने सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये।

1906 - अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना ढाका (अब बंगलादेश) में हुई।

1922 - रूस की राजधानी मास्को के बोलशोई थियेटर से सोवियत संघ के निर्माण की औपचारिक रूप से घोषणा की गयी।

1935 - इटली के लड़ाकू विमानों के हमले में अफ्रीकी देश इथोपिया स्थित स्वीडन की रेडक्रॉस इकाई ध्वस्त।

1943 - स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस ने पोर्ट ब्लेयर में भारत की आजादी का झंडा लहराया।

1949 - भारत ने चीन को मान्यता दी।

1975 - अफ्रीकी देश मेडागास्कर में संविधान प्रभावी हुआ।

1979 - पश्चिमी अफ्रीकी देश टोगो ने संविधान अंगीकार किया।

1996 - ग्वाटेमाला में गत 36 वर्षों से चला आ रहा गृहयुद्ध समाप्त।

2000 - जनरल उमर-इल बशील दोबारा सूडान के राष्ट्रपति चुने गये, कोलंबिया विश्व का सबसे हिंसक एवं ख़तरनाक देश घोषित।

2001 - लश्कर-ए-तोइबा का संस्थापक प्रमुख हफ़ीज मोहम्मद पाकिस्तान में गिरफ़्तार; महमूद अजहर जेल भेजे गए।

2002 - आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड से चौथा एशेज टेस्ट जीता।

2003 - आस्ट्रेलिया ने भारत से मेलबर्न टेस्ट 9 विकेट से जीता।


2006 - इराक के पूर्व कथित तानाशाह सद्दाम हुसैन को फ़ाँसी दी गई।

2007 - स्वर्गीय बेनजीर भुट्टो के पुत्र बिलावल को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी का चेयरमैन चुना गया।

2008 - सूर्यशेख गांगुली ने 46वीं राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब जीता।

## बोल ब्यूटीफुल

**उदय कोटकः** आमने-सामने के मानवीय संवाद कम हुए है, पर्यावरणीय



क्षरण और प्रदूषण बढ़ा है, समाज में खाइयां गहरी हुई है, भिन्न मतों के प्रति सहिष्णुता घाटी है, रिश्ते अधिक अस्थायी और लेन-देन आधारित हो गए है। आशा करता हूं अगले साल इसमें सुधार आएगा।

**अजीत सिंह राठीः** त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या उत्तराखंड की छवि को बड़ा नुकसान कर गई। इस घटना के तीन गुनहगार है- ड्रग माफिया, पुलिस जो इन पर शिकंजा नहीं कसती और वे शिक्षण संस्थान, जो मोटी फीस वसूलने के बाद भी यह नहीं देखते कि उनके छात्र कहां जाते है, क्या करते है?

**स्वाति चतुर्वेदीः** दिग्विजय सिंह ने राहुल गांधी के प्रति अपनी अब तक निजी रही नाराजगी को सार्वजनिक रूप से क्यों व्यक्त किया? दांव पर केवल राज्यसभा का एक नया कार्यकाल ही नहीं, उससे कही अधिक बहुत कुछ है।


# सुधार, समायोजनीयता और संकल्प: 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

पिछले पांच वर्षों में आए कई वैश्विक झटकों ने दुनिया भर में अस्थिरता और अनिश्चितता का माहौल पैदा किया है। साल 2025 अब तक भू-राजनीतिक बिखराव, व्यापारिक अनिश्चितता, आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव और तकनीकी वर्चस्व की जंग के नाम रहा है। दुनिया के इस अशांत माहौल के बीच, भारत की सूक्ष्म अर्थव्यवस्था सबसे अलग दिखती है। हालिया तिमाही में भारत की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है, जिसने बड़े-बड़े जानकारों के अनुमानों को भी पीछे छोड़ दिया है। राहत की बात यह है कि महंगाई और राजकोषीय घाटा नियंत्रण में है। तमाम बाहरी चुनौतियों के बावजूद, भारत की नीतियों का मुख्य उद्देश्य घरेलू अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत और लचीला बनाना रहा है। किसी भी मजबूत अर्थव्यवस्था की असली बुनियाद घरेलू मांग होती है। करोड़ों भारतीय परिवारों के लिए कर नीतियों में बदलाव, खपत बढ़ाने का एक बड़ा जरिया साबित हुआ है। इस साल भारत ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह के टैक्स सुधारों को अपनाया है। फरवरी में पेश किये गए बजट में 12 लाख रुपये तक की सालाना आय को टैक्स-मुक्त किया गया था जिससे लोगों के हाथों में ज्यादा पैसा आया, साथ ही पुराने जटिल कानूनों की जगह नया 'आयकर अधिनियम 2025' लागू किया गया। इसके बाद सितंबर में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को और आसान बनाते हुए इसे दो स्लैब में रखा गया। इन सुधारों का असर यह रहा कि त्यौहार के सीजन में 6 लाख करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री हुई। खास बात यह है कि टैक्स में राहत देने से सरकारी खजाने को नुकसान नहीं हुआ है, बल्कि बाजार में बढ़ी मांग और खपत के कारण आने वाले समय में टैक्स संग्रह के और बढ़ने की उम्मीद है। हमारी अर्थव्यवस्था का करीब 55-60 प्रतिशत हिस्सा घरेलू खपत पर आधारित है। जैसे-जैसे खपत बढ़ती है, उद्योगों की उत्पादन क्षमता का भी बेहतर इस्तेमाल होने लगता है। जब उत्पादन अपनी पूरी क्षमता तक पहुँच जाता है, तो अर्थव्यवस्था में निवेश भी बढ़ता है, जिसके कई सकारात्मक प्रभाव होते हैं।

उपभोक्ता मांग लंबे समय तक तभी बनी रह सकती है जब लोगों की आय में भी लगातार बढ़ोतरी हो, श्रम कानूनों में किये गए सुधार यह सुनिश्चित करेंगे। 29 पुराने और बिखरे हुए कानूनों की जगह चार आधुनिक श्रम संहिताएं लागू होने से अब भारत का श्रम ढांचा व्यवसायों के लिए अधिक पारदर्शी और श्रमिकों के लिए अधिक सुरक्षित हो गया है। इन कानूनों का मुख्य जोर उचित वेतन, बेहतर औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और श्रमिकों की सुरक्षा पर है। ये बदलाव यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारा 64 करोड़ का विशाल कार्यबल समृद्ध बने और भारत की विकास गति को और तेज बनाये। जैसे-जैसे परिवारों की आय बढ़ेगी, उनके पास ज्यादा खर्च करने या बचत करने या फिर दोनों के विकल्प होंगे। संगठित क्षेत्र में रोजगार बढ़ने से भविष्य निधि, पेंशन और बीमा कोष में निवेश बढ़ेगा। दुनिया भर में इस तरह के कोष घरेलू पूंजी बाजारों के लिए पूंजी का एक बड़ा स्रोत होते हैं, क्योंकि ये कंपनियों, परियोजनाओं या सरकारी बॉन्ड में ऋण और इक्विटी के रूप में निवेश किए जाते हैं। बीमा क्षेत्र में शत प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने से भारत का पूंजी बाजार और मजबूत होगा, साथ ही प्रतिस्पर्धा और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाना न केवल एक वित्तीय सुधार है, बल्कि यह सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने वाला एक बड़ा कदम है।

मांग के जरिए निवेश को बढ़ावा देने के साथ-साथ, इस साल देश में निवेश का माहौल भी काफी बेहतर हुआ है। जीएसटी सुधारों का मकसद केवल टैक्स दरों को सही करना ही नहीं था, बल्कि इससे पंजीकरण और नियमों के पालन की प्रक्रिया भी काफी आसान हो गई है। अब छोटी कंपनियों के लिए पंजीकरण के समय को 90 प्रतिशत तक घटा दिया गया है यानि 30 दिनों की बजाए अब पंजीकरण का समय महज 3 दिन कर दिया गया है। इसी तरह 'सिक्योरिटी मार्केट कोड' से भारतीय पूंजी बाजारों के कामकाज में पारदर्शिता आएगी, ग्राहकों के हितों की रक्षा होगी और कागजी कार्रवाई का बोझ कम होगा। स्वायत नियन्त्रक भी विकास की राह आसान बना रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, रिजर्व बैंक ने



अपने 9,000 से ज्यादा सर्कुलरों को घटाकर 250 से भी कम कर दिया है। वहीं, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (ईआरडीएआई) ने भी बीमा क्षेत्र में सुधारों के लिए एक कमेटी का गठन किया है।

पर्यावरण और निर्माण नियमों में भी बड़े सुधार किए गए हैं, जिसके तहत अब सभी के लिए एक जैसे नियम के बजाय जोखिम के आधार पर नियम तय किए जा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, हर जगह 33त्न ग्रीन क्षेत्र की अनिवार्यता खत्म होने से 1.2 लाख हेक्टेयर औद्योगिक जमीन खाली हो जाएगी। अब औद्योगिक पार्कों में स्थित उन इकाइयों को अलग से पर्यावरण मंजूरी नहीं लेनी होगी, जिनके पास पहले से ही व्यापक अनुमति ली हुई है। इसके अलावा, कम जोखिम वाले उद्योगों के लिए एक नई 'श्वेत श्रेणी' (व्हाइट कैटेगरी) बनाई गई है, जिससे उनके लिए नियमों का पालन करना सस्ता और आसान हो जाएगा। इससे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले और ज्यादा जोखिम वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी।

जन विश्वास सुधारों के तहत 200 से अधिक छोटे-मोटे उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है और सैकड़ों पुराने पड़ चुके कानूनों को खत्म कर दिया गया है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए, कई राज्य सरकारें भी 1,000 से अधिक नियम उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के लिए एक जुट हुई हैं। राज्यों ने जमीन, पर्यावरण मंजूरी और निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी प्रक्रियागत सुधार किए हैं, जिससे परियोजनाओं को मिलने वाली मंजूरी की रफ्तार तेज हुई है। अब जल्द ही 'जन विश्वास' का अगला चरण शुरू होने वाला है। ये तमाम बदलाव एक महत्वपूर्ण संकेत हैं कि भारत अब 'नियंत्रण' के बजाय 'भरोसे' पर आधारित अर्थव्यवस्था की ओर मजबूती से कदम बड़ा रहा है।

पास-पड़ोस में मची उथल-पुथल और अनिश्चितता के बावजूद, भारत के विकास लक्ष्यों के लिए व्यापार सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बना रहेगा। संसद के मानसून सत्र में, सरकार ने 1908, 1925 और 1958 के पुराने कानूनों को हटाकर भारत के समुद्री शासन (समुद्री क्षेत्र के प्रबंधन) का आधुनिकीकरण किया है। इन सुधारों के साथ ही भारत का समुद्री शासन ढांचा अब अंतरराष्ट्रीय मानकों के बराबर आ गया है। कागजी कार्रवाई में कटौती और सुदृढ़ शासन से लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी, जिससे भारतीय प्रतिस्पर्धिता बढ़ेगी। दूसरी बड़ी बात यह है कि 200 से अधिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) को हटाए जाने से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और निर्यातकों के सिर से एक बड़ा बोझ उतर गया है। इसके साथ ही, हमने अपने निर्यातकों के लिए नए बाजारों के दरवाजे भी खोल दिए हैं। ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ओमान के साथ हुए व्यापार समझौतों के साथ-साथ यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ हुए करार के लागू होने से भारतीय निर्यात को एक नई मजबूती मिली है।

रोजगार के अवसर और निर्यात की मजबूती बड़े स्तर की कंपनियों से ही आती है। लंबे समय तक हमारी नीतियां ऐसी रहीं जिनसे कंपनियों को छोटा बने रहने में ही फायदा दिखता था, लेकिन छोटा रहने का मतलब था कि कंपनियां बड़े पैमाने पर उत्पादन के फायदों का लाभ नहीं उठा पा रही थीं। अब पांच साल में दूसरी बार एमएसएमई की सीमा को बढ़ाया गया है। अगर 2020 से पहले की परिभाषा से तुलना करें, तो यह सीमा अब 10 गुना बढ़ चुकी है। इस बदलाव से कंपनियां सरकारी मदद का लाभ लेते हुए भी बढ़ने में मदद मिलती है। इसके साथ ही, निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का एक नया मिशन शुरू किया गया है, जो विशेष रूप से एमएसएमई की मदद करेगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)और संबंधित बुनियादी ढांचे जैसी डेटा सेंटर में बढ़ते निवेश के कारण ऊर्जा खपत में ज़बरदस्त उछाल देखा जा रहा है। पिछले कुछ ही दिनों में भारत ने इस क्षेत्र में 70 अरब डॉलर का भारी-भरकम निवेश प्राप्त किया है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए परमाणु ऊर्जा एक संवहनीय विकल्प बनकर उभरी है। इसी को देखते हुए संसद ने शीतकालीन सत्र में 'शांति' (सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) विधेयक पारित किया गया है। यह एक बड़े बदलाव का संकेत है, क्योंकि भारत स्वेच्छा से राज्य-एकाधिकार मॉडल से हटकर सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाले और निवेश के अनुकूल ढांचे की ओर बढ़ रहा है। नए कानून के तहत अब नागरिक परमाणु परियोजनाओं में निजी और विदेशी कंपनियां भी हिस्सेदारी कर सकेंगी, जबकि ईंधन, संवर्धन और पुनः प्रसंस्करण और हथियार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सरकार के नियंत्रण में ही रखा गया है। अस्थिरता और अनिश्चितता के बीच भारत मजबूती से डटा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में साल 2025 बड़े और निर्णायक सुधारों के वर्ष के रूप में दर्ज हुआ है, जिसकी मुख्य पहचान–भरोसा, सरलता और पूर्वानुमेयता है। ये सुधार आसान नहीं थे; इन्हें लागू करने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति और राजनीतिक साहस की जरूरत थी। ये बदलाव एक बुनियादी आर्थिक सच को स्वीकार करते हैं कि सतत विकास केवल वित्तीय राहत या मौद्रिक प्रोत्साहन पर ही नहीं, बल्कि संस्थागत गुणवत्ता पर भी निर्भर करता है। अब राज्य सरकारों की बारी है कि वे भी इसी दिशा में कदम बढ़ाएं।

**लेखकः अमिताभ कांत**
पूर्व जी 20 शेरपा और नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। लेख में व्यक्त लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।

यातायात को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए उपायुक्त ने जारी किए आदेश

# अम्ब में नो पार्किंग–नो वेंडिंग जोन घोषित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने उपमंडल अम्ब के मुख्य बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अम्ब बाजार एवं बस अड्डा सहित प्रमुख सड़क खंडों के दोनों ओर नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 117 के तहत जारी किए गए हैं तथा तत्काल प्रभाव से लागू होकर अगले आदेशों तक प्रभावी रहेंगे।

आदेशों के अनुसार अम्ब में मुबारिकपुरङ्कऊना सड़क मार्ग पर महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज अम्ब से मैंगो होटल तक लगभग 500 मीटर क्षेत्र को सड़क के दोनों ओर नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है।

हालांकि यात्रियों के चढ़ने-उतरने के लिए दो नामित बस स्टॉप बसें रुक सकेंगी । इसमें ऊना की ओर जाने वाली बसों के लिए वर्षा शालिका के समीप एक समय में केवल एक बस और मुबारिकपुर की ओर जाने वाली बसों के लिए बस स्टैंड के सामने गौतम मैडिकल



स्टोर के न?दीक एक समय में अधिकतर तीन बसें यात्रियों को चढ़ाने-उतारने के लिए रुक सकेंगी।

इसी प्रकार अम्बङ्कहमीरपुर सड़क मार्ग पर अम्ब चौक से पुलिस थाना अम्ब तक लगभग 300 मीटर क्षेत्र को नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इस मार्ग पर नादौन की ओर जाने वाली बसों के लिए गणपति ज्वैलर्स के समीप एक समय में केवल एक बस को यात्रियों के चढ़ाने-उतारने की अनुमति होगी।

इसके अतिरिक्त अम्ब चौक से अठवां सड़क मार्ग पर अम्ब चौक से श्री रविदास मंदिर के समीप तक लगभग 60 मीटर क्षेत्र को भी नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है।

उपायुक्त ने कहा कि इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की वाहन पार्किंग, रेहड़ी-फड़ी अथवा अस्थायी वेंडिंग गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी।

उपायुक्त ने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 एवं अन्य संबंधित कानूनों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस एवं परिवहन विभाग को आदेशों के प्रभावी एवं कड़ाई से क्रियान्वयन के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि सड़कों पर अवैध पार्किंग एवं अनधिकृत वेंडिंग गतिविधियों के कारण यातायात के मुक्त प्रवाह में बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिससे पैदल यात्रियों को असुविधा के साथ-साथ सड़क सुरक्षा से जुड़े जोखिम भी बढ़ रहे थे। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि क्षेत्र में सुचारू आवागमन, जनसुविधा एवं यातायात अनुशासन सुनिश्चित किया जा सके। बता दें, इससे पहले जिला प्रशासन द्वारा ऊना शहर सहित जिले के सभी उपमंडलों के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में सुव्यवस्थित यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था लागू की जा चुकी है, ताकि आम जनता को बेहतर सुविधा मिल सके, बाजारों में अव्यवस्था न हो, पैदल चलने वालों को सुरक्षित एवं सुगम मार्ग उपलब्ध हो तथा यातायात संचालन व्यवस्थित बना रहे।

### नववर्ष : ऊना के बाजारों में सेल लगाने की सशर्त अनुमति

नववर्ष 2026 के मद्देनज़र ऊना जिले के स्थानीय बाजारों में सेल लगाने की सशर्त अनुमति प्रदान की गई है, इसके अलावा 31 दिसंबर को शराब परोसने वाले लाइसेंसी प्रतिष्ठानों को भी देर रात तक संचालन की एकदिवसीय विशेष छूट दी गई है। जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल द्वारा जारी आदेशों के अनुसार स्थानीय बाजार क्षेत्रों में सेल लगाने की अनुमति 29 दिसंबर 2025 से 1 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अनुमति केवल स्थानीय दुकानदारों के लिए है तथा किसी भी बाहरी व्यक्ति को सेल लगाने की अनुमति नहीं होगी।

जिला दंडाधिकारी द्वारा बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी आदेशों में कहा गया है कि सेल के दौरान दुकानदार अपनी सामग्री इस प्रकार प्रदर्शित करें जिससे पैदल चलने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा बाजार क्षेत्रों में यातायात की सामान्य आवाजाही बाधित न हो। किसी भी प्रकार के उल्लंघन की स्थिति में अनुमति तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाने के साथ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा जिला दंडाधिकारी ने जिले के अंतर्गत स्थित शराब लाइसेंसी प्रतिष्ठानों जिनमें बार, क्लब, पब एवं रेस्टोरेंट शामिल हैं, को 31 दिसंबर को देर रात 1 बजे तक संचालन की एकदिवसीय विशेष छूट प्रदान की गई है। यह छूट केवल 31 दिसंबर,2025 की रात्रि के लिए ही मान्य होगी। आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 1 जनवरी 2026 से पूर्ववत व्यवस्था पुनः लागू होगी, जिसके तहत शराब परोसने वाले सभी लाइसेंसी प्रतिष्ठानों को रात्रि 10 बजे के बाद बंद करना अनिवार्य रहेगा। जतिन लाल ने सभी संबंधित विभागों, प्राधिकरणों एवं लाइसेंसधारकों को आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।बंजार व मनाली के शिक्षण संस्थान आज बंद रहेंगे

# अगले 25 वर्षों में विकसित भारत के सारथी हैं युवा साथी : अनुराग ठाकुर

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज जारी एक बयान में कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में युवाशक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है और वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। इस संकल्प की सिद्धि में युवाओं का योगदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति उम्र से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से बड़ा बनता है।

उन्होंने कहा कि भारत का आज का युवा भाग्यशाली है, क्योंकि आज की व्यवस्था उनके सपनों के साथ मजबूती से खड़ी है। पहले का माहौल निराशा से भरा हुआ था, लेकिन आज 'डिजिटल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'खेलो इंडिया' जैसे मिशन हर प्रतिभा को आगे बढ़ने का मंच प्रदान कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नेतृत्व करने वाला बनाना है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शॉर्ट-टर्म लोकप्रियता के पीछे भागने के बजाय ठोस और दीर्घकालिक लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें। आज दुनिया की भारत से अपेक्षाएं काफी बढ़ गई हैं और इन उम्मीदों को पूरा करने की जिम्मेदारी नई पीढ़ी के कंधों पर है।

उन्होंने कहा कि आज का भारत अपनी पुरानी गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि आज की त्नद्गठ्ठ ँ और त्नद्गठ्ठ-द्ग्रञ्जद्भड्ड ही भारत को 'विकसित भारत' के लक्ष्य तक पहुंचाने वाली पीढ़ी है। देश को युवाओं की योग्यता, आत्मविश्वास और सोच पर पूरा भरोसा है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आने वाले 25 वर्ष भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं और इस ऐतिहासिक यात्रा के असली सारथी आज के युवा ही होंगे।

# 1500 करोड़ की घोषणा जनता के साथ धोखा : प्रेम कौशल

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** कांग्रेस सरकार के प्रति प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल का वक्तव्य झूठ और राजनीतिक द्वेष भावना पर आधारित होने के साथ साथ भाजपा के आंतरिक लड़ाई के मद्देनजर एक दूसरे नेता से आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा की राजनीति का हिस्सा है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने जारी ब्यान में कहा कि प्रदेश के भाजपा नेता सरकार और कांग्रेस पार्टी का विरोध करने की राजनीति के चलते हिमाचल विरोधी होने की मानसिकता का शिकार हो चुके हैं,उन्होंने कहा भाजपा शासनकाल में पैदा हुए आर्थिक दिवालियेपन के हालात से प्रदेश को आगे बढ़ाना एक बड़ी चुनौती थी परंतु सत्ता में आने के उपरांत कांग्रेस सरकार ने लगातार प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का कार्य किया और अब प्रदेश आर्थिक स्थिरता की स्थिति में पहुंच चुका है! कौशल ने कहा कि केंद्र प्रायोजित संवैधानिक व्यवस्था आधारित योजनाओं में प्रदेश को मिलने वाले धन को केंद्रीय सहायता की संज्ञा देकर भाजपाई संघीय व्यवस्था का



अपमान करने का कार्य कर रहे हैं! उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने प्रदेश में आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने के अनेक षड्यंत्र किए परन्तु उन्हें सफलता प्राप्त नहीं हुई,पी एन डी ए के तहत प्रदेश को केंद्र से स्वीकृत 600 करोड़ की राशि को भाजपा नेताओं द्वारा केंद्रीय सहायता कह कर प्रचारित करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि इस मद में ऐसी आर्थिक स्वीकृति प्रत्येक राज्य को एक स्थापित कानून एवं नियम के आधार पर दी जाती है!

# एनपीपीए ने 37 दवाओं के खुदरा मूल्य किए निर्धारित

**सोलन।** राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने 37 दवाओं के खुदरा मूल्य निर्धारित किए हैं। जिन दवाओं के मूल्य निर्धारित किए गए हैं उनमें एंटीबायोटिक, दर्द, शूगर व विटामिन सहित कई दवाएं शामिल हैं। एनपीपीए ने इसको लेकर अधिसूचना भी जारी की है।

जिन दवाओं के खुदरा मूल्य निर्धारित किए गए है उनमें एसीक्लोफनाक और पैरासिटामोल 5.46 रुपए प्रति गोली, एल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन सस्पेंशन 1.39 रुपए प्रति एक मिली.. एटोरवास्टेटिन और एजेटीमीवी 36.12 रुपए प्रति गोली, बिलास्टीन और मोंटेलुकास्ट 22.79 रुपए प्रति गोली, बिसोप्रोलोल फ्यूमरेट और टेल्मिसार्टन 10.50 रुपए प्रति गोली व पैरासिटामोल और क्लोरफेनिरामीन 6.80 रुपए प्रति गोली कीमत निर्धारित की है।

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं के छात्रों के लिए भावनात्मक विदाई समारोह

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोलन का प्रांगण भावनाओं, स्मृतियों और सुनहरे सपनों से सराबोर हो उठा, जब गुरुकुल परिवार ने कक्षा 12वीं (सत्र 2025ङ्क26) के विद्यार्थियों के लिए एक गरिमामयी, सुसंस्कृत एवं हृदयस्पर्शी विदाई समारोह का आयोजन किया। यह अवसर केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि अनुशासन, परिश्रम, मित्रता और संस्कारों से भरे विद्यालय जीवन को ससम्मान विदा करने का एक भावुक क्षण था।

इस वर्ष विदाई समारोह की थीम 'आपरच्छन' रखी गई, जिसका भावार्थ था–विद्यार्थियों में वर्षों से संचित प्रतिभा, आत्मविश्वास, मूल्य और संस्कार अब जीवन के नए मंच पर उजागर होने को तत्पर हैं। विद्यालय परिसर को अत्यंत आकर्षक, सौम्य एवं सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया गया था, जिसने समारोह की गरिमा को और भी बढ़ा दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ , विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ0 लखविंदर कौर अरोड़ा, हेड गर्ल तथा हेड बॉय की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रज्ज्वलित दीपक विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, आशा और सतत प्रगति का प्रतीक बना। चेयरमैन दिनेश गर्ग की उपस्थिति ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की तथा विद्यार्थियों का उत्साह और आत्मविश्वास और भी प्रबल हुआ।

समारोह के दौरान कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए अनेक रचनात्मक, मनोरंजक एवं व्यक्तित्व-विकास से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और गरिमा के साथ इनमें सहभागिता निभाई। विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों का मनोबल और आत्मविश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ।

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक एवं बहुप्रतीक्षित क्षण रैंप वॉक रहा, जिसमें कक्षा 12वीं के सभी विद्यार्थियों ने मंच पर आत्मविश्वास के साथ कदम रखा। यह रैंप वॉक वर्षों की मेहनत, व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास का जीवंत प्रदर्शन था, जहाँ हर मुस्कान में सपनों की चमक स्पष्ट दिखाई दे रही थी।

विद्यालय की हेड गर्ल अनविशा ठाकुर सहित अन्य विद्यार्थियों ने अपने भावपूर्ण वक्तव्यों में कहा कि गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उनके लिए केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि एक परिवार रहा है। उन्होंने सभी अध्यापकों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन, अनुशासन और स्नेह ने उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाया है।

कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने गीत, संगीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने वरिष्ठों के प्रति स्नेह, सम्मान और शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। इन प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लास और भावनाओं से भर दिया।

समारोह के समापन अवसर पर अध्यक्ष श्री दिनेश गर्ग जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा आज यह बहुत ही भावुक पल है जब हम कक्षा 12वीं के छात्रों कोविद्यालय से विदा कर रहे हैं और इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं विद्यालय के छात्रों से यह एक वादा चाहता हूं कि वह सबकक्षा 12वीं में अच्छे अंकों से पास होकर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे । तत्पश्चात प्रधानाचार्या डॉ0 लखविंदर कौर अरोड़ा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विद्यालय की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनकी उपलब्धियों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सहभागिता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय के आदर्श वाक्य 'स्वयं से पहले सेवा' को जीवन का मूल मंत्र बनाकर आगे बढ़ने तथा समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी नागरिक बनने का संदेश दिया। माननीय चेयरमैन सर ने भी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल पथ की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ


### बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने संगम युवक मंडल भवन का किया लोकार्पण

**बंजार(कुल्लू) 29 दिसंबर (अशेष शर्मा)।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने ग्राम पंचायत हाट के अंतर्गत संगम युवक मंडल के नवनिर्मित



भवन का विधिवत रूप से लोकार्पण किया। इस लोकार्पण के साथ ही संगम युवक मंडल को अपना स्थायी भवन प्राप्त हो गया है। इस अवसर पर अप्पर हाट में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत उप-प्रधान अजय भटनागर, कलैहली पंचायत प्रधान फुला देवी, मुंशी लाल, चौबे राम, रैम्बो डोलिया, रूप सिंह, वर चंद, रजत वैद्य सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगम युवक मंडल के सदस्यों ने पूरे उत्साह और गर्मजोशी के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया तथा विधायक सुरेंद्र शौरी का इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए स्वागत व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी उन्होंने संगम युवक मंडल के भवन निर्माण के लिए राशि उपलब्ध करवाई थी। उन्होंने कहा कि युवक मंडल स्थानीय स्तर पर समाजसेवा, सामाजिक जागरूकता एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। विधायक शौरी ने आशा व्यक्त की कि यह भवन भविष्य में युवाओं को संगठित कर सकारात्मक कार्यों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। विधायक शौरी ने कहा है कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में युवाओं में नवोन्मेषी चेतना को प्रोत्साहित करने के लिए वे सदैव तत्पर हैं।

### महापौर ने राज्यपाल को शिमला विंटर कार्निवल के समापन समारोह के लिए बतौर मुख्यातिथि किया आमंत्रित



**शिमला।** शिमला नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान ने उप-महापौर उमा कौशल के साथ आज लोक भवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला से भेंट की। इस अवसर पर महापौर ने राज्यपाल को 1 जनवरी, 2026 को शिमला विंटर कार्निवल के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। शिमला नगर निगम द्वारा ऐतिहासिक रिज पर इस कार्निवल का आयोजन 24 दिसंबर से 1 जनवरी, 2026 तक किया जा रहा है। महापौर ने राज्यपाल को कार्निवल के दौरान आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि कार्निवल के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, व्यंजनों और विरासत को प्रदर्शित किया जा रहा है। यह कार्निवल 'नशा मुक्त हिमाचल' की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से राज्य की विविध सांस्कृतिक विरासत से पर्यटकों को रू-ब-रू करवाया जा रहा है। इस पहल की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं बल्कि युवाओं को अपनी संस्कृति से जु?ने का अवसर भी प्रदान भी प्रदान करते हैं, जिससे युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। इस अवसर पर शिमला नगर निगम के आयुक्त भूपेंद्र अत्री भी उपस्थित थे।

# शिक्षा, ज्ञान और कठिन परिश्रम सफलता का आधार : डॉ. शांडिल

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ममलीग का वार्षिक समारोह आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि शिक्षा, ज्ञान और कठिन परिश्रम सफलता का आधार होता है। डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ममलीग के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि शिक्षा भविष्य की सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करना होगा तभी लक्ष्य की प्राप्ति निश्चित रूप से हो सकती है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शीघ्र ही राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ममलीग को राजीव गांधी डे बोर्डिंग विद्यालय के रूप में



स्तरोन्नत किया जाएगा। इस कार्य के लिए प्रथम किश्त के रूप में 1.50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में आगामी सत्र से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पाठ्यक्रम भी आरम्भ हो जाएगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रमुखता से कार्य किया जा रहा है। इस दिशा में बेसहारा बच्चों को सहारा देने के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना आरम्भ की है। इस योजना के तहत लगभग 6,000 बच्चों को 'चिल्ड्रन आफ द स्टेट' के रूप में अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को 28 करो? रुपए की सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त बच्चों को वस्त्र भत्ता, उत्सव भत्ता भी प्रदान किया गया है। राज्य सरकार इन बच्चों को 27 वर्ष की आयु तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है।

सैनिक कल्याण मंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी नशे से दूर रखें। उन्होंने कहा कि समाज से नशे जैसे कुरीति को दूर रखने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा ताकि युवा पी?ी को नशे के चंगुल से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे जैसी सामाजिक बुराई की रोकथाम के लिए पूर्ण रूप से सजग है और सभी स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे 'चिट्टा मुक्त प्रदेश अभियान' के तहत शपथ भी दिलाई।

### पांगी क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से भेंट की



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से आज यहां चंबा जिला के पांगी क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर उन्हें क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनकी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य चुन्नी लाल, पंचायत समिति पांगी की अध्यक्ष किरण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष भी उपस्थित थे।


**PRESS NOTE TO BE ISSUED FOR PUBLICATION IN NEWS PAPERS FOR E-TENDERING**

The Executive Engineer Jal Shakti Division Jawalamukhi invites following e- tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work through e-tendering process:-

| | |
|---|---|
| Sr No. | 1 |
| Name of Work | Improvement of distribution system of various LWSS under Tehsil Khundian Distt. Kangra (HP)(SH:- C/o RCC Circular U/G storage tank of various capacity under Jal Shakti Sub Division Khundian ) |
| Estimated Cost (In Rs) | 5175000/- |
| Earnest money | 103500/- |
| Time of Completion | One year |

Last date of filling/ uploading the tender through e-tendering :- 07/01/2026 upto 11.00 A.M. The tender form and other detailed conditions can be obtained from the website www. Hpiph.org

RO NO. 5331_2025-2026 AP No. 6860

**Executive Engineer,**
**Jal Shakti Division Jawalamukhi**


## इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन्स ऊना की पहल

# टीबी मरीजों के लिए पोषण सहायता



अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, इंडियन ऑयल के उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन्स ऊना ने क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में टीबी के रोगियों के लिए 120 नि-क्षय मित्र न्यूट्रिशन किट दान कर एक अनोखी पहल की है।

यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने देते हुए बताया कि ये किटें राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप ?रूरी प्रोटीन और एनर्जी से भरपूर खाद्य सामग्री शामिल है जो टीबी रोगियों के लिए उचित पोषण और उपचार को जारी रखने में एक महत्वपूर्ण कारक है।

उन्होंने इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन्ज का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशनों के प्रति इंडियन ऑयल उ.क्षे. पाइपलाइन ने प्रतिबद्धता दर्शाई है जो उन्होंने कहा कि यह पहल सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रयासों के बीच सहयोग को और म?बूत करेगी। इसके अलावा यह प्रयास टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जन सहभागिता की दिशा में प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा।

ये किटें उ.क्षे.पा. ऊना के स्टेशन इंचार्ज अमनदीप भारद्वाज और प्रचालन प्रबंधक अंचित गुप्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा को सौंपीं। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया और जिला टीबी अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर भी मौजूद रहे।


**HIMACHAL PRAESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**
**e-Procurement Notice INVITATION FOR BIDS (IFB)**

**e-mail ee-roh-hp@nic.in**

The Executive Engineer HPPWD Rohru Distt Shimla H.P on behalf of Governor of H.P invites item rate, bids, in electronic tendering system, in 2 cover system for the under mentioned work from the eligible and approved contractors/firms registered with HP.PWD Department.

| Sr. No. | Name of the work | Estimated cost (Rs.) | Starting date for downloading bid | Earnest money | Deadline for submission bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | R/R damages to Bijori to Rantari Road km 0/00 to 11/000 ( SH:- C/O B/Wall , R/Walll in Wire creat at Various RD'S, V Shape drain at km 4/00 to 11/00 and R/Wall in PCC at Rd 0/770 to 0/778, 0/870 to 0/880, 1/850 to 1/860 and precast box culvert at RD 6/465) UNDER PDNA | 10999537 | 29-12-25 | 219991 | 5-01-2026 |
| 2. | R/R Damage to Samoli Chuppari road km 0/00 to 15/00(SH;- C/o R/wall | 2249128 | 29-12-25 | 44983 | 5-01-2026 |
| 3. | on PCC at Rd 13/080 to 13/100,13/155 to 13/185) Under PDNA R/R Damage to Bhagi Khabal road km 0/00 to 10/00(SH;- C/o R/wall in 1:6 at | 3205238 | 29-12-25 | 64105 | 5-01-2026 |
| 4. | Rd 4/405 to 4/430,6/670 to 6/705 and B/wall at Rd 6/765 to 6/795)UNDER PDNA Repair of Indoor CHC Building at Chirgaon at Sansashu (SH;- Dismantling and Demolishing of old roof and rotted trusses and P/F of steel truss i/c prepainted steel roofing,gutter etc) Deposit Work | 2523994 | 29-12-25 | 50480 | 5-01-2026 |
| 5. | R/R Damage to RCD road km 0/00 to 21/195(SH;- C/o R/wall at Rd 2/970 to 3/00 and 3/015 to 3/056) Under PDNA | 7035664 | 29-12-25 | 140713 | 5-01-2026 |
| 6. | C/o Banoti Lalpani mathala road km 0/00 to 8/500(ii) C/o Badiyara to Dakhgaon village road km 0/00 to 12/730 (Portion6/00 to 12/730) (SH:- C/o 15.00mtr span bridge over shaetyani khad at 2/150 (Preparation of hydraulic data general arrangement of drwing,feotech investigation and detailed estimate) preppration of technical sanction working estimate and DNIT. | 589220 | 29-12-25 | 11784 | 5-01-2026 |
| 7. | C/O & M/T of Sharountha Karalli Kangar Kalgon teer road km 0/000 to 6/190.ii.) Balance work & M/T on Thunadhar Shahid Nathuram Drorighat road km 0/000 to 7/540.iii) C/O &M/T of Kadiwan to Galoon Umladwar road km 0/000 to 5/430. Sub head: Prepration of Technical sanction,Working estimate and DNIT. | 392965 | 14-10-2025 | 7859 | 21-10-2025 |

The Bidders are advised to note other details for tenders and letter No.PWD(B) A(3) 1/2020 dated 12.01.2023 issed by secretary PW) to the Govt. of himachal Pradesh Public Works Department from the department website www.hptenders.gov.in. and any corrigendum will be uploaded on the website only.

RO No. 5326_2025-2026 | AP No. 6861

***Executive Engineer,***
***B&R Division HP.PWD, Rohru***

### एसटीपी, बिजली, जल निकासी और सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल

# गांवों में बुनियादी ढांचे होंगे मजबूत, बड़े पैमाने पर विकास कार्य स्वीकृत

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** नए साल की दस्तक से पहले नगर निगम की ओर से वार्डों में रुके हुए कार्यों को पूरा करने की कवायद और तेज कर दी गई है।

इसी कड़ी में नगर निगम पंचकूला द्वारा वार्ड नंबर 19 के अंतर्गत आने वाले गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर विकास कार्य स्वीकृत एवं क्रियान्वित किए जा रहे हैं। इन कार्यों में सड़क, नाली, श्मशान घाट, धर्मशाला, एसटीपी, बिजली, जल निकासी और सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं। वार्ड 19 में गांव बिल्ला में एसटीपी प्लांट के लिए 100 केडब्ल्यू थ्री-फेज विद्युत कनेक्शन तथा रामगढ़ एसटीपी प्लांट में 160 केवीए आउटडोर ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य किया जा रहा है। इससे सीवरेज और अपशिष्ट जल प्रबंधन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। श्मशान घाटों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। गांव नंगल (मोगिनंद), रामगढ़, जसवंतगढ़, बिल्ला-1, बिल्ला-2, नीचा भानु, मानक्या, भानु और नग्गल में श्मशान घाटों में सुधार, जल टैंक निर्माण, क्रेमेशन शेड, महिलाओं के लिए बैठने के शेड तथा 60 मिमी आईपीबी लगाने जैसे कार्य शामिल हैं।

सड़क और नाली निर्माण के तहत रामगढ़, बिल्ला, मोगिनंद, किशनगढ़, नग्गल, मानक्या, जसवंतगढ़, उपरला भानु, बड़ा भानु से छोटा भानु तक बिटुमिनस कंक्रीट सड? सहित अनेक स्थानों पर नई सड?ों, फिरनी रोड की मरम्मत, ह्यूम पाइप कलवर्ट, बाक्स टाइप नालियों और इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक्स (80 मिमी आईपीबी) लगाने के कार्य किए जा रहे हैं। इससे आवागमन सुगम होने के साथ जल निकासी की समस्या से भी राहत मिलेगी। सामुदायिक सुविधाओं के अंतर्गत मोगिनंद में कम्युनिटी सेंटर, रामगढ़ व नग्गल में धर्मशालाओं का निर्माण व मरम्मत, बिल्ला में बल्मीकी चोपड़ाल में हॉल, रविदास चौपाल की चारदीवारी, सोनारिया धर्मशाला, सुनार धर्मशाला, बस स्टैंड व धर्मशालाओं में शौचालय ब्लॉक तथा विभिन्न स्थानों पर आरसीसी बेंच की स्थापना की जा रही है। इसके अतिरिक्त गांव बिल्ला में बारिश के नाले का चैनलाइजेशन, सूम्प वेल व पाइपलाइन द्वारा अपशिष्ट जल निस्तारण, नग्गल में रिटेनिंग वॉल, किशनगढ़ में एनएच-7 तक बॉक्स नाली, रामगढ़ में एंट्री गेट तथा वार्ड के विभिन्न भवनों, पार्कों, सड?ों और बर्म की वार्षिक मरम्मत व रखरखाव के कार्य भी शामिल हैं।

### महापौर ने गांव जसवंतगढ़ में कंक्रीट ड्रेनेज के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया

**पंचकूला।** मेयर कुलभूषण गोयल ने वार्ड नंबर 19 और 20 में विभिन्न कार्यों का शुभारंभ कर क्षेत्र के विकास को नई गति दी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण व शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत की। महापौर ने गांव जसवंतगढ़ में कंक्रीट ड्रेनेज के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पार्षद परमजीत कौर, सलीम खान, राकेश वाल्मिकी, जय कौशिक, सोनू बिडला, सतबीर चौधरी, भाजपा उपाध्यक्ष उमेश सूद, सुदेश बिडला, जसवीर गोयत तथा



एसई विजय गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मेयर कुलभूषण गोयल ने कहा कि गांव अलीपुर में 175 लाख रुपये की लागत से बनने वाली फिरनी रोड एवं कंक्रीट ड्रेनेज का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही अलीपुर में निर्माणाधीन मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा भी की गई। इसके अलावा गांव जलौली में 158 लाख रुपये की लागत से फिरनी रोड व कंक्रीट ड्रेनेज के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। जलौली में ही कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट सेंटर की बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। बेहतर सड?ें, ड्रेनेज व्यवस्था और कचरा प्रबंधन से न केवल स्वच्छता में सुधार होगा, बल्कि आमजन को भी बड़ी राहत मिलेगी।

## किशोरी को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, जांच में ममेरा भाई गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पीड़िता के ममेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया। दो दिन के पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि 8 दिसंबर को पीड़िता के पिता ने सेक्टर-2 पुलिस चौकी में अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उनकी बेटी 4 दिसंबर से लापता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। महिला सेल की इंचार्ज पूजा के नेतृत्व में की गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि किशोरी को उसके मामा का लड़का शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोपी ने अलग-अलग स्थानों पर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। डीसीपी ने आगे बताया कि पीड़िता के बयान 26 दिसंबर को पुलिस के समक्ष और 27 दिसंबर को माननीय न्यायालय में दर्ज करवाए गए। कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए पीड़िता की %लीगल एड काउंसलिंग% भी करवाई गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 27 दिसंबर को ही आरोपी युवक को धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137, 87, 65(1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत कड़ा मामला दर्ज किया गया है।

जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि दोनों परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं और वर्तमान में पंचकूला के अलग-अलग क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं। पुलिस अब रिमांड के दौरान आरोपी से उन ठिकानों और अन्य साक्ष्यों के बारे में पूछताछ कर रही है जहाँ वह किशोरी को लेकर गया था।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता का संदेश॰ समाज में इस प्रकार के अपराधों को रोकने के लिए अभिभावकों और बच्चों का सतर्क रहना बेहत जरुरी है। मेरी आम जनता से अपील है कि किसी पर भी, चाहे वह कितना ही करीबी क्यों न हो, आंख मूंदकर विश्वास न करें।

## 60 साल की महिला से कीर्तन में छीनी सोने की बाली, बदमाश दो घंटे में ट्रेस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में जाने से पहले सचेत हो जाएं और अपने आभूषणों का खासतौर पर ख्याल रखें, क्योंकि भीड़ की शक्ल में कब झपटमार आपको घेर लें कहा नहीं जा सकता। ऐसा ही एक मामला पंचकूला में सामने आया है। तीन झपटमार कीर्तन में भीड़ का फायदा उठा कर एक बुजुर्ग महिला के कान से बाली छीन कर फरार हो गए।

वारदात होते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। बुजुर्ग महिला दहशत में पहले तो कुछ नहीं बोल पाई, मगर पुलिस की मुस्तैदी के चलते झपटमारों को महज दो घंटों में ट्रेस कर लिया गया।

आरोपियों की पहचान गोविंदा निवासी जिला नागपुर, महाराष्ट्र, विक्रमजीत उर्फ बॉबी निवासी अमृतसर, पंजाब तथा वीरू निवासी नागपुर के रूप में हुई है। तीनों आरोपी वर्तमान में मनीमाजरा, चंडीगढ़ में किराये के मकान में रह रहे थे। दरअसल, डेराबस्सी की रहने वाली 60 वर्षीय महिला पंचकूला के सेक्टर-4 में अपने भाई के घर आई हुई थीं। वह नगर कीर्तन देखने गई थीं। नगर कीर्तन के दौरान तीन बदमाश फायदा उठा कर भीड़ में घुस गए। भीड़ में आगे चल रही महिला को आरोपियों ने घेर लिया और मौका पाते ही कान से बाली झपट कर वहां से खिसक गए। महिला दर्द मारे चिल्लाई तो लोग हरकत में आए और पीड़िता के साथ हुई वारदात की जानकारी पुलिस को दी।

### महज दो घंटे में आरोपी ट्रेस

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर थाना सेक्टर-5 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 304 व 3(5) के तहत मामला दर्ज कर तुरंत जांच शुरू की गई। इस दौरान गश्त पर तैनात राइडर-4 टीम, जिसमें एसपीओ नरेश, एसपीओ जसवीर एवं सेक्टर-2 पुलिस चौकी टीम जिसमें एएसआई कुलदीप सिंह व मुख्य सिपाही राकेश ने मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए शिकायत मिलने के महज दो घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### आरोपी शातिर अपराधी

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी गोविंदा के खिलाफ पहले भी चोरी का मामला दर्ज है, जबकि विक्रमजीत के खिलाफ पूर्व में लड़ाई-झगड़े का केस दर्ज रह चुका है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीनी गई सोने की बाली भी बरामद कर ली हैं। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गयौ।



## ऑल्टस सोसाइटी और ग्रेटर सोसाइटी न्यू चंडीगढ़ संगत ने लगाया लंगर

अर्थ प्रकाश /जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़/खरड़।** धन धन श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज जी के परिवार की शहादत को समर्पित, आज ऑल्टस कंपनी में अलग-अलग प्रॉपर्टी कंसल्टेंट और ऑल्टस सोसाइटी और ग्रेटर सोसाइटी न्यू चंडीगढ़ संगत के सहयोग से एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके बाद शानदार लंगर लगाया गया। इस मौके पर इलाके भर की जानी-मानी हस्तियों के अलावा, सोसाइटियों की महिलाएं, बच्चे और युवा बड़ी श्रद्धा से शामिल हुए। जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के श्री सुखमणि साहिब जी का भोग लगाया गया। इसके बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अंब साहिब से खास तौर पर पहुंचे भाई गुरपाल सिंह टिमोवाल ने कहानी सुनाकर संगत का मनोरंजन किया। इसके बाद गुरु का लंगर बिना किसी देरी के बांटा गया। इस मौके पर बोलते हुए बलजिंदर पुरी ने कहा कि भाई साहिब ने आज एक कहानी के ज़रिए बताया कि कैसे दशमेश पिता के छोटे लालों ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। धन धन माता गुजर कौर जी की शहादत भी लालाओं के प्यार और सिख कौम के प्रति उनकी भक्ति की निशानी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि सभी धर्म अच्छे हैं, कोई भी धर्म किसी को एक-दूसरे से अलग होना नहीं सिखाता, इसलिए सभी को मिलजुल कर रहना चाहिए और अपने गुरुओं की शिक्षाओं पर चलने के लिए आगे आना चाहिए।

## रेसिडेंशियल एरिया में सड़कों पर खड़े वाहन बने मुसीबत, टक्कर से वाहन क्षतिग्रस्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर के रेसिडेंशियल एरिया में खड़े वाहन इन दिनों रेजिडेंट्स के लिए मुसीबत बन गए हैं। इसी ही एक दुर्घटना बीते दिन सेक्टर 15 में घटित हुई। एक अज्ञात वाहन घर के रैंप पर खड़ी कार को टक्कर मार कर फरार हो गया। एक अज्ञात वाहन ने कम-से-कम 15 फीट का रास्ता तय करने के बाद सेक्टर 15 में एक घर के ताला-बन्द मुख्य-द्वार से अंदर घुसने की कोशिश की।

उसने जोर से धक्का दिया और आसपास के क्षेत्र को नुकसान पहुंचाया। साथ ही, पास ही में गेट की दीवार के अंदर एवं मकान नंबर 508 बी रोड के रैंप पर खड़ी दूसरी गाड़ी को भी नुकसान पहुंचा सकता था। संभवतः यह वाहन बी-रोड पर पार्क किया गया था और घर की ओर पीछे से किसी अन्य वाहन ने इसे टक्कर मार दी, जिससे घर का बंद मुख्य-द्वार क्षतिग्रस्त हो गया।



जिससे काफी डर का माहौल बन गया है और नुकसान काफी ज्यादा हो सकता था, जबकि इसमें हमारी कोई गलती या भागीदारी नहीं है।

**112 पर कॉल की, नहीं हुई कार्रवाई :** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एस के नैय्यर ने कहा कि मामले की आवश्यक शिकायत 112 (नियंत्रण कक्ष) में भी दर्ज कराई गई है, लेकिन यह देखकर आश्चर्य होता है कि पंचकुला-पुलिस ने, कुछ दिन पहले ही, शहर में आम जनता की सुरक्षा के लिए किए गए वादे के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की।

### डीसीपी को लिखा पत्र

एसोसिएशन की तरफ से पंचकूला की डीसीपी सृष्टि गुप्ता से पत्र लिखकर आग्रह किया है कि सड़कों के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर या बाजारों की पार्किंग/पार्कों आदि के पास वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था बनाए एवं सुधारें और सुनिश्चित करें कि सेक्टरों में कहीं भी सड़कों पर वाहनों की पार्किंग की अनुमति न दी जाए तथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### डॉ पीयूष पुंज पंचकूला गौरव सम्मान से विभूषित



**कालका (जग्गी)।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एचएमटी टाउनशिप, पिंजौर के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीयूष पुंज को स्वदेशी महोत्सव 2025 के अवसर पर पंचकूला गौरव सम्मान से पुरस्कृत किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री के ओएसडी भारतभूषण भारती द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. पीयूष पुंज को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण, छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए निरंतर प्रयासों तथा स्वदेशी वस्तुओं के प्रोत्साहन के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. पीयूष पुंज ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल के समर्पित शिक्षकगण, अनुशासित छात्रों एवं अभिभावकों को देते हुए उनके निरंतर सहयोग, विश्वास एवं समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। यह सम्मान विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के साथ-साथ न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक है, बल्कि सम्पूर्ण विद्यालय परिवार के लिए गौरव एवं प्रेरणास्रोत भी है।

### सेक्टर 22 बी में माता के भजनों पर जमकर झूमे भक्त



**चंडीगढ़।** समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर, सेक्टर 22 बी में महाकाली का 30वां विशाल भंडारा और भजन संध्या आयोजित की गई। भव्य आयोजन का नेतृत्व प्रख्यात समाजसेवी विनोद शाही ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत माता महाकाली की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके उपरांत माता की ज्योत प्रज्वलित की गई। लाडले बेरी वाले-चंडीग? की भजन मंडली ने माता के भजनों से पंडाल में उपस्थित भक्तों को झूमने पर मजबूर किया। भक्तजन भजनों पर मतवाले होकर जमकर नाचे। इस अवसर पर अशोक शाही, विवेक शाही, दिव्या शाही, भद्र शाही, आनंद स्याल और अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजक विनोद शाही ने बताया कि उनके प्रेरणास्रोत स्वर्गीय समाजसेवी श्यामलाल शाही और माता राजवती ने समाजसेवा को अपना जीवन समर्पित किया। उन्हीं की प्रेरणा से यह वार्षिक आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए किए गए प्रयासों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है। आयोजन का समापन विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें अशोक शाही, विवेक शाही, दिव्या शाही, भद्र शाही और स्थानीय निवासियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## अटल जी को नमन कर विकसित भारत के संकल्प को किया सुदृढ़ : शक्तिरानी

सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में पिंजौर में आयोजित अटल सुशासन सम्मेलन

अर्थ प्रकाश/जग्गी




**कालका।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती एवं 25 दिसंबर को मनाए जाने वाले सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में कालका विधानसभा स्तर पर अटल सुशासन सम्मेलन का आयोजन पिंजौर स्थित रौनक होटल में किया गया।

अटल सुशासन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कालका विधानसभा की लोकप्रिय विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा जी ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा, संवाद और राष्ट्रनिर्माण का सशक्त साधन बनाया। विधायक शक्तिरानी शर्मा जी ने कहा कि अटल जी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी लोकतांत्रिक शालीनता और संवाद की संस्कृति थी। उन्होंने असहमति में भी सम्मान बनाए रखा और संसद की गरिमा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं। उनका स्पष्ट मंत्र था– ÷राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

उन्होंने कहा कि अटल जी द्वारा रखी गई सुशासन की मजबूत नींव पर आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विकसित भारत के संकल्प को नई गति दे रहे हैं। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसर और भ्रष्टाचार-मुक्त शासन इसके सशक्त उदाहरण हैं।

विधायक जी ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और मिशन सिंदूर जैसे निर्णायक कदम यह स्पष्ट संदेश देते हैं कि भारत शांति में विश्वास करता है, लेकिन राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करता। इस अवसर जिला प्रभारी रवि बतान जी, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल जी, जिला संयोजक श्री विशाल सेठ जी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती बंतो कटारिया जी,सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा जी ने सभी से आह्वान किया कि वे अटल जी के सुशासन, राष्ट्रनिष्ठा और सेवा भाव को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागी बनें।

## उतरायणी कौतिक 4 जनवरी को दोपहर 2 बजे से कला भवन में

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** देवभूमि दानपुर घाटी वेलफेयर सोसाइटी (रजि.) चंडीगढ़ द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौतिक 4 जनवरी 2026 की तैयारियां और भव्य अयोजन के लिए लेकर देवभूमि दानपुर घाटी वेलफेयर सोसाइटी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई

चंडीगढ़। सेक्टर-16 स्थित पंजाब कला भवन में देवभूमि दानपुर घाटी वेलफेयर सोसाइटी की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। सभा के मीडिया प्रभारी शशि प्रकाश पांडेय ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कुंदन सिंह कोरंगा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य सोसाइटी द्वारा आयोजित किए जाने वाले उत्तरायणी मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा एवं अंतिम रूप देना रहा।

बैठक में सोसाइटी के प्रधान दर्शन कोरंगा , महासचिव दान सिंह गढ़िया , कोषाध्यक्ष हरीश चंद्र सिंह कोरंगा, उप-कोषाध्यक्ष रमेश सिंह कोरंगा, मुख्य सलाहकार चंचल सिंह कपकोटी , एरिया प्रधान मोहाली एवं उत्तरायणी मेला सचिव विशाल सिंह कोरंगा , एरिया प्रधान नयागांव हीरा सिंह भाकुनी ,एरिया कमेटी प्रधान झामपुर कुंदन सिंह दफौटी सहित कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत कार्यकारिणी ने जानकारी दी कि उत्तरायणी मेला 2026 उत्तराखंडी संस्कृति की समृद्ध विरासत को दर्शाने वाला एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन होगा। मेले में उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा पारंपरिक लोकगीतों एवं लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इसके साथ ही उत्तराखंड के पारंपरिक पहनावे, श्रृंगार एवं सांस्कृतिक पहचान को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

**सम्मान समारोह** पंचकूला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन उत्कृष्टता सम्मान समारोह आयोजित, शिक्षा मंत्री ने दिए पुरस्कार

# शिक्षा नीति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय और महाविद्यालय सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आज स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान, सेक्टर-3 पंचकूला में आयोजित एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ÷हरियाणा राज्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 क्रियान्वयन उत्कृष्टता सम्मान पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए महिपाल ढांडा ने बताया कि यह अवसर केवल एक सम्मान समारोह नहीं है, बल्कि यह हरियाणा की उच्च शिक्षा यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। राज्य सरकार ने अपने स्पष्ट और दृढ़ संकल्प के अनुरूप वर्ष 2025 के अंत तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अधिकांश प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद और शिक्षा विभाग के निरंतर, समन्वित और परिणामोन्मुख प्रयासों के फलस्वरूप राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रभावी क्रियान्वयन केवल नीति-पत्रों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह धरातल पर साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रमुख अनुशंसाओं को गंभीरता से लागू किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत की शिक्षा व्यवस्था में एक व्यापक, दूरदर्शी और परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। यह नीति केवल पाठ्यक्रम परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीखने की पूरी संस्कृति को पुन॰ परिभाषित करती है। बहु विषयक शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार, शोध, स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़ाव और वैश्विक मानकों के अनुरूप गुणवत्ता-ये सभी इस नीति के मूल स्तंभ हैं।

उन्होंने बताया कि जिन उच्च शिक्षण संस्थानों ने सीमित संसाधनों के बावजूद नवाचार को अपनाया, शिक्षण पद्धतियों में लचीलापन लाए, विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर निर्णय लिए, शिक्षा को रोजगार उन्मुख तथा समाजोपयोगी बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में असाधारण प्रतिबद्धता, नवाचार और नेतृत्व का परिचय दिया, उन्हे सम्मानित करने और राज्य के उच्च शिक्षा तंत्र में सतत सुधार, प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता और नवाचार की संस्कृति को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन उत्कृष्टता सम्मान देने का निर्णय लिया गया है।

### राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को मिला राज्यस्तरीय सम्मान

**पंचकूला।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पंचकूला ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम करते हुए उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (न्यू एजुकेशन पॉलिसी) 2020 के उत्कृष्ट




क्रियान्वयन के लिए प्रदान किए गए राज्य स्तरीय पुरस्कार को प्राप्त किया है। यह सम्मान महाविद्यालय द्वारा नई शिक्षा नीति के लक्ष्यों को धरातल पर उतारने हेतु किए गए सतत, सुनियोजित और छात्र-केन्द्रित प्रयासों की औपचारिक मान्यता है। यह पुरस्कार महाविद्यालय की उस प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिसके अंतर्गत बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, लचीली पाठ्य संरचना, कौशल-आधारित एवं व्यावसायिक शिक्षा, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, वैल्यू-एडेड कोर्सेज, अनुभवात्मक शिक्षण तथा समग्र विद्यार्थी विकास जैसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख स्तंभों को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा ने इस अवसर पर कहा कि यह पुरस्कार हमारे महाविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

## सोनीपत में विकास कार्यों को मिली रफ्तार

# विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन ने 6 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। सोमवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 18 के श्याम नगर में पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नं 18 में श्याम नगर,मालवीय नगर और विकास नगर की गलियों का 2 करोड़ 42 लाख रु की लागत से सी सी द्वारा नवनिर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही वार्ड नं 18 के सेक्टर 23 कम्युनिटी सेंटर में 1 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे, इन कार्यों में 68 लाख रु से एक नए हॉल का निर्माण, 32 लाख रु की लागत से शेड के नीचे नए फर्श का निर्माण और नई इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने का कार्य किया जाएगा।

इस कार्य से क्षेत्रवासियों को विभिन्न सामाजिक कार्य करने में सहायता मिलेगी।वार्ड नंबर 20 में 2 करोड़ 64 लाख रु की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे। इन कार्यों में हैबिटेट क्लब के पास वाली मुख्य सड़क सहित 8 विभिन्न गलियों का सी सी से निर्माण किया जाएगा। साथ ही गलियों का मास्टिक से भी नवनिर्माण किया जाएगा।इस अवसर पर डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, निगम पार्षद नीतू दहिया, मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, राजेश दहिया,जोगिंद्र प्रजापत सेठा, सोनू प्रजापति, सुरेंद्र शर्मा , नकीन मेहरा, अनिल ढुल, हनुमान मंदिर प्रधान राम सिंह त्यागी, ललित,राजू,कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

### सार्वजनिक सूचना

यह आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, नवीन कुमार, पुत्र फतेह चंद, निवासी एच. नं. 479 वार्ड नं. 12, कृष्णा कॉलोनी, फतेहाबाद, हरियाणा, एक संपत्ति का मालिक हूं। मैं उक्त संपत्ति पर एक्सिस बैंक टोहाना से ऋण ले रहा हूं। मेरी संपत्ति की श्रृंखला का एक दस्तावेज़, विक्रय विलेख, वसीका नंबर 3549 दिनांक 21-01-1988 टोहाना में खो गया है और पूरी तरह से खोजने के बावजूद, दस्तावेज़ नहीं मिला है। मैंने डीडीआर नंबर 13256022501154 दर्ज कराई है। यदि किसी को यह दस्तावेज़ मिलता है, तो कृपया इस प्रकाशन की तारीख से 5 दिनों के भीतर एक्सिस बैंक टोहाना या राजीव मंगला, एडवोकेट से संपर्क करें।

**राजीव मंगला, एडवोकेट**
**पता- बूथ नंबर 14, सिविल कोर्ट, टोहाना**
**मोबाइल- 7015827577**

AP-6843

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मैं, श्री अतुल कुमार मेयर पुत्र सुरिंदर नाथ मेयर (मेयर ब्रदर्स का भागीदार), निवासी मकान सं. ई.जी. 53 लाडोवाली रोड, जालंधर सिटी, पंजाब राज्य। मेयर ब्रदर्स उक्त उल्लिखित संपत्ति का मौजूदा और कानूनी स्वामी हैं। कथित संपत्ति से संबंधित मूल संपत्ति दस्तावेज गुम/खो गए हैं तथा जिन्हे काफी प्रयासों के बावजूद खोजा नहीं जा सका है।

**संपत्ति का विवरण:**
**बिक्री विलेख सं.:** 7414
**पता:** गांव रायपुर रसूलपुर खसरा सं. 84//13-16/2-17-18-19/1-21/2/2-22-23-24/1-25/1,91//3/1 तहसील जालंधर।
**क्षेत्र/आकार:** 1 कनाल 16 मरला 124 वर्ग फीट
**शहर एवं राज्य:** जालंधर, पंजाब।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त वर्णित दस्तावेज प्राप्त हों अथवा कथित संपत्ति अथवा दस्तावेज के संबंध में कोई दावा, आपत्ति अथवा सूचना हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करने का निवेदन किया जाता है।

यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा अथवा आपत्ति प्राप्त नहीं होगी तो यह समझा जाएगा कि किसी व्यक्ति का कोई दावा नहीं है, और अधोहस्ताक्षरी विधि के अनुसार आगामी कार्यवाही करेंगे। कथित अवधि के पश्चात प्राप्त कोई दावा विचारणीय नहीं होगा।

**स्वामी का नाम: मेयर ब्रदर्स**
**पता: गांव रायपुर रसूलपुर खसरा सं. 84//13-16/2-17-18-19/1-21/2/2-22-23-24/1-25/1,91//3/1 तहसील जालंधर।**
**मोबाईल सं. 9876699953**
**दिनांक: 29.12.2025**

AP-6857

## मेयर राजीव जैन ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

# अवैध पैच वैध करने और इंतकाल की अनिवार्यता खत्म करने की मांग

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




सोनीपत। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने खरखौदा रैली में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र देकर नियमित हो चुकी कालोनियों में अवैध घोषित किये गए पैच (टुकड़ों) को जल्द से जल्द वैध करके तथा पुराने शहरी इलाकों में इंतकाल की अनिवार्यता खत्म करके रजिस्ट्री के आधार पर नई रजिस्ट्री करने के आदेश जारी करने की मांग रखी राजीव जैन ने पत्र में लिखा कि शहर की कई कालोनियां पहले वैध घोषित हो चुकी है परन्तु उनके छोटे - छोटे टुकड़े अभी भी अवैध की श्रेणी में हैं जिस कारण विकास कार्य करवाने के साथ साथ नागरिकों को नगर निगम से नई रजिस्ट्री करवाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने में परेशानियां आती हैं।

उन्होंने कहा कि अक्सर नागरिकों की शिकायत यही रहती हैं कि मेरे साथ वाला प्लाट वैध हैं जबकि मेरा अवैध की श्रेणी में हैं। राजीव जैन ने आगे लिखा हैं कि जब से सरकार ने पुरानी आबादी के इंतकाल दर्ज करवाने की घोषणा की हैं तब से नागरिक पटवार खाने में धक्के खाने को मजबूर हैं। विशेषकर वह नागरिक जो अपना मकान बेचना चाहता है।

50-50 वर्ष पुरानी कालोनी के मकानों के इंतकाल दर्ज करवाने के लिए नागरिक जाते हैं तो पटवारी खसरे नंबर में जगह ना होने का बहाना बनाकर टाल देते हैं और यदि कोई दलाल की मार्फत मोटी रकम देने की हाँ करे तो फिर इंतकाल दर्ज हो जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि पहले की तरह रजिस्ट्री के आधार पर रजिस्ट्री करवाने की घोषणा मुख्यमंत्री रहते मनोहर लाल तथा चुनाव से पहले आपने भी की थी परन्तु फाइल अभी राजस्व विभाग के मुख्यालय में लंबित पड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि इस सम्बन्ध में आदेश जारी होने से भ्रष्टाचार पर तो अंकुश लगेगा ही, नागरिकों की भारी परेशानी भी खत्म होगी।

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ। (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)





[illegible]

AP-6858

# दीपालपुर के लोगों ने निगम से गांव के हटने के बाद पंचायत फंड वापिस दिलाने की मांग



**विधायक कृष्णा गहलावत ने अधिकारियों से बात कर समाधान का दिया आश्वाशन**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। विधायक कृष्णा गहलावत से दीपलपुर गांव के ग्रामीणों ने निगम में शामिल होने के बाद रुके हुए भुगतान, बाढ़ मुआवजा, सड़क, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। लोगों ने विधायक को अवगत कराया कि जब उनका गांव नगर निगम में शामिल किया गया था, उस समय निगम द्वारा उनकी जमीन और धनराशि ली गई थी। बाद में उनकी जमीन तो उन्हें वापस मिल गई, लेकिन निगम के पास गया उनका पैसा आज तक वापस नहीं किया गया।

ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया कि वे संबंधित विभाग से बात कर उनकी जमा धनराशि उन्हें दिलवाई जाए। यमुना के समीप के लोगों ने यमुना में आई बाढ़ के कारण खराब हुई फसल के मुआवजे की मांग की। विधायक कृष्णा गहलावत ने ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर सत्यनारायण मास्टर, जयवीर मच्छरोला, कालू दीपालपुर, नरेंद्र खेवड़ा, अमन नाहरा, कृष्ण मुरथल, महावीर बड़ोली, किरण बाला, अमरजीत मेहंदीपुर, नीरज रेवली बरोटा, सुरेंद्र कला आदि मौजूद थे।

### बेदखली सूचना (ਬੇਦਖਲੀ ਸੂਚਨਾ)

[illegible]


AP-6849

### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)

[illegible]

AP-6845

### ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ। (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)





[illegible]

AP-6848

### पूर्व रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: 07-सीएमपू-एमएलडीटी-25-26 दिनांक 26.12.2025. मुख्य परियोजना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पीओ: झलझलिया, जिला: मालदा, पिन: 732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। निविदा संख्या 7-सीएमपू-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम: पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में जमालपुर (फेज-II) में वैगनों के निरीक्षण /स्टेबलिंग के लिए ग्रेड इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधा हेतु स्टेबल में मिट्टी कार्य, ब्लैंकेटिंग, छोटे पुल के विस्तार, नए प्रशासनिक भवन, सिक लाइन शेड और पी.वे कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। निविदा मूल्य: ₹. 25,27,51,007.37, निविदा की अंतिम तिथि: दिनांक 22.01.2026 वेबसाइट और सूचना पट: www.ireps.gov.in

MLD-276/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हमें यहां देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

AP-6862

### क्लासीफाइड
### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** रमेश कुमार पुत्र श्री वेदा नंद निवासी मकान नंबर 244 फेस 2 सेक्टर 54 मोहाली ने अपना नाम बदलकर रमेश कुमार बंसल रख लिया है।

AP-6869

---

## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH.: 0172-2638515, 98883-03520
Email: arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** चिरंजी लाल पुत्र बिपती राम निवासी 3582, सेक्टर 46 सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम चिरंजी लाल से बदलकर चिरंजी लाल सागर रख लिया है।
एपी-6844

**मैं,** नीलम पांडे पत्नी अरविंद कुमार पांडे निवासी #2281/बी-2, सैनी मोहल्ला पिंजौर, कालका, जिला-पंचकूला (हरियाणा) ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम Shivam Panday से बदलकर Shivam Pandey कर लिया है।
एपी-6845

**मैं,** अजीत सिंह पुत्र सुखीराम, निवासी मकान नंबर 1632, पहली मंजिल, एसबीआई बैंक के पास, मनीमाजरा, चंडीगढ़, यह घोषणा करता हूं कि मैं अपने नाबालिग बेटे का नाम विनीत से विनय रख दिया है।
एपी-6847

**मैं,** लखपति पत्नी स्व. श्याम लाल (बीएसएफ एयर विंग, रजि नं. 865660456, पीपीओ 240550623142) निवासी गांव मनोहरपुर जिला जीन्द बयान करती हूं कि मेरे पति के पीपीओ सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम Lakho Devi दर्ज है जोकि गलत है। मेरा अन्य दस्तावेजों अनुसार सही नाम Lakhpati है। मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में भी मेरा सही नाम Lakhpati दर्ज किया जाए।
एपी-6843

**मैं,** आर्मी नंबर 2466782F Ex-Hav. Balbir Singh निवासी kararwala जिला बठिंडा यह कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड मैं मेरी पुत्री का नाम Jaswinder Kaur और जन्म तिथि 18-01-1986 दर्ज है जो कि गलत है उसका सही नाम Jasvinder Kaur और जन्म तिथि 26-01-1985 है कृपया मेरे आर्मी रिकॉर्ड मेरी पुत्री का नाम Jasvinder Kaur और जन्म तिथि 26-01-1985 दुरुस्त की जाए।

**मैं,** आर्मी नंबर 2466782F Ex-Hav. Balbir Singh निवासी kararwala जिला बठिंडा यह कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड मैं मेरे पुत्र Harjinder Singh की जन्म तिथि 29-09-1982 दर्ज है जो कि गलत है उसकी सही जन्म तिथि 29-12-1982 है कृपया मेरे आर्मी रिकॉर्ड मेरे पुत्र की जन्म तिथि 29-12-1982 दुरुस्त की जाए।
एपी-6849

**मैं,** सिमरन (आधार नं0- 6525 8791 6199) पत्नी श्री हितेश ठाकुर, निवासी ग्राम नगाल भगा, कालका, तहसील कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा, यह घोषित करती हूँ कि मैंने अपना नाम सिमरन कश्यप से बदलकर सिमरन रख लिया है।
एपी-6854

**मैं,** मुकेश पत्नी जगबीर सिंह, मकान नंबर 59सी, पुलिस कालोनी जीन्द तहसील व जिला जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम मुकेश से मुकेश देवी रख लिया है।
एपी-6865

**मैं,** कुसुम देवी, सैन्य संख्या- 14686751W, रैंक-नायक, नाम- विनोद कुमार की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 22 फील्ड वर्कशॉप, ईएमई इंजीनियर ब्रिगेड, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- ग्राम- सरदारगढ़, पोस्ट- सरदारगढ़, गैयारा, मथुरा, राया, उत्तर प्रदेश, 281204, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम कुसुम देवी से बदलकर कुसमा कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219807, दिनांक- 29/12/2025

**मैं,** राजवीर सिंह, सैन्य संख्या- 14686751W, रैंक- नायक, नाम- विनोद कुमार का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट 22 फील्ड वर्कशॉप, ईएमई इंजीनियर ब्रिगेड, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- ग्राम- सरदारगढ़, पोस्ट-सरदारगढ़, गैयारा, मथुरा, राया, उत्तर प्रदेश, 281204, घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम राजवीर सिंह से बदलकर राजवीर कर लिया है। हलफनामा संख्या- 11एए 219809, दिनांक- 29/12/2025

**मैं,** साहिल पुत्र श्री गुलजार सिंह निवासी मकान संख्या 385, ग्राम रामगढ़, तहसील एवं जिला पंचकुला (हरियाणा)-134118, घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम साहिल से बदलकर साहिल सैनी कर लिया है।

**मैं,** शबनम सेठी, पत्नी श्री परिक्षत सेठी, निवासी 42, लाजपत नगर, बिशनपुरा, उप-तहसील ज़ीरकपुर, जिला एसएएस नगर (पंजाब) घोषणा करती हूँ कि मुझे दो नामों से जाना जाता है- शबनम सेठी और शबनम जायसवाल मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शबनम सेठी और ड्राइविंग लाइसेंस में शबनम जायसवाल दर्ज है, शबनम जायसवाल और शबनम सेठी एक ही व्यक्ति हैं।

**मैं,** सैन्य संख्या- 6497910N, रैंक-हवलदार, नाम- मुन्ना कुमार स्थायी पता- गांव-बजरहा, गया, इलारा, डाकघर- चेरकी, जिला- गया, राज्य- बिहार, पिन- 824237, घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम मुन्ना कुमार से बदलकर मुन्ना कुमार यादव कर लिया है। शपथ पत्र क्रमांक- 11AA 219805, दिनांक- 29/12/2025

**मैं,** नल्लाबोथुला पेद्दा सोमन्ना सैन्य संख्या- 14834444N रैंक- हवलदार/एमटी नाम- नल्लाबोथुला धनुंजय का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट- एमटी पीएल, मुख्यालय एस्टेब्लिशमेंट नंबर 22 सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गांव- जग्गापुरम, पोस्ट- हलाहर्वी, तह- नंदावरम, जिला- कुरनूल, राज्य- आंध्र प्रदेश - पिन- 518343 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/01/1959 से 01/02/1951 में सही कर ली है। शपथ पत्र क्रमांक- 11एए219806, दिनांक-29/12/2025

**मैं,** सैन्य संख्या-15342873एक्स रैंक- हवलदार नाम- बासप्पा पट्टाना शेट्टी वर्तमान में यूनिट- 70 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 99 एपीओ में तैनात हुं स्थायी पता- प्लॉट नंबर- 30, वार्ड नंबर- 12, आश्रम रोड, नर्सिंग लेडिस हॉस्टल के पास, कारगिल नगर, बीजापुर, बीजापुर, कर्नाटक- 586101 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम बसप्पा पट्टाना शेट्टी से बदलकर बसप्पा पट्टानशेट्टी कर लिया है।. शपथ पत्र क्रमांक- 11AA219801, दिनांक; 29/12/2025

I, SAVITA am legally Wedded Spouse of Army No: JC-461894L Rank Sub Name: Mulik Adhikrao Jagannath Permanent Address: Nagarale, Nagrale, Palus, Sangli, Maharashtra - 416308 declare that I have changed My Name from SAVITA to MULIK SAVITA ADHIKRAO. Vide Affidavit No: 11AA 219812, Dated; 29/12/2025

I, S SITA MAHALAKSHMI am Mother of Service No JC-315660N Rank NB SUB Name S SRINIVASA RAO, presently residing at RHQ, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from S SITA MAHALAKSHMI and D.O.B 01 JUL 1961 to SANKARA S E T T I SEETAMAHALAKSHMI and D.O.B 01 JAN 1966.

I, S NARASIMHA RAO am Father of Service No JC-315660N Rank NB SUB Name S SRINIVASA RAO, presently residing at RHQ, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from S NARASIMHA RAO and D.O.B 01 JUL 1957 to SANKARA SETTI NARASIMHARAO and D.O.B 01 JAN 1958.

I, SUNITA SURESH KHOT is legally Wedded Spouse of Army No: JC 462622X Rank: NB/Sub Name: Khot Suresh Ramchandra Permanent Address: Nadives, A/P Samdoli, VTC: Samdoli, PO: Samdolii, Sub District: Miraj, District: Sangli, State Maharashtra, Pin Code: 416416 declare that I have Correct My Date of birth from 07/07/1983 to 07/06/1982. Vide Affidavit No: 11AA 219804, Dated; 29/12/2025

I, SHALAN is Mother of Army No: JC-462774Y Rank NB/SUB Name: Deepak Gavhane Permanent Address: Village Wirawade Bk, Post: Kamati Khurd Tehsil: Mohol, Distt: Solapur, State: Maharashtra, Pin: 413253 declare that I have changed my name from SHALAN to SHALAN GAVHANE and Also Correct my Date of birth from 13/07/1963 to 01/05/1968. Vide Affidavit No: 11AA 219802, Dated; 29/12/2025

I, UDDHAV is Father of Army No: JC-462774Y Rank NB/SUB Name: Deepak Gavhane Permanent Address: Village Wirawade Bk, Post: Kamati Khurd Tehsil: Mohol, Distt: Solapur, State: Maharashtra, Pin: 413253 declare that I have changed my name from UDDHAV to UDDHAV GAVHANE and Also Correct my Date of birth from 13/07/1958 to 01/06/1965. Vide Affidavit No: 11AA 219803, Dated; 29/12/2025

I, S PRATHIMA am legally wedded spouse of No JC-315660N Rank NB SUB Name S SRINIVASA RAO present residing at SWARNA VILL & PO, CHIRALA - TEH, PRAKASAM-DST, ANDHRA PRADESH- 523170 declare that I have changed my name from S PRATHIMA and D.O.B 10 SEP 1993 to S A N K A R A S E T T Y PRATHIMA and D.O.B 09 SEP 1991.

I, POOJA am legally Wedded Spouse of Army No: 2809878Y Rank Hav Name: Musale Anil Digambar Permanent Address: Village: Bramha, Post: Pimpalgaon, Teh/Dist: Washim, State: Maharashtra,Pin: 444507 declare that I have changed My Name from POOJA to POOJA ANIL MUSALE. Vide Affidavit No: 11AA 219811, Dated; 29/12/2025
एपी-6850

**मैं,** अनुज पुत्र राम स्वरुप वासी मकान नं. 43. 8 मरला कॉलोनी, नजदीक Govt प्राइमरी स्कूल, पटेल नगर, हिसार ने अपना नाम बदलकर अनुज अरोड़ा रखा है।

**मैं,** सतीश कुमार पुत्र ओम प्रकाश सिंगला वासी मकान नं. 10 अग्रसेन कॉलोनी असंध रोड़ पानीपत ने अपना नाम बदलकर सतीश कुमार सिंगला रखा है।

**मैं,** नेहा चावला पत्नी विनीत वासी मकान नं. 1643 सैक्टर-13, अर्बन एस्टेट, करनाल ने अपना नाम बदलकर नेहा चावला से नेहा चौधरी रखा है।

**मैं,** हरिन्द्र पाल सिंह पुत्र पिरथी पाल सिंह वासी मकान नं. 2063-ए, सैक्टर-6, अर्बन एस्टेट, एच.बी.सी करनाल ने अपना नाम बदलकर हरिन्द्र पाल सिंह साही से हरिन्द्र पाल सिंह रखा है।

**मैं,** राज कौर पत्नी हरिन्द्र पाल सिंह वासी मकान नं. 2063-ए, सैक्टर-6, अर्बन एस्टेट, एच.बी.सी करनाल ने अपना नाम बदलकर राज कौर साही से राज कौर रखा है।

**मैं,** हरी ओम वर्मा पुत्र राधा कृष्ण वासी इ-80 हॉस्पिटल एरिया नीलोखेड़ी करनाल ने अपना नाम बदलकर हरी ओम से हरी ओम वर्मा रखा है।

**मैं,** मधु बाला पत्नी हरी ओम वर्मा वासी इ-80 हॉस्पिटल एरिया नीलोखेड़ी करनाल ने अपना नाम बदलकर मधु से मधु बाला रखा है।

**मैं,** सुदर्शन कुमार गुप्ता पुत्र रामेश्वर दयाल वासी एफ-21, पंचशील, एन्क्लेव, बिशनपुरा, नजदीक मेरीलैंड होटल जीरकपुर, एसएएस नगर, मोहाली ने अपना नाम बदलकर सुदर्शन गुप्ता रखा है।

**मैं,** प्रियंका पत्नी जय प्रकाश गोयल वासी मकान नं 1119 जी पी सैक्टर 33 पार्ट 1 हिसार-125001 ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर प्रियंका से प्रियंका गोयल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** जय प्रकाश पुत्र महेन्दर कुमार गोयल वासी मकान नं 1119 जी पी सैक्टर 33 पार्ट 1 हिसार-125001 ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर जय प्रकाश से जय प्रकाश गोयल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** Ritu सेठी पत्नी रवि सेठी वासी कोठी नं. 203, Opp. पुलिस स्टेशन, सैक्टर 80, सोहना, जिला एस ए एस नगर, मोहाली, पंजाब ने अपना नाम बदलकर सुनीता रानी रखा है।
एपी-6851

**मैं,** निर्मला रानी माता (संख्या 3010693Y) रविंदर पाल, निवासी ग्राम नैना, जिला पटियाला (पंजाब) ने अपना नाम (NIRMLA RANI) निर्मला रानी से बदलकर (NIRAMALA DEVI) निरमाला देवी कर लिया है और जन्मतिथि 18/02/1963 से 01/01/1965 कर ली है। शपथ पत्र संख्या-IN-PB06413155399792X, दिनांक 29 दिसंबर 2025, राजपुरा (पंजाब) स्थित न्यायालय के समक्ष।

**मैं,** रमनप्रित कौर, पुत्री मोहिंदर सिंह, निवासी मकान नं. 539, गुरु नानक नगर, नालस रोड, राजपुरा, जिला पटियाला (पंजाब), ने अपना नाम रमनप्रित कौर से बदलकर रमनप्रीत कौर सराओ तथा अपनी जन्मतिथि 27-04-1993 से बदलकर 27-04-1992 कर ली है, जो शपथ-पत्र दिनांक 29-12-2025 द्वारा किया गया है।

**मैं,** VIDHYAWANTI विध्यावंती जन्म तिथी 01.08.1966 (आधार नं. 45075044 8574) पत्नी धर्मबीर निवासी वार्ड न0 16 चौपड़ा कॉलोनी गोहाना जिला सोनीपत अपने हल्फ से ब्यान करती हूं कि मेरे पति का आर्मी न0 14469716N, EX, HAV धर्मबीर है। मेरे पति के सर्विस रिकॉड मे मेरा नाम VIDAWATIY MALIK विधयावती मलिक नाम दर्ज है। और जन्म तिथि 02.01.1966 दर्ज है। जो कि गलत है। मेरा असल नाम VIDHYAWANTI विध्यावंती व असल जन्मतिथि 01.08.1966 है।
एपी-6843

**मैं,** सायरा पुत्री श्री मीर हसन निवासी कुड़ी बागपत उत्तर प्रदेश। मैं मुस्लिम धर्म से संबंध रखती हूं, लेकिन अब मुस्लिम धर्म छोड़कर अपनी मर्जी से हिंदू धर्म अपनाना चाहती हूँ। मुझ पर मेरे माता पिता व किसी व्यक्ति का कोई दबाव नही है, भविष्य में मुझे हिन्दू धर्म से ही जाना जाए।
एपी-6853

**मैं,** नरेश कुमार पुत्र राम कुमार, 695 सेक्टर 6 पंचकूला, ने अपना नाम बदलकर नरेश अग्रवाल रख लिया है।

**मैं,** रेनू अग्रवाल पत्नी नरेश अग्रवाल, 695 सेक्टर 6 पंचकूला, ने अपना नाम बदलकर रेनू रख लिया है।
एपी-6855

**मैं,** मीना पुत्री राम संजीव, निवासी मकान नंबर 13, बी-1, पीजीआई कैंपस, सेक्टर 12, चंडीगढ़, सूचित करती हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम गलती से Ram Sanijwan, दर्ज है। मेरे पिता का सही नाम Ram Sanjiwan है।
एपी-6856

**मैं,** मोहम्मद फारूक पुत्र मोहम्मद मोफिल निवासी मकान सं. 242/3, स्मॉल फ्लैट्स, मलोया, चंडीगढ़ घोषित करता हूँ कि मैं, वोटर कार्ड धारक हूँ और जिसमें मेरा नाम मोहम्मद फारूक पुत्र मोहम्मद मोफिल के स्थान पर फरीक पुत्र बदरी अली वर्णित है। वर्ष 20.08.09 में जमाबंदी के अनुसार मेरा एवं मेरे पिता का सही नाम मोहम्मद फारूक पुत्र मोहम्मद मोफिल है। जिसे सही समझा जाए।
एपी-6864

I Manoj Mangla Alias Manoj Kumar Mangla S/o Hukam Chand R/o House No. B-20L Ward No. 9 Near Sanatan Dharam Mandir New Colony Palwal Haryana-121102, have changed my name to Manoj Kumar.

I KUSUM MANGLA alias KUSAM LATA W/o Manoj Kumar R/o House No. B-20L Ward No. 9 Near Sanatan Dharam Mandir New Colony Palwal Haryana-121102, have changed my name to KUSUM LATA.
एपी-6867

### बेदखली सूचना

**मैं,** श्रीमति सुदेश पत्नी स्व. जगदीश निवासी गांव घड़वाल तहसील गोहाना, जिला सोनीपत घोषणा करती हूं कि मेरा बेटा राकेश व उसकी पत्नी श्रीमती सुमन मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसीलिए मैं उन्हें अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। जो कोई भी मेरे बेटे व बहु से लेन-देन करेगा खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-6846

**मैं,** बिजेन्द्र पुत्र धनसी निवासी गांव रूपगढ़ तह. व जिला जीन्द अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरी पुत्री रितू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-6843

**मैं,** जसबीर कौर (आधार ना. 6281 0475 4918) पत्नी श्री जीतेन्द्र सिंह निवासी मकान न 169/8, फौजी कालोनी, वार्ड नं. 23; तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करती हूँ कि मैं अपनी पुत्री नरिन्द्र कौर जिसने ईसाई धर्म अपना लिया है व मेरे कहने सुनने से बाहर है, घर को चर्च बनाने व मेरे साथ मारपीट करती है व मुझे मेरे घर से निकालने की धमकी देती है को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य मैं जो भी व्यक्ति नरिन्द्र कौर के साथ लेन-देन करेगा वह अपने स्वयं का जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-6852

**मैं,** तेज पाल, पुत्र स्व साधु राम निवासी गांव और डाक रायपुर रानी जिला पंचकुला हरियाणा यह घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा चेतन मेरे नियंत्रण से बाहर है, इसलिए मैं अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इस से लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-6843

**मैं,** अनिल दत्ता, पुत्र श्री डिप्टी लाल दत्ता, निवासी मकान नंबर 628, गाँव दरिया, चंडीगढ़, यह सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री प्रतिक्षा दत्ता मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। उसके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** प्रकाश चंद चौहान सुपुत्र मुंशी राम, मकान नंबर 1619, सेक्टर 22-बी, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा पुत्र यमनदीप चौहान और उसकी पत्नी स्मृति जसवाल मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** सुरेंद्र राय सुपुत्र स्वर्गीय गति प्रसाद और रमावती पत्नी सुरेंद्र राय , मकान नंबर 1791, मौली जागरण कॉम्पलेक्स, चंडीगढ़, सूचित करते हैं कि हमारा पुत्र सतेंद्र कुमार राय उर्फ रवि हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। उसके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा

**मैं,** राजेश पुत्र देवी राम, निवासी 2527 स्मॉल फ्लैट्स फेस-2, रामदरबार, चंडीगढ़, सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र प्रिंस और राहुल मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** संगीता पत्नी चंद्र पाल, मकान नंबर 139/4, ग्राम खुडडा जस्सू, चंडीगढ़ न्सूचित करती हूँ कि मेरा पुत्र अंकित और उसकी पत्नी कशिश मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-6856

**मैं,** श्याम लता पत्नी श्री आत्माराम निवासी मकान नंबर 19 विवर्स कॉलोनी पानीपत बयां करती हूं कि मेरा पुत्र सतीश पुत्रवधू अमरेश व उनके बेटे गौरव और रवि मेरे कहे सुने से बाहर है वह अपनी मनमानी करते है इसलिए मैं इन सभी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने द्वारा किए गए कानूनी गैर कानूनी कार्यों के ये चारो वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरी व अन्य परिजनों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-6866

**मैं,** प्रवीन कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह गांव ढांड सब तहसील ढांड जिला कैथल मेरी पत्नी पुजा रानी मेरे कहने सुनने से बाहर है और मेरा कहना नही मानती इसलिए मैं इसके साथ सबन्ध विच्छेद करता हूँ।भविष्य में इसके द्वारा किये गए किसी भी लेनदेन व अच्छे बुरे कार्यों के लिए यह खुद जिम्मेवार होगी। मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य का इससे कोई तालुक वास्ता ना होगा।
एपी-6868

## श्रम मंत्री अनिल विज की सख्ती से 1500 करोड़ के वर्कस्लिप घोटाले का पर्दाफाश, सीएम से उच्चस्तरीय जांच की सिफारिश

# फर्जी वर्कस्लिपों का जाल टूटा- 13 जिलों में 5.46 लाख अवैध कार्य रसीदें पकड़ी: विज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 29 दिसंबर।** हरियाणा के श्रम मंत्री श्री अनिल विज की सतर्क और पैनी निगरानी के चलते श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में लंबे समय से चली आ रही वर्कस्लिप (कार्य रसीद) से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। प्रारंभिक जांच में यह घोटाला लगभग संभवतः 1500 करोड़ रुपए तक का होने की आशंका जताई जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्री विज ने इस पूरे प्रकरण की किसी प्रतिष्ठित जांच एजेंसी से गहन जांच कराने के लिए, मुख्यमंत्री को लिखा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रम मंत्री ने बताया कि हाल ही में उन्होंने बोर्ड की एक बैठक की अध्यक्षता की थी, जिसमें बोर्ड सदस्यों की नियुक्ति में अनियमितताओं के साथ-साथ निर्माण श्रमिकों को दी जाने वाली योजनाओं के लाभ वितरण में भी ग?ब्ड़ियां सामने आई। इसके बाद उन्होंने तत्काल जांच के आदेश दिए।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार, साइकिल की खरीद की अदायगी के लिए 5,000 रुपये, औजार के लिए अनुदान 8,000 रुपये, सिलाई मशीन के लिए 4,500 रुपये, मुख्यमंत्री महिला निर्माण श्रमिक सम्मान योजना के तहत 5,100 रुपये, कन्यादान योजना के तहत 03 बच्चों की शादी हेतु वित्तीय सहायता (सुपुत्री) के लिए 1,01,00 रुपये, महिला श्रमिक की स्वयं की शादी हेतु वित्तीय सहायता 50,000 रुपये की राशि दी जाती है।

इसी तरह, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर वास्तविक किराए की प्रतिपूर्ति के तहत वास्तविक रेल (द्वितीय श्रेणी) बस (साधारण) किराए की भरपाई और पैतृक घर जाने पर वास्तविक किराए की प्रतिपूर्ति के तहत वास्तविक रेल (द्वितीय श्रेणी)/बस (साधारण) किराए की भरपाई की जाती है। ऐसे ही, चिकित्सा सहायता (मजदूरी क्षतिपूर्ति) के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मजदूरी की भरपाई, घातक बीमारियों के इलाज के लिए वित्तीय सहायता के तहत एक लाख रूपए तक सहायता, अपंगता सहायता के अंतर्गत डेढ रुपये से 3 लाख रूपए, अपंगता पेंशन 3 हजार रूपए प्रतिमाह, अक्षम बच्चों को 3 हजार रूपए वित्तीय सहायता प्रतिमाह, पेशन (60 वर्ष उपरांत) 3,500 रुपये प्रतिमाह, पारिवारिक पेंशन 1,750 रुपये प्रतिमाह, विधवा पेंशन 3000 रुपये प्रतिमाह, मुख्यमंत्री श्रमिक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत मृत्यु पर वित्तीय सहायता के अंतर्गत कार्यस्थल पर दुर्घटना में 5,15,000 रुपये और अपंजीकृत श्रमिक की कार्यस्थल पर दुर्घटना में अपंगता होने पर डेढ लाख रूपए से 3 लाख रूपए और मृत्यु हो जाने पर वित्तीय सहायता 4 लाख रुपये दी जाती है।

उन्होंने बताया कि मकान की खरीद/निर्माण हेतु ब्याज मुक्त ऋण 2 लाख रुपये तक और मुख्यमंत्री पंजीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत 1,100 रुपये की राशि श्रमिकों को दी जाती है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं को लेने के लिए श्रमिक बोर्ड में कामगारों को अपने आपको पंजीकृत करवाना होता है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण करने के लिए, श्रमिक का 90 दिन से ज्यादा कार्य करने की वैरीफिकेशन/सत्यापन किया जाता है और वैरीफिकेशन होने के बाद ही पंजीकरण किया जाता है।

### अगस्त 2023 से मार्च 2025 के बीच जारी वर्कस्लिपों किया जा रहा है सत्यापनः विज

श्री विज ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर हिसार, कैथल, जींद, सिरसा, फरीदाबाद और भिवानी जिलों में जांच कराई गई, जहां बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाई गईं। इसके पश्चात राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश जारी कर जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया, जिनमें श्रम विभाग के अधिकारी सहित तीन अन्य अधिकारी शामिल किए गए। इन समितियों द्वारा अगस्त 2023 से मार्च 2025 के बीच जारी की गई ऑनलाइन वर्कस्लिपों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया लगभग चार माह पूर्व शुरू की गई थी, जिसमें अब तक 13 जिलों में 100 प्रतिशत सत्यापन पूरा हो चुका है।

### केवल 53,249 वर्कस्लिपें वैध

श्रम मंत्री ने बताया कि इन 13 जिलों में करनाल, रेवाड़ी, नूंह (मेवात), महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, झज्जर, पलवल, पानीपत, रोहतक, सोनीपत, पंचकूला, सिरसा और कैथल शामिल हैं, में कुल 5,99,758 वर्कस्लिपें जारी की गई थीं, जिनमें से केवल 53,249 वर्कस्लिपें वैध पाई गईं, जबकि 5,46,509 वर्कस्लिपें अवैध पाई गईं। इसी प्रकार, कुल 2,21,517 श्रमिकों के पंजीकरण में से सत्यापन के बाद केवल 14,240 श्रमिक ही पात्र पाए गए, जबकि 1,93,756 पंजीकरण फर्जी पाए गए।

### जो पात्र नहीं हैं, वे योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं

श्री विज ने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि कई स्थानों पर गांव के गांव फर्जी पंजीकरण कर वर्कस्लिपें बनाई गईं, ताकि अपात्र लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। एक श्रमिक को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से औसतन 2.5 लाख रुपए तक का लाभ दिया जाता है, जिससे सरकार को भारी वित्तीय क्षति होने की संभावना है। श्रम मंत्री ने कहा कि 'जो पात्र नहीं हैं, वे योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। यह सीधी-सीधी लूट है और सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये की आर्थिक हानि पहुंचाई जा रही है।'

### नए आवेदन स्वीकार न करने के दिए गए निर्देशः विज

विज ने बताया कि सत्यापन समितियों द्वारा कार्यस्थल की वास्तविकता, निर्माण कार्य में सहभागिता, नियोक्ता विवरण, स्थानीय जांच और क्षेत्र भ्रमण सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच अवधि के दौरान आरटीएस की समय-सीमा रोकी गई, सरल केंद्रों को नए आवेदन स्वीकार न करने के निर्देश दिए गए तथा सभी शिकायत निवारण प्लेटफॉर्मों को आवश्यक सूचनाएं जारी की गईं। श्री विज ने स्पष्ट किया कि पहले से स्वीकृत पेंशन योजनाओं को रोका नहीं गया है, जबकि मृत्यु, दुर्घटना एवं अंत्येष्टि सहायता जैसी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर जारी किया जा रहा है।

### भ्रष्टाचार पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं

उन्होंने बताया कि हरियाणा में निर्माण श्रमिकों के लिए मातृत्व-पितृत्व लाभ, शिक्षा सहायता, छात्रवृति, तकनीकी शिक्षा प्रतिपूर्ति, पेंशन, विवाह सहायता, चिकित्सा सहायता, आवास ऋण, दुर्घटना मुआवजा सहित अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं, जिनका उद्देश्य वास्तविक श्रमिकों का सशक्तिकरण है। इन योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं श्रमिकों को मिलना चाहिए जो 90 दिनों के कार्य सत्यापन के बाद विधिवत पंजीकृत हों। श्रम मंत्री ने दोहराया कि भ्रष्टाचार पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। श्री विज ने बताया कि हरियाणा में भवन निर्माण में लगे श्रमिकों के विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ प्रदान किया जाता है जिनमें मातृत्व लाभ 36 हजार रुपये, पितृत्व लाभ 21 हजार रुपये, पंजीकृत कामगार के बच्चों की शिक्षा हेतु दिए जाने वाले लाभों के अंतर्गत बच्चों की पहली कक्षा से उच्च शिक्षा तक की वार्षिक वित्तीय सहायता 8,000 रुपये से 20,000 रुपये तक, पंजीकृत कामगारों के मेधावी बच्चों के 10वीं/12वीं की परीक्षा में 60 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त पर 21 हजार रुपये से 51 हजार रुपए छात्रवृत्ति, वास्तविक सरकारी खर्चे के अनुसार कामगार के बच्चों को प्रोफेशनल व टैक्निकल कोर्स हेतु पूर्ण शैक्षणिक व्यय की प्रतिपूर्ति, मुख्यमंत्री श्रम योगी प्रतिभावान योजना के तहत लैपटॉप हेतु 49 हजार रुपये की राशि दी जाती है।

## न्यूज़ ब्रीफ


### निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रा कुमारी कशिश का तीसरा स्थान



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया/अरविंद)।** वीर बाल दिवस के उपलक्ष में आयोजित राज्यस्तरीय निबंध प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेडा, कुरुक्षेत्र की छात्रा कुमारी कशिश ने जिले में प्रथम स्थान व राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या मनप्रीत कौर ने बताया कि छोटे साहिबजादों की शहादत की याद में वार बाल दिवस हेतु आयोजित राज्यस्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में 12 छात्रों को विजेता घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में हरियाणा के म्ख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेडा, कुरुक्षेत्र की छात्रा कुमारी कशिश ने राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कुमारी कशिश को 5100 रुपये का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेडा, कुरुक्षेत्र की प्राचार्या मनप्रीत कौर, छात्रा कुमारी कशिश व पंजाबी की प्राध्यापिका श्रीमति जसबार कौर उपस्थित थी। प्राचार्या मनप्रीत कौर ने बताया कि जिले में प्रथम एवं राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय में आकर कुमारी कशिश को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या मनप्रीत कौर, जसबीर कौर, संगीता रानी, सुनीता रानी, कंवरजीत, अनिल, सुमन बाला व अन्य सभी सदस्य मौजूद रहे।

### जींद के एनसीसी कैडेट आमिन का गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चयन

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** राजकीय महाविद्यालय, जींद के एनसीसी



कैडेट आमिन का चयन गणतंत्र दिवस शिविर 2026, नई दिल्ली के लिए हो गया है। इस उपलब्धि के लिए कॉलेज परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कैडेट आमिन ने डीसीएटी, आईजीसी और प्री-आरडीसी जैसे सभी चरण सफलतापूर्वक पार किए। अब वे 27 दिसंबर 2025 से 5 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेंगे। इस दौरान वे राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। कैडेट आमिन एनसीसी आर्मी विंग, 15 हरियाणा बटालियन से जुड़े हैं। उन्होंने अनुशासन, नेतृत्व और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस सफलता के लिए उन्होंने प्राचार्य डॉ. सत्यवान मलिक के नेतृत्व और कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जगज्योत ढोढी, एएनओ लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा तथा सीटीओ डॉ. ज्योति लाडवाल के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया। महाविद्यालय परिवार ने कैडेट आमिन को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### चुनावी बैठक का आयोजन



**कैथल (अप्रस/विनीत गर्ग)।** इलाइट क्लब कैथल ने अपनी चुनावी बैठक का आयोजन किया। इलाइट क्लब कैथल ने आगामी वर्ष 2026 के लिए अपनी बैठक स्थानीय ढांड रोड पर आयोजित की। क्लब ने यह बैठक वर्ष 2026 के प्रधान चुने बारे की। बैठक में मौजूद सदस्यों ने आगामी वर्ष के कार्यों पर चर्चा की। वर्ष 2026 के लिए अपना प्रधान चुना,क्लब के सदस्यों ने सर्वसम्मति से वर्ष 2026 के लिए अपना प्रधान मोहित खुरानिया को चुना। इस अवसर पर मोहित खुरानिया ने सभी सदस्यों का आभार जताया व भरोसा दिलाया कि जो जिम्मेदारी क्लब के सदस्यों ने उन पर दी है वह उसे पूर्णताया भरोसे व ईमानदारी से निभाएंगे। इस अवसर पर क्लब के सदस्य राणा बंसल, अमित बंसल, पंकज गुप्ता, पुलकित चौधरी, अमन गोयल, राम चौधरी,निशांत गौरव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस लाईन में 'चैंपियंस इन मेकिंग 2.0' का भव्य आगाज

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** कुरुक्षेत्र के डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल द्वारा आगामी 30 दिसंबर 2025 को 'चैंपियंस इन मेकिंग 2.0' शीर्षक के तहत वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता – 2025 का शानदार आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस लाइन्स ग्राउंड (सेक्टर-05 के सामने) में आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों के भीतर छिपी खेल प्रतिभा, असीम ऊर्जा और आत्मविश्वास को एक बड़ा मंच प्रदान करना है। इस गौरवमयी समारोह में कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी और जिला खेल अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करेंगे, सुबह 10-30 बजे से शुरू होने वाले इस समागम में जहाँ एक ओर ट्रैक एंड फील्ड की विभिन्न स्पर्धाओं में बच्चे अपना दमखम दिखाएंगे, वहीं दूसरी ओर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। डी. ए. वी. पुलिस पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र की माननीय प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका भाटिया जी ने अभिभावकों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे भारी संख्या में पहुँचकर मैदान पर अपनी चमक बिखेरने वाले इन 'नन्हे सितारों' का उत्साहवर्धन करें और इस खेल उत्सव को यादगार बनाएँ।

## जैन आचार्य लोकेशजी ने सनातन दिग्गजों को मोरारी बापू की रामकथा में आमंत्रित किया

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत 29 दिसम्बर।** अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेशजी ने पीतमपुरा में श्री मरघट वाले बाबा मित्र मण्डल द्वारा आयोजित धार्मिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व शांति केन्द्र मिशन के लिए आयोजित मोरारी बापू रामकथा सनातन संस्कृति की एक ऐतिहासिक घटना 17 से 25 जनवरी 2026 को भारत की राजधानी दिल्ली में भारत मंडपम के मल्टीपर्पस हाल लेवल 3 में होने जा रही है।

जैन आचार्य लोकेशजी ने रामकथा में खाटू श्याम दिल्ली धाम के चेयरमैन श्री घनश्याम गुप्ता जावेरी, मेहंदीपुर बालाजी के अध्यक्ष महंत श्री, एकल परिवार, अखिल भारतीय अग्रवाल परिवार, अग्रसेन अस्पताल, ओम सनातन संस्थान के पदाधिकारियों को रामकथा में आमंत्रित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति के इस महाकुंभ में सभी को उपस्थित रहकर विश्व शांति के लिए संयुक्त प्रयास करने होंगे। मोरारी बापू का रामकथा के माध्यम से विश्व शांति एवं सद्भावना का आह्वान देश दुनिया के कोने कोने में प्रसारित होने जा रहा है।

श्री घनश्याम गुप्ता जावेरी ने कहा कि इतिहास में पहली बार जैन आचार्य लोकेशजी ने नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन किया है। यह सनातन एकता और भारतीय संस्कृति की अखंडता का जागृत उदाहरण है। भगवान राम और भगवान महावीर दोनों का जीवन अहिंसा, करुणा, शांति, सत्यनिष्ठा और वचनबद्धता पर आधारित था। इस मंच के माध्यम से इन महापुरुषों का संदेश जन जन तक प्रसारित होगा।

## समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने सुनीं जनसमस्याएं

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** एसडीएम शिवजीत भारती ने समाधान शिविर के दौरान विभिन्न गांवों व वार्डों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सरकार की जनकल्याणकारी पहल है, जिससे आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। शिविर में परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन, बिजली आपूर्ति, ट्रांसफॉर्मर बदलने तथा बीपीएल कार्ड से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। एसडीएम ने सभी मामलों में अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनील कुमार, बीडीपीओ जोगेश कुमार, रीडर नवीन सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मॉडल केएम स्कूल टोहाना में वार्षिक उत्सव की धूम डीएसपी उमेद सिंह चहल ने की मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 28 दिसंबर।** स्थानीय मॉडल के० एम० स्कूल टोहाना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में डीएसपी उमेद सिंह चहल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में नेरष बांसल और एचएस छोकर भी मौजूद रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटे बच्चों ने जहाँ अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से सबका दिल जीत लिया, वहीं वरिष्ठ छात्रों ने देशभक्ति, सामाजिक कुरीतियों और शिक्षा के महत्व पर आधारित नाटकों के माध्यम से दर्शकों को भावुक और जागरूक किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीएसपी उमेद सिंह चहल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्कूल का वार्षिक उत्सव बच्चों की प्रतिभा को निखारने का एक बेहतरीन मंच है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन का पालन करने, नशे से दूर रहने और कड़ी मेहनत से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने हरियाणा में 10वीं व 12वीं कक्षा में टॉप10 के चंचल गिल व ज्योति बेनिवाल को स्कूटी व 18 विद्यार्थीयों को कैश प्राइज देकर व शैक्षणिक, खेलकूद और गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। एनएसएस के स्वंयसेवकों ने अपनी अनुशासन की ड्यूटी को पूरा उत्साह के साथ निभाया। स्कूल प्रबंधन ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रणधीर पूनियां, ए०एन० बहुगुणा, संदीप पूनिया, सतपाल नैन, अमन पूनिया, विश्वपाल पूनिया, धर्मवीर सिंह, पुष्पा देवी, नीति मेहता, सीमा सिगँला, विजय, मनजीत, अनिल, अशोक, रमन, सिमरन, जयभगवान, सुखदीप कौर, सुनीता, ज्योती, मोहित शर्मा, सुनील, जगबीर, रामपाल, व अन्य सभी स्टॅाफ सदस्य व बच्चे उपस्थित रहे।

## खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व का विकास करते हैं: वीरेंद्र सिंगला

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत 29 दिसंबर।** आर्य कॉलेज ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित इंटर जोनल बेसबॉल पुरुष चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल । यह प्रतियोगिता यूनिवर्सिटी के खेल प्रांगण में 27.12.25 से 28.12.25 तक कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित करवाई गई थी ।

आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सवर्ण पदक अपने नाम किया है । परिणाम कुछ इस प्रकार रहे महाविद्यालय की टीम ने प्रथम मैच में गुरु नानक खालसा कालेज को 3-0 दूसरे मैच में आर.के.एस.डी कैथल को 7-4 से हराया। तीसरे व निर्णायक मैच में एस.ए जैन कालेज अंबाला के साथ ड्रॉ मैच खेलकर 5 अंकों के साथ गोल्ड अपने नाम किया । कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी विजेता प्रतिभागियों को कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने इस जीत का श्रेय शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के उप-प्रधान वीरेंद्र शिंगला ने अपने सम्बोधन में कहा कि आर्य कॉलेज के विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलकूद के मैदान में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रहना चाहिए क्योंकि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व जैसी गुणों का विकास करते हैं।

## श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के पूर्व प्रधान विश्वपाल गोयल टिक्कू की स्मृति में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के पूर्व प्रधान विश्वपाल गोयल टिक्कू की स्मृति में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान विश्वपाल गोयल टिक्कू एवं उनके परिवार द्वारा अग्रवाल समाज के लिए किए गए जनहित कार्यों को भी याद किया गया। इसी अवसर पर सर्दी के मौसम को देखते हुए असहाय एवं जरूरतमंद परिवार के करीब डे? सौ से अधिक स्कूली बच्चों को हरवर्ष की भांति जूते एवं अन्य सामान भी वितरित किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान विश्वपाल गोयल टिक्कू एवं उनके परिवार के सदस्यों का आभार भी व्यक्त किया गया। इस अवसर पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला, विशेष गर्ग, गौरव तायल, कुलवंत गर्ग, नवकेतन गोयल, नितिन गोयल, शुभम गोयल, माणिक गोयल, अभिनव अग्रवाल, तनुज काठपाल, राजेश्वर गोयल इत्यादि भी मौजूद रहे।

## मेहर बुक डिपो व लिटिल कैंपस इंटरनेशनल स्कूल का रक्तदान एवं चिकित्सा जांच शिविर 2 जनवरी को

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 29 दिसंबर।** मेहर बुक डिपो एवं लिटिल कैंपस इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में पूज्यनीय स्वर्गीय माता श्रीमती संतोष रानी जी की 78वीं जन्म वर्षगांठ के अवसर पर 2 जनवरी 2026 को 22वाँ रक्तदान शिविर एवं विशाल चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर को 'मातृछाया दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

आयोजकों ने बताया कि संतोष रानी जी की पुण्य स्मृति में 17वाँ निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें बी.एस. हार्ट केयर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का सहयोग रहेगा। शिविर में हृदय, मधुमेह व कोलेस्ट्रॉल की जाँच डॉ. पवन बंसल (एम.डी.) की टीम द्वारा, हड्डी रोग जाँच डॉ. गौरव की टीम द्वारा तथा स्त्री रोग जाँच डॉ. सुरभि तिवारी द्वारा की जाएगी।

शिविर में आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर सहयोग करने की अपील की है।

स्थानः मेहरचंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी, कीर्ति नगर, कुरुक्षेत्र

समयः प्रातः 10 बजे

## अगर आज हम अपने पर्यावरण की रक्षा करेंगे तभी आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर कल से पाएंगे: वर्षा शर्मा

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत 29 नवंबर।** 'वर्तमान बचाएं और भविष्य की सुरक्षा करें÷ पर्यावरण कानूनी साक्षरता सुरक्षा पहल का किया गया आयोजन जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत सचिव श्रीमती वर्षा शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में एवं नालसा के निर्देशानुसार पानीपत में कैनाल कैंप राजकीय उच्च विद्यालय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिठना एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदौली में पर्यावरण बचाओ एवं प्रदूषण मिटाओ के बारे में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। पानीपत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रदूषण नियंत्रण विभाग और एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

एमडीडी ऑफ इंडिया जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि बढ़ता हुआ प्रदूषण आज मानवता के लिए एक गंभीर खतरा बना चुका है। इसी प्रदूषण की वजह से दिल्ली में ए क्यू आई खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है और लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। एयर प्यूरीफायर की बिक्री इतनी तेजी से बढ़ी है कि मार्केट में उनका स्टॉक खत्म हो गया है। लेकिन इसका खामियाजा सबसे ज्यादा गरीब तबकों पर पड़ रहा है।

अगर यही हालात रहे तो आने वाले कुछ ही सालों में बच्चों को बस्ते के साथ ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा।

पैनल एडवोकेट पूनम पांचाल ने कहा कि हम सबको मिलकर पर्यावरण बचाने की दिशा में सोचना पड़ेगा। हम सबको जन्मदिन या विवाह और अन्य मौकों पर न केवल वृक्षारोपण करना चाहिए बल्कि उनकी अच्छे से देखभाल भी करनी चाहिए। साथ ही कचरे को जलाने से बचना चाहिए बल्कि कम से कम कचरा पैदा करने की दिशा में आगे बढ़ना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग से डॉ मनीषा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण की वजह से खांसी,फेफड़ों की बीमारियां, गले का कैंसर जैसी अनेकों बीमारियों बढ़ रही हैं जिनका समय पर उचित उपचार कराना बेहद जरूरी है।

## एग्री स्टैक योजना के तहत यूनिक आईडी बनवाए किसान: मीणा

### राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा लगाए जा रहे विशेष शिविर, यूनिक फार्मर आईडी से मिलेगा सरकारी योजना का लाभ

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 29 दिसंबर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एग्री स्टैक योजना के तहत किसानों की एक यूनिक फार्मर आईडी बनाई जा रही है। इस यूनिक फार्मर आईडी से सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा खंड कृषि विकास अधिकारी कार्यालय तथा संबधित तहसील में भी पंजीकरण करवा सकते हैं।

उपायुक्त विश्राम कुमार ने कहा कि एग्री स्टैक एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसका उद्देश्य खेती-किसानी से जुड़ी जानकारी को एक मंच पर लाना है। जिस तरह हर नागरिक की पहचान आधार कार्ड से होती है, उसी तरह यूनिक फार्मर आईडी किसानों की स्टीक और पारदर्शी डिजिटल पहचान बनेगी।

उपायुक्त ने कहा कि यह पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और आधुनिक है। किसानों का पंजीकरण आधार कार्ड पर आधारित प्रमाणीकरण प्रक्रिया के जरिए किया जाता है। ओटीपी के जरिए किसान की पहचान और भूमि रिकॉर्ड का मिलान डिजिटल रूप से किया जाता है। किसानों की सुविधा के लिए गांवों और ब्लॉक स्तर पर राजस्व और कृषि विभाग की टीमें विशेष शिविर लगा रही हैं।इस डिजिटल आईडी के बन जाने से किसानों को काफी फायदे होंगे।

### समाधान शिविर में पहुंचने वाले एक-एक व्यक्ति की समस्या का किया जा रहा है समाधान

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर में पहुंचने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान किया जा रहा है। इस शिविर में हर समस्या का गंभीरता के साथ सुना जा रहा है और मौके पर ही सम्बन्धित विभाग के माध्यम से समस्या का समाधान भी किया जा रहा है। इस शिविर की एक-एक समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है ताकि प्रत्येक व्यक्ति को समय रहते शिविर का फायदा मिल सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों को सुन रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार ने सिंचाई विभाग की पानी निकासी, पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग की पेंशन सम्बन्धित और क्रिड विभाग के साथ-साथ बिजली विभाग की समस्या का मौके पर समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को आदेश दिए है।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही है प्रति माह 2100 की वित्तीय सहायता

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 2100 प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि आवेदक के पास यदि उपरोक्त दस्तावेजों में से कोई दस्तावेज नहीं है तो वह कोई अन्य प्रमाण पत्र सहित 5 वर्ष से हरियाणा में रिहायश का हलफनामा दे सकता है।

# पौष नवमी : सूर्य उपासना, दान-पुण्य और पीपल पूजा से मिलती है सुख-समृद्धि

पौष नवमी का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व होता है जिस दिन सूर्य पूजा, दान-पुण्य और स्नान का विशेष महत्व होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार दसवां महीना होता है। यह महीना धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह सूर्य देव की पूजा के लिए समर्पित है। इस साल पौष माह का आरंभ दिन शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025 से हुआ है। यह माह बहुत शुभ फल देने वाला है, लेकिन कुछ ऐसे नियम और वर्जित काम हैं जिन्हें इस महीने के दौरान नहीं करना चाहिए। पौष माह में नवमी तिथि का खास महत्व है एवं इस किए गए दान बहुत लाभदायी होता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार नवमी तिथि कृष्ण पक्ष एवं शुक्ल पक्ष दोनों में होती है और देवी दुर्गा से संबंधित मानी जाती है, मां दुर्गा के सिद्धिदात्री रूप से विशेष प्रकार से सम्बन्धित है। इस मास में सूर्य देव की उपासना, स्नान, दान, और पितृ तर्पण से शुभ फल मिलते हैं, धन-धान्य में वृद्धि होती है और ग्रह दोष शांत होते हैं।

धनुर्मास पौष मास को धनुर्मास भी कहते हैं क्योंकि इस दौरान सूर्य धनु राशि में रहते हैं। पौष नवमी एक शुभ तिथि है जो पौष मास में आती है और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है, जिसमें खासकर भगवान सूर्य और देवी दुर्गा की पूजा की जाती है।

पंडितों के अनुसार पौष नवमी से जुड़ी पौराणिक कथा एक गरीब ब्राह्मण कन्या और पीपल वृक्ष की है। एक गांव में एक निर्धन ब्राह्मण अपनी गुणवान बेटी के साथ रहता था, लेकिन कन्या के विवाह में कई बाधाएं आ रही थीं। एक दिन एक साधु उनके घर आए, सेवा से प्रसन्न होकर साधु ने कन्या को बताया कि पास के एक घर में जाकर प्रतिदिन सेवा करे, तो बाधाएं दूर होंगी। इस तरह कन्या ने निःस्वार्थ सेवा और पीपल की परिक्रमा की, जिससे विवाह की बाधाएं दूर हुई, कन्या ने निस्वार्थ भाव से उस घर की साफ-सफाई की, वहां की महिला ने जब यह देखा, तो प्रसन्न होकर कन्या को जल्द विवाह का आशीर्वाद दिया। लेकिन कुछ समय बाद उसके पति की मृत्यु हो गई। दुखी महिला ने अपने आंगन के पीपल वृक्ष की 108 परिक्रमाएं कीं और भगवान विष्णु से प्रार्थना की। संयोग से वह तिथि पौष नवमी थी। इस पूजा एवं प्रार्थना से महिला के पति को पुनर्जीवन मिला, जिससे यह व्रत सभी कष्टों को दूर करने और सुख-समृद्धि लाने वाला माना जाता है। इस प्रकार भगवान की कृपा से महिला के पति पुनर्जीवित हो उठे और कन्या का विवाह भी संपन्न हो गया. तभी से पौष नवमी पर पीपल की पूजा और परिक्रमा को अत्यंत फलदायी माना जाता है।



शास्त्रों के अनुसार पौष महीने में सूर्य धनु राशि में प्रवेश करते हैं, जिसे धनु संक्रांति कहा जाता है। इस अवधि को खरमास भी कहते हैं। ऐसे में इस पूरे महीने में विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, और नए व्यवसाय की शुरुआत जैसे सभी मांगलिक काम वर्जित माने जाते हैं। खरमास में किए गए शुभ कार्यों का फल अच्छा नहीं मिलता है। इस महीने में प्रतिदिन शरीर की तेल मालिश करने से बचना चाहिए। इस माह तिल का दान करना भी बहुत शुभ माना जाता है। इस दौरान नए अनाज का सेवन बिना देवताओं को भोग लगाए नहीं करना चाहिए। इस माह अन्न का दान करना बहुत पुण्यदायी माना जाता है। पौष महीने में ठंडी चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए। इस माह गुड़, अदरक, लहसुन और तिल का सेवन करना लाभकारी होता है। इस माह में प्रतिदिन सूर्य देव को अर्घ्य देना चाहिए और पितरों का तर्पण करना चाहिए। इस दौरान सूर्य को जल चढ़ाना चाहिए और सूर्य देव के वैदिक मंत्रों का जप करना चाहिए।

पौष नवमी तिथि पर करें इन मंत्रों का जाप

ऊँ ह्रीं ह्रीं सूर्याय नमः।।

ऊँ घृणिः सूर्य आदित्यः क्लीं ऊँ।।

ऊँ ह्रीं ह्रीं सूर्याय सहस्त्रकिरणराय मनोवांछित फलम् देहि देहि स्वाहा।।

पौष विक्रम संवत का दसवां महीना कहा जाता है। इस मास में हेमंत ऋतु होने से ठंड अधिक होती है। धर्म ग्रंथों के अनुसार इस मास में भग नाम सूर्य की उपासना करना चाहिए। पंडितों के अनुसार पौष मास में भगवान भास्कर ग्यारह हजार रश्मियों के साथ तपकर सर्दी से राहत देते हैं। इनका वर्ण रक्त के समान है। शास्त्रों में ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य को ही भग कहा गया है और इनसे युक्त को ही भगवान माना गया है। यही कारण है कि पौष मास का भग नामक सूर्य साक्षात परब्रह्म का ही स्वरूप माना गया है। पौष मास में सूर्य को अर्ध्य देने तथा उसके निमित्त व्रत करने का भी विशेष महत्व धर्मशास्त्रों में उल्लेखित है। आदित्य पुराण के अनुसार पौष माह के हर रविवार को तांबे के बर्तन में शुद्ध जल, लाल चंदन और लाल रंग के फूल डालकर सूर्य को अर्ध्य देना चाहिए तथा विष्णवे नमः मंत्र का जप करना चाहिए। इस मास के प्रति रविवार को व्रत रखकर सूर्य को तिल-चावल की खिचड़ी का भोग लगाने से मनुष्य तेजस्वी बनता है।

पंडितों के अनुसार पौष मास भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण को बहुत प्रिय है। इस महीने में इनकी पूजा करने से विशेष फल मिलता है। इस दिन पवित्र नदियों में अन्न, स्नान, ऊनी वस्त्र, तिल और गुड़ का दान करने से पापों का नाश होता है। जिन लोगों को पितृ दोष है, उन्हें इस दिन पितरों के लिए तर्पण और श्राद्ध कर्म करना चाहिए। सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करने के कारण पौष मास में विवाह जैसे शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं, लेकिन यह महीना पूजा-पाठ और दान के लिए शुभ होता है।

# युवाओं का सही मार्गदर्शन करने की जरूरत : मुनिश्री विनय कुमार जी



चंडीगढ़। युवाओं को सही मार्गदर्शन की सख्त जरूरत है क्योंकि वे देश का भविष्य हैं, और उन्हें सही दिशा देने से करियर, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक विकास में मदद मिलती है; मार्गदर्शन उन्हें आत्मविश्वास, नेतृत्व कौशल और सही चुनाव करने की क्षमता देता है, खासकर बेरोजगारी, नशे और तनाव जैसी चुनौतियों के बीच, जिसके लिए माता-पिता, शिक्षकों और समाज की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है, ताकि वे सकारात्मक सोच और सार्थक जीवन जी सकें। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार में कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा अगर युवाओं को सही मार्गदर्शन मिले तो वह अपने भविष्य के लिए सही करियर का चुनाव कर सकता है। जब बच्चा स्कूल से निकलता है और कॉलेज में जाता है तो उस समय उसे सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। यही वह समय होता है जब बच्चे का कॅरियर आरभ होता है। पाश्चात्य संस्कृति के कारण वर्तमान युवा पीढ़ी अपनी राह से विचलित हो रही है, उसे सही दिशा एवं मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संस्कार मनुष्य को न केवल स्वयं के जीने की राह दिखाता है बल्कि वह व्यक्ति संस्कारों से अभिभूत होकर एक आदर्श मनुष्य की भूमिका निभाता है। माता पिता से बढ़कर इस दुनिया में कोई गुरू नहीं है। अगर आप गुरू के हृदय में बसना चाहते हो तो माता पिता के हृदय मे अपना स्थान बनाओ। उन्होंने युवाओं को संस्कारवान बनने एवं नशा नहीं करने की अपील की।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया समाज के लिए जहां व्यक्ति एकत्रित होते हैं, वहां उनमें पारस्परिक सम्बन्ध अनिवार्य रूप से होने चाहिए. इसी समाज को अगर समझा जाए तो समाज संस्कृत के दो शब्दों सम् और अज से मिलकर बना है। सम् का अर्थ इकट्ठा व अज का अर्थ एक साथ रहना। इस प्रकार एक साथ रहने वाले समूह को समाज कहते हैं, यानि समाज बन्धु भाव पर एकत्रित एक आदर्श स्थिति है। ऐसे ही समाज में सब समरस भाव से रहते हैं, सभी मनुष्य अपने जैसा सबको मान, सबके साथ अपने परिवार के सदस्य की भाँति ही व्यवहार करें यही तो है सामाजिक समरसता। महात्मा बुद्ध ने सामाजिक समरसता को समझाया है। बुद्ध कहते हैं - 'जिस कारण मुझे दुख होता है, पीड़ा पहुँचती है, उसी कारण दूसरों को भी दुख होता है, किसी ने मुझे गाली दी तो मुझे दुख होता है। इसीलिए मुझे भी किसी को गाली नहीं देनी चाहिए. किसी ने मेरे घर पर चोरी की तो मुझे दुख होता है, तो मुझे भी कहीं चोरी नहीं करनी चाहिए. किसी ने झूठी गवाही देकर मुझे फंसाया तो मुझे दुख होता है, मुझे भी यह काम किसी और के साथ नहीं करना चाहिए। जैसा मैं, वैसा अन्य, का यही अर्थ होता है।

अतुल मुनि जी ने फरमाया यदि युवा शक्ति को सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए और उनकी मदद की जाए तो इससे युवाओं का विकास संभव है और युवाओं के विकास से ही देश का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि साक्षरता के साथ- साथ बेरोजगारी भी हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है।

## 31 को आयोजित होगी जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम करेंगे आमजन की समस्याओं की सुनवाई

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिला के आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 31 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे पंचायत भवन स्थित जिला परिषद हॉल में आयोजित की जाएगी।इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री तथा जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष गौरव गौतम करेंगे। बैठक के दौरान आमजन की समस्याएं सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# दिमाग को हमने कल्याण में लगाना है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

दिमाग होना कोई बुरी बात नहीं। दिमाग तो होना ही चाहिए लेकिन इसे हमने कल्याण में लगाना है। अगर इसके द्वारा औरों के काम आया जा रहा है, महापुरुषों की शिक्षाओं के अनुसार कार्य हो रहे हैं तो इस दिमाग की महत्ता भी है और इसे यश भी प्राप्त होता है। वर्ना धिक्कार ही इसके हिस्से में आती है। इसीलिए महापुरुष-भक्तजन, इन्सान को पैगाम देते हैं कि ऐ इन्सान, तूने इस उत्तम योनि को प्राप्त किया है तो उत्तम जीवन ही जीना है। तूने इस जीवन के महत्व को, उत्तमता को प्रमाणित करना है तथा यश प्राप्त करना है। अपने कर्मो द्वारा स्वयं भी सुख प्राप्त करना है तथा औरों को भी सुख प्रदान करना है। तूने संसार को ऐसी देन प्रदान करनी है जैसी गुरुओं-पीरो-पैगम्बरों ने पहले दी है।

महापुरुषों की शिक्षा से तमाम धर्मग्रन्थ, वेदादि सत्य-शास्त्र भरे पड़े हैं। इतना कुछ लिखा गया है कि अगर पूरा जीवन हमारा लग जाये तब भी शायद एक शास्त्र को भी हम पूरी तरह पढ़ नहीं पायेंगे। आखिर वे हमें क्या समझाना चाह रहे हैं? आखिर क्या जरूरत पड़ गई इतने-इतने शास्त्र लिखने की? इन्सान के पास तो दिमाग है फिर इसे इतने शास्त्रों की, व्याख्याओं की क्या आवश्यकता है? विडम्बना यही है कि मालिक ने दिमाग दिया इन्सान को; लेकिन इन्सान ने इसका इस्तेमाल इस तरह से किया कि अपनी मानवता की डगर को ही छोड़ दिया तथा हैवानी चाल पकड़ ली 7 इसे फिर से इन्सानियत की राह पर चलाने के लिए ही तो गुरु-पीर-पैगम्बरों को कितने-कितने रुप धारण करने पड़े। कहीं हज़रत ईसा मसीह जी का रूप बन रहा है, कहीं भगवान राम, भगवान कृष्ण तथा कहीं श्री गुरु नानक देव जी महाराज, गुरु गोविन्द सिंह जी का रूप बन रहा है। इसी प्रकार और भी अनेकों रूपों में भक्तजन संसार को क्या देन देना चाह रहे हैं? क्या बड़ी-बड़ी बिल्डिंगे, बड़ी लम्बी उम्र या समर्थाएं प्राप्त करना ही उनका योगदान रहा है? कोई बहुत बड़ी-बड़ी साइंटिफिक या साईक्लोजिकल (वैज्ञानिक या मनोवैज्ञानिक) तरक्कियां ही उनकी देन रही हैं? ऐसा नहीं है। तमाम गुरु-पीर-पैगम्बरों ने यही पैगाम इन्सान को दिया है कि ऐ इन्सान, तूने इन्सान बनकर जीना है। इस जीवन को जीने की विधि ही महापुरुष सदैव बताते रहे हैं कि ऐ इन्सान, तू ऐसी मति प्राप्त कर ले जो सन्तों-महापुरुषों वाली है। महापुरुषों की मति, महापुरुषों के भाव अगर तेरे हृदय मे बस जायेंगे तो इन्सान वास्तव में इन्सान बन जाएगा। ऐसी अवस्था में वह सदा दूसरों को सुख देने का प्रयास करता है। दूसरों के आँसू पोछ कर उन्हें हँसी प्रदान करता है। महापुरुष स्वयं सत्य के साथ जुड़े होते हैं और हमारा नाता भी सत्य से जोड़ देते हैं। महापुरुषों के स्वयं के भ्रम मिटे होते हैं इसलिए वे हमारे भ्रम भी मिटा देते हैं। जब उजाला हो जाता है, भ्रम समाप्त हो जाते हैं तो इन्सान का असली स्वरूप सामने आ जाता है और वह वास्तव में इन्सान कहलाने का हकदार बन जाता है। सन्तों-महापुरुषों ने सदैव हर मुल्क में यही सन्देश दिया है लेकिन युगों-युगों से हम देख रहे हैं कि किस कद्र इन्सान मानवता का नुकसान करता चला आ रहा है।

## पंचांग

मंगलवार, 30 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:13 ए एम, सूर्यास्तः 05:34 पी एम, चन्द्रोदयः 01:33 पी एम, चन्द्रास्तः 03:43 ए एम, दिसम्बर 31, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः मंगलवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः दशमी - 07:50 ए एम तक, क्षय तिथिः एकादशी - 05:00 ए एम, दिसम्बर 31 तक, नक्षत्रः भरणी - 03:58 ए एम, दिसम्बर 31 तक, योगः सिद्ध - 01:02 ए एम, दिसम्बर 31 तक, करणः गर - 07:50 ए एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 06:28 पी एम तक, क्षय करणः विष्टि - 05:00 ए एम, दिसम्बर 31 तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः मेष, राहुकालः 02:59 पी एम से 04:17 पी एम, गुलिक कालः 12:24 पी एम से 01:41 पी एम, यमगण्डः 09:49 ए एम से 11:06 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 12:03 पी एम से 12:44 पी एम, दुर्मुहूर्तः 09:18 ए एम से 09:59 ए एम, दुर्मुहूर्तः 11:02 पी एम से 11:57 पी एम, अमृत कालः 11:35 पी एम से 01:03 ए एम, दिसम्बर 31, वर्ज्यः 02:49 पी एम से 04:17 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** माता-पिता का स्वास्थ्य चिंता का कारण बन सकता है। जल्दबाज़ी में फ़ैसले न लें ख़ासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक्त।

**वृषः** विवाहित अपनी पारिवारिक समस्याओं को जीवनसाथी से साझा करेंगे तो निश्चित हल निकल सकता है।

**मिथुनः** दोस्तों और भाइयों से सहयोग मिलेगा। अचानक कोई खास काम आपको करना पड़ सकता है।

**कर्कः** आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। इस बात में सावधानी बरतें कि आप किसके साथ आर्थिक लेन-देन कर रहे हैं।

**सिंहः** पारिवारिक समारोह और महत्वपूर्ण अवसरों के लिए अच्छा दिन है। ऑफिस में आपका कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा।

**कन्याः** आपका ध्यान परिवार और पैसे पर होगा। हर मौके का फायदा उठाने की कोशिश करें।

**तुलाः** घर के लोग आपके ख़र्चीले स्वभाव की आलोचना करेंगे। आपको भविष्य के लिए पैसे जमा करने चाहिए, नहीं तो आगे आप मुश्किल में पड़ सकते हैं।

**वृश्चिकः** आज जिंदगी में होने वाला बदलाव आपके फेवर में रहेगा। अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो तरक्की के कई नये रास्ते नजर आएंगे।

**धनुः** कोई नई जमीन या मकान खरीदने का विचार बन सकता है। निवास या काम करने की जगह में बदलाव का मूड भी बन सकता है।

**मकरः** आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफ़ी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे।

**कुंभः** आज सोचा हुआ काम अचानक से पूरा हो जाएगा। आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार भी आएगा।

**मीनः** आगे बढ़ने के लिए आपको एक से ज्यादा मौके मिलने की संभावना है। पैसों के हर मामले पर आप बारीकी से विचार कर लें।

# पुण्य कर्मो के उदय होने पर भागवत सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है



पूर्व सांसद रमेश कौशिक को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट करती कथावाचक साध्वी समाहिता

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। श्री शिव मंदिर सनातन धर्म सभा गन्नौर द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को कथावाचक साध्वी समाहिता ने शुकदेव आगमन का वृत्तांत सुनाया। यह सुन भक्त भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, निगम पार्षद पुनीत त्यागी ने शिरकत की और कथावाचक साध्वी समाहिता का आशीर्वाद प्राप्त किया। साध्वी समाहिता ने बताया कि मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पुण्य कर्मों के उदय होने पर भागवत सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। क्योंकि भागवत रूपी गंगा की धारा पवित्र और अपनी निर्मलता के कारण पापियों को तार देती है। उन्होंने कहा कि मुनि वेद व्यास के पुत्र शुकदेव ने महाराजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा का ज्ञान दिया था। उन्होंने कहा कि भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान होने के साथ मोक्ष का मार्ग प्रदान करती है। श्रीशिव मंदिर सनातन धर्म सभा एवं गन्नौर नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, जयपाल शर्मा, सुशील त्यागी, राजेंद्र त्यागी, विनोद शर्मा आदि कथा में सहयोग दे रहे हैं।

## विधायक देवेंद्र कादियान ने जनता दरबार में सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याएं

# 200 शिकायतों में 155 का मौके पर समाधान, बाकी मामलों के लिए अधिकारियों को निर्देश

अगवानपुर से खानपुर बस सेवा पुनः शुरू करने की मांग

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार आयोजित किया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखीं। विधायक ने कई शिकायतों का मौके पर निपटारा किया और शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता दरबार में अगवानपुर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने कहा कि अगवानपुर से खानपुर तक की बस सेवा बंद हो गई है, इसे जल्द पुनः शुरू किया जाए। गांव के स्टेडियम में छह माह पहले लगाए गए ट्यूबवेल को चालू कराने की मांग भी उठी। ग्रामीणों ने बिजली सेंटर पर रखे कंप्लेंट रजिस्टर में व्यवधान के कारण शिकायत दर्ज कराने में परेशानी होने की बात कही।

शहर के वार्ड 14 के कॉलोनीवासियों ने गली निर्माण की मांग पत्र के माध्यम से प्रस्तुत की। पटेल नगर के लोगों ने भी करीब 200 मीटर गली का निर्माण कराने की गुहार लगाई। वहीं, गढ़ी झंझारा के सुभाष ने ज्ञापन में बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला जफरपुर मुस्लिम स्कूल में एजुसेट चौकीदार के पद पर थे। स्कूल की बिल्डिंग जर्जर होने के कारण इसे गढ़ी झंझारा स्थित राजकीय स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन उनका स्थानांतरण नहीं किया गया और नौकरी से हटा दिया गया। उन्होंने फिर से चौकीदार के पद पर नियुक्ति की मांग की।

विधायक कादियान ने बताया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 5 बजे तक कुल 200 शिकायतें सुनी गई, जिनमें से 155 का मौके पर समाधान किया गया। बाकी मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# भादूविप्रा ने बद्दी शहर के आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

बद्दी। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने नवंबर 2025 के महीने के दौरान व्यापक शहरी मार्गो को कवर करते हुए हिमाचल प्रदेश लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब और हाई-स्पीड कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे । 11 नवंबर 2025 से 13 नवंबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 180.0 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 6 हॉटस्पाट और 2.3 किलोमीटर वॉक टेस्ट और एक स्थान पर इंटर ऑपरेटर कॉलिंग टेस्ट करते हुए विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2 प्रतिशत, 3 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 5 प्रतिशत शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।बद्दी में, नेटवर्क के मूल्यांकन में पंजेरा, सोभन माजरा, वांगलान, भाटियान, नालागढ़, रेरू झिरीवाला, खेड़ा निहाला, थेडा, किशनपुरा, मलकू माजरा, बड्डी बड्डी शीतलपुर, गुलारवाला, बरोटीवाला और हरिपुरम आदि जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे।

# अमेजन.इन के 1 जनवरी से शुरू हो रहे 'गेट फिट डेज' के साथ अपनी फिटनेस जर्नी की करें शुरुआत

शिमला। इस नए साल पर अमेजन. इन के 'गेट फिट डेज' के साथ अपनी फिटनेस संकल्पों की ओर एक कदम और बढ़ाएं। यहां व्हूप के लेटेस्ट लॉन्च के साथ-साथ स्पोर्ट्स और फिटनेस से जुड़ी ज़रूरी चीज़ों की बड़ी रेंज उपलब्ध है। चाहे आप घर पर वर्कआउट शुरू करना चाहते हों या अपने फिटनेस गियर को अपग्रेड करना चाहते हों, योनेक्स, लाईफ लॉन्ग समेत कई भरोसेमंद ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स यहां देखे जा सकते हैं। इस इवेंट के दौरान ग्राहकों को डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर्स का भी लाभ मिलेगा। डेबिट और क्रेडिट कार्ड से 4,000 रूपयों की न्यूनतम खरीद पर 1,000 रूपयों तक का अतिरिक्त 10 प्रतिशत डिस्काउंट भी मिलेगा। अमेजन इंडिया के डायरेक्टर,किचन,होम इम्प्रूवमेंट और स्पोर्ट्स कार्तिक सुब्बारायप्पा ने कहा, हमारे ग्राहक तेजी से फिटनेस को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे यह अमेजन. इन पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली कैटेगरी में से एक बन गई है। यह रुचि स्पोर्ट्स और फिटनेस इक्विपमेंट से लेकर वियरेबल्स तक फैली हुई है। हम अग्रणी ब्रांड्स के नए लॉन्च के साथ अपनी रेंज लगातार बढ़ा रहे हैं, जिसे एआई-आधारित प्रोडक्ट डिस्कवरी, कस्टमर रेटिंग्स और लाइव शॉपिंग अनुभव का समर्थन मिलता है, ताकि ग्राहक सही निर्णय ले सकें।

शानदार डील्स और हर सर्विसेबल पिन कोड पर तेज़ डिलीवरी के ज़रिये हम भारत भर के ग्राहकों के लिए अपनी फिटनेस जर्नी शुरू करना या उसे जारी रखना और आसान बना रहे हैं।

# भारत को अपने सांस्कृतिक मूल्यों में फिर से निवेश करना होगा : एच.एम. बांगुर

चंडीगढ़। 'नवाचार, आत्मनिर्भरता और समृद्धि' विषय पर आधारित दो दिवसीय वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम (डब्लू एच इ एफ) 2025 का औपचारिक उद्घाटन शुक्रवार को मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। उद्घाटन सत्र में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, डब्लू एचइएफ के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा, हरि मोहन बांगुर, चेयरमैन, सीमेंट लिमिटेड तथा सज्जन जिंदल, चेयरमैन, जेएसडब्ल्यू ग्रुप सहित देश के प्रमुख उद्योगपति, नीति-निर्माता, स्टार्टअप संस्थापक, बिजनेस लीडर्स और निवेशक उपस्थित रहे। उद्घाटन दिवस का एक प्रमुख आकर्षण हरि मोहन बांगुर का संबोधन रहा। उन्होंने भारत की प्रतिभा, संसाधनों और प्रौद्योगिकी में निहित अंतर्निहित शक्ति पर बल देते हुए कहा कि नेतृत्व या प्रेरणा के लिए देश को बाहर देखने की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर उन्होंने महाराष्ट्र में 2,000 करोड़ रुपए के निवेश के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक आशय पत्र भी सौंपा।भारतीय आर्थिक चिंतन की नैतिक आधारशिला पर प्रकाश डालते हुए श्री बांगुर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में 'धर्म ही अर्थ का मार्गदर्शन करता है' और लाभ के साथ उत्तरदायित्व का होना अनिवार्य है।

# जनता की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता : पार्षद नीलम कौशिक

टीडीआई सिटी, नांगल रोड क्षेत्र में नए बिजली के खंभे और आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगवाने का कार्य हुआ पूर्ण

जनहित में पार्षद नीलम कौशिक की सराहनीय पहल

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




राई। नववर्ष के शुभ अवसर पर वार्ड नंबर 7 की पार्षद नीलम कौशिक एवं उनके सुपुत्र नितिन कौशिक द्वारा जनहित में एक सराहनीय पहल करते हुए टीडीआई सिटी, नांगल रोड क्षेत्र में लंबे समय से अंधेरे की समस्या को देखते हुए नए बिजली के खंभे और आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगवाने का कार्य पूर्ण कराया गया। इस कार्य के संपन्न होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले रात के समय टीडीआई सिटी नांगल रोड पर आना-जाना काफी मुश्किल हो जाता था। अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था और असामाजिक तत्वों का डर भी लोगों के मन में रहता था। लेकिन अब नई स्ट्रीट लाइटों के लगने से पूरा इलाका रोशनी से जगमगा उठा है, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिली है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अब वे रात के किसी भी समय बिना डर के घर से बाहर निकल सकते हैं। बच्चों, बुजुर्गो और महिलाओं के लिए यह व्यवस्था विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हो रही है। इसके साथ ही व्यापारियों और राहगीरों को भी आवागमन में सुविधा मिली है। लोगों का यह भी मानना है कि पर्याप्त रोशनी होने से चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा पार्षद नीलम कौशिक ने कहा कि उनका उद्देश्य वार्ड के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी विकास कार्य इसी तरह लगातार जारी रहेंगे। जनता की सुरक्षा और सुविधा उनकी प्राथमिकता है और वे क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगी। इस जनहितकारी कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने पार्षद एवं उनके परिवार का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में वार्ड 7 और भी अधिक विकास की राह पर आगे बढ़ेगा।

## हरियाणा की जेलों में गैंगस्टर कर रहे दिहाड़ी, भाई कल्चर खत्म

# 81 फीसदी मामलों में वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई पेशी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** हरियाणा की जेलों में बड़ा बदलाव लागू किया गया है। गैंगस्टरों को अब अन्य कैदियों की तरह मेंटेनेंस, क्लीनेंस तथा सेनीटेशन का काम दिया जा रहा है। इसे प्रदेश की सभी जेलों में लागू कर दिया गया है। जेलों में बंद गैंगस्टर अब सफाई कार्य कर रहे हैं। गैंगस्टरों से जेल परिसर, बैरक तथा शौचाल्यों में सफाई कार्य करवाया जा रहा है। अब गैंगस्टरों का भी अन्य कैदियों की तरह ड्यूटी चार्ट लागू कर दिया गया है।

यह जानकारी हरियाणा के डीजी जेल आलोक राय ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में दी। आलोक राय 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले उन्होंने आज अपने विभाग की रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि प्रदेश की जेलों से भाई कल्चर को खत्म करके सभी कैदियों को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी कैदी किसी बड़े गैंगस्टर की ड्यूटी को नहीं पूरी करेगा।


प्रदेश की सभी जेलों में गैंगस्टरों को कैदियों वाली वर्दी पहनने के लिए बाध्य किया गया है। पहले गैंगस्टर जब पेशी पर जाते थे पीछे से गीत बजते थे और रील बनाई जाती थी। अब इसे पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। 81 फीसदी मामलों में गैंगस्टरों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी करवाई गई है।

आलोक राय ने बताया कि दो से तीन कुख्यात गैंगस्टरों को जेल में बनी छह बाय छह की चक्की में एक साथ रखा जा रहा है। गैंगस्टरों का जेलों में रूतबा खत्म करने के लिए प्रदेश भर 52 गैंगस्टर की जेल ट्रांसफर की गई है। जेल ट्रांसफर की शुरूआत में प्रदेश के उच्च अधिकारियों ने 3 स्तर पर इसको चेक किया।जेल महानिदेशक ने बताया कि जेल मुख्यालय के बाहर जेल में बने उत्पादों का आउटलेट खोल दिया गया है। जिसमें फर्नीचर का सामान, बेकरी का सामान, ऐलोवीरा से बने प्रोडॅक्ट सहित काफी चीजें उपलब्ध हैं।





















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ कर रही है सरकार : योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिले स्तर पर बड़ा स्टेडियम बनवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ सरकार हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा - 2025 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ कर रही है। गोरखपुर में बेलीपार के पास एक इंटरनेशनल स्टेडियम बनने जा रहा है। गोरखपुर के रीजनल स्टेडियम का भी 63 करोड़ रुपये की लागत से नवोद्धार हो रहा है। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में भी बेहतरीन स्टेडियम बन रहा है। मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का सत्र प्रारंभ हो चुका है। इस यूनिवर्सिटी का विश्व स्तरीय निर्माण जारी है। अब सरकार की तैयारी हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने की है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वह जल्द ही गोरखपुर महानगर की सभी संस्थाओं के साथ बैठक करने वाले हैं। उस बैठक में संस्थाओं का आह्वान किया जाएगा कि वे एक-एक खेल को गोद लें। कुछ सहयोग वे करें और कुछ सरकार करेगी। यहां पर अच्छे कोच रखे जाएंगे। इससे बच्चों को खेल के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म प्राप्त होगा

मुख्यमंत्री योगी ने विधायक खेल स्पर्धा को लेकर अपनी आगामी योजना भी साझा की। उन्होंने कहा कि अगली बार बच्चों और छात्रों के स्तर के साथ ही वार्ड स्तर पर कामकाजी और रिटायर्ड लोगों के लिए भी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वार्ड स्तर, उसके बाद कुछ वार्डों को मिलाकर उपनगरीय और फिर नगर स्तर पर बड़ी प्रतियोगिता, बड़े समारोह का आयोजन कर विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया



कि बच्चों-छात्रों की प्रतियोगिताएं बालक व बालिका वर्ग में तीन स्तर, बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ही गोरखपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भी कहा गया है। कला के अलग अलग विधाओं गायन, वादन, नृत्य, नाट्य आदि की यह प्रतियोगिता जनवरी के प्रथम सप्ताह में होगी। 11 से 13 जनवरी को गोरखपुर महोत्सव के मुख्य आयोजन में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने खेलकूद के महत्व को समझाते हुए कहा कि युवा खेलेगा तो देश खिलेगा। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का रास्ता यहीं से प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सफलताओं का मार्ग स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकता है। स्वस्थ शरीर खेलकूद और यौगिक क्रियाओं के माध्यम से ही प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्ष के अंदर देश में खेल और खेलकूद की गतिविधियों को लेकर भारी परिवर्तन हुआ है। कबड्डी, हॉकी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स के लिए पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ, वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा की एक नई मांग खड़ी हो चुकी है और इसी को ध्यान में रख करके सरकार स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत कर रही है।

मुख्यमंत्री ने भीषण ठंड में भी खिलाड़ियों के उत्साह की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि इस विधायक खेल स्पर्धा में प्रत्यक्ष रूप से 1000 और अप्रत्यक्ष रूप से 10000 खिलाड़ियों ने सहभागिता की है। विधायक खेल स्पर्धा 2025 में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबाल, जूडो और कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह खेलकूद ही है जो सम और विषम परिस्थितियों में मनोरंजन भी करता है और हमें शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से चुस्त-दुरुस्त बनाने में भी बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हरेक क्षेत्र की भांति खेल के क्षेत्र में भी बिना भेदभाव सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने यूपी से माफिया खत्म करके, बंदूक-कट्टे के खेल की बजाय वास्तविक अर्थों में खेल का माहौल बना दिया है।

## मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर एफएसडीए का बड़ा एक्शनः कोडीनयुक्त कफ सिरप की पैरेलल सप्लाई चेन ध्वस्त

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। योगी सरकार ने पिछले पौने नौ वर्षों में अवैध नशे के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की है। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ताबड़तोड़ एक्शन ने अवैध नशे के सौदागरों की कमर तोड़ दी है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) को कोडिनयुक्त कफ सिरप एवं एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण तथा अवैध डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये। इस पर तीन माह पहले अभियान शुरू किया। विभाग ने कोडिनयुक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन को लेकर देश का सबसे बड़ा क्रैक डाउन शुरू करने से पहले अंदरुनी गहन जांच शुरू की। इस दौरान झारखंड, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड जैसे राज्यों में विवेचना की गई और यूपी के सुपर स्टॉकिस्ट और होलसेलर के साथ उनके कारोबारी रिश्तों के सबूत जुटाए। इसके बाद प्रदेश में क्रैक डाउन शुरू हुआ, जिसने सिरप के अवैध डायवर्जन की परतें उधेड़ दीं। एसएसडीए की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस और एसटीएफ ने नशे के सौदागरों को दबोचने के लिए एक्शन शुरू किया। सीएम के निर्देश पर सिरप का नशे के रूप में इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ एनडीपीएस और बीएनएस के तहत मुकदमे दर्ज किये गये। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा चलाने को सही ठहराते हुए 22 मामलों में आरोपियों की रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने 22 मामलों में आरोपियों द्वारा अरेस्ट स्टे की रिट याचिकाओं को भी खारिज कर दिया।

एफएसडीए ने पिछले तीन माह में कोडिनयुक्त कफ सिरप और एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण तथा अवैध डायवर्जन पर कुल 52 जनपदों में 332 से अधिक थोक औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान प्राप्त अभिलेखीय एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर 36 जनपदों की कुल 161 फर्मों/संचालकों के विरुद्ध बीएनएस तथा एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई। वहीं, जिलाधिकारियों को गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के लिए पत्र लिखा ताकि अवैध नशे के अर्जित संपत्ति को जब्त किया जा सके। सीएम के निर्देश पर एफएसडीए ने कोडिनयुक्त कफ सिरप की नशे के रूप में तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, जो पूरे देश में सबसे बड़ा क्रैक डाउन है। एफएसडीए आयुक्त ने मामले की तह तक पहुंचने के लिए जनपद स्तर पर कई टीमें बनाईं। टीमों की निगरानी के लिए मुख्यालय पर एक टीम बनाई गई। विभिन्न टीमें जांच के लिए विभिन्न प्रदेशों में गई और गोपनीय तरीके से साक्ष्य जुटाए। टीम ने केंद्रीय नॉरकोटिक्स ब्यूरो, ग्वालियर, मध्य प्रदेश से कोडीन फॉस्फेट का कोटा एवं उठान के विवरण को एकत्रित किया। वहीं टीम ने कोडिनयुक्त कफ सिरप निर्माता फर्मों की जांच के लिए हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड गई।

# फूड सेफ्टी विभाग व जीरकपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

## भबात गोडाउन एरिया में डेयरी फैक्ट्री पर मारा छापा



**अधिकारियों ने दूध, पनीर, दही और घी के भरे सैंपल**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। आम लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट और जीरकपुर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रभात गोडाउन एरिया में चल रही एक डेयरी प्रोडक्ट फैक्ट्री पर संयुक्त छापा मारा। इस फैक्ट्री में दूध, पनीर, दही और घी जैसे दुग्ध उत्पाद तैयार किए जा रहे थे, जिनकी सप्लाई पूरे जीरकपुर और आसपास के क्षेत्रों में की जा रही थी। विश्वसनीय शिकायत मिलने के बाद फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने जीरकपुर पुलिस के सहयोग से मौके पर दबिश दी।

छापेमारी के दौरान पाया गया कि फैक्ट्री बिना आवश्यक लाइसेंस और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन किए संचालित की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने दूध, पनीर, दही और घी के कई सैंपल भरे। इन सैंपलों को सील कर जांच के लिए अधिकृत प्रयोगशाला भेज दिया गया है। फूड सेफ्टी अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो पाएगा कि उत्पाद मानकों के अनुरूप हैं या नहीं। फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यदि सैंपल जांच में मिलावट या खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन सामने आता है, तो फैक्ट्री संचालक के खिलाफ फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भारी जुर्माना, फैक्ट्री सील करना और मुकदमा दर्ज करना भी शामिल हो सकता है। वहीं जीरकपुर पुलिस ने पूरे ऑपरेशन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखी और जांच प्रक्रिया में फूड सेफ्टी टीम को पूरा सहयोग प्रदान किया।

एएसपी ग़ज़लप्रीत कौर ने बताया कि अवैध तरीके से चल रहे खाद्य कारोबारियों पर नजर रखी जा रही है और शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा को लेकर हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे केवल लाइसेंस प्राप्त दुकानों से ही खाद्य पदार्थ खरीदें और किसी भी तरह की मिलावट या अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनता की सेहत से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे अवैध खाद्य कारोबारियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## काउंसलर नवतेज ने नई वार्डबंदी पर जताया एतराज

# मेरे वार्ड के तीन टुकड़े कर जनता के जनादेश का अपमान किया गया : नवतेज

**आगामी चुनावों में हार के डर से की साजिश**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। जीरकपुर शहर में की गई नई वार्डबंदी को लेकर वार्ड नंबर 30 के कांग्रेस के वार्ड काउंसलर नवतेज नवी ने कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने इस वार्डबंदी को जनविरोधी बताते हुए माननीय हाईकोर्ट का रुख करने का ऐलान किया है। इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवतेज ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से उनके वार्ड के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि करीब 9 हजार की आबादी वाले उनके वार्ड को बिना किसी ठोस कारण के तीन हिस्सों में बांटकर अन्य वार्डों में मिला दिया गया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नवतेज ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों ने जनता के हितों को नजरअंदाज करते हुए मनमानी वार्डबंदी की है। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड के साथ शुरू से ही सौतेला व्यवहार होता आ रहा है। पहले यह वार्ड नंबर 11 था, अकाली सरकार के समय भी यहां



विकास कार्यों की अनदेखी की गई। वर्ष 2015 में इसे वार्ड नंबर 26 बनाया गया, तब भी हालात नहीं बदले।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में नगर काउंसिल चुनावों के दौरान इस वार्ड को नंबर 30 घोषित किया गया, जहां की जनता ने उन्हें रिकॉर्ड वोटों से जिताकर जिले में सबसे अधिक मत दिलाए। इसके बावजूद वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद उनके वार्ड के विकास कार्यों को रोकने की कोशिशें शुरू कर दी गईं।

काउंसलर नवतेज ने आरोप लगाया कि उन्हें दूसरी पार्टी में शामिल होने के लिए दबाव डाला गया और विभिन्न तरीकों से परेशान किया गया, लेकिन उन्होंने कांग्रेस पार्टी का दामन नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि इसके बाद बदले की भावना से उनके वार्ड के विकास कार्यों में अड़चनें डाली गईं, हालांकि नगर काउंसिल प्रधान उदयवीर सिंह ढिल्लों के सहयोग से विकास कार्य जारी रखे गए। नवतेज ने कहा कि जब आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों की कोई चाल सफल नहीं हुई तो अब उनके वार्ड को तोड़कर वार्ड नंबर 27, 28 और 29 में मिला दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जनता के जनादेश का सीधा अपमान है। उन्होंने दो टूक कहा कि इस अन्याय के खिलाफ वे हाईकोर्ट जाएंगे और न्याय की गुहार लगाएंगे। वहीं, आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर पूछे गए सवाल पर नवतेज ने कहा कि वे जल्द ही नए जनरल वार्ड से चुनाव लड़ने को लेकर घोषणा करेंगे।

## डोप टेस्ट में नशे की पुष्टि, महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। पुलिस चौंकी बलटाना की टीम ने गश्त और चेकिंग के दौरान एक महिला को शक के आधार पर जांच के लिए रोका। हालांकि तलाशी के दौरान उसके पास से कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ, लेकिन सिविल अस्पताल डेराबस्सी में कराए गए डोप टेस्ट में महिला के नशा करने की पुष्टि हुई है। इसके बाद पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौंकी बलटाना में तैनात एएसआई निर्मल कौर अपनी टीम के साथ फर्नीचर मार्केट बलटाना क्षेत्र में गश्त कर रही थीं। इसी दौरान एक विशेष मुखबिर ने सूचना दी कि महिला जो नशा करने की आदी है और दूसरों को भी नशा करवाती है, इस समय हरमिलाप नगर फेज-3 स्थित शराब के ठेके के पास खड़ी है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिए के अनुसार महिला को काबू किया। एएसआई ने महिला को उसके कानूनी अधिकारों से अवगत कराते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत नोटिस दिया।

तलाशी के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ, लेकिन पुलिस महिला को सिविल अस्पताल डेराबस्सी लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसका डोप टेस्ट किया। मेडिकल रिपोर्ट में महिला का डोप टेस्ट पॉजिटिव पाया गया, जिसमें मॉर्फीन, बुप्रेनोर्फिन, ट्रामाडोल, प्रोपॉक्सिफीन और बेंजो डायजपाइन की पुष्टि हुई।

डोप टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 27, 61 और 85 के तहत थाना ज़ीरकपुर में मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## प्रयागराज जिला जेल में सिखाए गए स्वस्थ रहने के तरीके

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिला कारागार में सोमवार को एक संगोष्ठी के माध्यम से प्रकृति के करीब रह कर जीवन को स्वस्थ्य रखने के तौर तरीके बताये गये। पुलिस योजना निदेशक डा केएन सिंह ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक अमिता दुबे की मौजूदगी में जिला कारागार में ''हरे पेड़ पौधों से स्वस्थ मानव एवं पर्यावरण'' के विषय पर बोलते हुये जीभ को गले की ओर 135 डिग्री पलटकर तालू से साधारण रूप में टच कर किसी भी अवस्था में बैठकर या चलते फिरते इस स्वतंत्र योगक्रिया को करने का विश्लेषण प्रस्तुत किया जिससे उत्पन्न हुई लार को निगलने से समस्त रोगों का नाश शरीर में होता है तथा मूलाधार से सहस्त्रार्थ तक सारे चक्र खुल जाते हैं एवं त्रिकाल ज्ञान इसी स्वतंत्र क्रिया से होता है।

## जम्मू मंडल के वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को (पीसीसीएम) अवार्ड से किया सम्मानित यात्री सेवा व राजस्व में अभूतपूर्व योगदान के लिए सराहना

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

जम्मू। उत्तर रेलवे में जम्मू मंडल के वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्ष 2025 का 'प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक' (पीसीसीएम) अवार्ड से आज 29 दिसंबर को महाप्रबंधक कार्यालय बड़ोदा हाउस,नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, द्वारा दिया गया। जो उनके कार्य के दौरान कार्य के प्रति समर्पण को दर्शाता हैं। यह वार्षिक पुरस्कार, प्रति वर्ष वाणिज्य विभाग के उन कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता हैं,जिन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति असाधारण कर्तव्यनिष्ठा, नवाचार और समर्पण का प्रदर्शन किया हो। साल 2025 में जम्मू मंडल बनने के बाद, यह वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों के लिए पहली बार (पीसीसीएम) अवॉर्ड है। जिन्होंने यात्री सेवा,माल ढुलाई,टिकट जांच और अन्य उत्कृष्ट



कार्य अपनी ड्यूटी के दौरान किए हैं।

अवार्ड लेने वाले कर्मचारियों का विवरण इस प्रकार हैंः मंजूर अहमद (चीफ़ कामर्शियल क्लर्क) अनंतनाग, प्रिंस शर्मा (सी सी टी सी) बड़गाम, विजय कुमार (सी सी टी सी) कटरा 4. वंशिका आर सक्सेना (चीफ कामर्शियल क्लर्क) कटरा, नीतीन पटवाल (सी सी टी सी ) जम्मू, नरेश सिंह ( सी सी टी सी ) जम्मू, देवांन्शु सभयाल (सी सी टी सी) साम्बा, मोनिका कुमारी (टी टी आई) पठानकोट , ब्रीज राज कुमार (टी टी आई) पठानकोट मौ.युसुफ (वाणिज्य निरीक्षक) श्रीनगर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री उचित सिंघल ने बताया, कि जम्मू मंडल के वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को मिलने वाला (पीसीसीएम) अवार्ड, उनकी कड़ी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है। इनकी उत्कृष्टता न केवल उनके अपने काम में, बल्कि उनके सहयोगियों के लिए भी एक नया मानक स्थापित करती हैं। मैं अपनी तथा रेल की तरफ से सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देने के साथ, आशा करता हूं। कि भविष्य में इसी जोश और समर्पण के साथ काम करें।

# कृषि क्षेत्र में भारत की कामयाबी का नया मुकाम : साल 2025 का सफर

दैनिक अर्थ प्रकाश

साल 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के एक दशक बाद, भारत का कृषि क्षेत्र साल 2025 तक पूरी तरह से बदल चुका है। कभी कम उत्पादकता, कीमतों में अनिश्चितता और आयात पर निर्भरता से ग्रस्त व्यवस्था, अब रिकॉर्ड उत्पादन, किसानों की सुनिश्चित आय, वैज्ञानिक नवाचार और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता से भरपूर है।

दरअसल 2025 को महत्वपूर्ण बनाने के पीछे कोई एक योजना या आंकड़ा नहीं है, बल्कि 11 वर्षों के सुधारों का एक सुसंगत और भविष्य के लिए तैयार कृषि ढांचे में एकीकरण है।

**बिखराव से केंद्रित दृष्टिकोण की ओर:** 2025 में शुरू की गई प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) ने लक्षित और नतीजों पर फोकस करने वाले कृषि सुधार की दिशा में एक अहम कदम उठाया। केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित और जुलाई में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित यह योजना, 100 कम प्रदर्शन वाले जिलों पर केंद्रित है और इसका मकसद 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाना है। इसके लिए प्रतिवर्ष 24,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, ताकि कम उत्पादकता, जल संकट और ऋण की कमी जैसी मुश्किलों का समाधान किया जा सके।

11 मंत्रालयों की 36 कृषि योजनाओं को एकीकृत करके, पीएमडीडीकेवाई ने खंडित कार्यान्वयन को जिला-स्तरीय समन्वय में तब्दील कर दिया है। एडीपी से प्रेरित यह योजना सिंचाई, भंडारण, प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण और संस्थागत ऋण को प्राथमिकता देती है, जो मिशन-आधारित कृषि बदलाव और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का संकेत है।

**दलहन- आत्मनिर्भरता की ओर एक रणनीतिक सफलताः** वर्ष 2025 में, भारत ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 11,440 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की। इस मिशन का लक्ष्य 2030-31 तक 350 लाख टन दलहन उत्पादन और 310 लाख हेक्टेयर में दलहन की खेती करना है।

पहली बार, तुअर, उड़द और मसूर उगाने वाले किसानों को बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण बीज वितरण के साथ चार वर्षों के लिए 100 प्रतिशत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) खरीद का आश्वासन दिया गया है। करीब 2 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाने वाला यह मिशन, मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत करता है, आय को स्थिर करता है और पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देता है, जो दलहन में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी सफलता है।

**कृषि-उद्योग संबंध को मज़बूत बनाना- कपास मिशनः** केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित पांच वर्षीय कपास मिशन का मकसद, किसानों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी मदद देकर उत्पादकता बढ़ाना है, खासकर अतिरिक्त लंबे रेशे वाली कपास की।

गुणवत्तापूर्ण कपास की लगातार आपूर्ति करके, यह मिशन भारत के वस्त्र क्षेत्र को मजबूत करता है, जहां 80 प्रतिशत क्षमता लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा संचालित है। साथ ही यह कृषि को औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता का प्रमुख चालक बनाकर, खेतों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने के 5एफ दृष्टिकोण को और मज़बूत करता है।

**रिकॉर्ड उत्पादन- एक दशक के सुधारों का परिणामः** इन नीतिगत फैसलों का असर साल 2025 में साफ तौर पर दिखाई दिया। कृषि मंत्रालय द्वारा नवंबर 2025 में जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2024-25 में 357.73 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन के साथ अब तक का सबसे उच्च स्तर हासिल किया।

यह 2015-16 की तुलना में 106 मिलियन टन से अधिक की वृद्धि दर्शाता है, जब उत्पादन 251.54 मिलियन टन था, जो पिछले दस वर्षों में दर्ज की गई सबसे बड़ी वृद्धि है।

2025 में घोषित प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं- चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 1,501.84 लाख टन, गेहूं का उत्पादन 1,179.45 लाख टन रहा, जो हाल के इतिहास में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि है दालों का उत्पादन 256.83 लाख टन तक पहुंचा, तिलहन का उत्पादन रिकॉर्ड 429.89 लाख टन तक पहुंचा।

2025 की पहली तिमाही में, भारत के कृषि क्षेत्र ने 3.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती कृषि अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हासिल की गई संरचनात्मक स्थिरता को दर्शाती है।

**एमएसपी- नीतिगत वादे से आय संरक्षण तकः** इस बदलाव का एक ज़रुरी स्तंभ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मजबूत करना रहा है। 2014 से पहले, सीमित खरीद के कारण एमएसपी अक्सर प्रतीकात्मक ही रहता था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, एमएसपी को एक वास्तविक आय संरक्षण व्यवस्था के रूप में संस्थागत रूप दिया गया है।

2025 में, सरकार ने 14 खरीफ फसलों और सभी अनिवार्य रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी, जिसमें उत्पादन लागत के 1.5 गुना एमएसपी निर्धारित करने के सिद्धांत का सख्ती से पालन किया गया।

**दशक भर की तुलना से साफ होता हैः** धान की खरीद (2014-15 से 2024-25) 7,608 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई, जबकि इससे पिछले दशक में यह 4,590 लाख मीट्रिक टन थी।

धान किसानों को एमएसपी भुगतान बढ़कर 14.16 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो 2014 से पहले भुगतान की गई राशि से तीन गुना से अधिक है।

14 खरीफ फसलों के लिए कुल एमएसपी भुगतान 16.35 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि पहले यह 4.75 लाख करोड़ रुपए था।

वर्ष 2025 तक, एमएसपी महज़ एक घोषणा न रहकर, किसानों के लिए एक विश्वसनीय आर्थिक गारंटी बन गया।

**विज्ञान और सतत् विकास पर फोकसः** 2025 में, भारत जीनोम-संपादित चावल की किस्मों को विकसित और जारी करने वाला विश्व का पहला देश बन गया, जो कृषि विज्ञान में एक वैश्विक उपलब्धि है। डीआरआर धान 100 (कमला) और पूसा डीएसटी राइस 1, ये दो किस्में काफी अधिक उपज, शीघ्र परिपक्वता और लवणता तथा क्षारीयता के प्रति सहनशीलता प्रदान करती हैं। अनुशंसित क्षेत्र में खेती से 45 लाख टन अतिरिक्त धान का उत्पादन होने, उत्पादन लागत में कमी आने और जलवायु परिवर्तन के प्रति सशक्तिकरण होने की उम्मीद है।

सतत् विकास पर भी समान रूप से जोर दिया गया। महाराष्ट्र द्वारा मात्र 30 दिनों में 45,911 ऑफ-ग्रिड सौर कृषि पंपों की स्थापना, जिसे 2025 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता दी गई, भारत के हरित कृषि की ओर तेज़ी से बढ़ते कदम का प्रतीक है।

**राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में कृषिः** सार्वजनिक निवेश इस रणनीतिक फोकस को दर्शाता है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के लिए बजटीय आवंटन में भारी वृद्धि हुई है, जो 2013-14 में 21,933.50 करोड़ रुपए से बढ़कर 2025-26 में 1,27,290.16 करोड़ रुपए हो गया है और यह प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में किसानों को दी गई प्राथमिकता को दर्शाता है।

**निष्कर्ष- साल 2025 - भारतीय किसानों के लिए आत्मविश्वास का वर्षः** वर्ष 2025 प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि सुधारों के एक दशक की सफलता का प्रतीक है। इसने दिखाया कि कैसे सुसंगत नीति, सुनिश्चित मूल्य, वैज्ञानिक नवाचार और एकीकृत शासन कृषि क्षेत्र को विश्वास से भर सकते हैं।

रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और मजबूत एमएसपी से लेकर पीएमडीडीकेवाई और दलहन में आत्मनिर्भरता जैसी परिवर्तनकारी पहलों की मदद से, वर्ष 2025 में भारतीय कृषि की पुरानी परिभाषा अब बिल्कुल बदल चुकी है। अब यह स्थिरता, आत्मनिर्भरता और आकांक्षा से परिभाषित होती है, जो प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ मज़बूती से जुड़ी हुई है।

# आरोप: सिसोदिया मॉडल पर पंजाब में 'साम-दंड-भेद' की राजनीति शुरू: लखबीर लक्खा

मीटिंग में हंगामा, आप पार्षद प्रधान के खिलाफ बैनर लेकर पहुंचे

खन्ना में वार्डबंदी को लेकर सरकार बनाम, नगर कौंसिल आमने-सामने

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



**खन्ना, 29 दिसंबर।** पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार एक बार फिर विपक्ष के निशाने पर है। कौंसिल खन्ना की हाउस मीटिंग के बाद कौंसिल खन्ना की वार्डबंदी को लेकर उपजे विवाद ने अब सियासी टकराव का रूप ले लिया है। कांग्रेस के जिला प्रधान लखबीर सिंह लक्खा व कांग्रेस के कौंसिल प्रधान कमलजीत सिंह व अन्य कांग्रेसी पार्षदों ने पंजाब सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली की आम आदमी पाटी सरकार के पूर्व मंत्री सिसोदिया ने कुछ समय पहले पंजाब के सीएम भगवंत मान व पंजाब के अन्य मंत्रियों के सामने सरेआम कहा था कि जीतने के लिए जो भी करना पड़े जैसे, साम, दंड और भेद की नीति अपनाओ, जीतना जरूरी है हर हाल में, सिसोदिया की राजनीति पंजाब शुरू हो चुकी हो चुकी है, खन्ना में जो धक्केशाही और लोकतांत्रिक संस्थाओं को दबाना और हाउस की चलती मीटिंग में कौंसिल प्रधान को डिप्टी डायरेक्टर द्वारा नोटिस भेज कर डराना यह उसी बयान का नतीजा है , यह सब बातें कांग्रेस के जिला प्रधान लखबीर सिंह लक्खा ने प्रेस वार्ता में कहीं, उन्होंने कहा जिस तरह दिल्ली में मनीष सिसोदिया के मामले सामने आए, उसी तर्ज पर अब पंजाब में भी सरकार असहमति की आवाज़ों को दबाने की कोशिश कर रही है।

कांग्रेस जिला प्रधान ने आगे कहा कि सरकार ने शहर में वार्डबंदी नहीं बल्कि पांड बंदी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि नियमों और जनसंख्या के मानकों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से वार्ड बनाए गए हैं, ताकि सत्ता पक्ष को राजनीतिक लाभ मिल सके।

कांग्रेस नेताओं ने साफ शब्दों में कहा कि 'शहर की जनता इस जबरन थोपी गई वार्डबंदी को कभी स्वीकार नहीं करेगी।'

### हाउस मीटिंग में सरकार के खिलाफ प्रस्ताव

नगर कौंसिल प्रधान कमलजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर कौंसिल की विधिवत हाउस मीटिंग बुलाकर प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें साफ कहा गया कि नगर कौंसिल मौजूदा वार्डबंदी को स्वीकार नहीं करती। प्रधान का कहना है कि हमने नई वार्ड बंदी खिलाफ यह प्रस्ताव पूरी तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत पास किया गया, लेकिन सरकार को यह असहमति पसंद नहीं आई।

### डिप्टी डायरेक्टर का नोटिस, बढ़ा विवाद

हाउस मीटिंग के बाद डिप्टी डायरेक्टर की ओर से कौंसिल प्रधान को नोटिस जारी किया गया। शोकास नोटिस में आरोप लगाया गया कि प्रधान ने सरकार के काम में बेवजह बाधा डाली और कार्यकारी अधिकारी चरणजीत सिंह को सूचना नहीं दी, जो म्युनिसिपल एक्ट का उल्लंघन है। कांग्रेस का आरोप है कि यह नोटिस दबाव बनाने और डराने की कार्रवाई है, ताकि प्रधान को झुकाया जा सके।

### मीटिंग में हंगामा, आप पार्षद प्रधान के खिलाफ बैनर लेकर पहुंचे

सोमवार की सुबह जैसे ही नगर कौंसिल की हाउस मीटिंग शुरू हुई, तो आम आदमी पार्टी के पार्षद, 'बेईमान प्रधान', 'भ्रष्टाचारी प्रधान' लिखे बैनर लेकर मीटिंग हॉल में पहुंच गए। आप पार्षदों ने प्रधान पर भ्रष्टाचार, धांधली और सरकारी धन के दुरुपयोग जैसे गंभीर आरोप लगाए, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया।

### प्रधान का दो टूक जवाब

कौंसिल प्रधान कमलजीत सिंह ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ये आरोप पूरी तरह बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे जानबूझकर हरास किया जा रहा है। लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूँ। चाहे कितने भी नोटिस दे दिए जाएँ, मैं सच और जनता के हित में खड़ा रहूँगा।'

### कांग्रेस का खुला अल्टीमेटम

कांग्रेस के जिला प्रधान लखबीर सिंह लक्खा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कौंसिल प्रधान के साथ किसी भी तरह की जबरदस्ती, दबाव या गुंडागर्दी की गई, तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने कहा प्रधान को मिलने वाला नोटिस निराधार है हाउस मीटिंग बुलाने के लिए नियमों के अनुसार ईओ चरणजीत सिंह को लेटर भेजा गया था। सभी सबूत कांग्रेस के पास मौजूद हैं डिप्टी डायरेक्टर को हर नोटिस का कानूनी और तथ्यात्मक जवाब दिया जाएगा उन्होंने साफ कहा,कांग्रेस पार्टी डरने वाली नहीं है। जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन होगा और हाई कोर्ट का रुख भी किया जाएगा।'

### राजनीतिक हलकों में हलचल

इस पूरे घटनाक्रम के बाद खन्ना में ही नहीं बल्कि पूरे पंजाब के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। विपक्ष का आरोप है कि आम आदमी पार्टी सरकार अब स्थानीय स्वायत्त संस्थाओं की आवाज़ दबाने की राह पर चल पड़ी है। अब देखना यह होगा कि यह मामला केवल नोटिस और बयानबाज़ी तक सीमित रहता है या फिर आने वाले दिनों में यह कानूनी लड़ाई और बड़े राजनीतिक आंदोलन का रूप लेता है, इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान,राजीव राय मेहता,पार्षद रविंद्र सिंह बबू, अमरीश कालिया, वेद प्रकाश, गुरमीत नागपाल, संजीव गई पूर्व प्रधान विकास मेहता व गुरदीप जोशी के अलावा अन्य कार्कता भी मौजूद थे।

# सेवा केंद्र लोहगढ़ के ग्राउंड में रुकने वाले पानी से शर्मा एस्टेट के लोग परेशान

ग्राउंड से पानी की निकासी के प्रबंध के लिए 3 वर्षों से नगर परिषद के काट रहे चक्कर

9 महीने का समय बीत जाने के बाद भी इस संबंधी लगाई गई आरटीआई का नहीं मिला कोई जवाब

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



सेवा केंद्र के आगे जो कच्चा ग्राउंड है वह पार्क बना हुआ है अगर साथ लगते घरों को किसी प्रकार की पानी की कोई समस्या है तो उसे दीवार के साथ लंबा और ऊंचा फुटपाथ बना दिया जाएगा ताकि लोगों के घरों को कोई नुकसान ना हो।

**परविंदर सिंह भट्टी, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद जीरकपुर।**

**जीरकपुर, 29 दिसंबर।** म्यूनिसिपल पार्क लोहगढ़ के सामने स्थित सेवा केंद्र के ग्राउंड में पानी की निकासी का प्रबंध न होने के कारण इसके बिल्कुल साथ में स्थित शर्मा स्टेट में रहने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों कुलदीप सिंह, संजीवन कुमार, गुरमीत कौर, संजीवनी तथा अन्य ने कहा के इस ग्राउंड में पानी की निकासी का प्रबंध न होने के कारण यहां पर हमेशा पानी खड़ा रहता है जिसके कारण इसमें से दुर्गंध आने लगती है और मक्खी मच्छर आदि पैदा होते हैं बरसात के दिनों में तो यहां पर और भी बदतर हालात हो जाती है। यहां पर रुकने वाले पानी के कारण साथ लगते घरों में सीलन की समस्या भी हो रही है लोगों का कहना है कि दीवारों में आने वाली सीलन के कारण उनके घरों की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। लोगों ने बताया कि 23 जनवरी 2023 को उन्होंने इस संबंधी हलका विधायक कुलजीत रंधावा को भी अवगत करवाया था लेकिन करीब 3 वर्ष का समय बीतने के बाद भी उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। इन 3 वर्षों में वह नगर परिषद कार्यालय के चक्कर काट काट कर थक चुके हैं फिर भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके अलावा उन्होंने अपनी शिकायतों संबंधी 18 मार्च 2025 को नगर परिषद कार्यालय में एक आरटीआई भी लगाई थी 9 महीने का समय बीत जाने के बाद भी अभी तक उस आरटीआई का कोई जवाब नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि दो हफ्ते के भीतर अगर उनकी इस समस्या का कोई समाधान ना हुआ तो वह अपना संघर्ष तेज करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी नगर परिषद अधिकारियों की होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नौजवान सभा धर्मगढ़ ने शहीदों की शहादत को समर्पित लंगर लगाया



**बनूड़ (अप्रस)।** नौजवान सभा धर्मगढ़ ने सोमवार को सरबंसदानी धन-धन श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह, माता गुजर कौर और अन्य शहीदों की शहादत को समर्पित रोटी, पकौड़ा और चाय का लंगर लगाया। यह लंगर मनप्रीत सिंह के नेतृत्व में बनूड़-लालडू लिंक रोड पर गांव धर्मगढ़ में लगाया गया। इस अवसर पर बात करते हुए नौजवान सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत की दुनिया में और कहीं कोई मिसाल नहीं है। नौजवान सभा की ओर से सुबह से शाम तक गुरु का लंगर लगाया गया। सड़क से गुजरने वाले राहगीरों ने बड़ी श्रद्धा और प्यार से लंगर ग्रहण किया। इस मौके पर जसवीर सिंह पंच, पवित्र सिंह, हरमनप्रीत सिंह, रूपिंदर सिंह, गगनप्रीत सिंह, जसप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह, मलकीत सिंह, सुखचैन सिंह, इंदरजीत बिट्ठू, दर्शन सिंह पूर्व सरपंच, गुरमीत सोनी, निरमैल सिंह, गगन सिंह, जगतार सिंह के अलावा नौजवान सभा के पदाधिकारी और गांव के लोग मौजूद थे।

### मीरी पीरी सेवा सिमरन क्लब होशियारपुर ने सफर-ए-शहादत को समर्पित दूध का लंगर लगाया



**होशियारपुर, (अप्रस/तरसेम दीवाना)।** मीरी पीरी सेवा सिमरन क्लब रजि. होशियारपुर मैनेजमेंट कमेटी गुरुद्वारा श्री हरि जी सहाय मोहल्ला टिब्बा साहिब और सभी संगत ने साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्यारे चार साहिबजादों, माता गुजर कौर जी और सभी शहीद सिंहों और सिंघियों की याद में मनाए जाने वाले सफर-ए-शहादत को समर्पित दूध का लंगर लोकल प्रभात चौक होशियारपुर में गुरुद्वारा कमेटी के प्रेसिडेंट दर्शन सिंह पलाहा और क्लब चेयरमैन सरबजीत सिंह बडवाल की लीडरशिप में लगाया। इस मौके पर क्लब प्रेसिडेंट गुरबिंदर सिंह पलाहा, जनरल सेक्रेटरी प्रिंस बलवीर सिंह सैनी, अवतार सिंह संधू, इंजी. मंगविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह रेहल, हरबंस सिंह सैब, मनजिंदर सिंह खुनखुन, हरबख्शपाल सिंह, गुरचरण सिंह जींद जगतार सिंह बडवाल, तजिंदर सिंह बडवाल, जसजीत सिंह बडवाल, इंद्रप्रीत सिंह बडवाल, अजीत सिंह सोनू मनजीत सिंह, अर्शदीप सिंह बडवाल अशोक सिंह, इंद्रजीत सिंह लाडी, जसवंत सिंह शंटी, बलप्रीत सिंह बल्लू, साहिब सिंह, गैरी धामी, कमल बैंस, जैस्मीन बडवाल, कमल बडवाल, मनप्रीत कौर, हरदीप कौर निज्जर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने राहगीरों को दूध पिलाया और चारों साहिबजादों, माता गुजर कौर जी तथा अन्य कई शहीद सिंहों व सिंहनियों की शहादत को श्रद्धांजलि दी।

### जगराओं के मोहल्ला क्लीनिक यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' कैंपेन के तहत फ्री मेडिकल कैंप लगाया



**जगराओं (अप्रस/प्रदीप पाल)।** जगराओं 29 दिसंबर में 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' कैंपेन के तहत एक फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। यह कैंप डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी लुधियाना ने 'ड्रग-फ्री पंजाब' बनाने के मकसद से लगाया था। इसका मकसद युवाओं को ड्रग्स से दूर रहने और हेल्दी लाइफ जीने के लिए मोटिवेट करना था। कैंप रायकोट अड्डा रोड पर बने मोहल्ला क्लीनिक में लगाया गया, जिसे सिविल हॉस्पिटल जगराओं की स.म.ओ.डॉ. गुरबिंदर कौर ने । कैंप में अनुभवी डॉक्टरों की टीम लगाए गई कैंप में आए लोगों का हेल्थ टेस्ट किया और उन्हें हेल्थ से जुड़ी सलाह दी। इस दौरान कई लोगों ने अपने ब्लड प्रेशर, शुगर और दूसरे टेस्ट करवाए। लोगों ने इस पहल की तारीफ की और कहा कि ऐसे कैंप समय-समय पर लगवाने चाहिए और लोगों को जागरूक करने में मदद साबित होते हैं।

# बलोंगी से 'आप' के मौजूदा सरपंच समेत कई नेता कांग्रेस में शामिल

लोग आम आदमी पार्टी की नाकाम नीतियों और जनविरोधी फैसलों से तंग आ चुके हैं: सिद्धू

कहा-पार्टी में शामिल होने वाले सभी नेताओं को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन



**मोहाली, 29 दिसंबर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलबीर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में आज ब्लोंगी गांव के मौजूदा आम आदमी पार्टी के सरपंच माखन सिंह सहित कई सक्रिय नेता – डॉ. हरबंस सिंह रंधावा, कृष्ण कुमार, राम करण, सुभाष चंद और अमरजीत कौर – ने आम आदमी पार्टी को अलविदा कहकर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा की।

इस राजनीतिक घटनाक्रम को आम आदमी पार्टी के लिए एक बड़ा झटका और कांग्रेस पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। इन नेताओं की लोगों के बीच मजबूत पकड़ के कारण यह शामिल होना राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए बलबीर सिंह सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा लोगों के अधिकारों और कल्याण के लिए काम करती रही है और पार्टी में शामिल होने वाले सभी नेताओं को पूरा सम्मान और उचित स्थान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की नाकाम नीतियों और जनविरोधी फैसलों से तंग आकर आज कई ईमानदार नेता कांग्रेस के साथ जुड़ रहे हैं।

नव-शामिल नेताओं ने भी कांग्रेस पार्टी की नीति, नेतृत्व और जनहितैषी सोच पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा से पार्टी को मजबूत करने और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का काम करेंगे।

बलबीर सिंह सिद्धू ने मोहाली और पूरे पंजाब में आम आदमी पार्टी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता से किए गए वादे पूरे करने के बजाय आप सरकार केवल खोखले दावों और प्रचार की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य ठप पड़े हैं, युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं और आम लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ऐसे हालात में कांग्रेस पार्टी ही एक मजबूत और भरोसेमंद विकल्प के रूप में सामने आ रही है, इसी कारण बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मोहाली हलके में पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान कराए गए विकास कार्य आज भी मील का पत्थर साबित हो रहे हैं, जबकि मौजूदा सरकार उन योजनाओं को आगे बढ़ाने में पूरी तरह विफल रही है। बलबीर सिंह सिद्धू ने दावा किया कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी जनता के सहयोग से ठोस रणनीति के तहत मोहाली को दोबारा विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आज हो रही ये शामिलताएँ इस बात का प्रमाण हैं कि जनता का भरोसा फिर से कांग्रेस पार्टी की ओर बढ़ रहा है।

अंत में बलबीर सिंह सिद्धू ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल राजनीति नहीं करती, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने के लिए काम करती है। नए शामिल हुए नेताओं का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे न केवल मोहाली हलके में कांग्रेस को राजनीतिक मजबूती मिलेगी, बल्कि जनता के अधिकारों और कल्याण से जुड़े कार्यों को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा ही राजनीति का सबसे बड़ा पैमाना है और कांग्रेस पार्टी इस भरोसे को हमेशा कायम रखेगी।

# कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, अधिकारियों को विकास कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 29 दिसंबर।** समग्र विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने आज विकास भवन, एस.ए.एस. नगर में ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के विकास कार्यों की जायज़ा लेने हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की।

इस समीक्षा बैठक के दौरान तरुनप्रीत सिंह सौंद ने निर्माणाधीन 3100 मॉडल खेल मैदानों तथा निर्माणाधीन 500 पंचायत घरों के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

इसके साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन 1100 आंगनवाड़ी केंद्रों के विकास कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान श्री सोंद ने चल रहे कई अन्य बड़े और छोटे विकास कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के प्रशासनिक सचिव अजीत बालाजी जोशी, संयुक्त विकास आयुक्त शैना अग्रवाल, पंजाब विकास आयोग के सदस्य अनुराग कुंडू, ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक श्री उमा शंकर गुप्ता तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के मुख्य अभियंता करनपाल सिंह चाहल भी उपस्थित थे।

# बाकरपुर टैंकी गांव में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में बड़ा कदम

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने नए ट्यूबवेल के कार्य का शुभारंभ किया

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 29 दिसंबर।** डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक स. कुलजीत सिंह रंधावा के नेतृत्व में गांव बाकरपुर टैंकी में पेयजल सुविधा को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 22 लाख 14 हजार 800 रुपये की लागत से नए ट्यूबवेल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना के पूर्ण होने पर गांव बाकरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार है और इस दिशा में कोई भी कमी नहीं छोड़ी जाएगी। सरदार रंधावा ने बताया कि गांव बाकरपुर टैंकी तथा आसपास के गांवों में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए यह ट्यूबवेल अत्यंत आवश्यक था। इस परियोजना से गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से लोगों को राहत मिलेगी तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार जल आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित की जा सकेगी। इस अवसर पर गांव बाकरपुर के सरपंच स. धर्मपाल सिंह सहित आसपास के गांवों के सरपंच एवं पंचायती प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। गांववासियों ने विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना उनकी लंबे समय से चली आ रही पेयजल संबंधी आवश्यकता को पूरा करेगी।

# नगर कीर्तन में आप नेता सरपंच पर हमला: पगड़ी लेकर थाने पहुंचे, 5 नामजद सहित 17 के खिलाफ एफआईआर

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**हलवारा /जगराओं 28 दिसंबर।** में नगर कीर्तन के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता व गांव के सरपंच सुखविंदर सिंह हलवारा पर हमला हो गया। आरोप है कि उनको डेढ़ दर्जन के करीब लोगों ने जमकर पीटा। हमलावरों ने उसकी पगड़ी उतार दी। इस हमले में सरपंच को गंभीर चोटें भी आई और उसे प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया। प्राथमिक उपचार के बाद वह पगड़ी हाथ में लेकर थाने पहुंच गया।

हमलावरों ने सरपंच की जेब से उसकी मोहर व 7800 रुपए नकदी भी लूट ली। सरपंच की शिकायत पर 17 हमलावरों पर एफआईआर दर्ज कर दी जिसमें पांच लोगों के नाम हैं जबकि बाकी अज्ञात हैं। सरपंच का आरोप है कि कुछ लोगों ने उस पर रंजिशन हमला किया हे क्योंकि उसने कुछ लोगों को सोशल मीडिया पर झूठ अफवाहें फैलाने से रोका था। सरपंच सुखविंदर सिंह हलवारा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि नगर कीर्तन के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर अपशब्द और झूठी अफवाहें फैलाने से रोका था। इसी बात पर हमलावरों ने अपने साथियों को उकसाया और हमला कर दिया। हमलावरों ने मुक्कों और भारी लोहे की रॉड का इस्तेमाल किया। पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर राजवीर सिंह उर्फ सनी, राजविंदर सिंह उर्फ गगना (दोनों भाई), विशाल, जस्सा और हैप्पी सहित 17 से अधिक अज्ञात हमलावरों पर पर्चा दर्ज कर दिया है। सरपंच सुखविंदर सिंह हलवारा ने आरोप लगाया है कि इस हमले में कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता द्वारा समर्थित लोग शामिल थे। थाना प्रभारी गुरदीप सिंह ने बताया कि सरपंच की शिकायत के आधार पर 5 नामजद और 12 से अधिक अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



बनूड़, 29 दिसंबर (अप्रस)। बनूड़ पुलिस ने एक व्यक्ति को 24 बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी एएसआई जसविंदर पाल ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ नशा तस्करों और गलत तत्वों की तलाश में बनूड़-राजपुरा मुख्य मार्ग पर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान जब वे नेशनल हाईवे पर स्थित जलालपुर टी-पॉइंट पर पहुंचे, तो उन्हें सूचना मिली कि नेशनल हाईवे पर स्थित चितकारा यूनिवर्सिटी के पास गांव गज्जू खेड़ा निवासी मनप्रीत सिंह हरियाणा से शराब लाकर यहां बेचने की फिराक में है, जोकि झाड़ियों में छिपा बैठा है। जांच अधिकारी ने बताया कि इस सूचना के आधार पर जब उन्होंने पुलिस पार्टी के साथ मौके पर छापेमारी की, तो मनप्रीत सिंह को 24 बोतल अवैध शराब, जो सिर्फ हरियाणा में ही बेची जा सकती है, के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# द सन बोर्डिंग पब्लिक स्कूल ने श्रद्धा के साथ मनाया साहिबज़ादों का शहीदी दिवस

साहिबज़ादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी: प्रिंसिपल धर्मपाल

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर / शाम चुरासी, 29 दिसंबर।** इलाके के मशहूर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन 'द सन बोर्डिंग पब्लिक स्कूल' में दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और माता गुजरी जी के चार साहिबज़ादों की अनोखी शहादत को समर्पित एक 'शहीदी सभा' का आयोजन किया गया।

इस मौके पर स्कूल के सभी स्टाफ और स्टूडेंट्स ने बड़ी श्रद्धा और सम्मान के साथ शहीदों को नमन किया और अपनी आस्था के फूल चढ़ाए। समागम की शुरुआत में स्टूडेंट्स ने जपजी साहिब जी का पाठ किया और शबद कीर्तन किया। स्कूल के टैलेंटेड स्टूडेंट्स ने साहिबज़ादों की कुर्बानी से जुड़ी कविताएं सुनाई और स्पीच के ज़रिए सरहिंद के बारे में बताया। खूनी इतिहास के बारे में जानकारी शेयर की।

प्रिंसिपल धर्मपाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि साहिबज़ादों ने ज़ुल्म के आगे घुटने नहीं टेके और धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। प्रिंसिपल धर्मपाल ने कहा कि ऐसे इवेंट्स कराने का मुख्य मकसद नई पीढ़ी को अपनी अमीर विरासत और शानदार इतिहास से जोड़ना है।

उन्होंने बच्चों को साहिबज़ादों के जीवन से प्रेरणा लेकर निडर रहने और सच्चाई के रास्ते पर चलने का संदेश दिया। इवेंट के आखिर में सभी की भलाई के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर स्कूल का पूरा स्टाफ और बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स मौजूद थे।

इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल धर्मपाल ने बच्चों के पेरेंट्स से भी अपील की कि वे भी अपने बच्चों को इस ऐतिहासिक शहीदी दिवस के महत्व के बारे में बताएं। इस दौरान बच्चों ने कीर्तन किया। इस मौके पर गुरु का लंगर बांटा गया।

# 2 जनवरी तक रोहतांग दर्रा के दीदार कर पाएंगे पर्यटक

## मणिकर्ण और जीभी ट्रैफिक प्लान के लिए नए दिशा-निर्देश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 29 दिसंबर।** मनाली आने बाले पर्यटक अब दो जनवरी तक रोहतांग दर्रा के दीदार कर पाएंगे। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आज इसके निर्देश दिए हैं।

फोर वाई फोर वाहन रोहतांग दर्रा के लिए जा पाएंगें। डीसी कुल्लू ने कहा कि नए साल और पर्यटन सीजन के दृष्टिगत और मौसम को देखते हुए फिलहाल दो जनवरी तक पर्यटकों को यह सुविधा दी गई हैं ताकि देश-विदेश से आने बाले पर्यटक बर्फ का आनंद उठा सके। उन्होंने कहा कि रोजाना 600 से 700 फोर वाई फोर वाहन रोहतांग दर्रा के लिए जा रहे हैं। उन्होंने पर्यटकों से अपील की है कि यह पहा?ी व बर्फीला स?क मार्ग है और इस पर ध्यान से जाएं। यदि आपको पहा?ी रास्ते में वाहन चलाने में खतरा महसूस हो रहा है तो फोर वाई ?ैर टेक्सी हायर करके जाएं। उन्होंने कहा कि नव वर्ष के लिए कुल्लू, मनाली,तीर्थन व जीभी घाटी में भारी मात्रा में पर्यटक आ रहे हैं इसलिए भुंतर-मणिकर्ण व जीभी-जलो?ी जोत का ट्रैफिक प्लान में भी बदलाव लाया गया है। उन्होंने कहा कि भुंतर-मणिकर्ण मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही हेतु नए दिशा-निर्देश जारी। आगामी नए साल और पीक पर्यटन सीजन के दौरान भुंतर-मणिकरण मार्ग पर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जनहित और सुरक्षित यातायात प्रबंधन के लिए 27 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे।

इसके अनुसार वोल्वो बसों, डंपर और अन्य उच्च क्षमता वाले भारी वाहनों को इस मार्ग पर केवल रात 09ः00 बजे से सुबह 07ः00 बजे के बीच ही चलने की अनुमति होगी।

एम्बुलेंस, दमकल वाहन , पुलिस वाहन और अन्य आवश्यक आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को इन प्रतिबंधों से पूरी तरह मुक्त रखा गया है।

तैनात पुलिस कर्मियों को दोनों ओर से लगने वाले जाम को देखते हुए भारी वाहनों के टाइम स्लॉट को सिंक्रोनाइज करने के लिए अधिकृत किया गया है।

साथ ही क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे पुलिस के साथ समन्वय कर ओवरचार्जिंग (अवैध वसूली) के मामलों पर निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि जलो?ी-जीभी मार्ग के लिए भी दिशा-निर्देश दिए हैं और पुलिस को यातायात व्यवस्था बनाने के आदेश दिए हैं।

उन्होने पर्यटकों से अपील की हैं कि नदियों के किनारे सेल्फी लेने न जाएं। उन्होंने कहा कि पर्यटक खूब मस्ती कर सकते हैं लेकिन उन्हें अपनी जान का भी ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए भी दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं यदि कोई पर्यटन आदेशों उल्लंघन करते हैं तो सजा का भी प्रावधान रखा गया है।

### कल से 2 जनवरी तक बारिश-बर्फबारी के आसार

हिमाचल प्रदेश में आज से मौसम बदलने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आज रात से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के आसार है। कल यानी 30 दिसंबर से दो जनवरी तक प्रदेश में बारिश-बर्फबारी होगी। 31 दिसंबर और एक जनवरी को ज्यादा भागों में बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, कांगड़ा, किन्नौर, लाहौल स्पीति, चंबा और कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हो सकती है। मध्यम ऊंचाई व निचले इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे ढाई महीने से अधिक समय से चला आ रहा ड्राई स्पेल टूट सकता है।

#### चंबा-लाहौल स्पीति में बर्फबारी के आसार

शिमला समेत प्रदेश के ज्यादातर मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी आज सुबह से ही हल्के बादल छाए हुए है। इस बीच मौसम विभाग ने दोपहर 3 बजे तक चंबा और लाहौल स्पीति की अधिक ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है। हिमाचल के मैदानी इलाकों में आज सुबह के वक्त कोहरा छाया रहा। बिलासपुर में इससे विजिबिलिटी 40 मीटर तक गिर गई। ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर के निचले इलाकों में भी सुबह के वक्त कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से तापमान में गिरावट आ रही है।

बर्फबारी के कारण सड़कों पर फिसलन और यातायात बाधित होने की आशंका है। विभाग ने वाहन चालकों को कोहरे के दौरान धीमी गति से चलने और फॉग लाइट का उपयोग करने की सलाह दी है। पर्यटकों और स्थानीय लोगों को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जाने से पहले मौसम की ताजा जानकारी लेने का सुझाव दिया गया है।

## सूखे ने बढाई बागवानों की चिंता

बारिश बर्फबारी न होने के कारण मटर गंदम व सेब की फसल पर मंडराया खतरा

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 29 दिसंबर।** बरसात की सीजन के बाद अभी तक बहुत लंबा ड्राई स्पेल हो गया है। बारिश वह बर्फबारी ना होने के कारण नाचन व सराज क्षेत्र के किसान बागवान काफी चिंतित हो रहे हैं।

नाचन व सराज में अभी तक लोग मटर व गंदम की बिजाई भी नहीं कर पाए जबकि बर्फबारी ना होने के कारण सराज क्षेत्र में सेब की फसल के लिए जो लगभग 1200 चिलिंग आवर्स होते हैं उनका पूरा न होने की वजह से आगामी सेब की फसल पर भी खतरा मंडरा रहा है।सराज क्षेत्र के बागबान किशोर कुमार दामोदरदास हीरा सिंह खीरामणी दुर्गा दास पुष्पराज जीवा नंद दूनीचंद मोहनलाल मेघ सिंह पुरनचंद सोहन लाल, सोहन सिंह करम सिंह तेजेंद्र ठाकुर गगन ठाकुर मुरारी लाल सुरेंद्र कुमार महेंद्र कुमार लाभ सिंह नानक चंद पुरण चंद अजय कुमार चंदन ठाकुर सहित दर्जनों बागवानों ने बर्फबारी व ड्राई स्पेल को लेकर चिंता जाहिर की है कि अगर शीघ्र ही बारिश हो बर्फबारी ना हुई तो सेब की आगामी फसल के लिए जो निर्धारित लगभग 1200 चिलिंग आवर्स होते हैं वह पूरे नहीं होंगे जिससे सेब की फसल पर खतरा मंडरा रहा है।

वहीं पर लोअर सराज व अपर नाचन में बारिश न होने के कारण खेत खलियान सूखे पड़े हैं जिसमें किसान अभी तक मटर व गंदम की फसल भी नहीं बीज पाए। किसानों को डर है अगर दो-तीन चार दिन के अंदर बारिश ना हुई तो वे गंदम मटर की फसल नहीं भेज पाएंगे जिससे उनको लाखों रुपए का नुकसान सहना पड़ सकता है। किसान बागवानों का कहना है कि वैसे ही इस वर्ष आपदा के कारण उनकी जगह जमीन में भारी नुकसान हुआ है अगर शीघ्र ही बारिश और बर्फबारी ना हुई तो आगामी फसल से भी किसान बागबानों को हाथ धोना पड़ सकता है।

## मनरेगा पर झूठ की राजनीति कर रही कांग्रेस तथ्यों से भागकर धरने का ड्रामा: सतपाल सत्ती

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

125 दिन रोजगार देने वाली योजना को 'खत्म' बताना कांग्रेस की बौखलाहट, रिज पर धरना जनता को गुमराह करने की कोशिश

**ऊना।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने शिमला के रिज मैदान पर कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा मनरेगा को लेकर किए गए धरने को पूरी तरह झूठ, भ्रम और राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। सत्ती ने कहा कि कांग्रेस को जब शासन चलाना नहीं आता, तो वह तथ्यों को तोड़ङ्कमरोड़ कर जनता को गुमराह करने के लिए धरनों का सहारा लेती है।

सतपाल सत्ती ने कहा कि कांग्रेस यह झूठ फैला रही है कि मनरेगा को समाप्त किया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार ने मनरेगा से भी आगे बढ़कर ÷विकसित भारतङ्करोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)÷ कानून लागू किया है, जिसमें ग्रामीण परिवारों को 100 नहीं बल्कि 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। इसके लिए ?1.51 लाख करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है, जिसमें ?95 हजार करोड़ से अधिक केंद्र सरकार का योगदान है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह बताने से क्यों डर रही है कि यूपीए सरकार के दौरान जहां 2006ङ्क07 से 2013ङ्क14 तक मनरेगा पर लगभग ?2.13 लाख करोड़ खर्च हुए, वहीं एनडीए सरकार ने 2024ङ्क25 तक ?8.53 लाख करोड़ से अधिक राशि खर्च कर लगभग दोगुना रोजगार सृजन किया है। यह आंकड़े कांग्रेस के झूठ और विफलता को उजागर करने के लिए काफी हैं।

सत्ती ने कहा कि कांग्रेस को अगर वाकई ग्रामीणों की चिंता होती, तो वह रिज पर धरना देने के बजाय राज्य में मनरेगा और अन्य योजनाओं के तहत समय पर मजदूरी भुगतान, काम की उपलब्धता और पंचायतों को अधिकार देने पर ध्यान देती। सच्चाई यह है कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार की नाकामी को छिपाने के लिए केंद्र पर आरोप मढ़े जा रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम का राजनीतिक दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो पार्टी संसद में मर्यादाएं तारङ्कतार करती है, कागज फाड़ती है, टेबलों पर चढ़ती है और लोकतंत्र को भीड़तंत्र में बदलने का प्रयास करती है, उसे गांधी जी के आदर्शों की दुहाई देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

सतपाल सत्ती ने कहा कि ÷विकसित भारत के लिए विकसित गांव÷ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है और नई योजना के तहत गांवों में जल संरक्षण, सड़क, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी भवन, ड्रेनेज और आजीविका से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। पंचायतों की ग्रेडिंग के आधार पर फंड आवंटन, मजदूरी में देरी पर अतिरिक्त भुगतान और कमजोर वर्गों के लिए विशेष प्रावधान इस बात का प्रमाण हैं कि केंद्र सरकार ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए गंभीर है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का रिज मैदान पर धरना दरअसल राज्य सरकार की नाकामी, वित्तीय कुप्रबंधन और झूठे वादों से ध्यान भटकाने की असफल कोशिश है।



## प्राथमिक शिक्षक संघ के चीफ पैटर्न चुने गए जालम सिंह यादव

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर, 29 दिसम्बर।** प्राथमिक शिक्षकों की आम सभा चैलचौक में आयोजित की गई, जिसमें प्रधान चेतन सोनी की अध्यक्षता सचिव खेम सिंह कोषाध्यक्ष संतराम उपस्थिति में जालम सिंह यादव को प्राथमिक शिक्षक संघ के चीफ पैटर्न चुना गया कार्यकारिणी में मुख्य सलाहकार श्री टेंजिन नेगी, महालेखाकार दूनी चंद, लेखाकार सूनील ठाकुर, उपप्रधान भूपेंद्र पाल, कमल कांत व यादोपत्ति,

सहसचिव तेज राम, कार्यलय सचिब धर्मपाल, प्रेस सचिव भुवनेशवर, संगठन मंत्री देवेंद्र कुमार, प्रवक्ता राजेंद्र, सयुंक्त सचिव श्री बाल कृष्ण को चुना गया।बैठक में भारी संख्या में अध्यापकों ने भाग लिया तथा जालम सिंह यादव शिक्षा खंड चच्येट 2 जिला मंडी को सर्व समिति से प्राथमिक शिक्षक संघ का चीफ पैटर्न चुना गया।

नव नियुक्त चीफ पैटर्न जालम सिंह यादव ने पाठशाला में नई कलस्टर प्रणाली का विरोध जताया उन्होंने कहा कि इस सिस्टम के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों के पहले से बने कलस्टरों को समाप्त कर दिया गया और 10 से 15 विद्यालय प्रधानाचार्य के अधीन कर नए कलस्टर बना दिए गए, उन्होंने कहा कि 25 से 30 साल सेवा काल के पश्चात पदोनित 3300 मुख्य शिक्षकों, 2100 केंद्रीय मुख्य शिक्षकों व 141 खंड शिक्षा अधिकारियों की शक्तियों को छीन कर प्रधानाचार्य को दे दी गयी

## सरिया उद्योग फैक्टरी में दो कर्मचारियों की मौत, 3 घायल

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा




**ऊना।** जिले के औद्योगिक क्षेत्र गगरेट स्थित प्रबल टीएमटी प्लांट में एक भीषण हादसा होने की दुखद घटना सामने आई है। प्लांट परिसर में काम के दौरान क्रेन टूटकर गिर जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। और घायलों को तुरंत उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम गगरेट शोमिल गौतम भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। वहरहाल, प्रशासन द्वारा हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार क्रेन में तकनीकी खराबी के चलते यह हादसा हुआ है, हालांकि वास्तविक कारणों का जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। और खबर लिखे जाने तक पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है, तथा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने प्लांट प्रबंधन से भी जवाब तलब किया है और सुरक्षा मानकों की भी जांच की जा रही है।

वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए कामगारों की पहचान रवि पुत्र हंसराज निवासी देहरा,

भाग सिंह, निवासी मुकेरियां तथा बलजी त सिंह निवासी बड़ेड़ा (हरोली) के रूप में हुई है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। जबकि हादसे में संभु मुशहर पुत्र किशन मुशहर, निवासी बिहार तथा मुन्ना पुत्र भीम सिंह, निवासी बिहार की मौत हो गई है। इस भयानक हादसे के बाद प्लांट परिसर में मातम का माहौल बन गया है और पूरे क्षेत्र व प्लांट प्रबंधन में शोक की लहर दौड़ गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### अम्ब पुलिस ने कांगड़ा के 4 युवकों से बरामद किया चिट्टा

**अम्ब।** पुलिस थाना अम्ब की टीम ने मादक द्रव्य तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कलरूही चौक के पास एक कार से 2.99 ग्राम हैरोइन/चिट्टा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने कांग?ा जिला के चार आरोपी युवक पकड़े हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की बनती विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 10.15 बजे एएसआई सुनील डढवाल अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि ऊना की ओर से एक सफेद रंग की मारुति कार आ रही है जिसमें सवार चार युवक हैरोइन/चिट्टा की खरीद-फरोख्त में संलिप्त हैं और कलरूही चौक से लोहारा की ओर जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही कलरूही चौक से कुछ दूरी पर नाका लगाकर पुलिस टीम द्वारा उक्त कार को रोका गया। पूछताछ के दौरान कार सवार युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गए। गवाहों की उपस्थिति में जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो चिट्टा बरामद हुआ। एसपी ऊना अमित यादव ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में चिट्टे सहित पक? गए आरोपियों सौरभ शर्मा (33) निवासी समनोली तहसील प्रागपुर, रजनीश कुमार (29) निवासी जदामण तहसील डाडासीबा, रोहित राणा (26) निवासी खब्बल तहसील ज्वाली व मलकीयत सिंह (33) निवासी जदामण तहसील डाडासीबा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की 21, 29, 61 व 85 धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले में शामिल कार को जब्त करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



## शिक्षा व खेलकूद में अव्वल रहने वाले बच्चे सम्मानित

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढांग में वार्षिक समारोह मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नालागढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढांग में वार्षिक समारोह मनाया गया। इस मौके पर शिक्षा व खेलकूद में अव्वल रहने वाले बच्चें सम्मानित किए गए। नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा समरोह के मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर वाहवाही लूटी। स्कूल के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने स्कूल का वार्षिक रिपोर्ट प?ी और स्कूल की गतिविधियों के बारे में विधायक को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। इस मौके पर बच्चों ने नाटी, पंजाबी भांग?ा, गिद्दा व शिक्षाप्रद नाटिका का मंचन कर उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। विधायक हरदीप बावा ने छठी कक्षा में जिया, वानिश व तेजबीर, सातवीं में नरेंद्र, दीपाली व तरणवीर सिंह, 8वीं में हिमांशु, हरमन व दीपक, 9वी में अनामिका, तानिया व सिमरन नेगी, दसवीं में सिमरन, सनेहा व मुस्कान, जमा एक में निताशा शर्मा, नेहा, दीपिका व जसविंद्र कौर, जमा दो में अंकिता, जसप्रीत1व परणीत कौर को कक्षा में अव्वल रहने पर सम्मानित किया गया। अपनी कक्षा में सबसे अधिक उपस्थिति के लिए ध्रवी शर्मा, रूबी, मनजिंद्र कौर, हर्षित धीमान, सिमरन नेगी, जसमीन, कपिल शर्मा व तानिया को पुरस्कार दिया गया।

विधायक ने विद्यालय में एम.डी.एम. शेड, स्टेज शेड व स्मार्ट रूम का उद्घाटन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने स्कूल में अतिरिक्त कमरे व शौचालय निर्माण की माग रखी गई जिस पर विधायक ने जल्द मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पंचायत प्रधान भोली देवी, उपप्रधान रामलोक, विक्रम चौधरी, महेंद्र सिंह, गुरमैल सिंह, अवतार सिंह, विशाल कुमार, भगवान सिंह समेत बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## दुर्गम जिला लाहौल-स्पीति 'मन की बात' आयोजन में प्रदेश में अब्बल, भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने दी बधाई

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 29 दिसंबर।** देश की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के लिए पहचाने जाने वाले जिला लाहौल-स्पीति ने भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के आयोजन में लाहौल-स्पीति जिला पूरे हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। जिले के सभी 92 पोलिंग बूथों पर शत-प्रतिशत आयोजन सुनिश्चित कर लाहौल स्पीति भाजपा ने यह अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है।

इस ऐतिहासिक सफलता की पुष्टि राष्ट्रीय स्तर की रिपोर्ट और पोर्टलों द्वारा भी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जिले के सभी 92 बूथों पर नेताओं की सहभागिता, अनुशासन और व्यापक जनभागीदारी के साथ कार्यक्रम सुना गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने न केवल आयोजन किया, बल्कि प्रधानमंत्री के संदेशों को स्थानीय जनता तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं लाहौल-स्पीति जिला प्रभारी अखिलेश कपूर ने इस उपलब्धि पर जिला, मण्डल संगठन व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा की 8,000 फीट से लेकर 15,226 फीट की ऊँचाई पर स्थित विश्व के सबसे ऊँचे पोलिंग बूथ %ताशीगंग% सहित सभी दुर्गम क्षेत्रों में कार्यक्रम का शत-प्रतिशत कवरेज करना संगठन की मजबूती का प्रमाण है।

उन्होंने इसका श्रेय कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और अटूट प्रतिबद्धता को दिया। दिल्ली से जारी आधिकारिक रिपोर्ट में लाहौल-स्पीति के सभी मंडलों की सक्रियता की पुष्टि होने पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने खुशी जाहिर की है। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, मन की बात प्रभारी प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, संगठन मंत्री सुरेश शर्मा और भाजपा नेता रवि ठाकुर ने इस सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

## बाराहार सड़क की जल्द मरम्मत की मांग

आदित्य विक्रम सिंह बोले- बर्फबारी से पहले संवेदनशील प्वाइंट दुरुस्त किए जाएं

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 29 दिसंबर।** बाराहार सड़क मार्ग की मरम्मत बर्फ व बारिश से पहले सुनिश्चित की जाए, ताकि स्थानीय लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े। यह मांग भाजपा कार्यसमिति के सदस्य आदित्य विक्रम सिंह ने जिला प्रशासन के समक्ष उठाई। बुधवार को वे पंचायत प्रधान परस राम के साथ इस संबंध में डीसी कुल्लू तोरुल एस. रवीश से मिले।

आदित्य विक्रम सिंह ने बताया कि सड़क पर कई संवेदनशील प्वाइंट बेहद जर्जर हालत में हैं, जिनके कारण आवागमन में लगातार खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि डीसी ने नियम अनुसार मरम्मत कार्य को शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन दिया है और बताया कि सड़क के टेंडर जारी किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि यह मार्ग आपदा के दौरान बंद हो गया था और लंबे समय बाद बहाल तो हुआ, लेकिन कुछ हिस्सों में जोखिम अभी भी बरकरार है। वहीं पंचायत प्रधान परस राम ने कहा कि सड़क की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को रोजाना दूर तक पैदल चलना पड़ रहा है। इसलिए सर्दियों से पहले मरम्मत कार्य अनिवार्य रूप से पूरा होना चाहिए।

## कुल्लू की भलाण-2 पंचायत में पीने के पानी का संकट गहराया

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 29 दिसंबर।** कुल्लू की ग्राम पंचायत भलाण-2 के ब?ीधार गांव में इन दिनों पीने के पानी की गंभीर किल्लत बनी हुई है। गांव में पानी की नियमित सप्लाई बाधित होने के कारण लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की समस्या इतनी अधिक बढ़ गई है कि घरेलू उपयोग और पीने के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस पेयजल योजना के तहत विभाग ने तीन फिटर कर्मचारी तैनात कर रखे हैं, लेकिन समस्या के समाधान में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी कर्मचारियों को पानी की आपूर्ति बाधित होने की जानकारी दी जाती है तो वे ड्यूटी कहीं और होने का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लेते हैं, जिसके चलते गांव में पानी की सप्लाई लगातार ठप रहती है। लगातार समस्या से जूझते हुए ग्रामीणों ने मामला मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी दर्ज करवाया है। इसके बावजूद पानी की आपूर्ति ठीक न होने से ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि विभागीय लापरवाही के चलते गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को तकलीफ उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने जलशक्ति विभाग के उच्च अधिकारियों सहित जिलाधीश कुल्लू से भी मांग की है कि इस मुद्दे पर तत्काल संज्ञान लिया जाएं।

## लारजी डैम में शुरू होंगी जल क्रीड़ाएं, पर्यटन को मिलेंगे नए आयाम, बैठक में हुआ फैसला

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 29 दिसंबर।** कुल्लू डिस्ट्रिक्ट वॉटर स्पोर्ट्स एंड एलाइड एक्टिविटी सोसाइटी, लारजी की बैठक सोसाइटी के अध्यक्ष एवं जिलाधीश कुल्लू तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में लारजी वाटर स्पोर्ट्स सेंटर एवं कैफेटेरिया के संचालन पर विस्तार से चर्चा की गई, ताकि यहाँ उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ पर्यटकों को मिल सके और इस केंद्र को पर्यटन गतिविधियों से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सके। उपायुक्त ने वाटर स्पोर्ट्स सेंटर एवं कैफेटेरिया के संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सोसाइटी के सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्यों से सुझाव भी आमंत्रित किए।

बैठक का संचालन सोसाइटी के सदस्य सचिव एवं जिला पर्यटन विकास अधिकारी रोहित शर्मा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी शर्मा, पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान, एसडीएम पंकज शर्मा सहित अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान, पर्यटन विभाग के अधिकारी तथा सोसाइटी के गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

# भारत एडवांस इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है : राजेश जैन

## माता दरवाजा स्थित जैन पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं परितोषिक वितरण समारोह आयोजित

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 29 दिसंबर।** माता दरवाजा स्थित जैन पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं परितोषिक वितरण समारोह ÷अतुल्य भारत÷ बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, स्कूल प्रबंधन के सदस्यों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच संचालन सतीश जैन (बैंक वाले) द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन एवं श्रीमती संध्या जैन रहे। विशिष्ट अतिथियों में यू.पी.एस. के डायरेक्टर विजय जैन, जैन सभा के प्रधान रवि जैन, महामंत्री मनीष जैन, उपप्रधान अतुल जैन लोहिया, मुकेश जैन, अमित जैन तथा स्कूल की प्रिंसिपल आशा छाबड़ा शामिल रहे।

सभी अतिथियों ने भगवान स्वामी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर, स्वच्छ भारत और विकसित भारत जैसी थीम विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों की मेहनत और प्रतिभा ने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया और दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में स्थापित 40 के.वी. सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजेश जैन द्वारा रिमोट बटन दबाकर किया गया।

मुख्य अतिथि राजेश जैन ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में एडवांस इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है और विद्यार्थियों को इसे अवश्य सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। साथ ही उन्होंने जैविक खेती अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि रासायनिक खाद्य पदार्थों का बढ़ता उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को फूलों के बुके, पटके, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं स्टाफ सदस्यों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सिद्धार्थ जैन, विजय जैन, राजेश जैन (डी.एल.एफ.), प्रवीन जैन, सुनील जैन, अमित जैन, मनोज जैन, नरेश जैन, गगन जैन, प्रभाष जैन, रविंद्र जैन, अशोक जैन, आशीष जैन, अल्का जैन, जवाहर सिंह यादव, विद्यासागर, रवि, मनीष, अतुल, राजीव जैन, ईश्वर जैन, सन्नी निझावन, शीतल, अनिल जैन, मनोज जैन (बबली), निशा जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : एसडीएम

**फतेहाबाद, 29 दिसंबर।** एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए अधिकारियों को इसकी गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा।

वे सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे।

एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निवारण करना है। इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि वे शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए हर समस्या का समाधान जिम्मेदारी से करें। समाधान शिविर में शहीदावाली निवासी धर्मपाल ने अवैध खनन पर कार्यवाही करने, बनावाली निवासी जगदीश ने फसल बीमा राशि के उपरांत बीमा राशि दिलवाने व आंगनबाड़ी केंद्र में सुधार करवाने संबंधी अपनी शिकायत रखी।



## मन की बात में देश के बारे में बहुत बड़ी जानकारियां देते हैं पीएम मोदी : धर्मवीर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** हर महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मन की बात के माध्यम से पूरे देश को जो संदेश देते हैं उससे देशवासियों को पूरे देश के बारे में खास जानकारियां मिलती हैं । यह विचार भाजपा फरीदाबाद जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने अपने कार्यालय पर पीएम मोदी की मन की बात सुनने के बाद व्यक्त किया । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही ऐतिहासिक कार्यक्रम है और पूरे देश की जनता को इस कार्यक्रम को जरूर सुनना चाहिए।

उन्होंने कहा कि रविवार के कार्यक्रम इस साल का अंतिम कार्यक्रम है और इसमें पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला स्थित जेहनपोरा में तीन बौद्ध स्तूपों की खोज का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि ये टीले असल में 2000 साल पुरानी मानव निर्मित संरचना के अवशेष हैं। फ्रांस के एक संग्रहालय में मिली तस्वीर से इसकी पुष्टि हुई, जो कश्मीर के समृद्ध ऐतिहासिक अतीत को उजागर करती है। यह खोज क्षेत्र की गौरवशाली विरासत को दर्शाती है । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि प्रधानमंत्री का राजनीतिक कार्यकाल बहुत लंबा है और वह देश की जनता से अपने अनुभव को साझा करते हैं इसलिए देश के करोड़ लोग रविवार का इंतजार करते रहते हैं।

## अनुसूचित जाति के किसानों को मिलेंगे अनुदान पर ट्रैक्टर, आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी

**फतेहाबाद, 29 दिसंबर।** जिला में अनुसूचित जाति के किसानों को वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी 89 स्कीम के तहत अधिकतम 3 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। अनुसूचित जाति के किसान जिसके नाम या परिवार पहचान पत्र में किसी सदस्य के नाम कृषि भूमि है, जो मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत है तथा पिछले 5 वर्षों में ट्रैक्टर पर अनुदान ना लिया हो।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन करते समय अनुसूचित जाति के किसानों को परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), बैंक विवरण, अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, कृषि भूमि के स्वामित्व का प्रमाण पत्र/पटवारी रिपोर्ट विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। लक्ष्य से ज्यादा आवेदन होने पर लाभार्थी का चयन जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी (डीएलईसी) द्वारा ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा।

## बड़खल गांव के सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ




**फरीदाबाद।** कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था जताते हुए और राहुल गांधी को अपना नेता मानते हुए आज नगर निगम फरीदाबाद के वार्ड का चुनाव लड़ चुके बड?ल निवासी मोहसिन ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक के समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने सभी शामिल होने वाले लोगों को पार्टी का पटका व गांधी टोपी पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया और उन्हें पूरा मान-सम्मान देने का भरोसा दिया।

इस अवसर पर पार्टी में शामिल होने वालों में मोहसिन बड?ल के अलावा नज़र मोहम्मद, आदिल, नाइम, समय सिंह, असरफ, असलम, अमजद, प्रदीप पांडे, पूनम, मरजीना, नूरनिशा, अफसाना, सलमा, रिहाना, रुखसार, सबिला, जीना, अहसास, वसीम, जावेद, रफीक, फिरोजदीन, मुहसूम, टैरिफ , कल्लू, अयान,, फहद, तरन्नुम, ताहिरा, रहिमन, मोहब्बत, इम्तियाज, महबूब, इलियास, गिर्राज, शिव कुमार, रोहित, इरफान, शम्सुद्दीन, शमीम, खुर्शीद, शारुक, मोइन, इशान, अमान, अरमान, जुबेर, जुनैद, कबीर, फरहान, फातिमा, सबाना, आयशा सहित अन्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर शामिल होने वाले साथियों को सम्बोधित करते हुए बलजीत कौशिक ने कहा कि जो सिलसिला रोजाना कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का चल रहा है उससे साफ हो रहा है कि लोगों का भाजपा से मोहभंग होता जा रहा है। कांग्रेस ने हमेशा युवाओं को रोजगार देने का काम किया वहीं मजदूर, किसान को उसका हक दिया। आज भाजपा कांग्रेस के बसाए हुए लोगों को उजाडने़ में लगी हुई है और रोजगार तो बंद ही कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जोड़ो अभियान के तहत आज शामिल हुए सभी लोगों को पार्टी में पूरा सम्मान दिया जाएगा और आपके पार्टी में शामिल होने से सांसद राहुल गांधी, राव नरेन्द्र सिंह के हाथ मजबूत होगें।

## भाजपा की सरकार बनाने में पूरी ताकत लगाने वाले लोगों को उजाड़ने में पूरी ताकत लगा रही है भाजपा सरकार : मा. ऋषिपाल

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** गुर्जरों के बड़े गाँव बड़ौली में पिछले 29 दिन से चौधरी बीरपाल गुर्जर प्रदेश अध्यक्ष धनसिंह कोतवाल राष्ट्रीय किसान यूनियन के संयोजन में चल रहे धरने में शामिल होने आज एक बार फिर कांग्रेस पार्टी किसान सेल के जिलाध्यक्ष मास्टर ऋषिपाल अपना समर्थन देने पहुंचे और लोगों का हौंसला बढ़ाने पहुंचे।

उन्होंने धरने पर बैठे बड़ी संख्या में बुजुर्गो माता बहनों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बड़े शर्म और आश्चर्य की बात है कि भाजपा की सरकार बनाने में पूरी ताकत लगाने वाले लोगों को उजाड़ने में भाजपा सरकार पूरी ताकत लगा रही है। मास्टर ने कहा कि भाजपा सरकार भाजपा के विधायक मंत्री और सरकार में बैठे बड़े अफसर बहुत ही नकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए सभी मिलकर एकजुट होकर लोगों को उजाड़ने में लगे हुए हैं। उनके घर तोड़ने में लगे हुए हैं उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है जबकि

बड़ौली गाँव के लोगों की मांग सौ फीसदी जायज है और उनकी स्वयं की जमीन है। उन्होंने जमीन का मुआवजा भी नहीं लिया है तो फिर सरकार कौन से कानून के तहत उनके मकान तुडवा रही है और उनकी जमीन को प्लॉट काटकर दूसरे लोगों को बेच रही है। चौधरी वीरपाल गुर्जर ने मास्टर ऋषिपाल को बताया कि केंद्रीय मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर जी को बड़ौली निवासियों की मांगों के बारे में ज्ञापन दिया गया है जिसके बाद मंत्री जी ने लोगों को विश्वास दिलाया है कि मुख्यमंत्री जी से बात कराएंगे और लोगों की मांगों को पूरा करवाएंगे।

उसके बाद मास्टर ऋषिपाल ने सभी लोगों के साथ मिलकर चौधरी कृष्णपाल गुर्जर जी का आभार व्यक्त किया और एक बार फिर सबकी तरफ से निवेदन किया ग्रामीणों की मांगों को जल्दी से जल्दी पूरा करवाएं क्योंकि गांववासी जिसमें बड़ी संख्या में हमारी माताएं बहनें और बुजुर्ग कड़कड़ाती ठण्ड में बैठे हैं और बुरी तरह परेशान हो रहे हैं वो मांग पूरी होने के बाद आराम से अपने घर में इस सर्दी के मौसम में आराम फरमा सके।

धरने पर बैठे लोगों ने मास्टर ऋषिपाल को अवगत कराया कि राज्यमंत्री राजेश नागरजी का व्यवहार बहुत ही गलत और नेगेटिव है। वो लोगों को धमका रहे हैं की धरना उठाओ। उसके बाद ही तुम्हारी बात सुनी जाएगी जोकि पूरी तरह तानाशाही पूर्ण रवैया है।

जनता उनके ऊपर दया करें। इसके बाद जनता ने उनकी प्रार्थना के बाद उन्हें बहुत अच्छी वोटों से तिगाँव विधानसभा से विधायक बना और उसी के बाद मंत्री बने। उन्हें वो दिन नहीं भूलने चाहिए। नहीं तो जनता उनको समय आने पर जिंदगी भर ना भूलने वाला सबक सिखा देगी। उन्हें किसी वहम में नहीं रहना चाहिए क्योंकि लोकतंत्र में जनता ही सबसे बड़ी शक्ति है। इस मौके पर मुख्य रूप से किसान नेता ममता भाटीजी पूर्व पार्षद राजेन्द्र चपराना उदयकरण, सुमित गौड़, अनिल नेताजी, रामकिशन मलिक, डॉ? राजिंदर फज्जुपुर रोहताश चौधरी सूरत चंदीला श्यामसिंह सरपंच राजबीर सरपंच सहित बड़ी संख्या में बड़ौली और पहलादपुर के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एग्रीस्टैक को लेकर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

डीसी ने किसानों के पंजीकरण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश, एसडीएम करेंगे नियमित मॉनिटरिंग

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 29 दिसंबर।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में एग्रीस्टैक को लेकर राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एग्रीस्टैक के तहत किसानों के पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित बैठकें आयोजित कर एग्रीस्टैक कैंपों की मॉनिटरिंग करें। साथ ही, पंजीकरण के दौरान आने वाली तकनीकी दिक्कतों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उपायुक्त ने कहा कि एग्रीस्टैक किसानों के लिए सेवाओं, सब्सिडी, ऋण एवं बाजार तक पहुंच को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल है। इसके माध्यम से एक केंद्रीकृत कृषि डेटा प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है, जिससे किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से मिल सकेगा।

बैठक में टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा, फतेहाबाद एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीआरओ श्यामलाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## फतेहाबाद पुलिस परेड का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 29 दिसंबर।** पुलिस लाइन फतेहाबाद में आयोजित साप्ताहिक पुलिस परेड ने जिले की पुलिस व्यवस्था में अनुशासन, सजगता और कर्तव्यनिष्ठा की स्पष्ट झलक प्रस्तुत की। परेड के दौरान पुलिस बल की एकरूपता, शारीरिक दक्षता और सजगता सराहनीय रही।

परेड का निरीक्षण सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री दिव्यांशी सिंगला, आईपीएस द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों की ड्रिल, टर्नआउट और अनुशासन का अवलोकन करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि एक संगठित एवं सजग पुलिस बल ही समाज में सुरक्षा का भरोसा कायम रखता है।

निरीक्षण उपरांत अपने संबोधन में एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक दायित्व नहीं बल्कि अनुशासन, समर्पण और संवेदनशीलता से जुड़ी जीवनशैली है। उन्होंने बल को मानसिक रूप से मजबूत रहने, नियमित अभ्यास करने और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## हंसराज पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिक उत्सव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** हंसराज पब्लिक स्कूल, सेक्टर 6, पंचकूला ने इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में अपना सालाना फंक्शन ÷कल्चरल कैडेंस÷ बड़े ही शानदार और उत्साह के साथ मनाया। इस शाम में संस्कृति, रचनात्मकता और मूल्यों से भरपूर कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस भव्य कार्यक्रम में संगीत, नृत्य, नाटक और कलात्मक अभिव्यक्ति का एक जीवंत संगम देखने को मिला, जो स्कूल की समग्र शिक्षा और सांस्कृतिक विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कक्षा पहली से 6 वीं तक के छात्रों ने एक शानदार शो पेश किया, जिसमें उन्होंने अपने ऊर्जावान नृत्य प्रदर्शन, भावपूर्ण संगीत प्रस्तुतियों और प्रभावशाली नाटकों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनका आत्मविश्वास, तालमेल और मंच पर उपस्थिति फैकल्टी द्वारा दी गई बेहतरीन ट्रेनिंग और मार्गदर्शन का प्रमाण था। शाम का एक खास आकर्षण ÷मालगुडी डेज़÷ नाटक था, जिसे बहुत खूबसूरती से पेश किया गया। इसमें छात्रों ने प्रभावशाली संवाद अदायगी, भावनात्मक अभिनय और सहज बदलावों के माध्यम से शानदार नाट्य कौशल का प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन ने भारतीय कहानी कहने के आकर्षण को जीवंत कर दिया और युवा कलाकारों के आत्मविश्वास और कुशलता से दर्शक बहुत प्रभावित हुए।

इस कार्यक्रम में पद्म श्री राजेंद्र गुप्ता, संसद सदस्य (पंजाब), और ज्ञान चंद गुप्ता, पूर्व स्पीकर, हरियाणा विधानसभा सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। उनकी सम्मानित उपस्थिति ने इस अवसर को और भी गरिमापूर्ण बना दिया। मुख्य अतिथि ने मूल्य-आधारित शिक्षा के माध्यम से युवा मन को पोषित करने के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को उनके अनुशासन, आत्मविश्वास और कलात्मक उत्कृष्टता के लिए सराहा।

## निराश्रित बच्चों को दी जा रही है प्रति माह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता : डीसी

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 29 दिसंबर।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 2100 रुपये प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है।


डीसी ने बताया कि उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तावेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यापित फोटोप्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आवेदक के पास यदि उपरोक्त दस्तावेजों में से कोई दस्तावेज नहीं है तो वह कोई अन्य प्रमाण पत्र सहित 5 वर्ष से हरियाणा में रिहायश का हलफनामा दे सकता है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे के माता-पिता या अभिभावक किसी भी सरकार द्वारा पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहा है वो उपरोक्त स्कीम का लाभ नहीं ले पाएंगे।

लापरवाही

गरीब खुले आसमान के नीचे बिताने को मजबूर रातें, हेल्पलाइन नंबर बंद

## जीरकपुर में रैन बसेरे सिर्फ नाम के, लोहागढ़ और ढकोली में मिले ताले जड़े

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** सरकार जहां हर साल सर्दियों के मौसम में गरीब, बेसहारा और दिहाड़ी मजदूरों को ठंड से बचाने के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था का दावा करती है, वहीं जीरकपुर में यह दावा पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। शहर के लोहागढ़ और ढकोली इलाके में बने रैन बसेरे हकीकत में पूरी तरह बंद पड़े हैं, जिन पर ताले लटके हुए हैं और भीतर सन्नाटा पसरा हुआ है।

ठंड के इस भीषण दौर में जब रात का तापमान लगातार गिर रहा है, उस वक्त रैन बसेरों का बंद होना प्रशासनिक लापरवाही और संवेदनहीनता की गंभीर तस्वीर पेश करता है। नतीजा यह है कि गरीब मजदूर, रिक्शा चालक, प्रवासी कामगार और बेसहारा लोग मजबूरी में सड़कों, फुटपाथों, दुकानों के बाहर और खुले मैदानों में रात गुजार रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार रात के समय जरूरतमंद लोग रैन बसेरों तक पहुंचे, लेकिन वहां ताले लगे मिले। न तो कोई कर्मचारी मौजूद था और न ही किसी तरह की कोई जानकारी दी गई कि रैन बसेरा कब खुलेगा। मजबूर होकर लोगों को कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे सोना पड़ा।

रैन बसेरों के बाहर प्रशासन द्वारा लगाए गए हेल्पलाइन और संपर्क नंबर भी केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। लोगों का कहना है कि कई बार इन नंबरों पर कॉल की गई, लेकिन फोन या तो स्विच ऑफ मिले या किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। यह स्थिति साफ दर्शाती है कि प्रशासनिक निगरानी नाम मात्र की है।

स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन के इस रवैये पर गहरा रोष जताया है। उनका कहना है कि हर साल सर्दी शुरू होते ही प्रशासन रैन बसेरों को लेकर बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई व्यवस्था नजर नहीं आती। कई बार संबंधित अधिकारियों को मौखिक और लिखित रूप में शिकायतें दी गईं, फिर भी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

सूत्रों के अनुसार, प्रशासनिक रिकॉर्ड में रैन बसेरों को चालू दिखाया जा रहा है, जबकि हकीकत में वे पूरी तरह बंद पड़े हैं। यह न सिर्फ सरकारी योजनाओं की विफलता को उजागर करता है, बल्कि निगरानी तंत्र पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अत्यधिक ठंड में खुले में सोना जानलेवा साबित हो सकता है, खासकर बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था या तत्काल राहत नजर नहीं आ रही।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

इस पूरे मामले में अब तक प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। सवाल यह है कि जब रैन बसेरे जरूरतमंदों के लिए बनाए गए हैं, तो उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत के समय बंद क्यों रखा गया?

कल सुबह रैन बसेरों के बाहर दोनों जगह बोर्ड लगा दिए जाएंगे जिन पर सुपरवाइजर के नंबर लिखे होंगे।कल के बाद दोनों रैन बसेरों में पर भी ताला नजर नहीं आएगा। जरूरतमंद लोगों को किसी किस्म की भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी। कल से लिखित में दोनों जगह के सुपरवाइजर की ड्यूटी लगा दी जाएगी।

*मनोज कुमार*

*सेनेटरी इंस्पेक्टर नगर परिषद जीरकपुर*

# हर मंडल मुख्यालय पर बनाएंगे स्पोर्ट्स कॉलेज : सीएम योगी

स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ कर रही है सरकार - योगी

विधायक खेल स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत किया मुख्यमंत्री ने

खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

अर्थ प्रकाश /हनुमान शरण पांडे

**गोरखपुर, 29 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिले स्तर पर बड़ा स्टेडियम बनवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ सरकार हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनाया जाएगा।
सीएम योगी सोमवार को गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा - 2025 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ कर रही है। गोरखपुर में बेलीपार के पास एक इंटरनेशनल स्टेडियम बनने जा रहा है। गोरखपुर के रीजनल स्टेडियम का भी 63 करोड़ रुपये की लागत से नवोद्धार हो रहा है। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में भी बेहतरीन स्टेडियम बन रहा है। मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का सत्र प्रारंभ हो चुका है। इस यूनिवर्सिटी का विश्व स्तरीय निर्माण जारी है। अब सरकार की तैयारी हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने की है।
मुख्यमंत्री ने बताया कि वह जल्द ही गोरखपुर महानगर की सभी संस्थाओं के साथ बैठक करने वाले हैं। उस बैठक में संस्थाओं का आह्वान किया जाएगा कि वे एक-एक खेल को गोद लें। कुछ सहयोग वे करें और कुछ सरकार करेगी। यहां पर अच्छे कोच रखे जाएंगे। इससे बच्चों को खेल के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म प्राप्त होगा
अगली बार कामकाजी और रिटायर्ड लोगों के लिए भी होंगी प्रतियोगिताएं
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक खेल स्पर्धा को लेकर अपनी आगामी योजना भी साझा की। उन्होंने कहा कि अगली बार बच्चों और छात्रों के स्तर के साथ ही वार्ड स्तर पर कामकाजी और रिटायर्ड लोगों के लिए भी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वार्ड स्तर, उसके बाद कुछ वार्डों को मिलाकर उपनगरीय और फिर नगर स्तर पर बड़ी प्रतियोगिता, बड़े समारोह का आयोजन कर विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों-छात्रों की प्रतियोगिताएं बालक व बालिका वर्ग में तीन स्तर, बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ही गोरखपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भी कहा गया है। कला के अलग अलग विधाओं गायन, वादन, नृत्य, नाट्य आदि की यह प्रतियोगिता जनवरी के प्रथम सप्ताह में होगी। 11 से 13 जनवरी को गोरखपुर महोत्सव के मुख्य आयोजन में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

**खेलेगा युवा तो खिलेगा देश**

सीएम योगी ने खेलकूद के महत्व को समझाते हुए कहा कि युवा खेलेगा तो देश खिलेगा। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का रास्ता यहीं से प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सफलताओं का मार्ग स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकता है। स्वस्थ शरीर खेलकूद और यौगिक क्रियाओं के माध्यम से ही प्राप्त होगा।

**11 वर्ष में खेल के क्षेत्र में हुआ भारी परिवर्तन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्ष के अंदर देश में खेल और खेलकूद की गतिविधियों को लेकर भारी परिवर्तन हुआ है। कबड्डी, हॉकी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स के लिए पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ, वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा की एक नई मांग खड़ी हो चुकी है और इसी को ध्यान में रख करके सरकार स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत कर रही है।

**भीषण ठंड में खिलाड़ियों के उत्साह को सीएम से सराहा**

मुख्यमंत्री ने भीषण ठंड में भी खिलाड़ियों के उत्साह की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि इस विधायक खेल स्पर्धा में प्रत्यक्ष रूप से 1000 और अप्रत्यक्ष रूप से 10000 खिलाड़ियों ने सहभागिता की है। विधायक खेल स्पर्धा 2025 में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबाल, जूडो और कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह खेलकूद ही है जो सम और विषम परिस्थितियों में मनोरंजन भी करता है और हमें शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से चुस्त-दुरुस्त बनाने में भी बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है।

**सीएम के नेतृत्व में बिना भेदभाव खिलाड़ियों को मिल रहा अवसर : संजय निषाद**

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हरेक क्षेत्र की भांति खेल के क्षेत्र में भी बिना भेदभाव सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने यूपी से माफिया खत्म करके, बंदूक-कट्टे के खेल की बजाय वास्तविक अर्थों में खेल का माहौल बना दिया है। डॉ. संजय निषाद ने कहा खेलों के उन्नयन और खिलाड़ियों के संवर्धन के लिए योगी सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

**सीएम के नेतृत्व में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के हुए ऐतिहासिक कार्य : गिरीश चंद्र यादव**

विधायक खेल स्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने और खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं।



मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रदेश में हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान और ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाने का कार्य तीव्र गति से जारी है।

**खेल के क्षेत्र में पीएम मोदी के सपने को साकार कर रहे सीएम योगी : रविकिशन**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गांव-देहात तक के बच्चों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उत्कृष्ट संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। सीएम योगी, पीएम मोदी के सपने 'खेलेगा इंडिया, आगे बढ़ेगा इंडिया' को साकार कर रहे हैं। सीएम के नेतृत्व में गोरखपुर में इंटरनेशनल स्टेडियम बनने जा रहा है। खिलाड़ियों के लिए डबल इंजन सरकार हर सुविधा उपलब्ध करा रही है।
इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी ध्रुव त्रिपाठी, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह, कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह आगू आदि उपस्थित रहे।

**कुश्ती और कबड्डी का फाइनल मुकाबला देखा सीएम ने, बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह**

विधायक खेल स्पर्धा के समापन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुश्ती (74 किग्रा भारवर्ग) और कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला देखा। खिलाड़ियों के दांव और मूवमेंट को गहनता से देखते हुए उन्होंने ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। पुरस्कार वितरण के दौरान मुख्यमंत्री ने सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता के विजेता शुभम यादव, उप विजेता अनुराग यादव तथा सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम व उप विजेता टीम नीना थापा के खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी और उपहार देकर पुरस्कृत किया।

## नयागांव में नई वार्डबंदी पर सियासी घमासान- भाजपा-कांग्रेस- गांव वासीयो समेत पार्षदों ने नगर काउंसिल पर जताया एतराज-जगशेर जग्गा नाडा

अर्थ प्रकाश /जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ़ । भाजपा के सीनियर नेता जगशेर जग्गा नाडा का कहना है कि नगर काउंसिल नयागांव में पहले भी 21 वार्ड थे जो बिलकुल सही व सिलसिलेवार थे लेकिन अब नगर काउंसिल नयागांव में प्रस्तावित नई वार्डबंदी को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों और मौजूदा व पूर्व नगर पार्षदों ने इस प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए नगर काउंसिल के समक्ष लिखित एतराज दर्ज कराए हैं।



नगर काउंसिल नयागांव के दफतर पर जो नई वार्डबंदी की लिस्ट चस्पा की गई उन पर जारी करने की तारीख थी 18 दिसंबर तथा एतराज जताने का समय था ऐक सप्ताह परंतु लिस्ट चस्पा की गई दोपहर 25 दिसम्बर को बताओ एतराज जताने का समय निकल जाने के बाद लिस्ट जारी की गई जो बिलकुल गलत है सरा सर सरकार द्वारा धोखा किया गया है ।भाजपा के सीनियर नेता जगशेर जग्गा नाडा ने कहा है कि जो पहले पुरानी वार्डबंदी थी वह सही थे अब लोकल सरकार ने सभी गांव वासियों को असमंजस में डाल दिया है ।अगर वार्डो की संख्या 21 ही रहती थी तो वार्डबंदी करने की क्या आवशकता थी ।एतराज जताने के अअंतिम तिथि पर लिस्टे चस्पा करने पर भाजपा, कांग्रेस सहित सभी पार्षदों ने एक सुर में नई वार्डबंदी का विरोध किया। एतराज में कहा गया है कि पिछली वार्डबंदी वर्ष 2020 में हुई थी और उसके बाद अब तक कोई नई जनगणना नहीं कराई गई। ऐसे में बिना ताजा जनसंख्या आंकड़ों के वार्डों का पुनर्गठन करना न केवल नियमों के खिलाफ है बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की भावना पर भी सवाल खड़े करता है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि इस तरह की वार्डबंदी से निष्पक्ष और समान प्रतिनिधित्व प्रभावित होगा। भाजपा के सीनियर नेता जगशेर जग्गा नाडा ने कहा है कि विरोध करने वालों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रस्तावित वार्डबंदी के पीछे चुनिंदा लोगों को राजनीतिक लाभ पहुंचाने की मंशा है, जो आम जनता के अधिकारों पर सीधा हमला है। भाजपा के सीनियर नेता जगशेर जग्गा नाडा ने मांग की कि वार्डबंदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो और जनगणना के अद्यतन आंकड़ों के आधार पर ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाए। एतराज जताने वालों में भाजपा की मंडल नयागांव अध्यक्ष जोगिंदर पाल गुज्जर , कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मंजीत सिंह सिध्दू , पार्षद हरमेश नटटू ,पार्षद प्रमोद कुमार ,भूपेन्द्र सिंह भूपी , सीनियर युवा नेता दविन्द्र सिंह मंड,पार्षद गुरबचन सिंह मंड, प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## शहीदी पखवाड़े को समर्पित सिसवां न्यू- चंडीगढ़ में गुरबानी कंठ और सिख इतिहास कॉम्पिटिशन आयोजित



अर्थ प्रकाश /जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ़ ।आज धन धन बाबा जवाहर सिंह जी हरिपुर वाले की तपोस्थली सिसवां न्यू- चंडीगढ में गांव के बच्चों के लिए सिख इतिहास और गुरबानी कंठा पर सवाल-जवाब का कॉम्पिटिशन आयोजित किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए बीबी हरप्रीत कौर ने बताया कि शहीदी पखवाड़े को समर्पित, गुरुद्वारा साहिब के प्रेसिडेंट रविंदर सिंह रवि पढोल और पूरी गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सहयोग से, गांव सिसवां की महिलाओं के ग्रुप ने 20 दिसंबर से 28 दिसंबर तक रोज़ाना श्री सुखमणि साहिब जी के पद पढ़े और फिर कीर्तन किया गया। आज इवेंट के आखिर में, गांव के बच्चों के लिए गुरसिखी और गुरमत पर सवाल-जवाब का कॉम्पिटिशन आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जिसमें उनके माता-पिता ने भी अहम भूमिका निभाई। सभी बच्चे गुरसिखी पोशाक पहनकर गुरुद्वारा साहिब पहुंचे। बच्चों से दस गुरुओं, पांच प्यारों, चार साहिबजादों, 40 मुक्तों, पांच तख्तों और दूसरे सिख इतिहास के बारे में सवाल पूछे गए। इन मुकाबलों में हिस्सा लेने वाले लगभग सभी बच्चों को शीरपाऊ देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बच्चों को खाने-पीने के लिए कॉपियां और चॉकलेट भी दी गईं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में बच्चों को गुरसिख जीवन से जोड़ने और उन्हें सिख इतिहास से अवगत कराने के लिए यह कोशिश शुरू की गई है, जो इसी तरह जारी रहेगी। उन्होंने इस कोशिश में सहयोग करने वाले सभी सहयोगी सज्जनों का भी धन्यवाद किया। अध्यक्ष रवि पढोल ने कहा कि गांव की महिला मंडली की ओर से बहुत अच्छी कोशिश की गई जिसमें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और दूसरे सहयोगी सज्जनों का खास योगदान रहा। इन मौकों पर रोजाना गुरु के लंगर की सेवा की गई है। इस मौके पर हरप्रीत कौर, बिंदिया कौर, रज्जी के अलावा ग्रंथी करमजीत सिंह और दूसरे एडमिनिस्ट्रेटर मौजूद थे।

## पंजाबी सभा अरोड़ा/ खत्री पिंजौर ने झुग्गी झोपड़ी में ज़रूरत मंद लोगो को कम्बल, गर्म कपड़े बाँटे



अर्थ प्रकाश /कालका जग्गी। पंजाबी सभा अरोड़ा/खत्री पिंजौर ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कड़ाके की ठंड में चंडीमंदिर बुर्जकोटिया एरिया की झुग्गी झोपड़ी में ज़रूरत मंद लोगो को कम्बल, गर्म कपड़े, इत्यादि बाँटे ।जिससे ठिठुरती रातो में उन्हें राहत मिली और उनके चेहरो पर मुस्कान आई ।उन्होंने बताया की हमारे यहाँ पर पहली बार कोई संस्था कंबल दान करने आयी है ।सभा चीफ पेट्रन मोहिन्दर कक्कड़, चैयरमेन नरेन्द्र खन्ना, प्रधान चरणजीत कोहली, मुख्य सलाहकार भूषण मदान,महासचिव पंकज गांधी,उप प्रधान एच सी कालरा, कार्यकारिणी सदस्य नितिन ओबरॉय,प्रोजेक्ट हेड निखिल सेठी,पूनम कक्कड, वंदना खन्ना, हरनीत भसीन, संदीप कौर, नीलम मदान आदि सभी सदस्यों ने इस नेक कार्य में सहयोग किया ।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरुद्वारा गढ़ी भोरखा साहिब माजरी ब्लॉक न्यू चंडीगढ़ में साहिबजादों की याद में गुरमत समागम



अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ़ । गुरुद्वारा गढ़ी भोरखा साहिब माजरी ब्लॉक न्यू चंडीगढ़ में साहिबजादों की याद में गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री सहज पाठ साहिब जी का भोग डाला गया। इसके बाद भाई हरजीत सिंह हरमन के जत्थे ने कीर्तन से समा बांध दिया। इस दौरान भाई कुलदीप सिंह बदन पुर ने कथा सुनाकर साहिबजादों की शहादत से सभी को अवगत कराते हुए सभी को धर्म का अनुयायी बनने और सच्चा जीवन जीने के लिए प्रेरित किया और इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने के मुद्दे पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की चुप्पी के लिए शिरोमणि कमेटी को जिम्मेदार ठहराया और संगत से धर्म के सिद्धांतों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। आखिर में सेक्रेटरी रविंदर सिंह वाजिदपुर ने आए हुए प्रचारकों और संगत का धन्यवाद किया और साहिबजादों के प्रति अपनी श्रद्धा को अमल में लाने की अपील की।

### समाजसेवी परिवार नयागांव की ओर से माता गुजरी व चार साहिबजादों की शहादत पर दूध व ब्रैड पकौड़े का लंगर लगाया



अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ़ ।सरबंसदानी दशमेश पिता धन धन गुरू गोबिंद सिंह जी के लाडले साहिबजादों व माता गुजरी जी की शहादत को समर्पित हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाजसेवी परिवार व संगत के सहियोग से नयागांव नाड़ा रोड नजदीक राजु ढाबा पर दूध व ब्रेड पकोड़ा का लंगर लगाया गया ।दूध व पकोडों का लंगर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक लगाया गया । सैकड़ों राहगीरों , सरदालुयों व दुकानदारों ने लंगर बड़े प्यार व सरधा से छका । इस अवसर समाजसेवी जगजीत सिंह , जसबीर सिंह व परमजीत सिंह नयागांव ने बताया कि साहिबजादों व माता गुजरी की शहादत की याद में हर वर्ष दूध पकौडों का लंगर लगाया जाता है उन्होने कहा साहिबजादों की शहादत दुनियां के इतिहास में बेमिसाल है ।उन्होने संगत व नौजवान पीढ़ी को अपील की वो गुरु साहिब की ओर से दरसाहे हुए सच व धर्म के मार्ग पर चले व आपने अमीर विरसे से जुड़ें ।इस अवसर समाजसेवी रशपाल सिंह , कंवलजीत सिंह मुनीश डोगरा , अमरीक सिंह , मनप्रीत सिंह , परमिंदर कौर , गुरमीत कौर , रविंद्र कौर , जसलीन कौर व जसवंत सिंह ने विशेष तौर पर हाजरी लगवाई ।इस मौके कमलजीत कौर , मनिंदर सिंह , प्रभजीत सिंह , गुरप्रीत कौर , में हरप्रीत सिंह , रीत प्रीत , अगमजीत सिंह मनमिंदर सिंह व इंद्रजीत सिंह ने लंगर की तन मन से सेवा निभाई ।

### यमुना एक्सप्रेस-वे बन रहा उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की धुरी

अर्थ प्रकाश/ लखनऊ, 29 दिसंबर। उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में यमुना एक्सप्रेस-वे मात्र एक सड़क नहीं बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी नीति और निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक है। जिस मार्ग को कभी केवल दिल्ली और आगरा को जोड़ने वाले कॉरिडोर के रूप में देखा जाता था, वही आज प्रदेश के औद्योगिक पुनर्जागरण की रीढ़ बन गया है। योगी सरकार ने यमुना एक्सप्रेस-वे को ट्रैफिक सुविधा तक सीमित न रखते हुए इसे निवेश, रोजगार और नियोजित शहरीकरण के सबसे बड़े इंजन के रूप में विकसित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर आधारित विकास का ऐसा मॉडल अपनाया है, जिसने प्रदेश की छवि बदली है। एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर औद्योगिक क्लस्टर, आधुनिक अर्बन सेंटर्स और लॉजिस्टिक्स हब का विकास इस बात का प्रमाण है कि सरकार की नीति अब केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं बल्कि जमीन पर परिणाम देने वाली साबित हो रही है।

# 'आप' का गाजीपुर टोल प्लाजा पर जोरदार प्रदर्शन, भाजपा शासित एमसीडी से सभी टोल प्लाजा बंद करने की मांग

- सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण के चलते टोल नाकों पर वाहनों से टैक्स वसूलने पर रोक लगाया है, लेकिन एमसीडी नहीं मान रही - अंकुश नारंग

- वाहनों की भीड़ के चलते टोल नाके प्रदूषण के हॉटस्पॉट बन गए हैं, जिसका खामियाजा दिल्ली की जनता भुगत रही है - अंकुश नारंग

- भाजपा की एमसीडी और दिल्ली सरकार को दिल्लीवालों के स्वास्थ्य की नहीं, सिर्फ अपनी कमाई की चिंता है- प्रवीण कुमार

- सत्ता के नशे में चूर भाजपा दिल्लीवालों को भूल गई है, इनका मकसद सिर्फ वोट चोरी कर सरकार में बैठना है - प्रीति डोगरा

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में प्रदूषण फैला रहे भाजपा शासित एमसीडी के टोल प्लाजा को बंद करने की सोमवार को गाजीपुर टोल प्लाजा पर जोरदार प्रदर्शन किया। ÷आप÷ के वरिष्ठ नेता व एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग के नेतृत्व में दिल्ली सरकार और एमसीडी के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान अंकुश नारंग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण के चलते सभी टोल नाकों पर वाहनों को रोक कर उनसे टैक्स वसूलने पर रोक लगाया है, लेकिन एमसीडी वाहनों से लगातार वसूली कर रही है। इसके चलते टोल नाके प्रदूषण के हॉटस्पॉट बन गए हैं और इसका खामियाजा दिल्ली की जनता भुगत रही है। इस अवसर पर एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार, प्रीति डोंगरा, एमसीडी के हेल्थ कमिटी के सभी सदस्य और आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद मौजूद रहे।
एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण बहुत ज्यादा हो गया है, इसलिए टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर टोल टैक्स न वसूला जाए, लेकिन भाजपा इस गाइडलाइन को मानने को तैयार नहीं है। सिर्फ चंद पैसों के कारण इन्होंने बच्चों और बुजुर्गों को इस प्रदूषण के अंदर मरने के लिए छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स नाके पर रोजाना एक से डेढ़ किमी लंबी भीड़ लगती है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इससे कितना प्रदूषण होता होगा। यह जगह प्रदूषण का 'हॉटस्पॉट' बनकर रह गई है। दिल्लीवासी आज परेशान हैं और आंकड़े बताते हैं कि औसतन चार में से तीन लोग बीमार हैं। हमें भाजपा की लापरवाही की वजह से रोजाना 15 सिगरेट के बराबर धुआं अपने फेफड़ों में लेना पड़ रहा है।
अंकुश नारंग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गाइडलाइन दिए जाने के बाद भी भाजपा के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। सिर्फ थोड़ी सी वसूली के लिए इन्होंने दिल्ली की उस जनता की जिंदगी खतरे में डाल दी है, जिसने इन्हें 70 में से 48 सीटें दीं, सातों लोकसभा सांसद दिए और एमसीडी में भी मौका दिया। आज वही जनता इस जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है।
अंकुश नारंग ने आम आदमी पार्टी की तरफ से मांग रखी कि टोल टैक्स प्लाजा तुरंत प्रभाव से बंद होने चाहिए और इस तरह वसूली नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में भाजपा की चार इंजन वाली सरकार है। इसलिए इन्हें फंड की तो कोई कमी नहीं होगी। यह राजस्व दिल्ली सरकार या केंद्र सरकार से भी लिया जा सकता है, लेकिन जनता की जान ज्यादा महत्वपूर्ण है।
अंकुश नारंग ने बताया कि ये लोग इस मुद्दे को न सिर्फ समिति के अंदर, बल्कि सदन तक लेकर जाएंगे। आम आदमी पार्टी गाजीपुर के साथ-साथ कालिंदी कुंज, टिकरी बॉर्डर और रजोकरी के सभी टोल टैक्स नाकों को बंद करवाएगी, ताकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन हो सके और दिल्ली की जनता खुली हवा में सांस ले सके।
इस दौरान एमसीडी के सह-प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि टोल टैक्स प्लाजा पर भारी जाम और भीड़भाड़ होती है। रात के समय तो इतनी गाड़ियां और ट्रक आते हैं कि दिल्ली एक तरह से 'गैस चैंबर' बन जाती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को 15 दिन हो गए हैं, लेकिन ये टोल उसी तरह चल रहे हैं। चार इंजन वाली भाजपा सरकार को कोई शर्म नहीं आती। भाजपा शासित एमसीडी को दिल्ली के बच्चों की सांसों की फिक्र नहीं है, लेकिन अपनी कमाई की फिक्र जरूर है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग आम आदमी के तंदूर तो बंद कर सकते हैं, लेकिन अपनी कमाई के अड्डे बंद नहीं कर सकते क्योंकि टोल टैक्स के ठेकेदार इन्हें मोटा चंदा देते हैं।

# पनिहार बराई के जिनेश्वर धाम में समवशरण महामण्डल विधान का हुआ आगाज, शुरुआत-मांगलिक क्रियाएं, वेदिक मन्त्रों की ध्वनि से गूंज उठा पांडाल

समवशरण विधान का शुभारंभ ध्वजारोहण ओर इंद्रो ने श्रीजी के अभिषेक किया, पूजन में चढ़ाए अर्घ्य।

विचारों से ही जीवन शांत-अशांत और सुख, दुःख का कारण बनते है-: उपाध्याय श्री विहसंत सागरजी।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** - ग्वालियर शिवपुरी पर स्थित श्री जिनेश्वर धाम तीर्थांचल ट्रस्ट बरई में 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय 72 जिनालयों सहित समवशरण महामण्डल विधान का आगाज आज सोमवार को परम पूज्य मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज एवं मुनिश्री विश्व सौम्य सागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में भक्तिभाव के साथ हुई। सुबह विधान के शुरू में ध्वजारोहण के साथ मांगलिक क्रियाएं और वेदिक मन्त्रों की ध्वनि से गूंज उठा पांडाल।
जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि 72 जिनालयों सहित समवशरण विधान का शुभारंभ मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत महाराज के सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य अजीत कुमार शास्त्री और विधानाचार्य संदीप शास्त्री ने मंत्रो के साथ केशरिया ध्वजारोहण फहराकर ब्रजेश कविता जैन परिवार ने किया। वही 31 फुट ऊंचे समवशरण मण्डप का उद्घाटन दिलीप विनय जैन (नायक परिवार) ने किया। वही सुबह ढोल ताशे साथ के साथ इन्द्रगण सिर भगवान जिनेंद्र को विराजित कर भक्ति नृत्य करते हुई महिलाएं केसरिया वेशभूषा में हाथों में चंवर लेकर नृत्य करती हुई चल रही थी। वहीं समाज के वरिष्ठ जन जयकारे लगाते हुए चले। वही

**इंद्रों ने भगवान जिनेंद्र का स्वर्ण कलशों से किया अभिषेक शांतिधार**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि समवशरण विधान से पहले प्रतिष्ठाचार्य पंडित अजीत कुमार शास्त्री और विद्यानाचार्य संदीप जैन मंत्रो के साथ सौधर्म इंद्र कैलाशचंद्र जैन, कुबेर नरेशचंद्र जैन, चक्रवाती मुकेश पहाड़िया ने भगवान जिनेंद्र का कलशों से अभिषेक किया। वही श्रीजी की शांतिधारा पदमचंद जैन गार्ड परिवार ने की। अभिषेक उपरांत दीपकों से आरती की गई। वही वेदिक मंत्रोच्चार के साथ समवशरण महामंडल विधान की मांगलिक क्रियाएं की गई। वही 31 फुट ऊंचे बने समवशरण में विराजित भगवान जिनेंद्र के समक्ष बैठकर इंद्र इन्द्रणियो ने पूजन कर 80 महाअर्घ्य समर्पित किए। जिसमें पांडाल वेदिक मन्त्रों की ध्वनि से गूंज उठा।

**विचारों से ही जीवन शांत-अशांत और सुख, दुःख का कारण बनते है-: उपाध्याय श्री विहसंत सागरजी।**

उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज ने समवशरण विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपने अच्छे, बुरे भावों और विचारों से ही जीवन शांत-अशांत और सुख, दुःख का कारण बनता है। परिणामों का खेल बड़ा विचित्र है, क्योंकि स्वर्ग, नरक से लेकर मोक्ष तक की स्थिति में भी परिणामों का प्रतिफल ही



एकमात्र कारण है।भावों के उतार चढ़ाव का क्रम हर व्यक्ति के जीवन में प्रत्येक क्षण चलता रहता है, लेकिन धर्म आचरण ही अपने परिणामों को काले करने से बचाता है। इस मौके पर जिनेश्वर धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित अजीत कुमार शास्त्री, महामंत्री पुरुषोत्तम जैन, कोषाध्यक्ष निर्मल पाटनी, संयोजक दिलीप नायक, इंद्रेश जैन, महामंत्री आशीष जैन ने अतिथियों का दुपट्टा और साफा पहनकर सम्मान किया। वही 30 दिसंबर मंगलवार को सुबह 09 बजे से समवशरण विधान में अभिषेक, शांतिधार, प्रवचन ओर पूजन होगी

# केंद्र सरकार ने दो नई शिपबिल्डिंग योजनाएं लॉन्च कीं

**- योजनाओं पर होगा 44,700 करोड़ से अधिक का निवेश**

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने देश की जहाज निर्माण क्षमता को बढ़ाने और भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दो अहम योजनाओं का ऐलान किया है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचित ये योजनाएं हैं- शिपबिल्डिंग फाइनेंशियल असिस्टेंस स्कीम (एसबीएफएएस) और शिपबिल्डिंग डेवलपमेंट स्कीम (एसबीडीएस)। इन दोनों पर कुल 44,700 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे। एसबीएफएस के तहत सरकार 24,736 करोड़ रुपए का कोष बनाएगी। इसके अंतर्गत जहाज निर्माण पर उसकी श्रेणी के अनुसार 15 से 25 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता दी जाएगी। छोटी, बड़ी और विशेष प्रकार की जहाजों के लिए अलग-अलग दरें तय की गई हैं। सहायता चरणबद्ध माइलस्टोन के आधार पर दी जाएगी। अगले 10 वर्षों में एसबीएफएएस से लगभग 96,000 करोड़ रुपए के जहाज निर्माण प्रोजेक्ट्स को समर्थन मिलने की संभावना है। एसबीडीएस का बजट 19,989 करोड़ है।

यह योजना नए ग्रीनफील्ड शिपबिल्डिंग क्लस्टर बनाने, मौजूदा शिपयार्ड का आधुनिकीकरण, और इंडिया शिप टेक्नोलॉजी सेंटर में रिसर्च, डिजाइन और स्किल डेवलपमेंट पर केंद्रित है।

ग्रीनफील्ड क्लस्टर को 100 फीसदी पूंजी सहायता और पुराने शिपयार्ड के विस्तार को 25 फीसदी सहायता दी जाएगी। नेशनल शिपबिल्डिंग मिशन के माध्यम से योजनाओं में समन्वय और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। साथ ही, जहाज स्क्रैप करने वाले मालिकों को 40 फीसदी क्रेडिट नोट देने की नई व्यवस्था से रिसाइक्लिंग और नए जहाज निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। आधुनिक तकनीक और कुशल श्रमिकों के दम पर 2047 तक भारत की जहाज निर्माण क्षमता 4.5 मिलियन ग्रॉस टन प्रति वर्ष तक पहुचने का लक्ष्य है।

# भारत में क्विक कॉमर्स ने बदल दी खुदरा खरीदारी की तस्वीर



**150 से अधिक शहरों में 3.3 करोड़ मासिक उपभोक्ता**

**नई दिल्ली ।**

2025 में भारत के खुदरा परिदृश्य में बुनियादी बदलाव आया है। पारंपरिक ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स का एकीकरण अब योजनाबद्ध खरीदारी और तत्काल जरूरतों के बीच की दूरी लगभग समाप्त कर चुका है। शुरुआत में सिर्फ 10 मिनट में किराना पहुंचाने की पहल बहु-अरब डॉलर के उद्योग में बदल चुकी है। अब उपभोक्ता यह नहीं सोचते कि क्या यह पहुंचेगा? बल्कि सवाल होता है कि कितने मिनट में पहुंचेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार क्विक कॉमर्स भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाला खुदरा प्रारूप बन गया है। 150 से अधिक शहरों में इसका 3.3 करोड़ मासिक उपभोक्ता आधार है। घरेलू आय में वृद्धि और सुविधा को प्राथमिकता देने वाले शहरी वर्ग के लिए यह पसंदीदा खरीद माध्यम बन गया है। अमेज़न और फ्लिपकार्ट ने एमेजान नाउ और फ्लिपकार्ट मिनट जैसी सेवाओं की शुरुआत की है, जो 30 मिनट से कम में आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं। तेज आपूर्ति अब उद्योग का नया मानक बन चुकी है। डार्क स्टोर अब छोटे मोहल्ला केंद्रों से विकसित होकर 10,000-12,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले मेगापॉड्स में बदल गए हैं। इन बड़ी इकाइयों में 50,000 से अधिक वस्तुएँ स्टोर की जा सकती हैं, जिससे महंगी वस्तुएं भी मिनटों में पहुंचाई जा सकती हैं।

2026 में बाजार में और अधिक एकीकरण, श्रेणियों का विस्तार और नियामकीय संतुलन देखने को मिलेगा। शीर्ष कंपनियां अपनी स्थिति मजबूत करेंगी और तेज आपूर्ति की श्रेणी और बढ़ेगी।

# सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ी, महंगे होंगे दाम

**- सेंट्रल एक्साइज बिल, 2025 को संसद में मिली मंजूरी**



**नई दिल्ली।**

सेंट्रल एक्साइज (संशोधन) बिल, 2025 को हाल ही में संसद ने मंजूरी दी है। इस बिल के तहत सिगरेट, सिगार, हुक्का, खैनी और स्मोकिंग मिक्सचर जैसे तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क में भारी वृद्धि की गई है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इसे पेश किया था। सरकार का उद्देश्य तंबाकू खपत को कम करना और स्वास्थ्य संबंधी खर्चों में कटौती करना बताया जा रहा है। बिल के अनुसार, सिगरेट पर लगने वाला उत्पाद शुल्क प्रति 1,000 स्टिक 200-735 रुपये से बढ़कर 2,700-11,000 रुपये हो जाएगा। खैनी पर शुल्क चार गुना बढ़कर 25 से 100 फीसदी होगा। हुक्का तंबाकू पर यह 25 फीसदी से बढ़कर 40 फीसदी हो जाएगा, जबकि स्मोकिंग मिक्सचर का शुल्क 60 फीसदी से 300 फीसदी तक बढ़ सकता है। अधिकारियों का अनुमान है कि 18 रुपये की सिगरेट की कीमत जल्द ही 72 रुपये तक पहुंच सकती है। सोशल मीडिया पर इस बढ़ोतरी को लेकर प्रतिक्रियाएं अलग-अलग हैं। कुछ धूम्रपान करने वाले इसे स्वागत योग्य मान रहे हैं और इसे छोड़ने की प्रेरणा बता रहे हैं। वहीं कुछ इसे सरकार का अत्यधिक हस्तक्षेप मान रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कीमतों में इतनी वृद्धि से तंबाकू की खपत में कमी आ सकती है, लेकिन गरीब और नियमित उपयोगकर्ताओं पर असर ज्यादा पड़ेगा। इसके साथ ही लोग सस्ते या अवैध विकल्पों की ओर बढ़ सकते हैं।

# वैश्विक बाजार में तांबे में रिकॉर्ड उछाल, भारत में भी जोरदार तेजी

**नई दिल्ली ।**

साल 2025 के अंत में ग्लोबल कमोडिटी मार्केट में कॉपर (तांबा) ने निवेशकों और इंडस्ट्री दोनों को चौंका दिया है। लंदन मेटल एक्सचेंज (एनएमई) पर कॉपर के दाम लगभग 13,000 डॉलर प्रति टन के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गए। दिसंबर महीने में कॉपर की कीमतों में 15 फीसदी से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई, जो सिर्फ एक दिन की तेजी नहीं, बल्कि पूरे महीने की मजबूत रैली का नतीजा है। भारत में भी एमसीएक्स पर कॉपर के भाव 259.30 से 1,348 रुपए प्रति किलो तक पहुंचकर 7.9 फीसदी की तेजी के साथ अपर सर्किट पर लॉक हो गए। इसी तरह निकल में भी लगभग 8 फीसदी की तेजी देखी गई।` हिंदुस्तान कॉपर और माधव कॉपर जैसे स्टॉक्स में 10 फीसदी से 29 फीसदी तक उछाल आया।



साल 2025 में कॉपर ने 41.67 फीसदी की कुल बढ़त दर्ज की, जिससे यह साल का सबसे ज्यादा बढ़त देने वाला बेस मेटल बन गया। 2026 के लिए कॉपर का टारगेट 6 डॉलर प्रति पाउंड रखा गया है। हालांकि, विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि चीन की मांग में कमी आने पर कीमतों की रफ्तार पर ब्रेक लग सकता है। अमेरिका की ट्रेड पॉलिसी और चीन की मांग ही भविष्य की कीमतों को तय करेंगे।

# चांदी एक घंटे में 21000 रुपये टूटी, रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद कीमतों में भूचाल

**नई दिल्ली।**

चांदी की कीमतों में सोमवार को एक घंटे के भीतर ही भारी गिरावट देखने को मिली। एमसीएक्स पर मार्च महीने के फ्यूचर्स एक घंटे में 21,000 रुपये प्रति किलो गिरकर 2,33,120 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गए। यह गिरावट तब आई जब दिन की शुरुआत में ही कीमतें 2,54,174 रुपये के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थीं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सिल्वर की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सोमवार को कीमतें पहली बार 80 डॉलर प्रति औंस के पार चली गईं, लेकिन बाद में लाभ लेने की बिकवाली और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप व यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच शांति वार्ता की खबरों के बीच 75 डॉलर के स्तर से नीचे आ गईं।

इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह निवेशकों द्वारा प्रॉफिट बुकिंग और भू-राजनीतिक तनाव में कमी है। यूक्रेन युद्ध में संभावित शांति समझौते की खबरों से सुरक्षित निवेश की मांग कम हो गई। इसके अलावा, वर्ष की शुरुआत से ही चांदी में 181 प्रतिशत की अभूतपूर्व बढ़त भी इस तेज मुनाफावसूली का कारण बनी।

विश्लेषकों का मानना है कि चांदी का ट्रेंड अभी भी सकारात्मक है, लेकिन इसमें उतार-चढ़ाव बना रहेगा। जानकार के मुताबिक, 2.4



लाख रुपये प्रति किलो का स्तर छोटी अवधि का समर्थन है। वहीं, अमेरिकी फर्म ने चेतावनी दी है कि कीमतों में इतनी तेज बढ़त टिकाऊ नहीं है और इसके बाद तेज गिरावट आ सकती है।

## रुपया सपाट बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 89.89 पर सपाट बंद हुआ। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में सुस्त शुरुआत के बीच सप्ताह के पहले अकारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे टूटकर 89.95 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले इसी स्तर पर खुली, जो इसके पिछले बंद भाव से गिरावट को दिखाता है। रुपया शुक्रवार को 89.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली कर रहे हैं। इससे पिछले कुछ महीनों से रुपये पर दबाव बना हुआ है और मुद्रा में स्थिरता नहीं आ पा रही है। वैश्विक स्तर पर छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 98.00 पर रहा। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक संकेतों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर रुपये की आगे की चाल निर्भर करेगी।



## दो हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से बढ़ा

**नई दिल्ली ।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बीते दो हफ्ते में तेजी से बढ़ा है। इस दौरान फॉरेक्स रिजर्व 4.36 अरब डॉलर बढ़कर 693.31 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आबीआई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में सिर्फ 1.6 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। तब कुल रिजर्व 688.94 अरब डॉलर रहा था। यानी इस बार की बढ़त कहीं ज्यादा मजबूत रही। इस हफ्ते फॉरेक्स रिजर्व में आई तेजी की सबसे बड़ी वजह गोल्ड रिजर्व रहा। एक ही हफ्ते में भारत का सोने का भंडार 2.62 अरब डॉलर बढ़कर 110.36 अरब डॉलर पर पहुंच गया। बीते कुछ महीनों से वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बनी हुई है। निवेशक सुरक्षित विकल्प के तौर पर सोने की ओर ज्यादा रुख कर रहे हैं। इसी वजह से गोल्ड की कीमतों में तेजी है। इसका सीधा असर भारत के गोल्ड रिजर्व के मूल्य पर पड़ा है। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां यानी फारेन करेंसी एसेट (एफसीए) इस हफ्ते 1.641 अरब डॉलर बढ़कर 559.428 अरब डॉलर हो गईं। ये कुल विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा होती हैं। आरबीआई के डेटा के मुताबिक, एफसीए में यह बढ़ोतरी सिर्फ डॉलर फ्लो से नहीं होती, बल्कि यूरो, पाउंड और जापानी येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में उतार-चढ़ाव से होने वाले वैल्यूएशन बदलाव भी इसमें शामिल रहते हैं। इस हफ्ते स्पेशल ड्राइंग राइट्स (एसडीआर) में भी हल्की बढ़ोतरी देखने को मिली। एसडीआर 8 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.744 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ भारत की रिजर्व पोजिशन 95 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.782 अरब डॉलर हो गई। विदेशी मुद्रा भंडार वे संपत्तियां होती हैं, जिन्हें किसी देश का केंद्रीय बैंक अपने पास रखता है। इनमें मुख्य रूप से अमेरिकी डॉलर जैसी रिजर्व करेंसी शामिल होती हैं।

## नए साल में जेएसडब्ल्यू-एमजी की कारें होंगी महंगी

**नई दिल्ली।** नए साल में जेएसडब्ल्यू-एमजी मोटर इंडिया ने 1 जनवरी 2026 से अपनी कारों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। कंपनी ने रॉ मटेरियल और ऑपरेशनल कॉस्ट के बढ़ने के कारण इस साल तीसरी बार यह फैसला लिया है। यह बढ़ोतरी कंपनी के सभी मॉडल्स पर अलग-अलग होगी। इससे पहले एमजी ने 1 जुलाई 2025 से अपनी कारों की कीमतों में 1.5 प्रतिशत तक और 1 जनवरी 2025 से 3 प्रतिशत तक का इजाफा किया था। तब भी एमजी ने कीमत बढ़ाने की वजह रॉ मटेरियल महंगा होना बताया था। एमजी इंडिया के लाइनअप में वर्तमान में कॉमेट ईवी, हेक्टर, हेक्टर प्लस, एस्टर, ग्लोस्टर, विंडसर ईवी और ऑल-इलेक्ट्रिक झेडएस ईवी शामिल हैं। कीमतों में बढ़ोतरी 2 प्रतिशत तक होगी, जो मॉडल और वैरिएंट के हिसाब से अलग-अलग रहेगी। विंडसर ईवी पर करीब 30,000 से 37,000 रुपए तक बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे नई कीमतें 14.27 लाख से 18.76 लाख (एक्स-शोरूम) होंगी। कॉमेट ईवी पर 10,000 से 20,000 रुपए तक महंगी हो सकती है और कीमतें 7.64 लाख से 10.19 लाख तक पहुंच जाएंगी।

## सिल्वर ईटीएफ में जबरदस्त तेजी, निवेशकों को मिला बड़ा रिटर्न

**नई दिल्ली ।** हाल के हफ्तों में भारत के सिल्वर ईटीएफ ने निवेशकों को चौंका दिया है। ग्रो सिल्वर ईटीएफ ने मात्र एक महीने में 52.72 फीसदी का रिटर्न दिया। वहीं टाटा और आईसीआईसीआई सिल्वर ईटीएफ ने क्रमशः 50 और 49.94 फीसदी की तेजी दिखाई। एचडीएफसी, निप्पान, आदित्य बिरला, यूटीआई और एसबीआई के सिल्वर ईटीएफ भी लगभग 49 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। घरेलू बाजार में चांदी का भाव करीब 2.58 लाख रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। वैश्विक अनिश्चितताओं और सुरक्षित निवेश की मांग के चलते सोने और चांदी दोनों में मजबूती देखने को मिल रही है। सिल्वर ईटीएफ निवेशकों को फिजिकल चांदी खरीदे बिना रिटर्न का लाभ देते हैं। इनमें स्टोरेज की झंझट नहीं होती और जरूरत पड़ने पर आसानी से बेचा जा सकता है। हालांकि तेज़ी देखने को मिल रही है, लेकिन बाजार में जोखिम हमेशा मौजूद रहता है। मौजूदा ट्रेंड ने सिल्वर ईटीएफ को निवेशकों की नजर में एक मजबूत विकल्प बना दिया है।

## अमेरिका में कंपनियों के दिवालियापन के मामले 15 साल के उच्चतम स्तर

**ट्रंप प्रशासन की लगातार बदलती टैरिफ नीतियों से आयात हुआ प्रभा वित**

**नई दिल्ली ।** 2025 में अमेरिका में कंपनियों के दिवालियापन के मामले 15 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी से नवंबर के बीच 717 कंपनियों ने चैप्टर 7 या चैप्टर 11 के तहत दिवालियापन के लिए आवेदन किया। यह 2024 की समान अवधि से लगभग 14 फीसदी अधिक है। चैप्टर 11 के तहत कंपनियां अपने कर्जों का पुनर्गठन करती हैं और संचालित रहती हैं, जबकि चैप्टर 7 में कंपनियां बंद हो जाती हैं। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि ट्रंप प्रशासन की लगातार बदलती टैरिफ नीतियों ने आयात पर निर्भर व्यवसायों पर भारी दबाव डाला है। कई कंपनियां सप्लाई चेन बाधाओं और बढ़ती लागत के कारण दिवालियापन की ओर बढ़ रही हैं। इसके साथ ही महंगाई और उच्च ब्याज दरें भी कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर दबाव डाल रही हैं। दिवालियापन के मामलों में सबसे अधिक वृद्धि निर्माण, विनिर्माण, परिवहन और रिटेल सेक्टर में देखी गई। कोविड-19 महामारी के बाद से पहली बार इस स्तर के बड़े दिवालियापन मामलों में 1 अरब डॉलर से अधिक संपत्ति वाली कंपनियां शामिल हैं। एट होम और फॉरएवर 21 जैसी रिटेल कंपनियां भी इसमें शामिल हैं। येल यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर के अनुसार, कंपनियां टैरिफ की लागत को ग्राहकों पर डालने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन उनकी भी सीमाएं हैं। जो कंपनियां कीमत बढ़ाने में सफल नहीं होतीं, वे बंद होने की कगार पर पहुंच जाती हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 345, निफ्टी 100 अंक गिरा**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 345.91 अंक फिसलकर 84,695.54 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 100.20 अंक टूटकर 25,942.10 पर बंद हुआ था। आज सबसे अधिक गिरावट आईटी शेयरों में रही। निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.75 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। इसके अलावा ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटीज के शेयर भी नीचे आये। पीएसयू बैंक, एफएमसीजी और मीडिया के शेयरों में ही तेजी रही। आज लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 313.15 अंक नीचे आकर 60,001.30 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 127.40 अंक फिसलकर 17,567.70 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान एशियन पेंट्स, जोमैटो, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, एचयूएल, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर लाभ में रहे थे जबकि पावर ग्रिड, ट्रेंट, बीईएल, भारती एयरटेल, एमएंडएम, टीसीएस, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, के शेयरों को नुकसान हुआ। बीएसई के 2,748 शेयर गिरावट पर बंद हुए जबकि 1,568 शेयर उछले। वहीं 196 शेयरो में कोई बदलाव नहीं हुआ। इससे पहले आज सुबह एशियाई शेयर बाजारों से मिलेजुले



संकेतों के बीच ही बाजार की सपाट शुरुआत हुई। सेंसेक्स हल्की बढ़त के साथ 85,004 अंकों पर खुला। वहीं निफ्टी 26,063 अंकों पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद निफ्टी 56.50 अंक की गिरावट के साथ 25,985 अंकों पर कारोबार करता नजर आया। सेंसेक्स ने भी शुरुआती बढ़त के बाद कमजोरी दिखाई। सुबह शुरुआत के बाद यह 231.86 अंक गिरकर 84,809.59 के स्तर पर ट्रेड कर रहा था। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार नए साल 2026 से पहले निवेशक फिलहाल सतर्क रुख अपना रहे हैं। वैश्विक संकेतों, ब्याज दरों और आगामी आर्थिक आंकड़ों को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशक नए निवेश से फिलहाल दूरी बनाए हुए हैं और बेहतर अवसरों का इंतजार कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में वैश्विक बाजारों की दिशा, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर भारतीय बाजार की चाल निर्भर करेगी। फिलहाल बाजार में सीमित दायरे में कारोबार और उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। एशियाई शेयर बाजार~ एशियाई शेयर बाजार सोमवार को छह हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंच गए। जबकि डॉलर लगभग तीन महीने के निचले स्तर के पास बना रहा। इसकी वजह यह उम्मीद है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व अगले साल ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, जिससे कीमती मेटल में भी जोरदार तेजी देखने को मिली है। दक्षिण कोरिया का कोस्पी (इंडेक्स 1.5 फीसदी चढ़कर लगभग दो महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं जापान का निक्केई 0.4 फीसदी फिसला, जबकि ताइवान का शेयर बाजार 0.3 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया।

# निवेशकों को नया विकल्पः अप्रैल 2026 से शुरू होगा स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड

**मुंबई ।**

भारत में निवेशकों के लिए अप्रैल 2026 से नया निवेश विकल्प स्पेशलाइज्ड इवेंस्टमेंट फंड (एसआईएफ) पेश किया जाएगा। सेबी ने पारंपरिक म्यूचुअल फंड, पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (पीएमएस) और अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स (एआईएफएस) के बीच की खाली जगह को भरने के लिए मंजूरी दी है। एसआईएफ मुख्य रूप से उन निवेशकों के लिए है जो 10 लाख रुपये तक का निवेश कर सकते हैं, लेकिन एआईएफ या पीएमएस के लिए आवश्यक बड़ी रकम नहीं लगाना चाहते।

वर्तमान में, म्यूचुअल फंड छोटे निवेशकों के लिए उपयुक्त हैं, जहां एसआईपी के जरिए 500 या 1,000 रुपये से निवेश शुरू हो सकता है। वहीं, एआईएफ उच्च जोखिम वाले फंड होते हैं, जो स्टॉक्स, बॉन्ड, रियल एस्टेट, निजी कंपनियां और हेज फंड जैसी गैर-पारंपरिक संपत्तियों में निवेश करते हैं। इनमें न्यूनतम निवेश करीब 1 करोड़ रुपये होता है और ये मुख्य रूप से उच्च नेटवर्थ निवेशकों के लिए होते हैं।

पीएमएस में निवेशक का पैसा एक पेशेवर पोर्टफोलियो मैनेजर संभालता है, जिसमें करीब 50 लाख रुपये निवेश करना जरूरी होता है। लेकिन सेबी का नया एसआईएफ इन दोनों विकल्पों के बीच का सेतु है।

यह लंबी अवधि के लिए एडवांस निवेश रणनीतियों जैसे इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट, डेट लॉन्ग-शॉर्ट, सेक्टोरल डेट लॉन्ग-शॉर्ट, एक्टिव एसेट एलोकेशन और हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट में निवेश कर सकता है। एसआईएफ म्यूचुअल फंड की तरह ही निवेशकों को एसआईपी, एसडब्ल्यूपी और एसटीपी की सुविधा भी देगा। हालांकि, इसका एंट्री टिकट 10 लाख रुपये है, लेकिन एक बार यह राशि जमा हो जाने के बाद निवेशक केवल 10,000 रुपये से एसआईपी, एसटीपी या एसडब्ल्यूएस शुरू कर सकते हैं।

कुल मिलाकर, एसआईएफ उन निवेशकों के लिए आदर्श विकल्प है जो जोखिम समझते हैं, लंबी अवधि के निवेश की योजना बनाते हैं और म्यूचुअल फंड से एक कदम आगे बढ़ना चाहते हैं,

लेकिन एआईएफ या पीएमएस की ऊंची शुरुआती राशि से बचना चाहते हैं। यह नया फंड मध्यम और समझदार निवेशकों को पेशेवर निवेश रणनीतियों का लाभ उठाने का मौका देगा, जिससे वे पारंपरिक निवेश विकल्पों के साथ-साथ अधिक लचीले और उच्च रिटर्न वाले विकल्पों का आनंद ले सकेंगे।

## डब्ल्यूओजी टेक्नोलॉजीज ने आईपीओ के लिए सेबी के पास जमा किए दस्तावेज

**- नए निर्गम और शेयर बिक्री के संयोजन से जुटाई जाएगी पूंजी**

**नई दिल्ली ।**




डब्ल्यूओजी टेक्नोलॉजीज ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी का आईपीओ 375 करोड़ के नए निर्गम और 43.28 लाख शेयर की बिक्री (ओएफएस) का संयोजन है। कंपनी ने बताया कि आईपीओ से प्राप्त धनराशि का उपयोग अपनी कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने, 'बेल कूलिंग टावर्स' में शेष 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने और सामान्य कॉर्पोरेट कामों में किया जाएगा। डब्ल्यूओजी टेक्नोलॉजीज पर्यावरण इंजीनियरिंग और तकनीकी समाधान प्रदान करने वाली कंपनी है। यह जल और अपशिष्ट जल प्रबंधन के क्षेत्र में औद्योगिक और नगरपालिका ग्राहकों को सेवाएं देती है।

# 'कर्मचारियों को मिले सुविधाएँ, यह उद्योग मालिकों की जिम्मेदारी'-श्रमेव जयते सम्मेलन में जोर

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**दिल्ली ।** इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट (ICIM) की ओर से सेक्टर-18 स्थित होटल में 'श्रमेव जयते - न्यू लेबर कोड्स सेमिनार' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ICIM के चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह और डायरेक्टर अंशुमान सिंह ने किया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. महेश शर्मा और उत्तर प्रदेश के श्रम प्रमुख सचिव डॉ. एम.के. शन्मुग सुन्दरम ने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। डॉ. सुन्दरम ने कहा कि नए श्रम कानूनों का उद्देश्य कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएँ, समय पर वेतन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जिसका पालन उद्योग मालिकों की जिम्मेदारी है।

सम्मेलन में देशभर से 250 से अधिक उद्योग प्रतिनिधि शामिल हुए। सत्रों में एडवोकेट सुधीर कुमार गुप्ता ने सोशल सिक्योरिटी एवं ह्रास कोड, एडवोकेट गोविंदराजु एन.एस. ने वेज कोड 2019 और एडवोकेट यजत कुमार ने इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2020 पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में DLC-DDF नोएडा, गाज़ियाबाद और मेरठ के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिससे उद्योग और शासन के बीच संवाद और मजबूत हुआ।

सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि नए श्रम संहिताएँ श्रमिकों को सम्मान, सुरक्षा और स्थिरता देने की दिशा में बड़ा कदम हैं। सम्मेलन का आयोजन LegalIPL और Utthan Samiti के सहयोग से किया गया।



# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुनने का आयोजन किया गया



अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली / नई दिल्ली। आज राजेंद्र नगर विधानसभा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुनने का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में खेलों में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों, विज्ञान एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में नई उड़ान, युवाओं के नवाचार, सामाजिक सहभागिता तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत और आस्था के पुनर्जागरण जैसे विषयों पर प्रेरक विचार साझा किए। ये विचार विकसित भारत के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा जी, नई दिल्ली से सांसद बड़ी बहन सुश्री बांसुरी स्वराज जी, भाजपा करोल बाग जिला अध्यक्ष श्री वीरेंद्र बब्बर जी, साथी विधायक श्री हरिश खुराना जी, भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री आर. पी. सिंह जी, श्री राजेश भाटिया जी, श्री राजन तिवारी जी, राजेंद्र नगर से निगम पार्षद श्रीमती आरती चावला जी सहित संगठन के सभी स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री जी के विचारों को जन जन तक पहुँचाना और उनसे प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय योगदान देना हम सभी का दायित्व है।

## न्यूज ब्रीफ

# जगराओं नगर कौंसिल के पास फिलहाल कूड़ा फेंकने के लिए कोई जगह नहीं बची है



अर्थ प्रकाश /प्रदीप पाल / जगराओं 28 दिसंबर। शहर में कूड़ा प्रबंधन का संकट गहरा गया है। नगर कौंसिल द्वारा मुख्य बाजार के बीच स्थित बंद किए गए कूड़ा डंप को दोबारा खोलने के प्रयास के बाद व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। कौंसिल अधिकारियों ने कथित तौर पर डंप के गेट के ताले तोड़ दिए थे, लेकिन सतर्क दुकानदारों ने इस कदम को विफल कर दिया।

कौंसिल के इस मनमानी और तानाशाही रवैये के खिलाफ मेन बाजार के व्यापारियों ने सड़कों पर उतरकर धरना दिया और पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इससे बाजार में तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार, नगर कौंसिल के पास फिलहाल कूड़ा फेंकने के लिए कोई जगह नहीं बची है। इसी कारण सफाई कर्मियों ने पूरे शहर से कूड़ा उठाना बंद कर दिया है। सफाई कर्मियों का कहना है कि जब तक कूड़ा डंप करने की जगह नहीं मिलेगी, तब तक शहर की सफाई नहीं होगी।

पूर्व कौंसिल प्रधान जतिंदरपाल राणा ने कूड़े की गंभीर समस्या का समाधान करते हुए बाजार में बने कूड़ा डंप को बंद करवाया था। इसका उद्देश्य शहर की सुंदरता और व्यापारिक माहौल को बचाना था। हालांकि, उनके निलंबित होने के बाद कूड़ा संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया।

सड़क किनारे पड़े कूड़ा डंप को हटवाया था

इससे पहले, डिस्पोजल रोड पर भी 25 दिनों तक लगातार धरना देकर लोगों ने सड़क किनारे पड़े कूड़ा डंप को हटवाया था। इसके बाद नगर कौंसिल अधिकारियों के निर्देश पर सफाई कर्मियों ने कूड़ा नगर कौंसिल कार्यालय के अंदर ही फेंकना शुरू कर दिया था, जिससे वहां कूड़े के ढेर लग गए और बदबू से स्थिति बदतर हो गई।स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि कौंसिल परिसर में रहने वाले लोगों और नजदीकी अस्पताल के डॉक्टरों को धरना देकर वहां कूड़ा फेंकना बंद करवाना पड़ा। इसके बाद सफाई कर्मियों ने स्पष्ट कर दिया कि डंपिंग साइट नहीं मिलने पर सफाई कार्य नहीं होगा। अब जब नगर कौंसिल ने फिर से बाजार में बंद डंप को चालू करने की कोशिश की और ताले तोड़े, तो व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने नगर कौंसिल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

दुकानदारों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि चाहे कुछ भी हो जाए, वे आम आदमी पार्टी की सरकार को जगराओं शहर को नर्क बनने नहीं देंगे और न ही बंद किए गए डंप पर दोबारा कूड़ा फेंकने देंगे।


# 25वें ITA अवॉर्ड्स के बारे में नेहा हरसोरा ने की खुलकर बात, पल को बताया खास

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**दिल्ली ।** स्टार प्लस के शो उड़ने की आशा में सायली का किरदार निभा रहीं नेहा हरसोरा के लिए यह पल निजी और प्रोफेशनल दोनों ही तरह से बेहद खास रहा, जब वह 25वें इंडियन टेलीविजन अकादमी अवॉर्ड्स में शामिल हुईं। भारतीय टेलीविजन के सिल्वर जुबली जश्न के तौर पर आयोजित इस समारोह ने पूरे इंडस्ट्री के लिए खास मायने रखे। बीते 25 सालों से आईटीए अवॉर्ड्स का प्रसारण लगातार स्टार प्लस पर होता आ रहा है, ऐसे में यह मौका अलग-अलग पीढ़ियों के कलाकारों के लिए भावनात्मक रहा और नेहा के लिए यह गर्व और यादों से भरा एक यादगार लम्हा बन गया।

इस ऐतिहासिक मौके का हिस्सा बनने को लेकर नेहा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, '25वें आईटीए अवॉर्ड्स में मौजूद होना वाकई बहुत एक्साइटिंग था। इस साल मैंने परफॉर्म नहीं किया, लेकिन पिछले साल मैंने परफॉर्म भी किया था और मुझे बेस्ट एक्ट्रेस (फीमेल - जूरी) का अवॉर्ड भी मिला था। वो पल मेरे लिए बेहद इमोशनल था और सच में एक सपने के सच होने जैसा लगा।÷ एक दर्शक से लेकर सम्मानित कलाकार बनने तक का नेहा का यह सफर, आईटीए की विरासत और उसके असली जज़्बे को बखूबी दर्शाता है।

अपने पूरे अनुभव के बारे में बात करते हुए नेहा ने आगे कहा, ÷वहां का माहौल ही अलग होता है। जिन लोगों को हम आमतौर पर टीवी, फिल्मों और ओटीटी पर देखते हैं, उनके बीच मौजूद होना अपने आप में एक बिल्कुल अलग अनुभव है। यह एक बेहद सम्मानजनक शो है, जो आपको गर्व का एहसास कराता है और ऐसा लगता है कि जिंदगी में सच में कुछ बड़ा हासिल किया है।÷ यह शाम और भी खास बन गई जब उड़ने की आशा को अवॉर्ड मिला और कंवर ढिल्लों ने बेस्ट एक्टर की ट्रॉफी अपने नाम की। नेहा ने साझा किया, ÷इस साल हमारे शो उड़ने की आशा को भी बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। भले ही इस बार मुझे परफॉर्म करने का मौका नहीं मिला, लेकिन वहां मौजूद रहकर पूरे अवॉर्ड्स का अनुभव लेना ही बहुत शानदार था।÷ एक खास याद पर बात करते हुए नेहा ने कहा, 'पिछला साल, यानी 2024, मेरे लिए बहुत ही यादगार रहा क्योंकि उस साल मैंने परफॉर्म भी किया था



और अवॉर्ड भी जीता था। बचपन से ही मैं 31 दिसंबर को यह शो देखा करती थी, ऐसे में आज इसका हिस्सा बनना मेरे लिए वाकई बहुत खास है।'

25वां इंडियन टेलीविजन एकेडमी अवॉर्ड्स 31 दिसंबर को शाम 7ः30 बजे, सिर्फ स्टार प्लस पर जरूर देखें।

# एमवाई भारत, चंडीगढ़ द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



अर्थ प्रकाश/चंडीगढ़, । एमवाई भारत, चंडीगढ़ (Ministry of Youth Affairs & Sports, Government of India) द्वारा एटीडीसी चंडीगढ़ के सहयोग से विजय दिवस 2025 की स्मृति में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता एमवाई भारत, सेक्टर-12, चंडीगढ़ में आयोजित हुई, जिसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन करना था।

प्रतियोगिता में कुल 30 उत्साही प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपने आकर्षक और भावनापूर्ण पोस्टर्स के माध्यम से देशभक्ति की भावना एवं रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।

सूक्ष्म मूल्यांकन के उपरान्त निर्णायक मंडल ने निम्नलिखित विजेताओं की घोषणा की-

- प्रथम स्थान: श्री कनव खुराना
- द्वितीय स्थान: सुश्री पालक गोयल
- तृतीय स्थान: श्री अरशदीप कौर
- प्रोत्साहन पुरस्कार: श्री कृष्णप्रीत सिंह

प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें श्री सचिन सिंगला, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, चंडीगढ़ प्रशासन एवं श्री दीपक, प्रशिक्षण सहयोगी, आरजीएनआईवाईडी क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत कलाकृतियों की कलात्मकता एवं अभिव्यक्ति की गहराई की भूरि-भूरि सराहना की।

विजेता प्रतिभागियों को उपहार स्वरूप गिफ्ट हैम्पर एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयास एवं रचनात्मकता के सम्मान में सहभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर श्री विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, एमवाई भारत चंडीगढ़ ने सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट कला प्रस्तुति के लिए बधाई दी तथा निर्णायक मंडल का उनके मूल्यवान सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने जानकारी दी कि एमवाई भारत द्वारा युवाओं के लिए समय-समय पर ऐसे प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तथा युवाओं को एमवाई भारत पोर्टल (www.mybharat.gov.in) पर पंजीकरण कर सक्रिय रूप से सहभागिता करने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गौरव, देशभक्ति और युवा शक्ति के उत्साह के साथ हुआ।

# मात्र एक चौपाई पर तीन घण्टे बोले बागेश्वर सरकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली ।** जयंती स्टेडियम ग्राउंड भिलाई में आयोजित दिव्य श्री हनुमान जी भगवान की कथा के चौथे दिन पर बागेश्वर धाम के पीठेश्वर पूज्य श्री धीरेन्द्र शास्त्री जी महाराज के श्रीमुख से प्रवाहित हो रही कथा का रस पान करने का अवसर मैहर से मां शारदा मन्दिर के महन्त स्वामी बाल योगेश्वर महाराज, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज, अन्नदाता एवम् पर्यावरण विकास मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महन्त स्वामी राजराजेश्वर महाराज ( राजकुमार शर्मा ) को तथा लाखों भक्तों एवम् अनेकों मंत्रीगण , जनप्रतिनिधिगण, गण्यमान्य नागरिकों को प्राप्त हुआ। इस अवसर हनुमंत कथा के दौरान महाराज श्री पीठेश्वर पूज्य श्री के धीरेन्द्र शास्त्री के श्री मुख से अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद को संबोधित कर अभिवादन किया गया। पीठेश्वर श्री धीरेन्द्र शास्त्री के द्वारा मात्र एक चौपाई पर लगभग तीन घण्टे बोला गया। जिस तरह स्वामी विवेकानंद जी ने अमेरिका के शिकागो में जीरो पर बोलकर पूरी दुनिया को आश्चर्य चकित कर दिया था उसी प्रकार धीरेन्द्र शास्त्री जी के द्वारा भिलाई में ÷विद्यावान गुणी अति चातुर, राम काज करिवे को आतुर÷ मात्र एक चौपाई पर तीन घण्टे बोल कर सबको चौका दिया। भिलाई का पूरा वातावरण भक्तिमय रहा । बागेश्वर सरकार ने विद्यावान और विद्ववान में अंतर बताया। आपने कहा की रावण विद्ववान था किन्तु संकट मोचन हनुमान विद्यावान थे। बागेश्वर सरकार ने विद्ववान और विद्यावान पर तीन घण्टे बोलकर लाखों श्रद्धालुओं को भक्ति से सराबोर किया। कुछ श्रद्धालुओं ने पर्ची लिखकर दिया जिसे पढ़कर उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। बागेश्वर सरकार ने छत्तीसगढ़ की खूब प्रशंसा करते हुवे कहा की मैं फिर भिलाई आऊंगा। क्योंकि मुझे छत्तीसगढ़ की माटी,छत्तीसगढ़ का मौसम और छत्तीसगढ़ के लोग बहुत अच्छे लगे। आपने कहा की छत्तीसगढ़ में अब नही भी बुलाओगे तब भी मैं आऊंगा। लाखों श्रद्धालुओं ने श्री हनुमंत कथा का आनन्द लिया। हनुमंत कथा में विशेष रूप से मैहर से आए माता शारदा मन्दिर के महन्त स्वामी बाल योगेश्वर जी महाराज, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम् सनातनी अखाड़ा के संस्थापक संयोजक स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज , अन्नदाता एवम् पर्यावरण विकास मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महन्त स्वामी राजराजेश्वर महाराज ( राजकुमार शर्मा ) छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, भारत नेत्री तथा पूर्व राज्य सभा सदस्य सुश्री बहन सरोज पाण्डे, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ सरकार की महिला एवम बालविकास समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एवम भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व मंत्री नन्द कुमार साय, एवम् मंत्रीगण, जनप्रतिनिधिगण ,तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्री हनुमंत कथा वाचन के आयोजक राकेश पाण्डे की व्यवस्थाओं की सभी ने प्रशंसा की और सन्तों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। अन्त में आरती के पश्चात श्री हनुमंत कथा का समापन किया। विद्यावान गुणी अति चातुर, राम काज करिवे को आतुर। अंतरराष्ट्रीय सन्त बौधिक मंच बिहार प्रदेश के सचिव सह मीडिया प्रभारी, अनमोल कुमार ने सनातन धर्म के रक्षार्थ सतत कार्यरत धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर सरकार और अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौधिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, स्वामी स्वदेशानन्द ब्रह्मगिरी महराज जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



# आधुनिक युग में आध्यात्मिकता का पुनराविष्कार : संभवत : आस्था,पहचान और करियर के बीच बदलता भारतीय समाज- एक समग्र अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 प्रत्येक नागरिक को धर्म मानने ,आचरण करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है,तो कर्तव्य ,विवेक,उत्तरदायित्व और जागरूकता भी

आध्यात्मिकता तप,त्याग, मौन और दीर्घ साधना से जुड़ी मानी जाती थी,आज मंच, माइक, कैमरा सोशल मीडिया और विशाल जनसमूहों के बीच दिखाई देती है -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ वर्षों में भारतीय समाज ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि आध्यात्मिकता का स्वरूप तीव्र गति से बदल रहा है। एक समय था जब आध्यात्मिकता तप, त्याग, मौन और दीर्घ साधना से जुड़ी मानी जाती थी, वहीं आज आध्यात्मिकता मंच, माइक , कैमरा, सोशल मीडिया और विशाल जनसमूहों के बीच दिखाई देती है। कथावाचक के रूप में बाबाजी कहलाने का चलन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह परिवर्तन न तो पूर्णतः सकारात्मक है और न ही पूर्णतः नकारात्मक,यह आधुनिक समाज की जटिलताओं का प्रतिबिंब है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी की गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि यह किसी व्यक्ति,संप्रदाय या कथावाचक पर टिप्पणी या व्यंग्य नहीं है,बल्कि समकालीन आध्यात्मिक प्रवृत्तियों की गहरी पड़ताल है।भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 प्रत्येक नागरिक को धर्म मानने,आचरण करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है। इसी संवैधानिक अधिकार के अंतर्गत कथावाचक,बाबा और आध्यात्मिक नेतृत्व का उभार संभव है। कोई भी व्यक्ति आध्यात्मिक मार्ग अपनाए, कथा कहे या अनुयायी बनाए,संविधान उसे रोकता नहीं।लेकिन लोकतंत्र केवल अधिकारों का नहीं, बल्कि विवेक,उत्तरदायित्व और जागरूक नागरिकता का भी नाम है।तेज़ी से बदलती अर्थव्यवस्था, प्रतिस्पर्धी जीवनशैली और सामाजिक असुरक्षा के बीच भारतीय नागरिक मानसिक शांति और जीवन अर्थ की तलाश में है। यह तलाश लोकतंत्र के भीतर हो रही है,जहाँ राज्य भौतिक आवश्यकताओं पर केंद्रित है,वहीं नागरिक आध्यात्मिक संतुलन खोज रहा है।यही कारण है कि आध्यात्मिक मंच आज भीड़ खींचते हैं। यह स्थिति लोकतंत्र की विफलता नहीं,बल्कि उसकी मानवीय सीमा को भी दर्शाती है।पारंपरिक भारतीय संस्कृति में कथावाचक समाज का नैतिक शिक्षक होता था,जो रामायण, भागवत और लोककथाओं के माध्यम से मूल्यों का संचार करता था। आज कथावाचक की भूमिका बदल रही है। वह अब केवल संस्कृति का वाहक नहीं,बल्कि एक सार्वजनिक व्यक्तित्व, प्रभावशाली वक्ता और कभी-कभी सामाजिक नेता भी बन जाता है। यह परिवर्तन संस्कृति के स्थिर न रहने, बल्कि समय के साथ रूप बदलने का प्रमाण है।संवैधानिक दृष्टि से आधुनिक युग में यह स्पष्ट दिखता है कि कुछ लोग आध्यात्मिकता को जीवन- समर्पण मानते हैं,जबकि कुछ स्पष्ट रूप से नहीं परंतु कहीं ना कहीं संभवतःछिपे रूप से इसे पेशे और करियर के रूप में अपनाते हैं। संविधान इस अंतर पर निर्णय नहीं देता।लोकतंत्र में यह नागरिक कीस्वतंत्रता है। लेकिन लोकतांत्रिक समाज यह अपेक्षा करता है कि आस्था का उपयोग भय,अंधविश्वास या विभाजन के लिए न हो, बल्कि नैतिकता और सामाजिक सद्भाव के लिए हो।

साथियों बात अगर हम आध्यात्मिकता की ओर बढ़ता आकर्षण-एक वैश्विक सामाजिक प्रवृत्ति इसको समझने की करें तो,आधुनिक युग में व्यक्ति भौतिक प्रगति के शिखर पर पहुँचने के बावजूद मानसिक अस्थिरता, अकेलापन अवसाद और अस्तित्वगत संकट से जूझ रहा है।भारत ही नहीं, अमेरिका, यूरोप, जापान और दक्षिण- पूर्व एशिया जैसे क्षेत्रों में भी योग, ध्यान, माइंडफुलनेस और आध्यात्मिक प्रवचनों की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। यह आकर्षण बताता है कि आधुनिक जीवनशैली मनुष्य की आंतरिक आवश्यकताओं को पूर्ण रूप सेसंतुष्ट नहीं कर पा रही। ऐसे में आध्यात्मिकता एक मानसिक शरणस्थली के रूप में उभरती है।

साथियों बात अगर हम कथावाचक से बाबाजी तक- पहचान निर्माण की नई प्रक्रिया इसको समझने की करें तो, पारंपरिक भारतीय समाज में कथावाचक होना एक विद्या- साध्य कार्य था, जिसमें शास्त्रों का गहन अध्ययन,गुरु-शिष्य परंपरा और वर्षों की तपस्या आवश्यक मानी जाती थी। किंतु आज कथावाचन कई बार व्यक्तिगत ब्रांडिंग का माध्यम बनता दिख रहा है। कथा कहना अब केवल धार्मिक कर्म नहीं, बल्कि पहचान निर्माण का साधन भी है। आधुनिक संचार माध्यमों ने इस प्रक्रिया को और तीव्र कर दिया है,जहाँ कुछ ही वर्षों में कोई व्यक्ति लाखों अनुयायियों तक पहुँच सकता है।आध्यात्मिक समर्पण या करियर विकल्प-रेखा कहाँ खिंचती है?- वर्तमान समय की एक बड़ी सच्चाई यह है कि आध्यात्मिकता में प्रवेश करने वालों के उद्देश्य समान नहीं हैं।कुछ लोग वास्तव में जीवन को ईश्वर-समर्पित करना चाहते हैं,तो कुछ इसे एक सुरक्षित सम्मानजनक और आर्थिक रूप से स्थिर करियर विकल्प के रूप में देखते हैं। यह द्वंद्व केवल भारत तक सीमित नहीं है; पश्चिमी देशों में भी स्पिरिचुअल कोच, लाइफ गुरु और हीलिंग एक्सपर्ट जैसे पेशे उभर चुके हैं। प्रश्न यह नहीं कि आध्यात्मिकता में करियर गलत है या सही, बल्कि यह है कि क्या इसका मूल उद्देश्य आत्मोन्नति से हटकर बाह्य सफलता बनता जा रहा है?

साथियों बात अगर हम अनसुने नाम, जानी- पहचानी कथाएँ- आस्था का बदलता भूगोल इसको समझने की करें तो, आज अनेक ऐसे कथावाचकों और बाबाओं के नाम सामने आ रहे हैं, जिनका उल्लेख न तो पारंपरिक धर्मग्रंथों में मिलता है और न ही ऐतिहासिक धार्मिक परंपराओं में। फिर भी उनकी कथाओं में श्रोता उमड़ रहे हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि आधुनिक समाज में आस्था का आधार केवल शास्त्र या परंपरा नहीं,बल्कि प्रस्तुति, भाषा, भावनात्मक जुड़ाव और व्यक्तिगत करिश्मा भी बन गया है।यह एक नई प्रकारकी भावनात्मक आध्यात्मिकता का उदय है।यह विचार उद्देश्यहीन आलोचना नहीं, समकालीन यथार्थ की स्वीकृति-यह आवश्यक है कि इस विषय पर चर्चा करते समय हम किसी भी कथावाचक या बाबाजी के चरित्र पर प्रश्नचिह्न न लगाएँ। समाज में हर व्यक्ति अपने अनुभव, परिस्थिति और समझ के अनुसार मार्ग चुनता है। यह लेख किसी पर व्यंग्य या टिप्पणी नहीं करता,बल्कि उस यथार्थ को स्वीकार करता है जिसे हम रोज़ देख रहे हैं। आलोचना से अधिक आवश्यक है आत्ममंथन,कि हम किस प्रकार की आध्यात्मिकता की ओर बढ़ रहे हैं।पचास वर्ष पहले और आज- आस्था का केंद्र कैसे बदला-लगभग पाँच दशक पहले तक भारतीय घरों में भगवान की पूजा का केंद्र मूर्तियाँ, ग्रंथ और परंपरागत रीति-रिवाज हुआ करते थे। राम, कृष्ण, शिव, दुर्गा और हनुमान जैसे देवता जीवन के नैतिक मार्गदर्शक माने जाते थे। आज भी उनकी पूजा होती है, किंतु उनके साथ-साथ जीवित बाबाओं की भूमिका कहीं अधिक प्रत्यक्ष और प्रभावशाली हो गई है। देवता अब चित्रों और मंदिरों तक सीमित होते जा रहे हैं, जबकि बाबाजी मंच पर संवाद करते हैं।जीवित बाबाजी का आकर्षण-संवाद, समाधान और तात्कालिकता-आधुनिक मनुष्य तत्काल समाधान चाहता है। जीवित बाबाजी प्रश्नों का उत्तर देते हैं, समस्याओं पर टिप्पणी करते हैं और व्यक्तिगत संबंध का अनुभव कराते हैं। यह अनुभव चित्रों या ग्रंथों से संभव नहीं हो पाता। यही कारण है कि वर्तमान बाबाओं के प्रति आकर्षण बढ़ा है। यह केवल आस्था नहीं, बल्कि संवाद की आवश्यकता भी है।

साथियों बात अगर हम मीडिया और सोशल मीडिया- आध्यात्मिकता का नया मंच इसको समझने की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टेलीविजन चैनल यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक ने आध्यात्मिकता को वैश्विक मंच प्रदान किया है। अब कथा सीमित श्रोताओं तक नहीं, बल्कि करोड़ों दर्शकों तक पहुँचती है। यह विस्तार आध्यात्मिक संदेश को लोकतांत्रिक बनाता है, लेकिन साथ ही सतहीकरण का खतरा भी पैदा करता है। गहन साधना की जगह कभी- कभी वायरल कंटेंट प्राथमिकता बन जाता है।आस्था और बाज़ार एक जटिल संबंध- आधुनिक आध्यात्मिकता पूरी तरह बाज़ार से अलग नहीं रह गई है। आश्रम, प्रवचन, कार्यक्रम, पुस्तकें और डिजिटल सब्सक्रिप्शन, ये सभी आर्थिक संरचना का हिस्सा बन चुके हैं।यह न तो पूर्णतः अनुचित है और न ही पूर्णतःउचित;यह समय की मांग का परिणाम है। किंतु प्रश्न यह है कि क्या बाज़ार आस्था को नियंत्रित कर रहा है, या आस्था बाज़ार को दिशा दे रही है?

साथियों बात अगर हम इस विषय कोअंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य- भारत अकेला नहीं इस रूप में समझने की करें तो,यह परिवर्तन केवल भारतीय समाज तक सीमित नहीं है। अमेरिका में टेली-एवेंजेलिस्ट, यूरोप में स्पिरिचुअल मोटिवेशनल स्पीकर्स और एशिया में ध्यान गुरु,हर जगह आध्यात्मिकता आधुनिक रूप में प्रकट हो रही है। भारत इस वैश्विक प्रवृत्ति का एक प्रमुख केंद्र है, क्योंकि यहाँ आध्यात्मिक विरासत अत्यंत




गहरी है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विवेकपूर्ण आस्था की आवश्यकता -आधुनिक युग की आध्यात्मिकता न तो पूरी तरह खोखली है और न ही पूरी तरह शुद्ध। यह हमारे समय की उपज है,जहाँ आस्था,पहचान, करियर और बाज़ार एक-दूसरे में गुंथे हुए हैं। आवश्यकता इस बात की है कि समाज विवेकपूर्ण दृष्टि अपनाए, प्रश्न पूछे, पर श्रद्धा का अपमान न करे। आध्यात्मिकता का उद्देश्य अंततः आत्मबोध, करुणा और नैतिक जीवन होना चाहिए,चाहे वह मंदिर में मिले या मंच पर।

# मंधाना ने 10,000 रन पूरे कर मिताली का रिकार्ड तोड़ा


## सबसे अधिक छक्के लगाने वाली खिलाड़ी भी बनी



**त्रिवेंद्रम (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने यहां श्रीलंका के खिलाफ हुए चौथे टी20 मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान दो बड़े रिकार्ड भी अपने नाम किये है। इस मैच में मंधाना ने अपनी 80 रनों की पारी के दौरान ही 10,000 रन पूरे किये। वहीं मंधाना ये आंकड़ा सबसे तेजी से हासिल करने वाली पहली क्रिकेटर बन गई हैं। मंधाना ने जैसे ही अपने 27 रन बनाये वह 10000 रन बनाने वाली क्रिकेटर बन गयीं। महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतने रन बनाने वाली वह चौथी खिलाड़ी है। इससे पहले भारत की मिताली राज, न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स और इंग्लैंड की शार्लोट एडवर्ड्स ने ही इतने रन बनाये थे।

इसी के साथ ही मिताली राज का सबसे तेज 10000 रनों का रिकार्ड भी टूट गया। मंधाना ने अपने दस हजार रन 281 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बनाये जबकि मिताली ने ये रन 291 मैचों में बनाये थे। इसी के साथ वह महिला क्रिकेट में सबसे तेजी से 10,000 रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गईं हैं। वहीं इस मैच में तीन छक्के लगाते ही उनके कुल 78 छक्के हो गये हैं और वह सबसे अधिक छक्के लगाने वाली भारतीय खिलाड़ी बन गयी है। इससे पहले भारत की ओ से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 186 ञ्20ढ्ढ मैचों में कुल 78 छक्के लगाए थे। हरमनप्रीत ने 186 टी20 मैचों में कुल 78 छक्के लगाए थे। वहीं मंधाना ने केवल 157 टी20ढ्ढ मैचों में ही 80 छक्के लगा दिये। इससे वह भारतीय महिला टी20 क्रिकेट में छक्के लगाने के मामले में शीर्ष पर पहुंच गयी हैं।

# ग्लोब सॉकर अवार्ड्स 2025: रोनाल्डो को बेस्ट मिडिल ईस्ट प्लेयर अवार्ड, पीएसजी को मिले कई अवार्ड





**दुबई (एजेंसी)।** सऊदी प्रो लीग क्लब में अल-नसर टीम की ओर से खेल रहे पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को ग्लोब सॉकर अवार्ड्स 2025 के दौरान बेस्ट मिडिल ईस्ट प्लेयर का अवार्ड दिया गया है। इस अवसर पर खुशी जताते हुए रोनाल्डो ने कहा कि इस खेल के प्रति उनकी दीवानगी बनी हुई है। उनका लक्ष्य अभी अपने करियर में 1,000 गोल दागना है।

यह अवार्ड सऊदी प्रो लीग क्लब में उनका प्रभाव दिखाता है क्योंकि उन्हें लगातार दूसरे साल ये समान मिला है।

रोनाल्डो ने हाल ही में अल नसर की ओर से दो गोल दागकर अपने क्लब और पुर्तगाल की ओर से कुल गोल की संख्या 956 तक पहुँचा दी है। ऐसे में अब वह एक या दो साल में 1,000 गोल का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

रोनाल्डो ने अवार्ड लेते समय कहा, बढ़ती उम्र में खेलना कठिन है पर मैं प्रेरित हू। मेरा जुनून अभी भी बना हुआ है और मैं खेल जारी रखना चाहता हू। चाहे मैं मध्य पूर्व में खेलूं या यूरोप में, मुझे हमेशा फुटबॉल खेलना पसंद है।

इस खिलाड़ी ने कहा कि उनका ध्यान अभी भी ट्रॉफी जीतने पर है और लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह पूरी मेहनत कर रहे हैं। साथ ही कहा कि अगर वह फिट रहे तो 1000 गोल का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

इस अवार्ड समारोह में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के खिलाड़ी छाये रहे। उसके खिलाड़ी उस्माने डेम्बेले को सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी,वहीं एटाना बॉनमाटे को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का अवार्ड दिया गया। वहीं पीएसजी के ही लुइस एनरिके को सर्वश्रेष्ठ कोच, विटिंहा को सर्वश्रेष्ठ बेस्ट मिडफील्डर, लामिने यमाल को सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड व डेज़री डाउ को सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला।

# रोहित और विराट इस कारण विजय हजारे ट्रॉफी के तीसरे दौर में नहीं उतरे



**मुम्बई (एजेंसी)।** विजय हजारे ट्रॉफी के तीसरे दौर के मुकाबल सोमवार से शुरु हुए हालांकि इसमें अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहजी और रोहित शर्मा नहीं उतरे। विराट और रोहित ने शुरुआती दोनो ही दौर में दिल्ली और मुंबई की ओर से खेला था। दिल्ली तीसरे दौर के मैच में सौराष्ट्र, वहीं मुंबई की टीम छत्तीसगढ़ के खिलाफ उतरी।

विराट ने दिल्ली के लिए अपने दो मैचों में काफी रन बनाये। आंध्र प्रदेश के खिलाफ उन्होंने 131 जबकि गुजरात के खिलाफ 77 रन बनाये। दूसरी ओर रोहित शर्मा ने सिक्किम के खिलाफ 155 रन बनाये पर उत्तराखंड के खिलाफ वह शून्य पर ही आउट हो गये।

रोहित और विराट इस मैच में खेलने इसलिए नहीं उतरे क्योंकि शुरुआत में ही दोनो ने दो-दो मैच खेलने की बात कही थी। दोनो को ही क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट खेलने को कहा था। इन दोनों दिग्गजों ने केवल दो मैचों खेलने पर सहमति दी थी जो पूरे हो गये, इसलिए ये तीसरे मैच में नहीं उतरे।

ये अब विराट और रोहित पर निर्भर करता है कि वो इस टूर्नामेंट में आगे खेलते है या नहीं। अगले साल की शुरुआत में 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम को 3 मैचों की घरेलू एकदिवसीय सीरीज खेलनी है, ऐसे में अगर ये दोनो ही विजय हजारे ट्रॉफी के और मैचों में खेलते हैं तो इन्हें अभ्यास का अच्छा अवसर मिल सकता है। इसी को देखते हुए कोहली 6 जनवरी को रेलवे के खिलाफ होने वाले मुकाबले में दिल्ली की ओर से खेल सकते हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार रोहित के अब विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई की ओर से आगे खेलने की संभावना नहीं है। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या को न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में आराम दिया जा सकता है हालांकि ये दोनो टी20 सीरीज में खेलेंगे जिससे 2026 टी20 विश्व कप के लिए लय हासिल कर लें। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम सीधे ही विश्वकप में उतरेगी। ऐसे में बुमराह और पंड्या के सभी पांच मुकाबले खेलने की संभावना है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज श्रीलंका के खिलाफ क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी



**तिरुवनंतपुरम (केरल) (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को जीतकर सीरीज 5-0 से अपने नाम करने उतरेगी । भारतीय टीम ने शुरुआती चार मैचों को जिस प्रकार आसानी से जीता है। उससे ये मुश्किल नजर नहीं आ रहा है। अब वह अंतिम मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन को आंकने का अवसर भी टीम प्रबंधनक को मिल रहा है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'यह सीरीज अब तक काफी अच्छी रही है। पिछले विश्व कप के बाद से ही हमने इसी बात पर बात की थी कि हमें अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा और टी20 में सफल होने आक्रामक रुख अपनाना होगा।

इस सीरीज में अब तक भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। पिछले मैच में शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने अर्धशतक लगाये थे। वहीं गेंदबाजों वैष्णवी शर्मा और अरुंधति रेड्डी को 2-2 विकेट मिले।

ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। वैष्णवी शर्मा और अरुंधति रेड्डी को 2-2 विकेट मिले।

भारतीय टीम को हालांकि अपने क्षेत्ररक्षण को बेहतर बनान होगा। वह अभी तक इस क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है। पिछले मैच में भी उसने विरोधी टीम के कैच और स्टंपिंग के अवसर खोये।

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने एक साल बाद इस वापसी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दीप्ति शर्मा भी अच्छा प्रदर्शन करती आयी हैं। स्पिनर वैष्णवी ने अभी तक सीरीज में 5.73 की इकॉनमी रेट से चार विकेट लिए हैं जबकि बल्लेबाजी में शेफाली ने अब तक चार मैचों में तीन अर्धशतक बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 185.82 का है।

मंधाना के अच्छे फार्म में होने से भी टीम को लाभ हुआ है। इस बल्लेबाज ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 गेंद पर 80 रन बनाए और वह अपनी इस लय को बरकरार रखने का प्रयास करेंगी। शेफाली और मंधाना ने चौथे मैच में आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए केवल 92 गेंदों में ही तेजी से 162 रन बनाये थे। ये महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की तरफ से पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी रही है। वहीं चौथे मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा और उसने केवल 16 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाकर इस फैसले को सही करार दिया। अब तक इस सीरीज में पहले तीन मैचों में गेंदबाज हावी रहे और कम स्कोर बने पर चौथे मैच में बल्लेबाज छाये रहे। भारतीय टीम ने जहां 221 रन बनाये। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 191 रन बना दिये। इससे तय है कि पांचवें मैच में टक्कर अच्छी होगी। मेहमान टीम श्रीलंका का लक्ष्य इस मैच को जीतकर क्लीन स्वीप से बचना रहेगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

# विजय हजारे ट्रॉफी : गोवा के खिलाफ मैच में खेलते नजर आयेंगे यशस्वी

नई दिल्ली । युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में बल्लेबाजी करते दिखेंगे। यशस्वी शार्दुल ठाकुर की कप्तानी वाली मुंबई टीम की ओर से 31 दिसंबर को गोवा के खिलाफ मैच में खेलते हुए नजर आयेंगे। मुंबई क्रिकेट संघ के एक अधिकारी के अनुसार यशस्वी पेट की तखलीफ के कारण शुरुआती दो मैचों से बार रहे थे। यशस्वी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग मैच के बाद पेट में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसके कारण उन्हें एक सप्ताह का आराम दिया गया था। प्राप्त जानकारी के वह 31 दिसंबर को गोवा के खिलाफ मैच खेलेंगे। विजय हजारे ट्रॉफी में अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा शुरुआती दो मुकाबलों में सलामी बल्लेबाज के तौर पर नजर आए थे। वहीं अब यशस्वी उनकी जगह पारी की शुरुआत करेंगे। वह अन्य मैच भी खेल सकते हैं। इसके बाद भारतीय टीम को 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलनी है जिसमें उन्हें अवसर मिल सकता है। यशस्वी ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में नाबाद 116 रन की पारी खेली थी. इसके बाद उन्होंने 14 दिसंबर को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हरियाणा के खिलाफ 101 रन बनाए थे।

# आईपीएल 2026 में मार्कराम पर रहेंगी नजरें, सुपर जायंट्स ने भरोसा बनाये रखा

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्कराम ने कहा है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से बेहतर प्रदर्शन का पूरा प्रयास करेंगे। मार्कराम 2025 सत्र में भी सुपर जायंट्स के साथ थे और उनका कहना है कि फ्रैंचाइजी के उन्होंने टीम में बनाये रहने से वह बेहद खुश हैं। मार्कराम ने गत सत्र में 13 मैचों में 34.23 की औसत और 148.83 के स्ट्राइक रेट से 445 रन बनाए थे जिसमें 5 अर्धशतक भी शामिल थे। इसके अलावा उन्होंने चार विकेट भी लिए थे। इसी कारण उन्हें टीम ने अपने साथ रखा है। मार्करम ने कहा, मैंने पिछले साल लखनऊ फ्रैंचाइजी के साथ अपने समय का भरपूर आनंद लिया। मैंने साथी खिलाड़ियों से बहुत अच्छी दोस्ती की और टीम के साथ कुछ महीने बिताए। इसलिए मुझे रिटेन किए जाने पर बहुत खुशी है और निश्चित रूप से उनके साथ एक और सत्र खेलने के लिए उत्साहित हूं। उनसे यह भी पूछा गया कि टूर्नामेंट के इस सत्र वह किस प्रकार का प्रदर्शन करना चाहेंगे। जिस पर उन्होंने कहा, आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आपको एक टीम के रूप में वास्तव में अच्छा होना होगा। मुझे नहीं लगता कि हम पिछले सत्र में बहुत पीछे थे। यहां-वहां कुछ पल और कुछ परिणाम अलग दिखते। इससे पहले कि आप कुछ समझ पाते, आप नॉकआउट के लिए क्वालीफाई कर चुके होते हैं। इसलिए निश्चित रूप से किसी भी चीज को ज़्यादा कठिन नहीं बनाना चाहिए। मुझे लगता है कि हमने जो चीजें अच्छी कीं, उन्हें फिर से करने की कोशिश करें और कुछ और महत्वपूर्ण क्षण जीतें। इससे पहले कि आप जानते हैं, मुझे लगता है कि प्रतियोगिता हमारे लिए वास्तव में आशाजनक है। आईपीएल में हालांकि टीम को उम्मीद के अनुसार परिणाम नहीं मिले। ऋषभ पंत ने कप्तान के रूप में पद संभाला, जहीर खान टीम के संरक्षक थे। फिर भी, टीम प्लेऑफ से चूक गई, अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। अब टीम का लक्ष्य इस सत्र में वापसी करना रहेगा।

# साल 2025 में विश्व कप के बाद महिला क्रिकेटरों की ब्रांड वैल्यू कई गुना बढ़ी

**-करार के लिए विज्ञापनादाता कंपनियों की लगी कतार**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल महिला विश्वकप क्रिकेट ट्रॉफी जीतने के बाद ही भारतीय टीम की खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू बढ़ने से उनपर पैसे की बरसात हुई है।

टीम की खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू एकदम से बढ़ी है और उनके साथ करार के लिए कई कंपनियां आतुर हैं। स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर जैसी खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू दोगुनी से भी अधिक हो गयी है।

इन खिलाड़ियों को अपने विज्ञापन में शामिल करने के लिए ऑटोमोबाइल कंपनियों से लेकर बैंक और एफएमसीजी तक शामिल हैं। इसके अलावा खेल सामग्री बनाने वाली कंपनियां, जीवनशैली, सौंदर्य प्रसाधन से जुड़ी कंपनियां भी इन्हें अपना ब्रांड एंबेस्डर बनाना चाहती हैं। मंधाना, ऋचा घोष और राधा यादव का प्रबंधन करने वाली कंपनियां भी इससे उत्साहित हैं और उनका मानना है कि ऐसा पहली बार हुआ है। इससे तय है कि महिला क्रिकेटरों का भविष्य उज्जवल है।

प्रबंधन से जुड़ी कंपनियों की एक प्रमुख ने कहा, 'हम उनके ब्रांड मूल्य में तेज उछाल देख रहे हैं। शीर्ष स्तर की किसी खिलाड़ी के विज्ञापन मूल्य में दो से तीन गुना तक बढ़ोतरी हो गई है। जेमिमा की कीमत 60 लाख रुपये से बढ़कर लगभग 1.5 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। शैफाली की कीमत 40 लाख रुपये से बढ़कर लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। हमें शीर्ष खिलाड़ियों के लिए 25-55 फीसद की बढ़त की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, 'हमें यह भी उम्मीद है कि यह जीत वाणिज्यिक बाजार में महिला क्रिकेट को मजबूत करेगी, जहां ब्रांड अल्पकालिक अभियान के बजाय दीर्घकालिक साझेदारी पर ध्यान देते हैं। महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और प्रशंसकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी ने भी खिलाड़ियों के ब्रांड मूल्य में वृद्धि में योगदान दिया है। उन्होंने बताया, 'जेमिमा के फॉलोअर्स की संख्या दोगुनी 33 लाख हो गई है और शैफाली के फॉलोअर्स की संख्या में लगभग 50 फीसदी की वृद्धि हुई है। बड़ा बदलाव यह है कि ब्रांड अब उन्हें केवल क्रिकेट सत्र तक सीमित चेहरे के रूप में नहीं देखते हैं और इससे खिलाड़ियों के ब्रांड मूल्य में वृद्धि हो रही है।

महिलाएं उन ब्रांडों का प्रचार करके एक और सफलता हासिल करने के लिए तैयार हैं, जिनका अब तक प्रचार पुरुष खिलाड़ी करते रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम भारत में महिला खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री, जीवनशैली, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल तथा शिक्षा जैसे विभिन्न उद्योगों में रुचि देख रहे हैं। उत्साहजनक बात यह है कि शीर्ष महिला क्रिकेटर अब उन क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रही हैं जिन्हें पहले पुरुष-प्रधान माना जाता था। स्मृति हुंडई, गल्फ ऑयल, एसबीआई बैंक, पीएनबी मेटलाइफ जैसे ब्रांडों से जुड़ी हैं, जो पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र रहे हैं।


# डकार में चार पहिया वर्ग में इकलौते भारतीय टकाले कार रैली में पेश करेंगे चुनौती



नई दिल्ली । कार रैली ड्राइवर संजय टकाले लगातार दूसरी बार डकार रैली में चार पहिया वाहन वर्ग के 'क्लासिक श्रेणी (विंटेज कार रैली प्रतियोगिता)' में चुनौती पेश करने को तैयार है। वह इस वाहन वर्ग में इकलौते भारतीय रैली ड्राइवर होंगे। डकार रैली का आयोजन तीन से 17 जनवरी तक सऊदी अरब में होगा। टकाले डकार रैली के पिछले आयोजन में कुल 18वें और अपनी श्रेणी में 10वें पायदान पर रहे थे। फ्रांस के नेविगेटर मैक्सिम राउद के साथ 57 साल के ताकले टीम एयरोस्पेस रेसर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्हें फ्रांस की कंपनी सहारियन से तकनीकी और लॉजिस्टिक्स सहायता मिलेगी। ताकले के तीन दशक लंबे करियर में एशिया-पैसिफिक प्रोडक्शन कप का खिताब जीतने के साथ विश्व रैली की चुनिंदा चैम्पियनशिप प्रतियोगिताओं में भाग लेना शामिल है। उन्होंने 2025 डकार क्लासिक को पूरा करने को अपने करियर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। टकाले ने कहा, 'मेरा लक्ष्य इस प्रतियोगिता को दोबारा पूरा करने के साथ निरंतरता और अनुशासन के साथ पिछले वर्ष के परिणाम से बेहतर करना है। डकार सिर्फ रैली रेस प्रतियोगिता नहीं है, यह सहनशक्ति और हौसले की परीक्षा है।'

# इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन एशेज के अंतिम टेस्ट से बाहर हुए

सिडनी । इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच से बाहर हो गये हैं। एटकिंसन को मेलबर्न में खेले गये चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में चोट लग गयी थी। एशेज का पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच 4 से 8 जनवरी तक सिडनी क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। एटकिंसन का बाहर होना मेहमान टीम इंग्लैंड के लिए करारा झटका है क्योंकि इस गेंदबाज ने चौथे टेस्ट में



टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार एटकिंसन को बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है जिसके कारण वह इस सीरीज से बाहर हो गये हैं। स्कैन में उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट पायी गयी है जिसके लिए उन्हें आराम करना पड़ेगा। एटकिंसन को चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के दौरान पांचवां ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा था। ईसीबी के अनुसार इस तेज गेंदबाज की जगह किसी और खिलाड़ी का बुलाने का उसका कोई इरादा नहीं है। एटकिंसन ने इस सीरीज में पहले, दूसरे और चौथे टेस्ट मैच में खेला था। पहले मैच में वह विकेट नहीं ले पाये थे पर उन्होंने दूसरी पारी में 37 रन बनाये थे। वहीं दूसरे मैच में एटकिंसन ने एशेज में अपना पहला विकेट लिया। वहीं दूसरी पारी में दो विकेट लिए थे। तीसरे टेस्ट में उन्हें शामिल नहीं किया गया था।

# बीसीसीआई का बड़ा बयान: गौतम गंभीर को हटाने की कोई योजना नहीं, अटकलें निराधार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि बोर्ड गौतम गंभीर की जगह किसी नए मुख्य कोच की नियुक्ति पर विचार कर रहा है। इससे पहले, मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण से गौतम गंभीर की जगह भारत के अगले टेस्ट कोच बनने के लिए संपर्क किया गया था। ये खबरें तब सामने आईं जब गौतम गंभीर की कप्तानी में भारत को घर पर दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से करारी हार का सामना करना पड़ा। लगातार दो सालों में यह उनकी दूसरी करारी हार थी, इससे पहले पिछले साल इसी कोच के नेतृत्व में न्यूजीलैंड से 0-3 की शर्मनाक हार हुई थी।

न्यूजीलैंड से मिली करारी हार ने कभी मजबूत स्थिति में रही भारतीय टीम को आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बनाने से वंचित कर दिया। प्रोटियाज को मिली इस ताजा हार के चलते आगे के नतीजों के आधार पर उन्हें इस प्रतिष्ठित एकमात्र टेस्ट चैम्पियनशिप मुकाबले में भी जगह बनाने से चूकना पड़ सकता है। मीडिया रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देते हुए, बीसीसीआई उपाध्यक्ष शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि गौतम गंभीर को भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच पद से नहीं हटाया जाएगा।

शुक्ला ने एएनआई को बताया कि मैं मुख्य कोच गौतम गंभीर के बारे में मीडिया में चल रही अटकलों के संबंध में यह स्पष्ट करना चाहता हूं। बीसीसीआई सचिव (देवजीत सैकिया) ने भी स्पष्ट कर दिया है कि गंभीर को हटाने या भारत के लिए एक नया मुख्य कोच लाने की कोई योजना नहीं है। इससे पहले, एएनआई से बात करते हुए, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बोर्ड ने टेस्ट क्रिकेट में नेतृत्व समूह में कोई बदलाव नहीं किया है।

सैकिया ने कहा कि यह खबर पूरी तरह से गलत है। यह पूरी तरह से अटकलबाजी है। कुछ प्रतिष्ठित समाचार एजेंसियां ??भी इसे प्रसारित कर रही हैं। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। बीसीसीआई इसका सीधा खंडन करता है। लोग जो चाहें सोच सकते हैं, लेकिन बीसीसीआई ने कोई कदम नहीं उठाया है। यह किसी की कोरी कल्पना है; इसमें कोई सच्चाई नहीं है, और मैं इसके अलावा कुछ नहीं कह सकता कि यह तथ्यात्मक रूप से गलत और निराधार खबर है।

अब, भारत के सामने फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती टेस्ट क्रिकेट नहीं, बल्कि पिछले साल रोहित शर्मा की कप्तानी में जीती गई टी20 विश्व कप ट्रॉफी का बचाव करना है। 7 फरवरी से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में भारत सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एक नई टीम के साथ उतरेगा। भारत मुंबई में उसी दिन अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और उसे ग्रुप ए में पाकिस्तान, नामीबिया, नीदरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है।

